माघ कृष्ण पक्ष, द्वादशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मुरादाबाद
बुधवार, 7 फरवरी 2024
वर्ष 4, अंक 318, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

...तो चांद पर होगा अपना घरौंदा 16

सोनाली ने की अभिनेता मोहनलाल की तारीफ 15

एक नजर

कश्मीरी कवि फारूक नाजकी का निधन

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के प्रसिद्ध कवि, दूरदर्शन, आकाशवाणी श्रीनगर के पूर्व निदेशक और साहित्य अकादमी पुरस्कार विजेता फारूक नाज़की का लंबी बीमारी के बाद मंगलवार सुबह कटरा के श्री माता वैष्णो देवी नारायण सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में निधन हो गया। वह 83 वर्ष के थे। परिवारिक सूत्रों ने आज नाजकी के निधन के बारे में जानकारी दी। दूरदर्शन और आकाशवाणी, श्रीनगर के पूर्व निदेशक नाज़की मूल रूप से जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले के मदार गांव के निवासी और कश्मीरी सुप्रसिद्ध कवि एवं लेखक प्रसारक तथा शिक्षक मीर गुलाम रसूल नज़क के पुत्र थे। एक कवि, नाटककार और प्रसारक के रूप में नाजकी ने अपने युवा दिनों में अपनी पहचान बनाई थी।

रिश्वत में सहायक कर आयुक्त पर केस दर्ज

मुंबई। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने कर संबंधी एक लंबित मामले के निपटारे को लेकर एक कंपनी के निदेशक से एक करोड़ रुपये की रिश्वत मांगने के आरोप में एक राज्य कर सहायक आयुक्त और महाराष्ट्र जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) विभाग के कुछ अन्य अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि एसीबी मुंबई इकाई ने राज्य कर (जांच शाखा) के सहायक आयुक्त अर्जुन सूर्यवंशी और अन्य अधिकारियों के खिलाफ दो फरवरी को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा सात के तहत मामला दर्ज किया।

पंजाब में जमीन रजिस्ट्री में एनओसी शर्त खत्म

चंडीगढ़। पंजाब सरकार ने किसी भी प्रकार की भूमि-संपत्ति के पंजीकरण के लिए अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) की शर्त को खत्म करने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने मंगलवार कहा कि लोगों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए व्यापक जनहित में यह निर्णय लिया गया है।

महादेव बेटिंग ऐप से एक करोड़ की ठगी, मास्टर माइंड समेत तीन गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- बिहार का है साइबर फ्रॉड का मास्टरमाइंड आलोक कुमार झा
- गैंग के पांच लोगों की हुई पहचान दो लोग पुलिस की पकड़ से दूर

अमृत विचार : साइबर फ्रॉड एवं महादेव बेटिंग ऐप से ऑनलाइन ठगी करने वाले पांच लोगों के गैंग (गिरोह) के मास्टरमाइंड समेत तीन को पुलिस ने धर दबोचा है। दो अभियुक्त पुलिस की पकड़ से दूर हैं।

इन लोगों ने अब तक एक करोड़ से अधिक की ठगी की है। गिरफ्तार अभियुक्तों में मास्टर माइंड आलोक कुमार झा, नितिन निर्माण और सोनू कुमार उर्फ मैथ हैं। जबकि विक्की और सुरेश फरार हैं। आलोक कुमार झा पुत्र नवल किशोर झा मूल रूप से बिहार के मधुबनी जिने का रहने वाला है। करीब 15 साल से नई दिल्ली में थाना डाबरी क्षेत्र के आरजीसीडी, महावीर एंक्लेव पालम शिव शक्ति अपार्टमेंट में रह रहा है। यहीं से वो कॉमर्स से पोस्ट ग्रेजुएशन कर रहा था। नितिन निर्माण नई दिल्ली के थाना पटेल नगर करोल बाग क्षेत्र के बलजीत नगर का और सोनू कुमार उर्फ मैथ नई दिल्ली में ही पटेल नगर के विश्वकर्मा मार्ग पर रहते थे। एसपी क्राइम सुभाष चंद्र गंगवार ने बताया, अभियुक्तों ने रामपुर के मिलक की दिव्या से 8.50 लाख रुपये ठगे थे। यह धनराशि उन लोगों ने इंस्टाग्राम पर इन्वेस्टमेंट का झांसा देकर विभिन्न खातों में ट्रांसफर कर लिया था। पीड़िता ने पिछले साल साइबर क्राइम थाने में मामला दर्ज कराया था। साइबर थाने के प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने साक्ष्य एकत्र किए तो पता चला कि दिव्या से ठगी आलोक झा गैंग ने की है। फरार विक्की बिहार के औरंगाबाद का और सुरेश महाराष्ट्र के पुणे का है। अभियुक्त इंस्टाग्राम पर फर्जी आईडी बनाकर लोगों को लुभावने लालच देकर फंसाते हैं। फर्जी बैंक खाता व सिम की व्यवस्था सोनू उर्फ मैथ करता है। एसपी क्राइम ने बताया कि वह साइबर फ्रॉड के धंधे के अलावा महादेव बेटिंग ऐप का भी काम करते हैं। अब तक उन लोगों ने साइबर फ्रॉड और महादेव बेटिंग ऐप से एक करोड़ रुपये से भी अधिक धनराशि की ठगी की है।

उत्तराखंड विधानसभा में समान नागरिक संहिता विधेयक पेश

सदन से पास होने और राज्यपाल की मंजूरी मिलने के बाद बन जाएगा कानून

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को विधानसभा में समान नागरिक संहिता विधेयक (यूसीसी) पेश किया। विधेयक के पेश होने के बाद भाजपा विधायकों ने सदन में जय श्रीराम व भारत माता की जय के नारे लगाए। सुबह 11 बजे सदन की कार्यवाही शुरू होते ही नेता विपक्ष यशपाल आर्य व प्रीतम सिंह ने कहा कि यूसीसी की एक्सपर्ट्स कमेटी की रिपोर्ट पहले सदन में पेश की जानी चाहिए थी और ड्राफ्ट के अध्ययन को समय मिलना चाहिए।

प्रारंभिक चर्चा के बाद 11.25 बजे विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी ने दोपहर 2 बजे तक के लिए सदन की कार्यवाही स्थगित कर दिया। भोजनावकाश के बाद विधेयक पर फिर चर्चा शुरू हुई। कांग्रेस नेता यशपाल आर्य ने आरोप लगाया कि यूसीसी ड्राफ्ट कमेटी ने विपक्ष को नहीं बुलाया गया, कोई सुझाव नहीं लिए। हिमाचल, यूपी से विवाह करके आए लोगों पर कौन-सा नियम लागू होगा। आर्य ने कहा कि प्रश्नकाल व अन्य कार्यवाही स्थगित कर संवैधानिक नियमों का उल्लंघन किया गया है। कांग्रेस विधायकों ने कहा कि आदिवासी व जनजाति समाज को बाहर क्यों रखा गया। इन समुदाय की महिलाओं को विधेयक में क्यों वंचित किया गया।

भाजपा विधायकों ने यूसीसी विधेयक को ऐतिहासिक करार देते हुए कहा कि विपक्ष इसे लेकर भ्रांतियां फैला रहा है। स्पीकर ने सायं 6:35 बजे सदन की कार्यवाही बुधवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। बुधवार को सदन में पारित होने के बाद विधेयक राज्यपाल के पास मंजूरी के लिए भेजा जाएगा।

समान नागरिक संहिता के प्रमुख बिंदु

- तलाक के लिए सभी धर्मों का एक कानून होगा
- तलाक के बाद भरण पोषण का नियम एक होगा
- गोद लेने के लिए सभी धर्मों का एक कानून होगा
- संपत्ति बंटवारे में लड़की का समान हक लागू होगा
- सभी धर्मों में लड़की की विवाह की उम्र 18 वर्ष होगी
- लिव इन रिलेशनशिप के लिए पंजीकरण जरूरी होगा
- प्रदेश की जनजातियां इस कानून के दायरे से बाहर होंगी
- बहुपत्नी प्रथा समाप्त, एक पति-पत्नी का नियम सब पर लागू

भारतीय संविधान की प्रति के साथ सदन में पहुंचे मुख्यमंत्री।

विधेयक को प्रवर समिति के हवाले किया जाए: कांग्रेस

कांग्रेस के विधायकों ने कहा कि यूसीसी विधेयक को प्रवर समिति के हवाले किया जाए, ताकि उसमें सुधार किया जा सके। नेता विपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि विधेयक को पहले प्रवर समिति के हवाले किया जाए। विधेयक के संदर्भ में संसदीय कार्यमंत्री को चर्चा करनी चाहिए थी। कहा कि एक्सपर्ट कमेटी में धर्मगुरुओं को भी शामिल किया जाना चाहिए था।

बिना रजिस्ट्रेशन, लिव इन रिलेशन पर जेल

समान नागरिक संहिता लागू होने के बाद उत्तराखंड में लिव इन रिलेशनशिप का वेब पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराना जरूरी होगा। रजिस्ट्रेशन न कराने पर युगल को छह महीने का कारावास और 25 हजार का दंड या दोनों हो सकते हैं। रजिस्ट्रेशन की रसीद के आधार पर उन्हें किराए पर घर, हॉस्टल या पीजी मिल सकेगा। वयस्क पुरुष व वयस्क महिला ही लिव इन रिलेशनशिप में रह सकेंगे। वे पहले से विवाहित या किसी अन्य के साथ लिव इन रिलेशनशिप या प्रोहिबिटेड डिग्रीस ऑफ रिलेशनशिप में नहीं होने चाहिए। पंजीकरण कराने वाले युगल की सूचना रजिस्ट्रार को उनके माता-पिता या अभिभावक को देनी होगी।

केजरीवाल के पीए, आप सांसद अन्य के परिसरों में ईडी का छापा

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिल्ली जल बोर्ड के ठेके में रिश्वत के आरोपों पर कार्रवाई
- राष्ट्रीय राजधानी में 10 से 12 परिसरों में की गई छानबीन

एनडी गुप्ता के आवास पर छापेमारी के दौरान सुरक्षाकर्मी।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) में कथित अनियमितताओं से जुड़ी धन शोधन की जांच के तहत दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सहायक बिभव कुमार और अन्य लोगों के परिसरों की मंगलवार को तलाशी ली। आरोप है कि डीजेबी की निविदा प्रक्रिया में अनियमितताओं से उत्पन्न रिश्वत को चुनावी फंड के रूप में आम आदमी पार्टी (आप) को भेजा गया। धन शोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) के तहत की गई छापेमारी में ईडी के अधिकारियों ने राष्ट्रीय राजधानी के करीब 10-12 परिसरों की तलाशी ली। केंद्रीय एजेंसी के अधिकारी, बिभव कुमार, दिल्ली जल बोर्ड के पूर्व सदस्य शलभ कुमार, पार्टी के राज्यसभा सदस्य और राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष एनडी गुप्ता के कार्यालय तथा चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) पंकज मंगल के अलावा पार्टी से जुड़े कुछ अन्य लोगों के परिसरों की तलाशी ले रहे हैं।

दिल्ली की मंत्री आतिशी ने आरोप लगाया कि 'आप' नेताओं के खिलाफ छापेमारी पार्टी को डराने और चुप कराने की कोशिश है। यह छापेमारी दिल्ली जल बोर्ड के ठेके की प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं से जुड़ी है। इसी मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने सेवानिवृत्त मुख्य इंजीनियर जगदीश कुमार अरोड़ा और ठेकेदार अनिल कुमार अग्रवाल को पिछले सप्ताह गिरफ्तार किया था।

प. बंगाल में कई जगहों पर छापा

कोलकाता। ईडी ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) कोष के कथित गबन की जांच के सिलसिले में मंगलवार सुबह पश्चिम बंगाल में कई स्थानों पर एक साथ छापेमारी की। सॉल्ट लेक के आईए ब्लॉक में एक पूर्व खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) के आवास पर छापा मारा गया। झारग्राम जिले में पश्चिम बंगाल लोक सेवा के एक अधिकारी के सरकारी आवास पर भी छापेमारी की जा रही है।

बिहार में जदयू एमएलसी की 26 करोड़ की दो अचल संपत्तियां कुर्क

नई दिल्ली। ईडी ने मंगलवार को कहा कि उसने बिहार में कथित अवैध रेत खनन मामले की अपनी धन शोधन जांच के तहत राज्य विधानपरिषद के सदस्य और जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के नेता राधा चरण साह की 26 करोड़ रुपये की दो अचल संपत्तियां कुर्क कीं। बिहार पुलिस ने 'ब्रॉड सन कमोडिटीज प्राइवेट लिमिटेड' और अन्य के खिलाफ आईपीसी और बिहार खनिज नियम, 2019 की विभिन्न धाराओं के तहत कुल 19 प्राथमिकियां दर्ज की थीं, जिसके आधार पर निदेशालय ने धन शोधन का मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। ईडी ने एक बयान में दावा किया कि जांच में सामने आया कि रेत की अवैध बिक्री और इसके खनन को मुख्य रूप से एक गिरोह द्वारा नियंत्रित किया गया और इस गिरोह के सदस्य होने के नाते राधा चरण 'साह ब्रॉड सन कमोडिटीज प्राइवेट लिमिटेड' के माध्यम से अपराध से भारी-भरकम आय प्राप्त कर रहे थे।

परीक्षा में धांधली पर अब 10 साल की जेल, एक करोड़ जुर्माने का भी प्रावधान

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकारी भर्ती और प्रतियोगी परीक्षाओं में प्रश्नपत्र लीक तथा फर्जी वेबसाइट जैसी अनियमितताओं के खिलाफ तीन साल से 10 साल तक की जेल और न्यूनतम एक करोड़ रुपये के जुर्माने के प्रावधान वाले लोक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) विधेयक, 2024 को मंगलवार को लोकसभा ने पारित कर दिया। लोकसभा में विधेयक पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने स्पष्ट किया कि विद्यार्थी या अभ्यर्थी इस कानून के दायरे में नहीं आते और ऐसा संदेश नहीं जाना चाहिए कि इसके माध्यम से उम्मीदवारों का उत्पीड़न होगा।

उन्होंने कहा कि यह कानून उन लोगों के विरुद्ध लाया गया है जो इस परीक्षा प्रणाली के साथ छेड़छाड़ करते हैं। सिंह ने कहा कि यह विधेयक राजनीति से ऊपर है और देश के बेटे-बेटियों के भविष्य से जुड़ा है। मंत्री के जवाब के बाद सदन ने ध्वनिमत से विधेयक को पारित कर दिया। सिंह ने अनियमितता के कारण परीक्षा रद होने पर पुनर्परीक्षा के लिए समय-सीमा तय करने के कुछ सदस्यों के सुझाव पर कहा कि इस तरह के मामलों में सीबीआई जांच और अन्य तरह की प्रक्रियाएं शुरू हो जाती हैं, इसलिए सीमारेखा तय करना संभव नहीं, लेकिन सरकार का प्रयास इन्हें समय पर कराना होगा।

लोक परीक्षा विधेयक-2024 को लोकसभा की मंजूरी

कानून के दायरे में ये परीक्षाएं

विधेयक में कहा गया है कि प्रश्न पत्र या उत्तर कुंजी का लीक होना, सार्वजनिक परीक्षा में अनधिकृत रूप से किसी भी तरीके से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से उम्मीदवार की सहायता करना और कंप्यूटर नेटवर्क या कंप्यूटर संसाधन या कंप्यूटर सिस्टम के साथ छेड़छाड़ करना, किसी व्यक्ति, लोगों के समूह या संस्थानों द्वारा किए गए अपराध हैं। विधेयक के दायरे में यूपीएससी, एसएससी, रेलवे द्वारा आयोजित प्रतियोगी परीक्षाएं, बैंकिंग भर्ती परीक्षाएं और राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित सभी कम्प्यूटर आधारित परीक्षाएं आएंगी।

नए निर्वाचन आयुक्त के चयन को आज बैठक

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली एक समिति निर्वाचन आयुक्त पद के उम्मीदवार का चयन करने के लिए बुधवार को यहां बैठक करेगी। तीन सदस्यीय निर्वाचन आयोग में 14 फरवरी को चुनाव आयुक्त अनूप चंद्र पांडे के सेवानिवृत्त होने के बाद एक पद रिक्त हो जाएगा। मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्त (नियुक्ति, सेवा शर्तें और कार्यकाल) कानून के मुताबिक, कानून मंत्री की अध्यक्षता वाली एक खोज समिति प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली चयन समिति के विचार के लिए पांच उम्मीदवारों का नाम सूचीबद्ध करेगी। प्रधानमंत्री द्वारा मनोनीत केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी चयन समिति का हिस्सा हैं।

मप्र के हरदा में पटाखा फैक्ट्री में धमाका, 11 लोगों की मौत

हरदा/भोपाल, एजेंसी

- 200 घायल, राष्ट्रपति मुर्मू व प्रधानमंत्री मोदी ने जताया दुख, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने की मदद राशि देने की घोषणा

मध्यप्रदेश के हरदा शहर में मंगलवार को एक पटाखा कारखाने में विस्फोट के बाद आग लग गई, जिससे इसमें 11 लोगों की मौत हो गई जबकि 200 अन्य घायल हो गए। घटना के कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आए, जिसमें घटनास्थल पर रुक-रुक कर हो रहे विस्फोटों के साथ आग लगने के बीच लोग खुद को बचाने के लिए भागते नजर आ रहे हैं। घटना प्रदेश की राजधानी भोपाल से लगभग 150 किलोमीटर दूर हरदा शहर के बाहरी इलाके मगरधा रोड पर बैरागढ़ में हुई। अतिरिक्त मुख्य सचिव (एसीएस) गृह संजय दुबे ने बताया कि अब तक नौ लोगों के मौत की खबर है और लगभग 200 अन्य घायल हुए हैं। कतिपय सूत्र 11 मौतों की बात कह रहे हैं। घटना के बाद मुख्यमंत्री मोहन यादव ने बैठक की और कहा कि बचाव कार्य के लिए हेलीकॉप्टर की व्यवस्था के लिए सेना से संपर्क किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रुपये की सहायता देने की घोषणा की। घायलों के उपचार का पूरा खर्च सरकार द्वारा वहन किया जाएगा।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि वह इस त्रासदी में लोगों की मौत से बेहद दुखी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि हादसे में लोगों की मौत से व्यथित हूं। मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना जताई और घायलों के जल्द ठीक होने की कामना की। मोदी ने प्रत्येक मृतक के परिजन को प्रधानमंत्री राहत कोष से दो-दो लाख रुपये की मदद देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री के निर्देश पर घटना की जांच के लिए शासन ने तीन सदस्यीय जांच समिति गठित की है।

अजित पवार गुट ही असली राकांपा : निर्वाचन आयोग

- फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएगा शरद पवार गुट

नई दिल्ली/मुंबई। निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को घोषणा की कि अजित पवार गुट ही असली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) है। इसके साथ ही अजित पवार और राकांपा संस्थापक शरद पवार गुट के बीच पार्टी पर दावे को लेकर महीनों से जारी लड़ाई समाप्त हो गई है। आयोग ने अजित पवार के नेतृत्व वाले समूह को राकांपा का चुनाव चिह्न 'दीवार घड़ी' आवंटित किया। आयोग ने कहा कि निर्णय में ऐसी याचिका की पोषणीयता के निर्धारित पहलुओं का पालन किया गया, जिसमें पार्टी संविधान के उद्देश्यों का परीक्षण, पार्टी संविधान का परीक्षण और संगठनात्मक तथा विधायी दोनों में बहुमत के परीक्षण शामिल थे। आयोग ने आगामी राज्यसभा चुनाव के मद्देनजर विशेष छूट देते हुए शरद पवार के नेतृत्व वाले गुट को अपने राजनीतिक दल के लिए एक नाम का दावा करने और तीन प्राथमिकताएं प्रदान करने के लिए बुधवार दोपहर तक का समय दिया। आयोग के फैसले के खिलाफ शरद पवार के नेतृत्व वाला गुट उच्चतम न्यायालय का रुख करेगा। पार्टी के वरिष्ठ नेता जयंत पाटिल ने यह जानकारी दी।

दिल्ली में लश्कर का आतंकवादी गिरफ्तार

नई दिल्ली, एजेंसी

- सेना का रिटायर्ड जवान है पकड़ा गया रियाज अहमद
- जम्मू-कश्मीर में सक्रिय आतंकी माड्यूल का है सदस्य

दिल्ली पुलिस ने लश्कर ए-तैयबा के सक्रिय मॉड्यूल के एक कथित सदस्य को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।बताया कि यह मॉड्यूल जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में सक्रिय है। आरोपी सेना का सेवानिवृत कर्मी है और उसने नियंत्रण रेखा (एलओसी) पार से हथियार तथा गोला-बारूद प्राप्त करने में सक्रिय भूमिका निभाई। उसकी पहचान कुपवाड़ा जिले के निवासी रियाज अहमद राथर के रूप में हुई है, जिसे रविवार को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया गया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि रियाज ने खुर्शीद अहमद राथर और गुलाम सरवर राथर के साथ मिलकर नियंत्रण रेखा पार आतंकी आकाओं से हथियार और गोला-बारूद प्राप्त करने में भूमिका निभाई।

उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर की जांच एजेंसियों से रविवार को जानकारी मिली थी कि रियाज अहमद राथर नाम का आतंकी उनके द्वारा हाल ही में भंडाफोड़ किए गए आतंकी मॉड्यूल मामले में वांछित है। जम्मू-कश्मीर की जांच एजेंसियों ने इस भंडाफोड़ में पांच लोगों को गिरफ्तार किया था और उनके कब्जे से पांच एके राइफल (छोटी), पांच एके मैगजीन और छोटी एके राइफल के 16 कारतूस सहित अन्य सामग्री बरामद की थी।

ज्ञानवापी के सभी तहखानों के एएसआई सर्वे पर 15 को सुनवाई

वाराणसी। वाराणसी की जिला अदालत ने ज्ञानवापी परिसर में बंद अन्य सभी तहखानों का एएसआई से सर्वे कराए जाने का आदेश देने के आग्रह वाली याचिका पर सुनवाई के लिए 15 फरवरी की तिथि तय की है। हिंदू पक्ष के अधिवक्ता मदन मोहन यादव ने मंगलवार को बताया कि कार्यवाहक जिला जज अनिल कुमार (पंचम) की अदालत ने याचिका पर सुनवाई के लिए 15 फरवरी की तिथि तय की है। उन्होंने बताया कि ज्ञानवापी-श्रंगार गौरी मामले में पक्षकार और विश्व वैदिक सनातन संघ की सदस्य राखी सिंह ने अपनी याचिका में काशी विश्वनाथ मंदिर से सटे ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में सभी बंद तहखानों का एएसआई से सर्वेक्षण करने का आदेश देने का आग्रह किया।

आस्था की डगर | रामलला के दर्शन की ललक जेनेवा से खींच लाई रामनगरी, आज सरयू में स्नान के बाद करेंगे दर्शन

स्विट्जरलैंड से 8 साल पैदल यात्रा कर अयोध्या पहुंचे बेन

मौजीराम यादव, नवाबगंज/गोंडा

- 24 साल की उम्र में 2015 से शुरू की थी भारत के लिए यात्रा, अब हैं 32 के

अमृत विचार : मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के दर्शन की ललक ऐसी कि एक रामभक्त 8 साल की पैदल यात्रा कर स्विट्जरलैंड से अयोध्या पहुंच गया। रामभक्त बेन बुधवार को पुण्य सलिला मां सरयू के पवित्र जल में स्नान करने के बाद रामलला और हनुमानजी का दर्शन पूजन करेंगे। स्विट्जरलैंड के रहने वाले बेन (32) ने मंगलवार को अयोध्या की सीमा कटरा शिवदयालगंज पर श्रीराम के प्रति अपनी आस्था को अमृत विचार से साझा किया।

स्विट्जरलैंड के जेनेवा शहर के रहने वाले बेन वर्ष 2015 में स्विट्ज़रलैंड से पैदल ही भारत की यात्रा पर निकले थे। धार्मिक परिवार से जुड़े बेन का कहना है कि जब वह घर से निकले थे तब उनकी उम्र 24 वर्ष थी। सनातन धर्म और हिंदू देवी देवताओं के प्रति गहरी आस्था रखने वाले बेन ने बताया कि उनके मन में था कि वह अयोध्या समेत भारत में स्थित विभिन्न मंदिरों में जाकर भगवान का दर्शन करेंगे। स्विट्जरलैंड से आस्ट्रिया होते हुए वह पाकिस्तान पहुंचे और फिर वाघा बॉर्डर से भारत में दाखिल हुए। उन्होंने भारत के विभिन्न शहरों में स्थित मंदिरों में दर्शन-पूजन किया है। अब तक वह जम्मू-कश्मीर, अमृतसर, चंडीगढ़ हिमाचल प्रदेश, हरियाणा व उत्तराखंड के हरिद्वार तक की यात्रा कर चुके हैं। बेन ने बताया कि जब उन्होंने सुना कि अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है तो उन्होंने काफी कोशिश की कि वह भी रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में अयोध्या पहुंच जाएं लेकिन वह समय से अपनी यात्रा पूरी नहीं कर पाए। मंगलवार को वह पैदल चलते हुए कटरा शिवदयालगंज पहुंचे। यहां वह एक होटल पर चाय पीने रुके तो आसपास के लोगों ने जिज्ञासा वश उन्हें घेर लिया। उन्होंने लोगों से कहा कि आप लोग सौभाग्यशाली हैं जो राम नगरी में जन्म लिया है। जय श्री राम, जय जय हनुमान कहते हुए बेन अयोध्या के लिए रवाना हो गए।

भारत के लोग बहुत अच्छे, मोदी-योगी की तारीफ की

अमृत विचार से बातचीत करते हुए स्विस नागरिक बेन ने कहा कि भारत के लोग बहुत अच्छे हैं। इंडिया में मुझे कोई दिक्कत नहीं हुई। प्रभु श्रीराम की कृपा से मुझे खाने-पीने और विश्राम में कोई दिक्कत नहीं हुई। अयोध्या में प्रभु श्रीराम का दर्शन कर लिया तो मेरा जीवन सफल हो जाएगा। उन्होंने कहा इंडिया के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जितनी सराहना की जाए कम है। श्रीराम का मंदिर बनाने में इनका अहम योगदान है। बेन उर्फ अहिंसक बुधवार को सरयू नदी में स्नान करके प्रभु श्रीराम और हनुमान जी समेत अन्य मंदिरों में पूजा-अर्चना करेंगे।

भारत पहुंचकर अहिंसक रखा नाम, हिंदी भी सीखी

स्विस नागरिक बेन ने बताया कि उनके पिता सोमास स्विट्जरलैंड में फिजिक्स के टीचर हैं। मां सरस्वती गिरि योगा टीचर हैं। मां भारतीय मूल की हैं, इसलिए पूरा परिवार सनातन धर्म को मानता है। बड़े भाई जोनस भी योगाश्रम में रहते हैं। सभी लोग धार्मिक विचारधारा से जुड़े हुए हैं। भारत पहुंचने पर बेन ने अपना नाम बदल लिया है और नया नाम अहिंसक रख लिया है। इस नाम का अर्थ भी वह बताते हैं। वह कहते हैं कि सनातन धर्म अहिंसा का संदेश देता है इसलिए यह नाम उन्हे अच्छा लगा। बेन उर्फ अहिंसक हिंदी भी बोल लेते हैं।

'अमृत विचार' आपके साथ

आप हमें भेजना चाहते हैं कोई जानकारी या प्रकाशित कराना चाहते हैं कोई समस्या तो व्हाट्सएप करें 7535080677 या amritvichar.rampur@gmail.com पर हमें ई-मेल करें। हम आपकी बात को आपके नाम के साथ प्रकाशित करेंगे। कार्यक्रमों की सूचना भी भेज सकते हैं। अमृत विचार कार्यालय, जिला पंचायत भवन प्रथम तल रामपुर उ.प्र.

शहर में आज

- शहर के बाजार मिस्टन गंज स्थित अग्रवाल धर्मशाला में श्री राम कथा सुबह 9 बजे।
- भारतीय किसान यूनियन की पंचायत आंबेडकर पार्क में पूर्वाह्न 11:30 बजे।

11 फरवरी को 14 केंद्रों में होगी परीक्षा, 5597 अभ्यर्थी होंगे शामिल, बिलासपुर में पांच, शाहबाद में एक और शहर में बनाए गए आठ केंद्र

जिले में पहली बार होगी आरओ-एआरओ की परीक्षा, तैयारियां तेज

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

अमृत विचार: उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) की ओर से 11 फरवरी को समीक्षा अधिकारी, सहायक समीक्षा अधिकारी की प्रारंभिक परीक्षा होगी। परीक्षा के लिए जिले में 14 केंद्र बनाए गए हैं। इन पर 5597 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा के लिए तैयारियां अंतिम दौर में हैं।

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग प्रयागराज (यूपीपीएससी) की ओर से हर साल समीक्षा अधिकारी (आरओ), सहायक समीक्षा अधिकारी (एआरओ) की परीक्षा कराई जाती है। वर्ष 2023 में भी आयोग की ओर से नियुक्तियां निकाली गईं थीं। इसमें काफी अभ्यार्थियों ने फार्म भरे थे। इसकी तिथि आयोग की ओर से कुछ दिन पहले ही घोषित की गई थी। इसमें 11 फरवरी को परीक्षा तिथि तय हुई। परीक्षा के लिए रामपुर में भी 14 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इसकी जानकारी आयोग ने जिले के उच्च अधिकारियों को दे दी है। परीक्षा के लिए शाहबाद में एक, बिलासपुर में पांच और आठ केंद्र शहर में बनाए गए हैं। हर बार रामपुर के अभ्यर्थी पिछले कई वर्षों से परीक्षा देने के लिए बरेली और मुरादाबाद जाया करते थे। पहली बार रामपुर में परीक्षा हो रही है। यूपीपीएससी आरओ, एआरओ की परीक्षा की पहली पाली सुबह 9:30 से पूर्वाह्न 11:30 बजे तक और दूसरी अपराह्न 2:30 से 03:30 बजे तक आयोजित की जाएगी। आरओ, एआरओ प्रारंभिक परीक्षा-2024 कुल 200 अंकों की होगी। अभ्यर्थी इस परीक्षा की तैयारी में जुट गए हैं।

राजकीय खुर्शीद कन्या इंटर कॉलेज भी बना परीक्षा केंद्र। ● अमृत विचार

1-राजकीय जुल्फिकार इंटर कॉलेज	384
2-राजकीय जुल्फिकार बालिका इंटर कॉलेज	384
3-राजकीय खुर्शीद कन्या इंटर कॉलेज	480
4-राजकीय रजा पीजी कॉलेज	384
5-राजकीय इंटर कॉलेज	384
6-राजकीय पोलिटेक्निक	384
7-दयावती मोदी एकेडमी	480
8-राजकीय इंटर कॉलेज	384
9-दीक्षित कॉलेज हायर एजुकेशन	384
10मिल्टन एजूकेशनल एकेडमी	384
11-गुरु नानक इंटर कॉलेज	480
12-न्यू ऐज पब्लिक स्कूल	317
13 गांधी शताब्दी स्मारक कॉलेज	384
14- डीएवी इंटर कॉलेज	384

छह सेक्टर मजिस्ट्रेट और 14 स्टेटिक मजिस्ट्रेट बनाए गए

समीक्षा अधिकारी और सहायक समीक्षा अधिकारी की प्रारंभिक परीक्षा में किसी प्रकार की कोई गड़बड़ी न हो सके। परीक्षा को शांतिपूर्ण कराने के लिए छह सेक्टर मजिस्ट्रेट और 14 स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए हैं, जोकि परीक्षा के दिन पल-पल अपडेट लेते हुए उच्च अधिकारियों को अपडेट देंगे।

माध्यमिक और बेसिक के शिक्षकों की रहेगी तेनाती

जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में तैनात संदीप गौतम ने बताया कि परीक्षा को लेकर तैयारियां चल रही हैं। 11 फरवरी को होने वाली परीक्षा को लेकर बेसिक और माध्यमिक के काफी शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। शिक्षकों को जानकारी दे दी गई है।

> 11 फरवरी को समीक्षा अधिकारी, सहायक समीक्षा अधिकारी की प्रारंभिक परीक्षा है। इसको लेकर 14 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जिसको लेकर तैयारियां चल रही है।
> -मुन्ने अली, जिला विद्यालय निरीक्षक

अस्थायी दुकानदारों व खोखे वालों को नोटिस

रामपुर, अमृत विचार: शहर कोतवाली क्षेत्र के तोपखाना स्थित अस्थायी फड़ विक्रेताओं ने अवैध रूप से खोखे कर सड़क पर कब्जा जमा रखा है। यहां आए दिन जाम की समस्या उत्पन्न रहती है। पालिका और कोतवाली पुलिस ने दुकानदारों को नोटिस दिए गए हैं और अतिक्रमण हटाए जाने के लिए दो दिन का समय दिया है।

नगर पालिका परिषद कर विभाग के राजस्व निरीक्षक संजीव कुमार, घाटमपुर चौकी इंचार्ज सोमवार को प्रानपुर रोड पहुंचे। जहां उन्होंने अवैध रूप से खोखे और फड़ों को पीछे कराया। राजस्व निरीक्षक ने फड़ विक्रेताओं को अतिक्रमण हटाए जाने के नोटिस थमाए। इसमें दो दिन का समय भी दिया गया है। ईओ दुर्गेश त्रिपाठी ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर शहर में अतिक्रमण अभियान चलाया जा रहा है। दुकानदारों से अपील है कि सड़क पर कोई सामान नहीं रखें। बताया कि प्रानपुर रोड स्थित फड़ विक्रेताओं को नोटिस दिए गए हैं।

एक नजर

15 माह से नहीं मिला कमीशन, ज्ञापन सौंपा

मिलक, अमृत विचार : मंगलवार को स्वयं सहायता समूह द्वारा संचालित सस्ता गल्ला विक्रेताओं ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने 15 माह से कमीशन नहीं मिलने की शिकायत की। उनके कई बार जिला पूर्ति अधिकारी एवं उपजिलाधिकारी मिलक को भी जानकारी दी थी. लेकिन उनकी समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। उनके समूह को राशन वितरण कमीशन दिलाए जाने की मांग की है। ज्ञापन पर सागर, विक्की, राजेश्वरी, भारतीय, चमा, माया, मंगल आदि स्वयं सहायता समूहों के पदाधिकारियों के हस्ताक्षर हैं।

पुलिस लाइन में एएसपी ने ली परेड की सलामी

रामपुर,अमृत विचार : मंगलवार को रिजर्व पुलिस लाइन में परेड का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक अतुल कुमार श्रीवास्तव द्वारा परेड की सलामी ली। परेड में पुलिस कर्मियों का टर्न आउट चेक किया गया।

केमरी में बनेगा 30 बेड का सीएचसी

ताल महावर में एक हेक्टेयर भूमि चिह्नित, यूपी प्रोजेक्ट कारपोरेशन कराएगी निर्माण

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : विकास खंड बिलासपुर क्षेत्र की ग्राम पंचायत ताल महावर के लोगों के लिए अच्छी खबर है। यहां जल्दी ही 30 बेड का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनेगा। इससे लोगों को बेहतर उपचार की सुविधा मिलेगी। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने भूमि चिह्नित कर प्रस्ताव बनाकर शासन को भेज दिया है। सीएचसी बनवाने के लिए पांच करोड़ 60 लाख रुपये की जरूरत होगी। यूपी प्रोजेक्ट कारपोरेशन मुरादाबाद निर्माण इकाई कार्य कराएगी।

प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर गंभीर है। सरकार की मंशा है कि स्वास्थ्य केंद्र में आने वाले किसी भी व्यक्ति को उपचार के लिए परेशानी न हो। इसके चलते गांव ताल महावर में केमरी में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बेड की व्यवस्था से लेकर, लैब और डॉक्टरों के बैठने की व्यवस्था की जाएगी। यहां अल्ट्रासाउंड, एक्स-रे, दवा और पर्चा काउंटर अलग-अलग कक्ष बनाए जाएंगे।

गंभीर रोगियों को समय से उपचार मुहैया कराने के लिए इमरजेंसी वार्ड बनेगा। जहां डयूटी के अनुसार चिकित्सक की तैनाती रहेगी। सीएचसी का निर्माण कार्य यूपी प्रोटेक्टस कॉर्पोरेशन मुरादाबाद निर्माण इकाई कराएगी। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने 10 हजार वर्ग मीटर (एक हेक्टेयर) भूमि चिह्नित की है। विभाग के अधिकारियों के अनुसार, निर्माण में पांच करोड़ 60 लाख रुपये का खर्च होगा। यह इमारत तीन मंजिला बनेगी। अस्पताल बनने से लोगों को सहूलियत मिलेगी।

अगस्त तक मिलने लगेंगी सुविधाएं

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार, ताल महावर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की सेवाएं अगस्त तक मिलनी शुरू हो जाएंगी। सीएचसी में आए रोगियों की ओपीडी डिजिटल होगी। इसमें रोगियों के पर्चे ऑनलाइन बनेंगे। इसके बाद जिस चिकित्सक से वह परामर्श लेंगे। उसका सब रिकॉर्ड ऑनलाइन रहेगा। इसके लिए कंप्यूअर भी लगाए जाएंगे।

जनपद में है पांच सीएचसी, तीन पीएचसी

जनपदवासियों को एक ओर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का तोहफा मिलेगा। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के मुताबिक इस समय स्वार, बिलासपुर, शाहबाद, मिलक और टांडा में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र है। तीन ब्लॉक पीएचसी हैं, इनमें सैदनगर, चमरौआ और रजपुरा शामिल है। 27 अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, छह प्राथमिक नगरीय स्वास्थ्य केंद्र, जिला अस्पताल में ही महिला चिकित्सालय संचालित है।

> बिलासपुर रोड स्थित रेलवे क्रासिंग से निकलते ही एक हेक्टेयर भूमि चिह्नित की गई है। निर्माण कार्य यूपी प्रोजेक्ट कॉरपोरेशन लि. मुरादाबाद निर्माण खंड इकाई करेगी। जनपद में अब छह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र होंगे। इसके बनने से रोगियों को बिलासपुर सीएचसी नहीं जाना पड़ेगा। केमरी के पास ताल महावर ग्राम पंचायत में ही उपचार मिलेगा। -डॉ. एसपी सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी

स्टेट बैंक शाखा में 17 फरवरी तक खुलेंगे जीरो बैलेंस पर खाते

रामपुर, अमृत विचार : नवाब गेट स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की मैन ब्रांच में 5 से 17 फरवरी तक जीरो बैलेंस पर खाते खोले जा रहे हैं। बैंक द्वारा विभिन्न प्रकार के उपहार दिए जा रहे हैं। बैंक से जीवन, स्वास्थ्य और दुर्घटना बीमा और म्यूच्यूल फंड और क्रेडिट उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य प्रबंधक देवेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि 5 से 17 फरवरी तक जीरो बैलेंस पर ग्राहकों के खाते खोले जा रहे हैं। इसके साथ ही बैंक की ओर से पीपीएफ, सुकन्या समृद्धि योजना और सवाधि खातों की व्यवस्था कराई गई है। जीरो बैलेंस पर खाता खुलवाकर ऋण योजनाओं को अधिक से अधिक लाभ उठाएं। ज्यादा जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर या फिर 9793502211 नंबर पर फोन कर जानकारी ले सकेत हैं।

19 फरवरी से 13 केंद्रों पर होंगी सीबीएसई की परीक्षाएं

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

▸▸ नकलविहीन परीक्षा कराने को सीसीटीवी कैमरों से होगी निगरानी

अमृत विचार : जिले में सीबीएसई परीक्षा के लिए तैयारियां पुरी कर ली गई हैं। 19 फरवरी से 13 केंद्रों पर परीक्षाएं होंगी। नकलविहीन परीक्षा कराने को परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी कैमरे दुरुस्त करा लिए गए हैं। प्रत्येक परीक्षा कक्ष में 24 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। केंद्रों पर आब्जर्वर और दो फ्लाइंग स्कवॉड तैनात रहेंगे।

नकलविहीन परीक्षा कराने के लिए केंद्रों में पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में सीबीएसई 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं होंगी। सीबीएसई परीक्षा के सिटी कोआर्डिनेटर नीरज तिवारी ने बताया कि जिले में 10वीं की परीक्षा के लिए 3500 और 12वीं के 2500 परीक्षार्थियों ने पंजीकरण कराया है। उन्होंने बताया कि परीक्षा केंद्रों के कक्षों में 24 परीक्षार्थियों को बैठाने की व्यवस्था कराई गई है। इसके अलावा परीक्षा के दौरान सीबीएसई और स्थानीय स्तर पर उड़नदस्ते छापामारी करेंगे। कहा कि परीक्षा नकलविहीन कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि 10वीं की तीन अप्रैल तक और 12वीं की परीक्षाएं 15 मार्च तक होंगी।

ये स्कूल बने हैं केंद्र

सेंट मेरी स्कूल, ग्रीनवुड सीनियर सेकेंड्री स्कूल, सेंट एंथनी स्कूल, सनवे स्कूल, सेंट पॉल्स स्कूल, दयावती मोदी एकेडमी, व्हाइट हॉल पब्लिक स्कूल, ब्रहमदत्त सरस्वती स्कूल बिलासपुर, आरएएन बिलासपुर, न्यू एज बिलासपुर, होली चाइल्ड स्कूल बिलासपुर, लीड, इंडिया इंटरनेशनल, केंद्रीय विद्यालय सीआरपीएफ रामपुर।

कॉलेजों में वसूली के बारे में की पूछताछ

संवाददाता, टांडा

अमृत विचार: अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा प्रयोगात्मक परीक्षा के नाम पर विभिन्न इंटर कॉलेज में की जा रही अवैध वसूली की शिकायत के बाद मंगलवार को जिला विद्यालय निरीक्षक ने क्षेत्र के तीन कॉलेजों में छापा मारा। इस दौरान उन्होंने कॉलेज प्रशासन से प्रयोगात्मक परीक्षा के नाम की जा रही वसूली की शिकायतों के सम्बंध में जानकारी ली। वसूली की शिकायत सही मिलने पर कॉलेज के जिम्मेदारों को कार्रवाई की चेतावनी दी।

क्षेत्र के निजी इंटर कॉलेज में प्रयोगात्मक परीक्षा के नाम पर अवैध वसूली का आरोप लगाकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया था। उपजिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार को दिया गया था। मंगलवार को मामले का संज्ञान लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक मुन्ने अली ने क्षेत्र के रेनबो इंटर कॉलेज, यदुवंशी इंटर कॉलेज, आरएसएम इंटर कॉलेज, क्षत्रिय कुलभूषण कॉलेज पर छापा मारा। प्रबंध समिति से प्रयोगात्मक परीक्षा में वसूली को लेकर पूछताछ की। विद्यालय प्रबंध समिति ने ऐसी किसी भी वसूली से इनकार किया। जिला विद्यालय निरीक्षक ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक प्रयास कंबोज सहित कार्यकर्ताओं को आश्वासन दिया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि जल्द अन्य कॉलेजों का भी निरीक्षण भी किया जाएगा।

छात्रों से जानकारी लेते जिला विद्यालय निरीक्षक मुन्ने अली। ● अमृत विचार

भाजपा सामूहिक न्याय के साथ सबके विकास में करती है विश्वास : जमाल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: मिशन : वर्ष-2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। भाजपा अल्पसंख्यकों तक पहुंचने और उन्हें साथ जोड़ने के लिए अल्पसंख्यक स्नेह संवाद कार्यक्रम का आरंभ करने जा रही है।

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय सह मीडिया प्रभारी फैसल मुमताज ने भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी से भाजपा मुख्यालय दिल्ली में मुलाकत की। मोर्चा की ओर से चलाए जा रहे सूफी संवाद, मोदी मित्र, शुक्रिया मोदी अभियान और मोर्चा के आगामी कार्यक्रम अल्पसंख्यक स्नेह संवाद महाअभियान पर चर्चा की। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी ने बताया कि अल्पसंख्यक स्नेह संवाद महा अभियान का आयोजन भाजपा के अल्पसंख्यक मोर्चा की तरफ से किया जाएगा। कार्यक्रम का आरंभ भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा करेंगे।

भाजपा के राष्ट्रीय अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष, क्लस्टर अल्पसंख्यक मोर्चा टीम, राज्य अल्पसंख्यक मोर्चा टीम, लोकसभा चुनाव के लिए राज्य प्रभारी, राज्य विधानसभाओं के प्रभारी, विधानसभा टीम, मंडल और बूथ स्तर पर पार्टी पदाधिकारी इस पहल का हिस्सा होंगे। इस दौरान सूफी संवाद महा अभियान के राष्ट्रीय प्रभारी डॉ. असलम, जीएस फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. गुड्डू चौहान भी मौजूद रहे।

बच्चों का नियमित रूप से करें आकलन

संवाददाता, स्वार

अमृत विचार: खंड शिक्षा अधिकारी विजय कुमार ने कहा कि सभी शिक्षक अपने-अपने विद्यालयों में निपुण एप पर बच्चों का नियमित रूप से आकलन करें। उन्होंने शिक्षक और अभिभावक की बैठक में इस पर जोर दिया।

नरपत नगर के प्राथमिक विद्यालय में मंगलवार को हुई बैठक में खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि बच्चों की उपस्थिति 70 प्रतिशत से कम न रहें। इसके साथ ही उन्होंने निपुण लक्ष्य एप पर बच्चों का नियमित रूप से आकलन करने पर जोर दिया। कक्षा एक से तीन तक के सभी बच्चों का प्रतिमाह 20 तारीख तक अवश्य आकलन कर लें। इस दौरान उन्होंने ब्लॉक में नौ फरवरी को होने वाली अभिभावक की बैठक को सफल बनाने पर जोर दिया। दूसरी ओर जिला स्तरीय खेलों में ब्लॉक को दूसरी बार चैंपियनशिप मिलने पर शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जनपदीय खेलों में ब्लॉक के साथ ही स्कूल का नाम रोशन करने पर उनके शिक्षकों, व्यायाम शिक्षकों एवं खेल अनुदेशकों को खंड शिक्षा अधिकारी विजय कुमार ने मेडल पहनाकर सम्मानित किया। सम्मान पाने वालों में जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष डॉ. राजवीर सिंह, प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष प्रेम सिंह चौहान, ब्लॉक अध्यक्ष इंद्रेश कुमार, तहसीन आलम खां, सुखलाल सिंह, मंत्री मोहम्मद तनवीर, वर्षा गर्ग, रोहतास सिंह, मीना बेबी, मोहम्मद फारुख, पूजा अग्रवाल, अरविंद कुमार, आनंद सिंह भंडारी, चंद्र शेखर, शकुन गुप्ता आदि मौजूद रहे।

शिक्षिका को मेडल देकर सम्मानित करते बीईओ विजय कुमार। ● अमृत विचार

▸▸ नरपतनगर के उच्च प्राथमिक विद्यालय में हुई शिक्षकों की बैठक

प्रशंसा पेंशन की धनराशि बढ़ाने पर महिलाओं ने की बजट की प्रशंसा, विपक्षी बोले-उम्मीद से कम मिला लाभ

प्रदेश के बजट में सुरक्षित समाज और नारी सशक्तीकरण पर रहा जोर

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

अमृत विचार: प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृव में सोमवार को पेश किए गए बजट की प्रशंसा हो रही है। हालांकि विपक्ष के कुछ लोग बजट को उम्मीद से कम बता रहे हैं। महिलाओं का कहना है कि प्रदेश के बजट में सुरक्षित समाज और नारी सशक्तीकरण पर जोर रहा है।

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने सोमवार को बजट पेश किया था। इसमें सभी वर्गों के लोगों को ध्यान में रखते हुए योजनाओं की घोषणा है। इस बजट में निराश्रित महिलाओं को लिए पेंशन की धनराशि बढ़ाई गई है। महिलाएं बजट की प्रशंसा कर रही हैं। कहा कि बजट में समाज के हर वर्ग को लाभ दिया गया है। लेकिन, किसान पेंशन नाकाफी बता रहे हैं। बजट को लेकर अमृत विचार की टीम ने समाज के हर वर्ग के लोगों से बातचीत की। पेश हैं बातचीत के मुख्य अंश...।

सरकार की ओर से बजट जारी किया है, वह विकास का संकल्प, आस्था को नमन है, क्योंकि बजट में जो व्यवस्था की गई है। सुरक्षित समाज, जल संरक्षण, जनसंख्या नियोजन, गरीबी उन्मूलन, नारी सशक्तीकरण, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य सुधारक और अंत्योदय को समर्पित बजट है। - सुनीता सिंह

प्रदेश सरकार का बजट काफी अच्छा है। इसमें बुनियादी ढांचा, कानूनी ढांचा, कृषि ढांचा, बिजली, धर्म, पर्यटन, स्वास्थ्य व शिक्षा को प्राथमिकता पर रखा गया है। लोगों के जीवन को सुगम बनाने के लिए प्रयास किया गया है। बजट से समाज के हर वर्ग को लाभ होगा। - सोनिया सिंह

बजट में हर प्रकार के व्यक्ति का ध्यान रखा गया है। इस तरह के बजट की लोग उम्मीद लगाए हुए बैठे थे। दूरगामी बजट से लोगों को कुछ समय बाद लाभ दिखाई देगा। सरकार ने सभी लोगों के विकास पर आधारित बजट पेश किया है। - आकांक्षा रस्तोगी

प्रदेश सरकार का बजट आकर्षक है। इसमें महिलाओं के लिए कल्याणकारी योजनाएं हैं। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना बधाई के पात्र हैं। सरकार ने महिलाओं की उन्नति के लिए काम करने पर ध्यान दिया है। महिला सशक्तीकरण को बल मिलेगा। - नीना टंडन

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने 7.36 लाख करोड़ का बजट पेश किया। इसमें 24 हजार करोड़ रुपये की नई परियोजनाएं हैं। यूपी के इतिहास का सबसे बड़ा बजट है। इसका फोकस बेसिक इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास, युवाओं, महिलाओं और किसानों के कल्याण पर रहा है। - अंकित अग्रवाल

काफी दिनों से लोग बजट का इंतजार कर रहे थे, लेकिन बजट में महंगाई को कम करने का संकेत नहीं है। बजट से रसोई के बजट में राहत मिलने की उम्मीद थी। बजट निराशाजनक है। बजट में महंगाई को कम करने पर फोकस होना चाहिए था। - स्वेता शर्मा

बजट में देश के यूनियन बजट की झलक दिखी है। मेडिकल कॉलेज, गंगा एक्सप्रेसवे, एविएशन, ट्यूबवेल, किसान और महिलाओं पर बजट केंद्रित रहा है। 2000 करोड़ रुपये गंगा एक्सप्रेसवे, 7350 करोड़ स्वास्थ्य सेवा, 1100 करोड़ किसानों को पानी व्यवस्था के लिए सुनियोजित किए गए हैं। - 17 सजल अग्रवाल

उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पेश किया गया यह बजट अब तक का सबसे बड़ा बजट है। इसमें किसान, शिक्षा के क्षेत्र, महिलाओं के लिए विशेष उपाय किए गए हैं। सभी वर्गों के लिए आकर्षक बजट है। इससे विकास तेजी से होगा। - सुरभि रस्तोगी

कार्यालय में बैठक में मौजूद सीएमओ और एसीएमओ। ● अमृत विचार

सीएमओ ने दो एएनएम का एक दिन का रोका वेतन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: नियमित टीकाकरण, विलेज हेल्थ न्यूट्रीशियन डे (वीएचएनडी) कार्यक्रम में लापरवाही करने वाली दो एएनएम का सीएमओ ने एक दिन का वेतन रोक दिया है।

मुख्य चिकित्सा अधिकार डॉ. एसपी सिंह की अध्यक्षता में नियमित टीकाकरण, वीएचएनडी कार्यक्रम के तहत एक बैठक हुई। इसमें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सैदनगर में तैनात अर्चना सक्सेना, निपनिया रजपुरा की लक्ष्मी के पास अभियान के बारे में जानकारी उपलब्ध नहीं पाई गई। इस पर सीएमओ ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय कार्यक्रम में शिथिलता दर्शाता है, इसीलिए दोनों का एक दिन का वेतन काटने की संस्तुति की गई है। बैठक में एसीएमओ डॉ. संतोष कुमार, डॉ. ओपी आर्या, डॉ. सतेंद्र कुमार आदि शामिल रहे।

एक नजर

पुलिस ने चरस के साथ दो आरोपी गिरफ्तार किए

सैफनी, अमृत विचार : सैफनी थाना पुलिस ने मंगलवार को नगर के अकबरपुर रोड पर चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति को चरस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी मुरादाबाद के बिलारी थाना क्षेत्र के गांव अकबरपुर निवासी विजय पुत्र अवधेश है। उसके पास से पुलिस ने 500 ग्राम चरस बरामद की है। पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया। उधर, टांडा पुलिस ने 600 ग्राम चरस के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार कर थाने ले आई। आरोपी ऐजाज उर्फ बांगड़ू पुत्र हाजी भूरा निवासी मोहल्ला काशीपुर रोड दढ़ियाल को जटपुरा पुलिया के पास से पकड़ा है।

किसानों की समस्याएं बताईं

रामपुर, अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन तोमर के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी का स्वागत किया। प्रदेश उपाध्यक्ष संजोर अली पाशा ने किसानों की समस्याएं बताईं। डीएम ने समस्याओं को निस्तारण करने का आश्वासन दिलाया। शारिक इकबाल, नासिर मियां, अरशद अली, आजाद मोहम्मद, फैसल, यामीन, चंद्र प्रकाश आदि रहे।

निर्माणाधीन स्थल का वीडियो बनाने गए युवकों को पीटा

संवाददाता, मिलक

▸▸ प्रधान के पुत्र और अन्य लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की

अमृत विचार: अधिवक्ता के मांगने पर निर्माणधीन स्थल का वीडियो व फोटोग्राफी कर रहे युवकों की पिटाई कर दी गई। उनके मोबाइल छीन लिए और बाद में युवकों के घर चढ़ाई कर दी। पीड़ितों ने शिकायती पत्र में ग्राम प्रधान के पुत्र और अन्य लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

गांव कल्यानपुर निवासी नुक्ता प्रसाद गंगवार ने मंगलवार को कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि गांव में जमीन पर राजकीय इंटर कॉलेज निर्माणाधीन है। ग्राम प्रधान पुत्र इरशाद जबरदस्ती कॉलेज प्रांगण में पंचायत घर का निर्माण करवाना चाहता है। इस संबंध में एक मामला हाईकोर्ट में दायर किया था। कोर्ट ने पंचायत घर के निर्माण पर अंतिम आदेश तक रोक लगा दी थी। इसके बावजूद ग्राम प्रधान के पुत्र पंचायत घर का निर्माण करवा रहा है। सोमवार को ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र दिया था। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय से फोन कॉल आई। उन्होंने कोर्ट के समस्त कागज व मौजूदा स्थिति में राजकीय इंटर कॉलेज की इमारत व कार्यरत पंचायत घर का फोटो व वीडियो मांगी गई थी। उच्च न्यायालय में बुधवार को बहस होने के कारण वकील ने कार्य स्थल के फोटो मांगे थे। उसने भतीजे सुरेन्द्र कुमार व अमित कुमार को फोटो के लिए भेजा था। दोनों जब वहां गए तो गांव निवासी इरशाद खां, कौसर खां, अन्य भाई नसरत खां, रहीश खां, नन्हें खां मुमसफ खां, इस्माइल खां और इनके सभी पुत्रों ने दोनों के साथ मारपीट की। शिकायती पत्र में ग्राम प्रधान पुत्र व अन्य लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

दुष्कर्म के प्रयास में दोषी को 10 साल की कैद

रामपुर, अमृत विचार : पांच साल की बालिका से दुष्कर्म के प्रयास के मामले में एडीजे छह की कोर्ट ने आरोपी को 10 साल की सजा सुनाई है। साथी ही 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है।

शहजादनगर थाना क्षेत्र के गांव निवासी ग्रामीण के अनुसार, 26 मार्च 2020 को गांव का ही रहने वाला फत्ते उसके घर में घुस गया था। उसने उसकी पांच साल की बेटी से दुष्कर्म का प्रयास किया था। इस मामले में पीड़िता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी।

इस मामले की सुनवाई एडीजे छह की कोर्ट में हुई। मंगलवार को आरोपी को पीठासीन अधिकारी ने 10 वर्ष का कारावास की सजा सुनाई और दस हजार रुपये का जुर्माना लगाया। एडीजीसी ओमप्रकाश लोधी ने बताया कि आरोपी फत्ते को 10 साल की सजा सुनाई है।

परीक्षाओं व त्योहारों के मद्देनजर जिले में 12 मार्च तक लगी निषेधाज्ञा, होगी कार्रवाई

शादी-विवाह में हर्ष फायरिंग पर रोक, धरना-प्रदर्शन भी नहीं

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: त्योहारों और परीक्षाओं के चलते जिले में छह फरवरी से 12 मार्च तक धारा 144 लागू कर दी गई है। इस समयावधि में किसी प्रकार का कोई भी धरना-प्रदर्शन नहीं होगा। ऐसा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई होगी।

मंगलवार को अपर जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन) लालता प्रसाद शाक्य ने बताया कि आगामी दिनों में विभिन्न धार्मिक, राजनैतिक संगठनों, संस्थाओं, व्यक्तियों की ओर से जनपद में धरना प्रदर्शन, जुलूस, मार्च, पदयात्रा, अविधिक, असामाजिक, क्रिया-कलापों और कार्यक्रमों से शांति व्यवस्था भंग हो सकती है। समीक्षा अधिकारी, सहायक समीक्षा अधिकारी की परीक्षा, माध्यमिक शिक्षण संस्थानों में 10वीं व 12वीं की परीक्षाएं होनी हैं। वसंत पंचमी, संत रविदास जयंती, शब-ए-बारात, महाशिवरात्रि का आयोजन होना है।

जिले में लोक व्यवस्था, कानून एवं शांति व्यवस्था, जन व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिले की सीमा व नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र में निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है। परीक्षा के दौरान संबंधित परीक्षा के दिशा निर्देशों के अनुसार, अधिकृत अधिकारी, व्यक्तियों के अतिरिक्त किसी भी व्यक्ति परीक्षा केन्द्रों के आसपास 100 मीटर की परिधि में ध्वनि विस्तारक, यंत्रों-सेल्यूलर फोन, पेजर, मोबाइल फोन, आईटी गजट्स का प्रयोग नहीं करेगा। समस्त कक्ष निरीक्षक, स्टाफ, परीक्षार्थी इन उपकरणों को लेकर परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं करेंगे। परीक्षा केंद्रों से न्यूनतम एक किमी की परिधि में फोटो कॉपी, स्केनर का संचालन बंद रहेगा। किसी भी व्यक्ति, संस्था, संगठन द्वारा किसी कार्यक्रम, माध्यम से सांप्रदायिक सद्भाव व सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ने का प्रयास नहीं किया जाएगा। ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों, कर्मचारियों और अन्य जो शासकीय अस्त्र-शस्त्र धारण करने के लिए अधिकृत हैं, किसी प्रकार के आयोजन, समारोह में प्रदर्शन, हर्ष फायरिंग व उपयोग भी प्रतिबंधित रहेगा। कोई भी व्यक्ति बिना लाइसेंस तेजाब व अन्य कोई पदार्थ जो आतिशबाजी, विस्फोटक सामग्री की श्रेणी में आता हो, एकत्रित नहीं करेगा। पूर्व अनुमति पर आयोजित धरना प्रदर्शन, सभाओं एवं जुलूसों में कोई ऐसा कार्य नहीं किया जाएगा।

त्योहारों पर कोई नई पंरपरा नहीं डाली जाएगी

रामपुर, अमृत विचार : जिले में त्योहारों पर कोई नई पंरपरा नहीं डाली जाएगी। ऐसा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई होगी। बताया गया कि कोई भी व्यक्ति, संगठन, समूह, सम्प्रदाय, दल सोशल मीडिया व अन्य किसी माध्यम से किसी भी धर्म सम्प्रदाय आदि के महापुरुष देवी-देवता का प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से अनादर करने का प्रयास नहीं करेगा। जनसामान्य को भड़काने वाली किसी भी प्रकार का कोई लेखन पोस्ट नहीं करेगा। अफवाह फैलाने वाले मैसेज, फोटो, पोस्ट न लाईक करेगा और न ही फैलाएगा। पांच से अधिक व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह जिसके क्रिया-कलापों से लोक व्यवस्था, शांति व्यवस्था, जन सुरक्षा प्रभावित हो, एकत्रित नहीं होगा। सिंगल यूज प्लास्टिक और थर्माकाल के इस्तेमाल की अनुमति नहीं दी जाएगी।

परमिट मांगने पर पुलिसकर्मियों को ऑटो चालक ने दी वर्दी उतरवाने की धमकी, हंगामा

जिलाधिकारी आवास के सामने हुई घटना, आधे घंटे तक नोकझोंक

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : जिलाधिकारी आवास के पास मंगलवार सुबह करीब 9:30 बजे तीन पुलिसकर्मियों ने ऑटो चालक से परमिट मांगा तो उसने उन्हें वर्दी उतरवाने की धमकी दी। इस के बाद ऑटो चालक पुलिसकर्मियों को एसपी के पास ले जाने को कहने लगा। हालांकि बीच में ही दोनों पक्ष शांत हो गए और ऑटो चालक वापस चला गया। हंगामे के दौरान ट्रैफिक इंस्पेक्टर भी मौजूद थे। सूत्रों की माने तो ऑटो चालक ने पूर्व मंत्री आजम खां के खिलाफ दो मुकदमे दर्ज कराए हैं और उसकी सुरक्षा के लिए गनर भी मिला हुआ है।

जिले में धड़ल्ले से ऑटो चल रहे हैं। चालक ऑटो में क्षमता से अधिक सवारियां बैठते हैं। इससे सड़क हादसा होने का खतरा रहता है। मंगलवार सुबह साढ़े नौ बजे एक ऑटो चालक गांधी समाधि की ओर से आ रहा था। इस दौरान जिलाधिकारी आवास के सामने ट्रैफिक और सिविल पुलिसकर्मियों ने उसे रोककर परमिट और कागजात मांगे। इस बात पर ऑटो चालक भड़क गया। उसने तीन पुलिसकर्मियों को वर्दी उतरवाने की धमकी दी। इस पर पुलिसकर्मी ऑटो चालक पर भड़क गए।

दोनों पक्षों में नोकझोंक हुई और हंगामा हो गया। जिलाधिकारी आवास के निकट हंगामा, पुलिसकर्मियों और ऑटो चालक के बीच नोकझोंक होती देख भीड़ एकत्र हो गई। पुलिसकर्मी और ऑटो चालक कई मिनट तक एक-दूसरे पर भड़कते रहे। ऑटो चालक एसपी से मिलकर सभी की वर्दी उतरवाने की धमकी देता हुआ पुलिसकर्मियों को एसपी के आवास पर ले जाने लगा। तभी पुलिसकर्मी बैकफुट पर आ गए। बाद में रास्ते में दोनों पक्षों ने मामला निपटा लिया।

सवारियां पैसा लेकर हुईं फरार

चालक और पुलिसकर्मियों के बीच नोकझोंक होने पर ऑटो में सवार सवारियां बिना किराया दिए ही चली गईं। बताया कि करीब सौ रुपये उसका किराया भी चला गया। ऑटो चालक पुलिस का गोपनीय व्यक्ति भी माना जाता है।

▸▸ ऑटो चालक आजम खां के खिलाफ दर्ज करा चुका है मुकदमे पुलिस का बताया जाता करीबी

सुबह एक चालक से परमिट मांगा तो वह नोकझोंक करने लगा था। इसके बाद किसी तरह से मामले को शांत कराया गया था। -विजेंद्र सिंह, टीआई

बैकफुट पर आए पुलिसकर्मी रास्ते में ही हुआ समझौता

रामपुर, अमृत विचार : मंगलवार को भी एक ऑटो चालक ने पुलिसकर्मियों को वर्दी उतरवाने की धमकी दी। ऑटो चालक से बचने को पुलिसकर्मी ही बैकफुट पर आए। ऑटो चालक द्वारा चेकिंग के दौरान पुलिसकर्मियों को वर्दी उतरवाने की धमकी देने की अब पहले भी घटनाएं हो चुकी हैं। चालकों से नोकझोंक तक हो चुकी है। अधिकारियों के निर्देश पर ट्रैफिक पुलिस रोज ऑटो चालकों और ई-रिक्शा चालकों के खिलाफ अभियान चलाते हैं। ताकि हादसों पर रोक लगाई जा सके। इसके चलते किसी न किसी दिन ऑटो चालकों और ई-रिक्शा चालकों से चेकिंग के दौरान पुलिस कर्मियों की नोकझोंक होती है।

सरकार की उपलब्धियां बताने का किया आह्वान

भोट, अमृत विचार : भाजपा किसान मोर्चा की कार्यशाला में पदाधिकारियों ने केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों को गिनाकर किसानों व आम जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

पीपलगांव में मंगलवार को कार्यशाला हुई। इसमें जिलाध्यक्ष सुनील कुमार मौर्या ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार ने किसानों को विकास की मुख्य धारा के साथ जोड़ने का काम किया है। किसानों को उनकी फसलों का वाजिब दाम आसानी से मिल रहा है। किसानों की आर्थिक आय बढ़ाने के लिए खेती की आधारभूत संरचना बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। सरकार ने फूड प्रोसेसिंग और अन्य खाद्य उद्योग को स्थापित करने की पहल की है। किसान व उनके परिवार तरक्की की राह पर कदम ताल कर रहे हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की है कि सरकार की उपलब्धियों व पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाए। किसानों व आम लोगों को पार्टी के साथ जोड़ें। इस दौरान चमरौआ मंडल अध्यक्ष ओमवीर सिंह सैनी, कुलदीप कुमार गौतम, जाकिर अली आदि रहे।

बैठक में कार्यकर्ताओं व महिलाओं को संबोधित करते भाजपा के जिला प्रभारी राजा वर्मा। ● अमृत विचार

अग्रणी भूमिका निभा रही नारी : राजा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: भाजपा के जिला प्रभारी राजा वर्मा ने कहा कि आज की नारी प्रत्येक क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही है। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वातावरण तैयार किया। परिस्थितियों को अनुकूल किया। सरकार की ओर से सुविधाएं उपलब्ध कराई हैं।

राम विहार स्थित भाजपा कार्यालय में मंगलवार को हुई बैठक में जिला प्रभारी ने महिलाओं व जिले के पदाधिकारी से कहा कि हमारे पूर्वज दूरदर्शी थे। उन्होंने आजादी के बाद महिलाओं के लिए मतदान का चयन अधिकार सुनिश्चित किया। महिलाओं के लिए लोकसभा और विधानसभाओं में प्रतिनिधित्व का अधिकार भी सुनिश्चित है। बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर ने पूछा था कि आखिर कब तक हम विरोधाभासों का यह जीवन जीते रहेंगे। उन्होंने देश को सामाजिक व आर्थिक असमानताओं के प्रति आगाह किया था।

नौ वर्षों के दौरान केंद्र सरकार ने निर्धन वर्ग के लोगों व आम जनता के कल्याण को ध्यान में रखकर नीतियां लागू कीं। नीतियों से उन विरोधाभासों को समाप्त किया। देश के 13.5 करोड़ से ज्यादा लोग गरीबी से बाहर आए हैं। नारी शक्ति वंदन अधिनियम एक व्यक्ति, एक वोट तथा एक मूल्य की भावना को साकार करने की दिशा में उठाया गया एक और कदम है। भाजपा जिला अध्यक्ष हंसराज पप्पू ने कहा कि महिलाओं के हित की योजनाएं, स्वयं सहायता समूह या अन्य लघु उद्योग या कुटीर उद्योग के माध्यम से अपने परिवार को सशक्त करें। वह आत्मनिर्भर होकर अपने परिवार को सशक्त एवं आर्थिक रूप से सुरक्षित कर सकती हैं। संचालन हरीश गंगवार ने किया। इस दौरान पूर्व विधायक काशीराम दिवाकर, कुलवंत सिंह औलख, अर्चना गंगवार, रवि सिंह रवि, सतनाम सिंह, हरीश गंगवार, प्रेम शंकर पांडे, राजीव मांगलिक आदि रहे।

झारखंड में रेलवे स्टेशन पर बिछड़े पिता पुत्र, पुलिस बोली- घर पहुंच गया बेटा

संवाददाता, मिलक

▸▸ पुलिस ने पिता को चोरी के आरोप में पकड़ा

▸▸ पुत्र घर नहीं मिलने पर पिता के उड़े होश, गुमशुदगी दर्ज

अमृत विचार : पिता के साथ नानी के घर गया बालक झारखंड में चलती ट्रेन में बिछड़ गया। पिता पांच दिन तक झारखंड पुलिस की अभिरक्षा में रहा। पुत्र के बिछड़ने से परिवार सदमे में है। इस मामले में गुमशुदगी दर्ज कराई गई है।

भोट थाना क्षेत्र के गांव ज्योहरा निवासी राजकुमार 21 जनवरी को अपने आठ वर्षीय पुत्र शिवा के साथ बिहार के कटिहार अपनी ससुराल गया था। ट्रेन में जाते समय वह भटक गया और दूसरी ट्रेन में बैठने के कारण वह झारखंड पहुंच गया। पैसों के अभाव में उसने घर वापसी का फैसला लिया और ट्रेन में सवार हो गया। कुछ दूर चलने के बाद उसे नींद की झपकी आई। बाद में वह पानी लेने एक रेलवे स्टेशन पर उतर गया। जैसे ही उसने चेहरे पर पानी के छीटें मारीं तो किसी ने उसे नशा सुंघा दिया। जिससे वह बेहोश हो गया। इस बीच ट्रेन चली गई। जिस समय राजकुमार ट्रेन से उतरा था, उस समय उसका पुत्र सो रहा था। तभी स्टेशन पर एक महिला ने राजकुमार पर चोरी का आरोप लगाते हुए शोर मचा दिया। झारखंड पुलिस राजकुमार को थाने ले गई। नशे की हालत में राजकुमार पुलिस को कुछ नहीं बता सका। चार दिन बाद जब उसे होश आया तो उसने अपने पुत्र को ट्रेन में बैठे होने की बात बताई। पुलिस ने उससे कहा कि उसका पुत्र उसके घर गांव पहुंच गया है।

झारखंड पुलिस उसे मिलक कोतवाली लेकर पहुंची और ग्राम प्रधान के सुपुर्द कर दिया। राजकुमार जब अपने घर पहुंचा और पुत्र शिवा के बारे में परिवार वालों से जानकारी ली तो उसका पुत्र घर नहीं था। पुत्र की तलाश में वह पुनः झारखंड पहुंचा, लेकिन उसके पुत्र का कोई सुराग नहीं मिल सका। पीड़ित ने कोतवाली में पुत्र की गुमशुदगी दर्ज कराकर पुत्र के बरामदगी की गुहार लगाई है।

झारखंड में पिता से बिछड़ा शिवा।

अब्दुल्ला के करीबी अनवार और सालिम की अग्रिम जमानत खारिज

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: कोतवाली में दर्ज धोखाधड़ी के मामले में अब्दुल्ला आजम के दोस्त अनवार और सालीम की सेशन कोर्ट में लगाई गई अग्रिम जमानत को कोर्ट ने मंगलवार को सुनवाई के बाद खारिज कर दिया है।

21 जनवरी को कोतवाली में मुकदमा दर्ज हुआ था। इसमें आरोप था कि पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम और उनके तीन दोस्तों समेत पांच लोगों ने नदी की जमीन की श्रेणी अवैध तरीके से परिवर्तित कराकर भूखंड किए। अब्दुल्ला आजम हरदोई जेल में बंद हैं। तहरीर के आधार पर शहर कोतवाली पुलिस ने अब्दुल्ला आजम के साथ ही उनके दोस्त अनवार, सालिम, मोहम्मद परवेज और व एक अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया था। अनवार और सालिम ने अधिवक्ता के माध्यम से कोर्ट में अग्रिम जमानत के अर्जी लगाई थी। मंगलवार को कोर्ट ने सुनवाई के बाद दोनों की अग्रिम जमानत खारिज कर दी है।

दो पैन कार्ड मामले में टली सुनवाई

रामपुर, अमृत विचार : अब्दुल्ला आजम के दो पैनकार्ड मामले में मंगलवार को सुनवाई नहीं हो सकी। अब इस मामले में नौ फरवरी को सुनवाई होनी है। अब्दुल्ला आजम खां के खिलाफ दो पैन कार्ड होने के आरोप में भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने सिविल लाइंस कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें सपा नेता आजम खां भी आरोपी हैं। मंगलवार को एमपी-एमएलए कोर्ट (मजिस्ट्रेट ट्रायल) में सुनवाई हुई। इसमें आजम खां के अधिवक्ता की ओर से तारीख बढ़ाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। इसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया।

आशा को पीटने में चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

रामपुर, अमृत विचार : आशा को दौड़ा-दौड़ाकर पीटने के मामले में कोर्ट के आदेश पर बिलासपुर पुलिस को चार लोगों पर रिपोर्ट दर्ज का है।

बिलासपुर थाना क्षेत्र निवासी मीरा के अनुसार, वह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आशा के पद पर तैनात है और लगातार सेवाएं दे रही हैं। उसके गांव के ही रहने वाले हरिशंकर, विद्यादेवी, सेवाराम व शिवम ने उसे मारा पीटा था। दो अक्टूबर 2023 को पंचायत घर के सामने आयुष्मान कार्ड के बारे में लोगों को बताने के बाद जब वह घर वापस जा रही थी तभी इन लोगों ने रास्ते में रोक कर उसके साथ गाली-गलौज की और उसे लाठी-डंडों से पीट दिया। जब वह वहां से बचकर घर की ओर भागी तो आरोपी उसके घर में आ गए। बचाने आए उसके परिवार के लोगों को भी पीट दिया। आशा ने अधिवक्ता रेहान खां के माध्यम से कोर्ट में शिकायती पत्र दिया।

पत्र पर हस्ताक्षर करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

जौहर विवि को संरक्षण में लेने को चला हस्ताक्षर अभियान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: जौहर यूनिवर्सिटी को संरक्षण में लेने को हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान मंगलवार को भी जारी रहा।

पूर्व मंत्री आजम खान के घर के पास वार्ड 17 टंकी नंबर पांच, घेर मीरबाज खान में सभासद गुड्डू तनवीर और आसिफ खान के नेतृत्व में दोपहर एक बजे से अभियान की शुरुआत की हुई थी। भाजपा नेता फसाहत अली शानू ने बताया कि जौहर यूनिवर्सिटी में शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्रों के उज्ज्वल भविष्य को लेकर 26 नवंबर से ग्राम सींगनखेड़ा से इस अभियान की शुरुआत की गई थी। हस्ताक्षर अभियान में बड़ी संख्या मे वार्डवासियों ने हिस्सा लिया और यूनिवर्सिटी को बचाने के लिए हस्ताक्षर किए।

मौसम पार्कों में बच्चों और बड़ों ने धूप का लिया आनंद, आज शुष्क रहेगा मौसम

रात में हुई बूंदाबांदी, दिनभर चली शीतलहर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी से मंगलवार को जिले में पूरे दिन शीतलहर चलती रही। रात में बूंदाबांदी हुई। मंगलवार सुबह धूप खिली तो लोगों को राहत मिली। लेकिन शीतलहर से राहगीरों को दिक्कत हुई।

जनवरी के अंतिम सप्ताह में मौसम बदल गया था। धूप निकलने के बाद लोगों को सर्दी से राहत मिल गई थी, लेकिन फरवरी शुरू होते ही मौसम ने फिर से करवट ली। कभी वर्षा हुई तो कभी धूप खिली। दो दिन से फिर से मौसम ने करवट ली थी। शनिवार और रविवार को वर्षा से सर्दी बढ़ गई थी। सोमवार को कभी धूप निकली तो कभी बादल छाए रहे, लेकिन मंगलवार सुबह से मौसम साफ हो गया। धूप निकली, लेकिन शीत लहर से सताया। दिन भर शीत लहर चलती रही और सूरज छिपने के बाद लोग घरों में कैद हो गए। अधिकतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान सात डिग्री सेल्सियस रहा। आद्रता 90 प्रतिशत और वायु वेग 14 किमी प्रति घंटा रहा। उधर, सर्दी कम होने के बाद कक्षा एक से आठ तक के सभी स्कूल खुल गए थे। शीतकालीन अवकाश के बाद बच्चों ने स्कूल जाना शुरू किया है। मंगलवार को अधिकांश स्कूलों में बच्चों को धूप में बैठाकर पढ़ाया गया। बच्चों ने स्कूलों के मैदानों में खेल खेले। बुजुर्ग भी पार्क, मैदान में धूप का लुत्फ लेते नजर आए। कृषि विश्वविद्यालय मेरठ में मौसम वैज्ञानिक डॉ. श्वेता सिंह के अनुसार, मौसम शुष्क रहेगा जबकि, वायु वेग छह से 19 किमी प्रति घंटा रहने का अनुमान है। किसान रबी की फसल में चना, मटर, मसूर, गेहूं और सरसों का लगातार निरीक्षण करते रहे।

कलेक्ट्रेट परिसर में धूप का आनंद लेते लोग। ● अमृत विचार

छेड़खानी व अपहरण में तीन पर रिपोर्ट दर्ज

रामपुर, अमृत विचार: किशोरी का अपहरण और छेड़खानी करने के मामले में पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। मामला थाना क्षेत्र के एक गांव का है। ग्रामीण ने शहजादनगर पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि चार दिन पूर्व वह किसी काम से खेत पर गया था। घर में उसकी दो पुत्रियां अकेली थीं। इस दौरान आरोपी समीर पुत्र जब्बार टांडा थाना क्षेत्र के सिंगनी गांव निवासी अपने दो साथी बब्बू व सुहेब स्वार थाना क्षेत्र के रजानगर गांव निवासी आए। घर में पुत्रियों के साथ छेड़खानी की। पीड़ित ने इस बात का विरोध किया तो आरोपी छोटी बहन का अपहरण कर अपने साथ ले गए। शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। बड़ी बेटी ने पिता तो आपबीती बताई। ग्रामीण ने मामले की शिकायत शहजादनगर पुलिस से की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

भारतीय सैनिकों पर टिप्पणी के मामले में गवाह की जिरह पूरी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: भारतीय सैनिकों के खिलाफ टिप्पणी के मामले में गवाह की जिरह पूरी हो गई है। एमपी-एमएलए कोर्ट में मंगलवार को विवेचक ने बयान दर्ज कराए। अब इस मामले में 20 फरवरी को सुनवाई होगी।

मामला जून 2017 का है, जब सपा नेता आजम खां ने भारतीय सेना के बारे में विवादित बयान दिया था। इसके बाद टीवी चैनलों और अखबारों में इस बयान की खबरें प्रकाशित हुई थीं। इस मामले को लेकर शहर विधायक आकाश सक्सेना ने सिविल लाइंस पुलिस से शिकायत की थी। जिसमें उन्होंने कहा था कि 27 जून को आजम खां ने भारतीय सैनिकों के प्रति अपमानजनक एवं घृणात्मक भाव रखते हुए बयान दिया था। आजम खां का यह बयान भारतीय संविधान और और भारतीय सेना की कार्यशैली के विरूद्ध था। इस बयान से सैनिकों के मन को आघात पहुंचा था।

यह भारतीय सैनिकों के मनोबल को कमजोर करने की साजिश थी। विधायक की तहरीर के बाद सिविल लाइंस पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली थी।

इस मामले में मंगलवार को एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में सुनवाई हुई। विवेचक बृजेश कुमार ने बयान दर्ज कराए। एपीओ नीरज कुमार ने बताया कि गवाह ने अपने बयान दर्ज कराए। अब इस मामले में 20 फरवरी को सुनवाई होगी। इसके अलावा भी कई मामलों में सुनवाई चल रही है।

▸▸ अब 20 फरवरी को होगी सुनवाई, भाजपा विधायक ने दर्ज कराया मामला

आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में भी हुए बयान

रामपुर, अमृत विचार : पूर्व मंत्री आजम खां द्वारा शाहबाद में आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में गवाह चंद्रपाल ने बयान दर्ज कराए। अब इस मामले में 20 फरवरी को सुनवाई होगी। लोकसभा चुनाव के दौरान आजम खां ने शाहबाद में हुई जनसभा में आपत्तिजनक टिप्पणी कर दी थी। जिसमें आजम खां के खिलाफ मुकदमा दर्ज हो गया था। जिसकी सुनवाई एमएमपी-एमएलए (मजिस्ट्रेट कोर्ट) कोर्ट में चल रही है। एपीओ नीरज कुमार ने बताया कि मंगलवार को इस मामले में गवाह ने अपने बयान दर्ज कराए। इस मामले में भी 20 फरवरी को सुनवाई होगी।

एक नजर

दो पक्षों में मारपीट, किसान नेता सहित तीन घायल

मिलक,अमृत विचार : मामूली बात को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। इस दौरान किसान नेता सहित तीन घायल हो गए। पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की है। घटना सोमवार देर रात्रि नया गांव स्थित यश हॉस्पिटल के पास की है। यहां हाईवे पर दो पक्ष आमने सामने आ गए। दोनों पक्षों में लाठी डंडे चले। इस दौरान किसान नेता राशिद अंसारी सहित तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। घायलों को नगर के सरकारी अस्पताल लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद किसान नेता को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मंगलवार को पुलिस ने आसिफ, रफीक, मुस्तफा व आरिफ का शांति भंग में चालान कर दिया।

एक्सईएन कार्यालय के बाहर लगे कूड़े के ढेर

रामपुर, अमृत विचार : डायमंड रोड स्थित लोक निर्माण खंड अधिशासी अभियंता कार्यालय पर कूड़े के ढेर लगे है, कई-कई दिनों से कूड़ा कार्यालय के बाहर पसरा हुआ है। सफाईकर्मी कूड़ा उठाने के नाम पर सिर्फ खानापूरी कर रहे हैं। स्थिति यह है राहगीर और विभाग के कर्मचारी मुंह पर कपड़ा रखकर निकलने को मजबूर है। कूड़े कचरे में दिनभर कुत्ते मुंह मारते फिरते हैं। जिससे कूड़ा सड़क पर आ जाता है। इस बारे संबंधित कर्मचारियों ने पालिका अधिकारियों को बता चुके हैं लेकिन इसके बाद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। यह स्थिति अधिकतर वार्डों की है जोकि समय से सफाई नहीं कर रहे हैं। जिससे संक्रामक रोग फैलने की आशंका बनी हुई है।

मेडिकल स्टोर पर नशे की दवाओं पर लगाई जाए रोक

रामपुर,अमृत विचार : राष्ट्रीय लोक दल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष मोहम्मद उस्मान बबलू ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ जिला अधिकारी को बुके देकर सम्मानित किया। जनपद में फर्जी अस्पताल एवं मेडिकल स्टोर पर नशे की दवा बेचने के संबंध में एक ज्ञापन जिला अधिकारी को दिया। जिसमें उन्होंने मांग की अस्पताल संचालक अपनी मनमानी पर उतारू हैं। आए दिन गरीब मजदूर किसानों की महिलाओं की मौत होती रहती है। संचालक जान- माल से खिलवाड़ कर रहे हैं। ज्ञापन देने वालों में फिरोज आलम खान, मोहसिन खान, शहाब अली मुमताज आदि लोग रहे।

लखनऊ में मुरादाबाद मंडल के विधायकों की बैठक में शहर विधायक आकाश सक्सेना ने उठाया मुद्दा, मुख्यमंत्री को सौंपा प्रस्ताव

इंदौर में प्रस्तावित यूनिटी माल की तर्ज पर विकसित हो सकता है मंडप : आकाश

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: पनवड़िया में निर्माणाधीन सद्भावना मंडप मध्यप्रदेश के इंदौर में प्रस्तावित यूनिटी मॉल की तर्ज पर विकसित हो सकता है। इसके लिए शहर विधायक आकाश सक्सेना ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को प्रस्ताव दिया है। यह कार्य हो जाता है तो रामपुर में यह देश का पहला यूनिटी मॉल होगा, जो वन स्टॉप मार्केट प्लेस के रूप में कार्य करेगा।

मुख्यमंत्री एवं अन्य मंत्रियों के साथ मौजूद विधायक आकाश सक्सेना और स्वार के विधायक शफीक अहमद अंसारी समेत अन्य।

लखनऊ में मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुरादाबाद मंडल के विधायकों, विधान परिषद सदस्यों से मुलाकात की। इस दौरान बैठक में शहर विधायक आकाश सक्सेना भी शामिल हुए। विधायक ने बताया कि उन्होंने मुख्यमंत्री को एक प्रस्ताव दिया है। इसमें बताया गया है कि पनवड़िया में सद्भावना मंडप निर्माणाधीन है। 92 करोड़ रुपये की लागत से 12 हेक्टेयर क्षेत्रफल में निर्माण हो रहा है। इसका 90 प्रतिशत से अधिक निर्माण पूरा हो चुका है। इस सद्भावना मंडप में दो शॉपिंग मॉल, एक आर्ट गैलरी, एक वैंकटहॉल, एक गेस्ट हाउस और एक ऑडीटोरियम निर्मित किए गए हैं। यह सद्भावना मंडप इंदौर में प्रस्तावित यूनिटी मॉल की तर्ज पर विकसित किया जा सकता है, क्योंकि यह देश, प्रदेश में एक अनूठा प्रोजेक्ट है। सद्भावना मंडप भी इस कार्य में शामिल है। अगले एक माह में जनपद रामपुर के सद्भावना मंडप का निर्माण पूर्ण हो सकता है। ऐसे में सदभावना मंडप को यूनिटी मॉल की तर्ज पर विकसित किया जाए, तो रामपुर के हस्तशिल्पियों के साथ प्रदेश के हस्तशिल्पियों को इसका लाभ होगा। शहर विधायक ने बताया कि मुख्यमंत्री ने सकारात्मक रूख जताया है।

विधायक शफीक अंसारी ने मुख्यमंत्री को सौंपे विकास के लिए प्रस्ताव

स्वार, अमृत विचार : विधायक शफीक अंसारी ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर स्वार-टांडा क्षेत्र में विकास कार्यों के प्रस्ताव दिए हैं। मुख्यमंत्री ने विधायक को आश्वासन दिया है। लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ बैठक में मंगलवार को विधायक शामिल हुए। विधायक ने मुख्यमंत्री को क्षेत्र में विकास के प्रस्ताव दिए और योजनाओं को लेकर वार्ता की। उधर, बजट पर भी विधायक ने अपनी प्रतिक्रिया दी। कहा कि यह बजट प्रदेश के 24 करोड़ लोगों को राहत देगा। कहा कि किसानों की आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिए सरकार की ओर से बड़ा कदम उठाया गया है। अब किसान डार्क जोन में भी नलकूप का कनेक्शन ले सकते हैं। इसके अतिरिक्त सौर ऊर्जा पर सरकार ने अतिरिक्त फोकस किया है। विधायक ने कहा गांव, गरीब, किसान और युवाओं के सपने इस बजट से साकार होंगे ओर विकसित भारत की दिशा में प्रदेश अहम भूमिका निभाएगा। शिक्षा, तकनीक, सड़क,बिजली, पानी, एक्सप्रेस वे आदि सभी क्षेत्रों में विकसित होगा।

मेले में पार्किंग शुल्क निर्धारित किया जाएं

मिलक, अमृत विचार: भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष आदेश शंखधार ने कहा कि महाशिवरात्रि पर श्री वामेश्वर महादेव मंदिर रठौंडा में लगने वाले किसान मेला का ठेका महंगा होने के कारण किसानों को असुविधा होती है।

इसका ठेका जिला पंचायत देती है। ठेका महंगा होने के कारण ठेकेदार, दुकानदारों से अधिक वसूली और किसानों से पार्किंग का शुल्क अधिक वसूलते हैं। कहा कि मेला में ही किसानों को कोई भी सहूलित नहीं मिलती है। इस वर्ष पार्किंग शुल्क साइकिल मात्र 10 रुपये, बाइक 20 और कार के लिए 50 रुपये शुल्क निर्धारित कर दिया जाए। ठेकेदार को इसी हिसाब से ही ठेका दिया जाए। जिससे कि ठेकेदार को भी नुकसान न हो और मेला भी ठीक प्रकार से संपन्न हो सके।

वक्फ बोर्ड की भूमि पर अवैध टैक्सी स्टैंड

200 से अधिक टैक्सियों का होता है संचालन, जाम की बनती है स्थिति

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: हुसैनी सराय की जमीन पर वर्षों से अवैध टैक्सी स्टैंड बना हुआ है। प्रशासनिक अधिकारियों ने कई बार चौराहों पर बने स्टैंड को हटवा दिया था, लेकिन इस स्टैंड को कोई भी अधिकारी नहीं हटवा सका है।

वक्फ बोर्ड का हिस्सा हुसैनी सराय की जमीन पर बने टैक्सी स्टैंड पर रोजाना सैंकड़ों टैक्सियां खड़ी होती हैं। इनकी संख्या बढ़ रही है। पिछले दिनों मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में अवैध टैक्सी स्टैंड हटाने के सख्त निर्देश जारी कर दिए थे। इसके बाद प्रशासनिक अधिकारियों ने एक दो दिन अभियान चलाकर चौराहों व स्टैंडों से ऑटो और बसों को हटवा दिया था, लेकिन अभियान धीमा होते ही फिर से वाहन खड़े होना शुरू हो गए। इस टैक्सी स्टैंड को कोई भी अधिकारी हटवा नहीं सका। इतना ही नहीं इन चालकों से किसी भी अधिकारी ने पूछने की हिम्मत नहीं उठाई कि किसके आदेश पर स्टैंड बना है। सुबह से लेकर शाम तक कारें यहां आती-जाती रहती हैं। टैक्सियों के खड़े होने से जाम लगता है और लोगों को आवाजाही में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

हुसैनी सराय की जमीन पर खड़ीं कारें। ● अमृत विचार

पुलिसकर्मियों की भी चलती हैं कारें

इस स्टैंड पर कई पुलिस कर्मियों की कारें भी चालक चलाते हैं। इसके चलते इन चालकों को किसी भी अधिकारी का खौफ नहीं हैं। कारों को लाते और ले जाते हैं। वाहन पर पुलिस का चिह्न तक बनवा रखा है। टोल प्लाजा पर टैक्स बचाने के लिए कई बार चालक उन पुलिसकर्मी का फोटो स्टेट किया कार्ड दिखाकर कार को निकालने का प्रयास करते हैं और कई बार नोकझोंक तक हो जाती है।

बिना परमिट भी चल रही हैं कई कारें

इस स्टैंड पर करीब 100 से 200 कार रोजाना खड़ी होती हैं। जिसमें कुछ अधिकारियों की तो कुछ बिना परमिट के कार भी किराए पर चल रही हैं। एआरटीओ द्वारा कभी भी इन लोगों के परमिट तक नहीं चेक किए जाते हैं। ऐसा माना जा रहा है कि कुछ भाजपाइयों की साठगांठ के चलते यह टैक्सी स्टैंड चल रहा है।

टैक्सी स्टैंड हटवाने की जिम्मेदारी नगर पालिका प्रशासन की है। वहां कारें खड़ी होती हैं तो चेकिंग अभियान चलाया जाएगा।

-राजेश श्रीवास्तव, एआरटीओ

इस मामले के संबंध में ट्रैफिक प्रभारी विजेंद्र सिंह ने बताया कि किसकी जमीन पर टैक्सी स्टैंड है और कहां है। इस बात की जानकारी नहीं है।

पुलिस से मुठभेड़ में लूट-चोरी का आरोपी घायल, गिरफ्तार

रामपुर, अमृत विचार: सिविल लाइन थाने की पुलिस ने लूट और चोरी के मामले में फरार चल रहे 25 हजार के इनामी को मुठभेड़ में घायल कर दिया। बाद में उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस को चेकिंग के दौरान सूचना मिली कि थाना सिविल लाइन में पंजीकृत कई मुकदमों में वांछित एवं 25 हजार रुपये के पुरस्कार घोषित अपराधी गोपाल उर्फ गोविन्दा पुत्र मनीराम निवासी मधुकर थाना शाहबाद जिला रामपुर थाना सिविल लाइन क्षेत्रान्तर्गत आ रहा है। सूचना पर आरोपी की धर-पकड़ के लिए ग्राम नवीगंज मोड़ पर घेराबंदी की गई, तो ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी।

पुलिस ने फायरिंग की तो आरोपी के हाथ व पैर में गोली लग गई। इस दौरान एक पुलिसकर्मी भी घायल हो गया। आरोपी को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया गया। जिसका स्वास्थ्य सामान्य है।आरोपी के खिलाफ 13 मुकदमें दर्ज है।

तहसील में एसडीएम को ज्ञापन सौंपते ग्रामीण। ● अमृत विचार

तालाब से कब्जा हटवाने की मांग, ज्ञापन सौंपा

संवाददाता, शाहबाद

अमृत विचार: अवैध कब्जे के चलते दलदल बने तालाब में फंसकर गोवंश की मौत हो रही है। ग्रामीणों ने तालाब से अवैध कब्जा हटाने और आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है।

मंगलवार को ढकिया चौकी क्षेत्र के गांव भगवतीपुर के ग्रामीण एकत्रित होकर तहसील पहुंचे। उन्होंने एसडीएम सुनील कुमार प्रथम को ज्ञापन सौंपा। इसमें बताया कि गांव स्थित तालाब पर लोगों ने कब्जा कर लिया है। इससे तालाब ने दलदल का रूप ले लिया है। ग्रामीणों के मुताबिक, आए दिन तालाब में गोवंश गिर जाते हैं। दलदल में फंसकर उनकी मौत हो जाती है। ग्रामीणों की माने, तो अब तक करीब 7-8 गोवंश की दलदल में फंसकर मौत हो चुकी है। ग्रामीणों ने मांग की है कि तालाब को कब्जा मुक्त कराया जाए।

ज्ञापन देने वालों में प्रमोद कुमार, अनूप, रवि, विवेक, विपिन, मोहित, अनिल, हर्षित, सौरभ, सचिन, विकास, हेमेंद्र एवं राघव समेत कई ग्रामीण आदि मौजूद रहे।

किसान 13 से देंगे बेमियादी धरना : हरपाल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: ब्लॉक क्षेत्र के पूर्व अध्यक्ष चौधरी हरपाल सिंह ने कहा कि समस्याओं का समाधान न होने पर भाकियू नहर विभाग के खिलाफ फिर बेमियादी धरना देगी। किसानों ने चर्चा करने के बाद आंदोलन की रणनीति बनाई है। आरोप है कि अभी भी नहरों पर अवैध कब्जा है। जब तक किसानों की समस्याओं का निस्तारण नहीं होगा बेमियादी धरना जारी रहेगा।

विकास भवन के पास स्थित भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश कार्यालय में मंगलवार दोपहर पंचायत हुई। इसमें सैदनगर ब्लाक के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी हरपाल सिंह ने कहा कि भाकियू कार्यकर्ता सात माह पहले नहर विभाग के कार्यालय के बाहर कई दिन तक धरने पर बैठे थे। किसानों की हालत बिगड़ने लगी तो अधिकारियों ने आश्वासन देकर धरना समाप्त कर दिया था। लेकिन, किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं हो सका। अब चर्चा के बाद दोबारा आंदोलन का ऐलान किया गया।

कार्यालय में पंचायत में मौजूद भाकियू के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

▸▸ भूमि से अवैध कब्जे हटवाने व किसानों की समस्याओं का नहीं हुआ समाधान

अधिकारियों ने नहर और उसकी जमीन से अवैध कब्जे हटवाने समेत किसी भी समस्या का समाधान नहीं किया।

किसान 13 फरवरी से दोबारा बेमियादी धरने पर बैठेंगे। धरने को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है। पंचायत में जुबैद आलम, जब्बार, गुलाम मोहम्मद, सुब्हान अली, हुकुम सिंह, पिंकू चौधरी, बब्लू, शाने आलम, सरताज अली, रघुवर सिंह, रणवीर सिंह, बरून, मास्टर सुभान अली व रवि चौधरी भी मौजूद रहे।

वन चौकी पर अवैध वसूली का आरोप, जांच की जाएगी

संवाददाता, स्वार

अमृत विचार: उत्तराखंड से आम के पेड़ों की सूखी लकड़ी लेकर आ रही ट्रैक्टर-ट्रॉली को रोककर रवन्ना पलटी के बाद वन चौकी पर अवैध वसूली पर भाकियू के जिला सलाहकार ने डीएफओ को जानकारी दी।

डीएफओ ने जांच कराकर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। दो दशकों पूर्व स्वार बाजपुर मार्ग स्थित गांव शिकारपुर के निकट उत्खनन व वन संपदा से रॉयल्टी वसूल करने के लिए वन चौकी स्थापित की गई थी। सोमवार रात उत्तराखंड से ट्रैक्टर-ट्रॉली में लादकर आम की सूखी लकड़ी का रवन्ना बनवाकर नगर स्थित मंडी में बेचने लाई जा रही थी। जब ट्रैक्टर-ट्राली वन चौकी पर पहुंची तो लकड़ी कारोबारी ने चौकी पर तैनात वन कर्मियों से रवन्ना पलटी कराने के लिए 2650 रुपये शुल्क के जमा कर दिए। इसके बावजूद वनकर्मी सुविधा शुल्क की मांग करने लगे। इस पर लकड़ी कारोबारी व वनकर्मियों में नोकझोंक हो गई। वनकर्मियों ने लकड़ी कारोबारी से सुविधा शुल्क लेकर ही रवन्ना दिया। कारोबारी ने मामले की जानकारी भाकियू जिला सलाहकार सलामत को दी। इस पर जिला सलाहकार ने डीएफओ को मामले की जानकारी दी। डीएफओ ने भाकियू नेता को जांच करा कार्रवाई का आश्वासन दिया है। भाकियू जिला सलाहकार का कहना है कि अगर वन चौकी पर अवैध वसूली बंद नहीं की गई तो अवैध वसूली का मुद्दा 21 फरवरी को मासिक बैठक में उठाया जाएगा।

▸▸ भाकियू के जिला सलाहकार ने डीएफओ से की शिकायत

लोकसभा चुनाव को लेकर किया मंथन

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव को लेकर जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने कहा कि प्रभारी अधिकारी और अपर प्रभारी अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों के प्रति गंभीरता दिखाएं। निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान भारत निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन का पालन करें।

कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार दोपहर लोकसभा चुनाव को लेकर मंथन हुआ। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि एसडीएम की जिम्मेदारी निर्वाचन के दौरान काफी बढ़ जाती है। इसलिए सभी एसडीएम अपने नेतृत्व में एक अच्छी टीम बनाएं। ताकि निर्वाचन आयोग और मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय से आने वाले विभिन्न पत्रों के अनुरूप त्वरित कार्रवाई हो सके। बूथों पर सभी निर्धारित सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिए। अधिशासी अभियंता विद्युत हर बूथ तक अनिवार्य रूप से विद्युत आपूर्ति होनी चाहिए। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी को निर्देश दिए कि वे प्रत्येक मतदान केंद्र पर मानक के अनुसार व्हीलचेयर उपलब्ध कराएंगे। जिला पंचायत राज अधिकारी के स्तर से दिव्यांग मतदाताओं को मतदान के दौरान सहायता प्रदान करने के लिए वॉलिंटियर्स तैनात होंगे। मतदान एवं मतगणना कार्मिकों को बेहतर प्रशिक्षण दिया जाए। ताकि बूथों पर ईवीएम और विभिन्न प्रपत्रों से जुड़ी कार्रवाई के दौरान उन्हें कोई समस्या उत्पन्न न हो। बैठक में सीडीओ डॉ. नंद किशोर कलाल, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अभिनव जे जैन, एडीएम वित्त हेम सिंह, एडीएम प्रशासन लालता प्रसाद शाक्य आदि मौजूद रहे।

कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक में मौजूद जिलाधिकारी व अन्य। ● अमृत विचार

▸▸ प्रत्येक मतदान केंद्र पर मानक के अनुसार, व्हीलचेयर कराएं उपलब्ध : जिलाधिकारी

समस्या फीडरों पर पानी गिरने से बाधित होता है आपूर्ति, जिम्मेदार नहीं ले रहे सुध

पहाड़ी गेट बिजलीघर में छत से टपकता है पानी

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

अमृत विचार: विद्युत निगम के अधिकारियों की उदासीनता के चलते शहर क्षेत्र के बिजलीघरों की हालत खस्ताहाल हो गई है। जगह-जगह फर्श टूटे और उखड़े हुए हैं। बिजलीघरों में मरमम्त के नाम पर खानापूरी हो रही है। छतों से पानी गिरने पर कागजात भी भीग रहे हैं। फीडरों पर पानी गिरने से समस्या आ जाती है। इससे बिजली घंटो आपूर्ति बाधित होती है। लेकिन अधिकारियों की लेटलतीफी के चलते उपभोक्ताओं को बिजली संकट झेलना पड़ रहा है।

शहर क्षेत्र में 33/11 केवीए के 13 बिजलीघर स्थापित हैं। इनमें से पहाड़ी गेट, डूंगरपुर, रजा बिजलीघर की छत टपक रही है। बरसात के दिनों में इन बिजलीघरों में समस्या बढ़ जाती है।

पहाड़ी गेट बिजलीघर का टूटा फर्श। ● अमृत विचार

जुलाई-अगस्त में बारिश होने से इन बिजलीघरों में स्थिति और बिगड़ जाती है। अवर अभियंता कक्ष के लेकर फीडर कक्ष में जलभराव होता है। फीडरों के पैनलों में करंट दौड़ने की संभावना रहती है। पूरे बिजलीघर में पानी हो जाने से कागजात भी भीग जाते हैं। यही स्थिति इस समय पहाड़ी गेट बिजलीघर की है। यहां जगह जगह फर्श उखड़ने लगा है।

यह भवन काफी पुराना हो चुका है। इसकी छत व दीवारें काफी जर्जर अवस्था में हैं, जो कभी भी किसी हादसे की वजह बन सकती हैं। बिजली का बिल जमा करने वाले कक्ष की भी स्थिति सही नहीं है। फीडरों को पानी से बचाने के लिए पन्नी बांधनी पड़ती है जिससे कोई बड़ा फाल्ट नहीं हो पाए।

60 लाख रुपये की लागत से बना था नया भवन, जिम्मेदार कर रहे अनदेखी

एक साल पहले सिविल लाइन बिजलीघर 60 लाख रुपये की लागत से नए भवन में शिफ्ट हुआ था। बिजली निगम की निर्माण शाखा गाजियाबाद के द्वारा स्थानीय अधिकारियों से वार्ता कर नए भवन का निर्माण कराया था। इसका प्रस्ताव तत्कालीन एक्सईएन भीष्म तोमर, तत्कालीन एसई राजीव गर्ग ने बिजलीघर का प्रस्ताव बनाकर मुरादाबाद सिविल कार्यालय भेजा था। इस कार्य कराए जाने के लिए 15-20 दिन का समय लगा था।

संबंधित बिजलीघरों की रिपोर्ट बनाकर मुरादाबाद कार्यालय भेजी गई है। जहां से निर्माण शाखा द्वारा उपकेंद्र का आकर निरीक्षण किया जाता है, उसके बाद बिजलीघर की स्थिति सुधारी जाती है। एक बार फिर संबंधित एक्सईएन से दोबारा रिपोर्ट लेकर मुरादाबाद भेजी जाएगी।

-वीके आर्या, अधीक्षण अभियंता

जो भगवान के भी आंसू पोछ दे उसे हनुमान कहते हैं : बृजेश

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : बाजार मिस्टन गंज स्थित अग्रवाल धर्मशाला में श्री राम सत्संग मंडल की ओर से आयोजित श्री राम कथा के छठे दिन पंडित बृजेश पाठक रामायणी ने कहा कि रामायण में हनुमान जी की महिमा अनूठी है, उसका वर्णन नहीं किया जा सकता। क्योंकि सारे संसार के दुख भगवान दूर करते हैं, भगवान सबके आंसू पोंछते हैं लेकिन, जब भगवान राम दुखी होते हैं, उनकी आंखों में आंसू आ जाते हैं तो उनके आंसू पोछने का काम हनुमान जी करते हैं।

धर्मशाला में मंगलवार को हुई श्री राम कथा में पंडित बृजेश पाठक ने कहा कि जब हनुमान जी सीता जी के पास से लौट कर आए तो श्री राम ने हनुमान जी से सीता जी की दशा पूछी और उनकी विपत्ति सुनकर रोने लगे। तब हनुमान जी ने धैर्य देते हुए कहा कि रोइए मत, यह राक्षस किसी गिनती में नहीं है, हम लोग राक्षसों को जीतकर भगवती सीता को ले आएंगे। इस प्रकार जब लक्ष्मण जी को शक्ति लग गई तब भी भगवान राम रोने लगे। हनुमान जी ने कहा, प्रभु दुखी न हों और संजीवनी बूटी लाकर प्रभु राम का दुख दूर कर दिया। इसीलिए संत कहते हैं, जो संसार के आंसू पोछ दे, उसे भगवान कहते हैं और जो भगवान के भी आंसू पोछ दे, उसे हनुमान कहते हैं। इसीलिए भगवान श्री राम भी रामायण में कहते हैं कि मेरे भक्त का स्थान मुझ से भी बड़ा है। बात बिल्कुल ठीक है भक्त ही तो भगवान को सिद्ध करता है अगर भक्त नहीं होंगे तो भगवान को कौन पूछेगा। भक्त और भगवान एक दूसरे के पूरक हैं। इसीलिए तुलसीदास जी, हनुमान जी की महिमा का वर्णन करते हुए कहते हैं कि जिस समुद्र को प्रभु राम ने सेतु बनाकर पार किया, हनुमान जी बिना सेतु के ही पार कर गए। धन्य हैं हनुमान जी महाराज। श्री राम कथा में रामनाथ गुप्ता, सुधीर बंसल, अनिल रस्तोगी, अनिल चौरसिया, गोविंद गुप्ता, शांति पाठक, मधु अग्रवाल, प्रभा अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

प्रवचन करते पंडित बृजेश पाठक।

10 लीटर शराब के साथ आरोपी पकड़ा

रामपुर, अमृत विचार: थाना पटवाई पुलिस ने अभियान चलाकर एक आरोपी को 10 लीटर शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। उसके बाद थाने ले आई। जहां उस पर कार्रवाई कर दी है। थाना पटवाई पुलिस द्वारा आरोपी महेंद्र पुत्र रामपाल निवासी ग्राम बकैनिया को एक प्लास्टिक में दस लीटर शराब के साथ ग्राम लदौरा के पास से गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना पटवाई पर आबकारी अधिनियम के तहत विधिक कार्रवाई कर दी।

उधर, टांडा पुलिस ने फरार चल रहे आरोपी को चाकू के साथ गिरफ्तार कर लिया। उसके बाद आरोपी को पुलिस थाने ले आई। जहां उस पर कार्रवाई कर दी है। थाना टांडा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी अलीम पुत्र हकीम निवासी मोहल्ला टंडोला को एक चाकू के साथ चन्दुपुरी पुलिया से शहपुरा रोड के पास से गिरफ्तार करने के बाद कार्रवाई कर दी।

एक नजर

नलकूप में खराबी आने से जलापूर्ति हुई बाधित

रामपुर, अमृत विचार : रजा इंटर कालेज के नलकूप के वाल्व में खराबी आ जाने से सोमवार को कई मोहल्लों की जलापूर्ति बाधित हो गई। सप्लाई नहीं आने पर मोहल्लेवासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। काफी देर तक मोहल्लेवासियों ने पालिका के अधिकारियों को फोन किया तो उन्होंने मौके पर कर्मचारियों को भेजा। कर्मचारियों ने मौके पर जाकर देखा तो वाल्व की चूड़ी स्लिप मिली। वाल्व को खोलकर चूड़ी सही की तो मोहल्लेवासियों के घरों में जलापूर्ति सुचारू हो गई। लोगों ने अपने-अपने दैनिक और घरेलू कार्यों को पूरा किया। जलकल अभियंता मूलचंद ने बताया कि वाल्व में जो खराबी आई थी उसे सही करा दिया गया है।

पुलिस ने दो वारंटी पकड़े

रामपुर,अमृत विचार : मिलक पुलिस ने फरार चल रहे दो वारंटियों को पकड़ने के बाद थाने ले आई। उसके बाद दोनों पर कार्रवाई कर दी है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराधियों को पकड़ने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। उसी के चलते थाना मिलक पुलिस ने डालचन्द पुत्र नत्थू, भगवानदास पुत्र नत्थू निवासी ग्राम ज्योहरा थाना मिलक उनके मकान से गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्रवाई कर दी।

मिलक-नरपतनगर में दो अस्पताल सील

नोडल अधिकारी को चिकित्सक के बिना चलता मिला गंगा राम अस्पताल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : मिलक और नरपतनगर में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अवैध रूप से चल रहे दो अस्पताल सील कर दिए। मिलक में टीम को गंगाराम अस्पताल बिना चिकित्सक के चलते मिला। अस्पताल में भर्ती तीन महिलाओं को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचा कर सील लगा दी। मसवासी क्षेत्र के गांव नरपतनगर में बिना अभिलेखों के चल रहे अस्पताल को भी सील कर दिया गया है।

मिलक में मंगलवार को बिना डाक्टर के चलते मिले गंगाराम अस्पताल को सील कर दिया है। वहां भर्ती तीन मरीजों को सीएचसी में भर्ती कराया गया है। लोगों का कहना था कि यहां काफी समय से अस्पताल चल रहा था। लेकिन इसमें डाक्टर नहीं बैठते थे। इसकी शिकायत कुछ लोगों ने नोडल अधिकारी डॉ. केके चहल से की थी। मंगलवार को वह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे, उन्होंने

मिलक में अस्पताल सील करवाते नोडल अधिकारी डॉ. केके चहल। ● अमृत विचार

▸▸ नरपतनगर में बिना अभिलेखों के चलता मिला अस्पताल

देखा तो अस्पताल से डाक्टर गायब था। अस्पताल में तीन महिलाएं भर्ती मिलीं। महिलाओं से बातचीत के बाद उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया। अस्पताल को सील कर दिया गया। नोडल अधिकारी डॉ. केके चहल ने बताया कि अस्पताल बिना डाक्टर के चल रहा था। उधर, स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी ने नगर पंचायत नरपत नगर में भी एक अस्पताल सील कर दिया। नोडल अधिकारी ने दस्तावेज मांगे, लेकिन संचालक कोई भी अभिलेख दिखाने में असमर्थ रहा। पीपलसाना मार्ग पर हुई इस कार्रवाई से झोलाछाप में हड़कंप मच गया। इस अस्पताल में महिलाओं के ऑपरेशन भी किए जाते हैं। गर्भवती महिलाओं का इलाज भी अप्रशिक्षित लड़कियां करती हैं। नोडल अधिकारी ने बताया कि गुड लाइफ अस्पताल पर कार्रवाई की गई है। दस्तावेज न दिखाने पर अस्पताल को सील कर नोटिस जारी किया गया है।

मसवासी में बिना लाइसेंस संचालित हो रहे कई मेडिकल स्टोर

मसवासी,अमृत विचार : नगर सहित क्षेत्र में मेडिकल स्टोर बिना लाइसेंस चलाए जा रहे हैं। विभाग के अधिकारी जांच के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति कर रहे हैं। लोगों का आरोप है कि बिना लाइसेंस मेडिकल स्टोर संचालक नशे की दवा, एक्सपायरी दवा तक बेचते हैं। कार्रवाई में कई मेडिकल स्टोर से एक्सपायर और नशे की दवाइयां भी बरामद हो चुकी हैं। इसके बाद भी इन मेडिकल संचालकों पर अंकुश नहीं लग सका है। बिजारखाता, नरपतनगर, रहमतगंज, मिलक नौखरीद मनसूरपुर समेत आसपास के गांव में बिना लाइसेंस मेडिकल स्टोर संचालित हैं। शिकायतकर्ता नरेंद्र सिंह, श्यामलाल, देवेंद्र कुमार, राजपाल, मोहम्मद शफी, मुकेश कुमार आदि ने जिलाधिकारी को पत्र भेज कर बिना लाइसेंस चल रहे मेडिकल स्टोर संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

एयरफोर्स स्टेशन के सामने से फर्जी लेफ्टिनेंट गिरफ्तार

बरेली, अमृत विचार : त्रिशूल एयरफोर्स स्टेशन के बाहर से फर्जी फ्लाइट लेफ्टिनेंट को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के कब्जे से एक कार, आईडी कार्ड समेत अन्य फर्जी दस्तावेज बरामद हुए हैं। वायुसेना के जवानों ने उसे पकड़कर इज्जतनगर थाना पुलिस के हवाले किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। वह लोगों से भर्ती कराने के बहाने ठगी भी कर चुका है।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान इन्दर कुमार माली (40) निवासी बहुतचक उपाध्याय थाना उभांव बलिया के रूप में हुई है। आरोपी अपनी कार में में वर्दी टांग कर और कैप लगाकर वाहन चलता था। इज्जतनगर थाना प्रभारी जयशंकर सिंह ने बताया कि पुलिस को वायुसेना स्टेशन के मास्टर वारंट अफसर (सहायक सुरक्षा अधिकारी) योगेन्द्र सिंह यादव ने सूचना दी कि आरोपी इंद कुमार गेट के बाहर घूम रहा है। पुलिस की टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह खुद की वायुसेना में फ्लाइट लेफ्टिनेंट के पद पर नियुक्त बता कर लोगों को नौकरी लगवाने के नाम पर ठगी करता था।

गांव अनवा में लोगों के साथ मौजूद भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

भाजपाइयों ने घर-घर जाकर किया संवाद, योजनाएं बताई

संवाददाता, शाहबाद

अमृत विचार: गांव चलो अभियान के तहत भाजपाइयों ने ग्रामीणों से संवाद किया। इस दौरान उनकी समस्याएं सुनकर जल्द समाधान का भरोसा दिया। भाजपाइयों ने प्रदेश सरकार के बजट से समाज के हर वर्ग को फायदा पहुंचने का दावा किया है।

मंगलवार को भाजपाई एकत्रित होकर तहसील क्षेत्र के गांव अनवा पहुंचे। उन्होंने घर-घर जाकर लोगों से संवाद किया और उनकी समस्याएं जानीं। ग्रामीणों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं बताईं। भाजपा के वरिष्ठ नेता वेदप्रकाश चंद्रवंशी ने कहा कि केंद्र सरकार गरीबों और वंचितों के लिए कई योजनाएं चला रही है। युवाओं, महिलाओं को भी लाभ दिया जा रहा है। सरकार ने गन्ना मूल्य में भी वृद्धि की है। सोशल मीडिया प्रभारी अनुभव शर्मा ने बजट पर कहा कि प्रदेश सरकार ने सोमवार को बजट पेश किया है। सरकार के इस बजट से हर वर्ग के लोगों को फायदा होगा। इस मौके पर किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष रामजी मौनी पांडेय, ठाकुर मोहर सिंह, राकेश कश्यप, रामगोपाल सिंह, पुरुषोत्तम सिंह, नारायण हरि शर्मा और रमेश पाल सिंह कठेरिया आदि उपस्थित रहे।

निर्माण के बारे में जानकारी लेते एसडीएम सदर जेपी गुप्ता। ● अमृत विचार

एसडीएम ने सरकारी जमीन पर हो रहा निर्माण रुकवाया

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: माला रोड स्थित डीसीसीएफ की जमीन पर हो रहे निर्माण को एसडीएम जेपी गुप्ता ने रुकवा दिया। डॉ. गणेश गुप्ता को जांच करने के आदेश दिए हैं।

कुछ दिनों से डीसीएफ के चेयरमैन सुभाष गुप्ता ने जिलाधिकारी का पत्र दिया। इसमें बताया था कि माला रोड स्थित जमीन पर कब्जा कर निर्माण कराया जा रहा है। मंगलवार एसडीएम सदर, ईओ, एआरओ ऑपरेटिव, डीसीडीएफ के सचिव समेत कई अधिकारीयों को मौके पर पहुंचे। निर्माण कार्य को रुकवा दिया। साथ ही एआर कॉपरेटिव को जांच करने के निर्देश दिए हैं। एसडीएम जेपी गुप्ता ने बताया कि सरकारी जमीन पर हो रहे निर्माण कार्य को रुकवा दिया है।

आयकर कटौती के लिए 15 तक विवरण जमा करें

बरेली, अमृत विचार : आयकर सीमा में आने वाले पेंशनरों को 15 फरवरी तक आयकर से संबंधित विवरण जमा कराने के लिए कहा गया है। मुख्य कोषाधिकारी शैलेश कुमार ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 समाप्ति की ओर है।

ऐसे में आयकर की सीमा में आने वाले पेंशनरों को आयकर संबंधी जानकारियां (चिकित्सा प्रतिपूर्ति को सम्मिलित करते हुए अगर भुगतान हुआ है, आयकर से बचत के लिए योजनाओं में निवेश के साक्ष्यों के साथ) कोषागार में संबंधित पटल सहायक को हर हाल में 15 फरवरी तक जरूर जमा करा दें, जिससे वित्तीय वर्ष में प्राप्त पेंशन पर नियमानुसार आयकर कटौती की जा सके। कहा कि पेंशनर विवरण जमा नहीं करते तो फिर ट्रेजरी की ओर से नियमानुसार आयकर कटौती कर ली जाएगी।

केमरी रोड पर प्रदर्शन करते किसान। ● अमृत विचार

धर्मस्थलों की जमीनों पर कब्जा करने वालों पर हो कार्रवाई : रईस

संवाददाता,केमरी

अमृत विचार: भारतीय किसान यूनियन भानू के पदाधिकारी केमरी स्थित नगर कार्यालय में एकत्र हुए। पंचायत के बाद उन्होंने अपनी मांगों को लेकर मिलक बिलासपुर रोड पर प्रदर्शन किया।

पंचायत में जिला महासचिव रईस अहमद ने कहा कि कुछ लोगों ने मस्जिद, मंदिर की जमीनों को अपने नाम कराकर कब्जे में कर रखा है। अगर ये लोग जमीन वापस नहीं करते, तो ऐसे लोगों के खिलाफ आवाज उठाए। कब्जा करने वालों का विरोध करें। धर्म स्थल की जमीनों को अपने नाम करने वालों पर कार्रवाई हो। कहा कि भारतीय किसान यूनियन की जिलाधिकारी से मांग है कि बिजलीघर के अधिकारियों की जांच कराई जाए। प्रदर्शन करने वालों में जमील अहमद, फरीद शमसी, नासिर अली, शफीक अहमद, दानिश अली, हजरत नूर, सादिक अहमद आदि रहे।

रेडिको खेतान समाज को दे रहा नई दिशा

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

अमृत विचार: कार्यशाला में अनीता चौहान ने कहा की रेडिको खेतान समाज को नई दिशा देने के लिए तैयार है। इस उद्देश्य के साथ वह इस कार्यशाला के लिए पूर्ण रूप से समर्पित है। शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र भी दिए गए।

रेडिको खेतान लिमिटेड और लायंस क्लब रामपुर उपकार के माध्यम से रेडिको खेतान के कौशल विकास केंद्र, सिविल लाइन में दो दिवसीय लायंस कार्यशाला हुई। इसका आरंभ रेडिको खेतान की सीएसआर केन्द्रीय समिति प्रमुख अनीता चौहान ने किया। यूनिट हेड अमर सिंह ने कहा कि उनके पिता भी एक आदर्श शिक्षक रहे हैं। शिक्षकों के शिक्षण को उत्कृष्ट बनाने की पहल उनको भी एक विनम्र श्रद्धांजलि होगी। सभी शिक्षक ट्रेनिंग में प्राप्त गुणों को अपने जीवन में और अपने विद्यालय में जरूर उकेरेंगे और देश के विकास में भागीदारी देंगे।

शिक्षकों को प्रमाण पत्र देते मुख्य अतिथि। ● अमृत विचार

डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन विभूति संगल ने कहा कि लायंस क्लब इंटरनेशनल पूरे विश्व में इस प्रकार की कार्यशाला का आयोजन कर रहा है। इसमें बच्चों का भविष्य संवारने वाले शिक्षकों को ट्रेनिंग दी जाती है। मुंबई से आए निधि नागरथ वरिष्ठ ट्रेनर और लखनऊ से आए डॉ. निधि नागर ने शिक्षकों को प्रशिक्षित किया। चेयरमैन लायन विकास सक्सेना ने बताया कि हमारा उद्देश्य छात्रों का तनाव समाप्त करना। इस मौके पर आदित्यनाथ चौबे, नवीन पाठक, शिवम, रेडिको खेतान की ओर से उप महाप्रबंधक इंद्रपाल सिंह, लायंस क्लब रामपुर उपकार के अध्यक्ष सतविंदर सिंह आहूजा, परितोष चांदीवाला, मनु मांगलिक , गुरमीत सिंह,आशीष जिंदल, प्रतीक जिंदल, सौरभ सिंघल, आशीष सिंघल आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन हरीश डूडेजा ने किया।

स्टेडियम में शॉट लगाते पालिका अध्यक्ष के पति मामून शाह खां। ● अमृत विचार

राईदर ने थंडर टीम को 30 रनों से हराया

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: शहीदे आजम स्पोर्ट्स स्टेडियम प्रीमियर लीग सीजन-2 क्रिकेट टूर्नामेंट खेले गए। टॉस जीतकर राईदर की टीम ने 20 ओवरों में 122 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी थंडर टीम 92 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। राईदर टीम ने थंडर टीम को 30 रनों से हरा दिया।

स्टेडियम में मंगलवार को दूसरा मैच रामपुर ग्रीन्स और रामपुर टाइटेन के बीच खेला गया। ग्रीन्स की टीम ने बल्लेबाजी करते हुए 74 रन बनाए। जवाब में रामपुर टाइटेन की टीम ने 16 ओवरों में 75 रन बनाकर जीत हासिल की। क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज समाजिक कार्यकर्ता मामून शाह खां ने फीता काटकर आगाज किया। सैयद फैसल हसन, संयोजक उबादा इकबाल शमसी, एजाज हुसैन रहे।

दो पक्षों में मारपीट फायरिंग का आरोप

पटवाई, अमृत विचार : मामूली बात को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई। पुलिस ने एक पक्ष की तहरीर के आधार पर चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

मामला पटवाई थाना क्षेत्र के गांव मदारपुर का है। यहां के रहने वाले यासीन का कहना है कि उसका गांव के ही मेहंदी, सरवर अली, शारिब और आरिफ से विवाद चला आ रहा है। मंगलवार को आरोपी उसके घर में घुस गए। उसके बाद गाली-गलौज कर मारपीट की। जिससे हंगामा हो गया और लोगों को आता देखकर आरोपी हवाई फायरिंग कर फरार हो गए। मारपीट के दौरान यासीन को गुम चोटें भी आईं। घायल पक्ष ने मामले की तहरीर थाना पटवाई में दी है। सूत्रों की माने तो इस विवाद में आरोपियों ने बंदूक से हवाई फायर भी किए हैं। थानाध्यक्ष अजयपाल शर्मा ने बताया कि मारपीट के मामले में तहरीर प्राप्त हुई थी। मामला दर्ज किया है।

उर्स में दुआ मांगते अकीदतमंद। ● अमृत विचार

मजार पर चादरपोशी करने के बाद दुआ मांगते लोग। ● अमृत विचार

देश व कौम की सलामती के लिए मांगी दुआ

संवाददाता,बिलासपुर

अमृत विचार: हजरत इमाम साहब के तीन दिवसीय सालाना उर्स शरीफ के दूसरे कुल में उलमा ने मुल्क व कौम की सलामती के लिए दुआ मांगी। इस दौरान दरगाह को रंग-बिरंगी झालरों से सजाया गया है।

नगर के मोहल्ला भट्टी टोला स्थित हजरत इमाम साहब की दरगाह पर यह सलाना उर्स सोमवार से शुरू हुआ था। मंगलवार को दूसरा कुल शरीफ हुआ। इससे पहले शायरों ने नातिया कलाम पेश किए। उलमा ने तकरीर में हजरत की विलादत पर रोशनी डाली। बाद में मुल्क व कौम की सलामती और खुशहाली के लिए दुआ मांगी। दरगाह पर जायरीनों ने चादरपोशी की। सज्जादानशीं अबरार मियां ने बताया कि बुधवार को हजरत का तीसरा कुल शरीफ होगा और लंगर तकसीम किया जाएगा।

शीदी बाबा की दरगाह पर की चादरपोशी

बिलासपुर, अमृत विचार : हजरत शीदी बाबा की दरगाह पर सालाना उर्स के तीसरे दिन कुल के दौरान हजारों अकीदतमंदों ने दरगाह पर चादरपोशी की। मेले में महिलाओं और बच्चों ने खरीदारी की। हजरत शीदी बाबा की दरगाह पर मंगलवार सुबह नौ बजे उलमा ने नातिया कलाम पेश किए। इसके बाद हजरत की विलादत और विसाल पर रोशनी डाली। अंत में देश में अमन-चैन और खुशहाली के लिए दुआ मांगी। दरगाह के सज्जादानशीन सैयद सज्जन मियां ने बताया कि हजरत का उर्स शरीफ हर साल की तरह इस साल भी अदब, एहतराम के साथ मनाया गया। मंगलवार को उर्स के तीसरे दिन तीसरा कुल हुआ। दोपहर बाद नमाजे जौहर तकरीर व शाम को कुल शरीफ पढ़ा गया। साथ ही रात में कव्वालों की महफिल सजी। इस दौरान अफसर मियां, इरफान मियां, रईस अहमद मियां आदि रहे।

बैंक का ऋण अदा नहीं करने पर खाली कराई गई दुकान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: दुकान स्वामी को बैंक का ऋण अदा नहीं करना भारी पड़ गया। बैंक के अधिकारी और प्रशासनिक अधिकारियों ने दुकान को खाली कराकर सील कर दिया।

सिविल लाइंस क्षेत्र निवासी परमिंदर सिंह की ज्वालानगर में राम-रहीम पुल के नीचे कपड़ों की दुकान है। कुछ साल पहले इन्होंने प्रथमा बैंक से करीब 15 लाख रुपये ऋण लिया था। शुरू में किश्तें दीं। लेकिन बाद में किश्तें देना बंद कर दी थीं। उसके बाद से बैंक कर्मचारी लगातार उसको लोन जमा करने के लिए अवगत करा रहे थे। उसके बाद भी दुकानदार लोन जमा नहीं कर रहा था। जिसके बाद लोन काफी बढ़ गया था।

एक सप्ताह पहले बैंक से दुकान खाली करने का नोटिस भेजा गया था,लेकिन उसके बाद भी दुकान खाली नहीं हो सकी।

दुकान सील होने के बाद बाहर रखा सामान।

जिसके बाद मंगलवार के कई प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गए। उसके बाद पुलिस कर्मचारियों की देख रेख में दुकान का सामान बाहर निकलवाकर उसको सील कर दिया। माना जा रहा है कि इनके ऊपर कई अन्य लोगों का भी बकाया है।लोगों का कहना है कि मकान को भी सील कर दिया है।

हाईवे किनारे नाले में गिरा छुट्टा पशु, हंगामा

भोट, अमृत विचार: हाईवे किनारे नाला निर्माण के दौरान गड्ढे में एक छुट्टा पशु गिर गया। इस दौरान ग्रामीणों ने कार्यदायी संस्था पर लापरवाही का आरोप लगाकर हंगामा किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने गड्ढे में फंसे पशु को बाहर निकलवाया।

थूनापुर कस्बे में नाला निर्माण कराया गया है। दोनों ओर गड्ढों में भराव नहीं डलवाया गया। एक सप्ताह पूर्व कस्बे के दुकानदारों ने विरोध प्रदर्शन कर गड्ढों में भराव डलवाने की मांग की थी। मंगलवार देर शाम गड्ढे में एक छुट्टा पशु गिर गया। काफी देर तक फंसा रहा। पशु को नाले में फंसा देख ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। कार्यदायी संस्था पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा करने लगे। सूचना पर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। जेसीबी से गड्ढे में फंसे पशु को बाहर निकाला।

जेल में आजम से मिले साढ़ू और साली सहित सपा नेता

संवाददाता, सीतापुर

अमृत विचार: जिला कारागार में बंद पूर्व मंत्री व सपा नेता आजम खां से जेल में सपा नेता सहित तीन लोगों ने मुलाकात की। जेल में मुलाकात करने पहुंचे हरदोई से आजम खां के साढ़ू और साली सहित मुरादाबाद के सपा नेता शामिल थे। करीब डेढ़ घण्टे तक चली मुलाकात के दौरान आजम ने हरदोई जेल में बंद बेटे का भी हाल जाना। मुलाकात के दौरान परिवार वालों ने दवाइयों सहित अन्य जरुरी सामान भी आजम को दिया।

बताते चले कि समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता आजम खान पत्नी तंजीम फातिमा और बेटे अब्दुल्ला को रामपुर के एमपी एमएलए कोर्ट ने फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामले में 7-7 की सजा सुनाई थी। सुरक्षा कारणों के चलते 22 अक्टूबर की सुबह रामपुर जिला कारागार से सीतापुर जिला कारागार में आजम खान को शिफ्ट किया गया था। वही तंजीम फातिमा को रामपुर तो बेटे अब्दुल्ला को हरदोई जेल में शिफ्ट किया गया था। मंगलवार को हरदोई जिले के निवासी और आजम खा के साढ़ू जियाउल रहमान और साली तनवीर फातिमा सहित मुरादाबाद से आये सपा नेता आरिज अख्तर ने जेल मैनुअल के अनुसार ऑनलाइन जेल काउंटर पर पंजीकरण कराया। दोपहर 12 बजे जरुरी सामान के साथ तीनों लोग अंदर दाखिल हुए और जेल में आजम खां से करीब डेढ़ घण्टे तक मुलाकात की। जेल सूत्रों की माने तो इस दौरान आजम से राजनितिक हलचल पर भी अपनी प्रतिक्रिया दी और बेटे सहित पत्नी का भी हाल जाना। मुलाकात के बाद बाहर निकले सपा नेता सहित परिजनों ने मीडिया से कुछ भी बोलने से मना करते हुए वापस रवाना हो गए।

उम्मीद | प्रस्ताव बनाकर शासन भेजा गया, मिलकखानम में भूमि खरीदी

ओवरलोड कम करने को बनेगा बिजलीघर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: जनपद में एक और नए बिजलीघर का निर्माण होगा। यह बिजलीघर बिलासपुर और स्वार क्षेत्र का लोड कम करने के लिए दोनों तहसीलों की सीमा क्षेत्र में बनाया जाएगा। 220 केवी क्षमता के नए बिजलीघर के निर्माण को काफी दिनों से भूमि तलाश की जा रही थी। अब मिलकखानम क्षेत्र में भूमि खरीदी गई है। जहां बिजलीघर का निर्माण कराया जाएगा। ट्रांसमिशन के अधिकारियों ने इसका प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा है।

बिलासपुर और स्वार तहसील क्षेत्रों में ओवरलोड की समस्या रहती है। बिलासपुर में नया औद्योगिक संस्थान बनाने की भी तैयारी चल रही है। इसका प्रस्ताव भी शासन को भेजा गया। उत्तराखंड की सीमा से सटे बिलासपुर क्षेत्र में उद्यमी भी भूमि तलाश कर रहे हैं। इस तरह दोनों तहसील में बिजली की बढ़ती मांग के आधार पर एक नया बिजलीघर बनाने की निगम के अधिकारियों ने तैयारी शुरू की। बिजलीघर बनाए जाने के लिए निगम की ओर से सहमति मिल गई है। मिलक खानम क्षेत्र में आवश्यकता के हिसाब से भूमि उपलब्ध हो गई है। यह क्षेत्र दोनों तहसीलों की सीमा पर हैं। ट्रांसमिशन के अधिकारियों ने बताया कि मिलक खानम क्षेत्र में 220 केवी क्षमता के बिजलीघर के निर्माण की भूमि का बैनामा कराया गया है। इस भूमि पर काम शुरू कराने के लिए प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। यह बिजलीघर तैयार होने के बाद 220 क्षमता के दो बिजलीघर जनपद में ही जाएंगे। एक 220 क्षमता का बिजलीघर शंकरपुर में पहले से हैं।

शहर क्षेत्र में भी बनने हैं तीन बिजलीघर

शहर में ओवरलोड की समस्या को दूर करने के लिए तीन बिजलीघर स्थापित होने हैं, जोकि अजीतपुर, आश्रम पद्धति रोड, डूंगरपुर में 15-15 केवीए के उपकेंद्र बनाए जाने हैं। इसको लेकर नवाबगेट डिवीजन के अधिकारियों ने ट्रांसमिशन एक्सईएन से संपर्क किया गया। अगर शहर में तीन और बिजलीघर बन जाएंगे तो ओवरलोड की समस्या से काफी हद अधिकारियों के साथ उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी।

> बिजलीघर निर्माण कराने को पत्र लिखकर शासन को भेजा गया है। स्वीकृति मिलने पर 220 केवी का बिजलीघर बनवाया जाएगा। बिजलीघर बनने से ओवरलोड की समस्या कम होगी। **-शिवम खरायत, ट्रांसमीशन एक्सईएन**

एक नजर

मूंढापांडे थाना प्रभारी को ज्ञापन देते किसान। ● अमृत विचार

टोल प्लाजा कर्मचारियों पर उत्पीड़न का आरोप

मुरादाबाद, अमृत विचार : मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन (तोमर) के नेतृत्व में दलपतपुर स्थित नियामतपुर इकरोटिया टोल प्लाजा के कर्मचारियों व प्रबंधन द्वारा किसानों के उत्पीड़न के खिलाफ थाना प्रभारी मूंढापांडे को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया कि टोल प्लाजा के कर्मचारी और प्रबंधन लगातार किसानों का उत्पीड़न कर रहे हैं। जिस पर थाना प्रभारी ने जल्द ही किसानों की समस्या का समाधान कराने की बात कही। वहीं किसानों ने चेतावनी दी कि अगर जल्द ही समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो 11 फरवरी को किसान टोल प्लाजा पर प्रदर्शन करेंगे। ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्रा, सोनू चौधरी, दिनेश कश्यप, सुधीर शर्मा, सुमित कौशिक, सुमित कश्यप, अनिल कश्यप, गौरव सैनी, पुनेश प्रजापति, डॉ. सत्यवान सिंह, प्रदीप निषाद, राजपाल प्रजापति आदि शामिल रहे।

जनवरी में 31.60 लाख यात्रियों ने की रेल यात्रा

मुरादाबाद, अमृत विचार : मंडल में यात्री टिकट सहित अन्य सेवाओं से रेल प्रबंधन ने 132.30 करोड़ का राजस्व अर्जित किया है। जनवरी में आरक्षित और अनारक्षित टिकट पर 31.60 लाख यात्रियों ने रेल से यात्रा की है। यह बीते साल की इसी अवधि की तुलना में 2.09 प्रतिशत अधिक है। इस साल जनवरी में अनारक्षित एवं आरक्षित टिकट से 69.57 करोड़ का राजस्व अर्जित हुआ है, जो कि गत साल की जनवरी में बुक यात्रियों से प्राप्त राजस्व 65.19 करोड़ से 6.72 प्रतिशत अधिक है। माल भाड़े से 55.03 करोड़ का राजस्व अर्जित किया है, यह जनवरी 2023 से 3.34 प्रतिशत अधिक है। यह जानकारी प्रवर मंडल वाणिज्य प्रबंधक सुधीर सिंह ने दी है।

गांवों तक परिवहन सेवा उपलब्ध कराने की तैयारी

मुरादाबाद, अमृत विचार : परिवहन विभाग गांवों को बस सेवा से युक्त करने में जुट गया है। इसके लिए रूट निर्धारण हो गया है। अब अनुबंधित बसें इन सड़कों पर यात्री सेवा करेंगी। मंडल में 28 रूटों का निर्धारण कर लिया गया है। विभाग के प्रमुख सचिव की ओर से मंडल की इन सड़कों को बस सेवा के लिए अनुमोदित कर दिया गया है। परिक्षेत्र की बसों का प्रबंध संविदा शर्त और वाहन अनुबंध के आधार पर होगा। विभाग के एसएम सुरेंद्र कुमार द्वारा राज्य मुख्यालय से पत्राचार किया जा चुका है। इसके आधार पर सुलभ और सुरक्षित परिवहन सेवा दी जाएगी।

24 को रविदास जयंती पर निकलेगी शोभायात्रा

मुरादाबाद, अमृत विचार : श्री संत गुरु रविदास जन्मोत्सव समिति की बैठक मोहल्ला सागर सराय स्थित अध्यक्ष ओमप्रकाश सागर के आवास पर आयोजित की गई। बैठक में 24 फरवरी को शिरोमणि संत गुरु रविदास की जयंती पर चर्चा की गई। सभी पदाधिकारियों ने निर्णय लिया कि 24 फरवरी को शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती पर विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी।

हवाई अड्डा से महानगर में ऑटो परिवहन को भी मिलेगी गति

कार्यालय संबंधित, मुरादाबाद

खुशी

- 12 को संभागीय परिवहन प्राधिकरण की होगी बैठक
- ऑटो यूनियन प्रशासन से 200 परमिट की मांग करेगा

अमृत विचार: मुरादाबाद में हवाई अड्डा ऑटो और ट्रैवल एजेंसी की भी बल्ले-बल्ले कराएगा। 12 फरवरी को संभागीय परिवहन प्राधिकरण की बैठक बुलाई गई है। उधर, ऑटो चालकों ने प्रशासन से 200 परमिट की मांग करने का ऐलान किया है।

महानगर में करीब 1750 सीएनजी ऑटो संचालित हैं लेकिन, इस मौके को देखते हुए ट्रेवल एजेंटों ने आटो परमिट की मांग कर डाली है। महानगर से भदासना हवाई पट्टी की दूरी करीब 10 किलोमीटर है। इसे देखते हुए ऑटो संचालकों ने प्रशासन के सामने अपना प्रस्ताव रख दिया है। ऑटो चालकों और मालिकों का कहना है कि हवाई सेवा लोगों को ऑटो सेवा का अवसर उपलब्ध कराएगी। इसके लिए रूट की भी दिक्कत नहीं होगी। ऐसा होने से बेरोजगारों को रोजगार प्राप्त होंगे।

उधर, यूनियन की ओर से मृतकों के ऑटो रिक्शा नामांतरण को आसान बनाने और एक माह के भीतर इस प्रक्रिया को पूरी करने की मां की गई है। संगठन की ओर से हवाई अड्डा रूट पर 100 से 200 ऑटो परमिट की मांग की गई है। यूनियन के संरक्षक किशन लाल सिंह का कहना कि ऑटो नामांतरण में बेवजह चालकों और खरीदारों को तहसील प्रशासन परेशान करता है। जबकि, संगठन की मांग है कि पंजीयन अधिकारी के सामने उपलब्ध क्रेता और विक्रेता को देखकर यह प्रक्रिया पूरी कर ली जाए। आरटीए की बैठक से इस बार ऑटो यूनियन को बहुत उम्मीद है।

साइबर फ्रॉड करके गैंग के सदस्य हर महीने करते हैं औसतन 10 लाख रुपये की ठगी

दो रुपये से14,000 जीतने पर बना था साइबर ठगी का बादशाह

निर्मल पांडेय, मुरादाबाद

अमृत विचार : बिहार के मधुबनी का रहने वाला शातिर आलोक कुमार झा साइबर ठगी का शातिर अपराधी है। वर्ष 2011 में दो रुपये की बाजी से एकमुश्त 14,000 रुपये जीत लेने के बाद उसका रुख साइबर क्षेत्र में ही गति पकड़ गया था।

सबकुछ छोड़कर आलोक साइबर की दुनिया में ही जीने लगा था। धीरे-धीरे कर उसे बिना मेहनत के कमाई की भूख बढ़ती रही तो वह साइबर फ्रॉड का बादशाह बन गया। अपने साथियों को भी इसमें जोड़कर लोगों को ठगने लगा था। प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम थाना धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि करीब 15 साल पहले बिहार से दिल्ली पहुंचा आलोक ने साइबर से कमाई की दुनिया में वर्ष 2011 में कदम रखा था। उस समय वर्ल्ड कैप चल रहा था। वर्ल्ड कैप की बाजी में महादेव बेटिंग ऐप पर उसने केवल 2 रुपये लगाकर 14,000 रुपये कमा लिए थे। फिर उसने महादेव बेटिंग ऐप की फ्रेंचाइजी ली थी। ऑनलाइन कमाई देख यह साइबर क्राइम की तरफ मुड़ गया और फिर इसने अपने साथियों को जोड़कर गैंग बनाया। महादेव बेटिंग ऐप पर गेम के माध्यम से अपने ही लोगों की कमाई का प्रदर्शन कर आमजन को आकर्षित करता था। जब लोग ऐप से जुड़ जाते थे तो उनके बैंक का विवरण लेकर साइबर फ्रॉड करता था। इस तरह इनके गैंग की कमाई हर महीने औसतन 10 लाख रुपये होने लगी थी।

प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार हुआ सोनू कुमार उर्फ मैथ पुत्र दिनेश बरेली का ही रहने वाला है लेकिन, इसके परिजन और वह दिल्ली में ही निवास करते हैं।

उन्होंने बताया कि फरार आरोपी सुरेश व विक्की की गिरफ्तारी के लिए भी पुलिस टीम लगी है। प्रभारी निरीक्षक ने यह भी बताया कि रामपुर जिले में मिलक की रहने वाली दिव्या ने पिछले साल इंस्टाग्राम के जरिए ही महादेव बेटिंग ऐप पर गेम खेलना शुरू किया था। इसमें रुपयों के लेनदेन के लिए उसने हैदराबाद में रहने वाली अपनी बहन का बैंक खाता नंबर लगा रखा था। बहन दिव्या को ओटीपी बताती थी। पहले दिव्या ने एक-दो लाख रुपये जीते भी लेकिन, बाद में उसके रुपये खाते से निकल गए थे। उसके कुल 8.50 लाख रुपये साइबर ठगों ने अन्य सात खातों में ट्रांसफर कर लिये थे।

पुलिस लाइन सभागार में खुलासा करते पुलिस अधीक्षक अपराध सुभाष चंद्र गंगवार।

सात मोबाइल व दो लैपटॉप मिले

प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार हुए तीन अभियुक्तों के पास से उन्होंने सात मोबाइल फोन, दो लैपटॉप, एक सिम बरामद किया है। इस कार्रवाई में उनके साथ दरोगा महेश कुमार, हेड कांस्टेबल विजय सिंह, कांस्टेबल नवीन कुमार व नंदराम की भी भूमिका सराहनीय रही है।

लापरवाही पर डीएम ने दो अभियंताओं को भेजा थाने

जल्द काम शुरू करने के लिखित आश्वासन पर एनएचएआई के अभियंताओं को छोड़ा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह के काम के प्रति सख्त तेवर से सभी परिचित हैं। मंगलवार को उन्होंने ऐसा कार्य किया जिससे अधिकारियों व कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। जिलाधिकारी ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के दो अभियंताओं को काम में लापरवाही के चलते अपने कार्यालय बुलाया। बाद में पुलिस बुलाकर उन्हें सौंप दिया। इस मामले की हर ओर चर्चा रही। बाद में विभागीय अधिकारियों के फोन घनघनाने लगे। थाने में जल्द काम कर देने का लिखित पत्र देने के बाद ही दोनों अभियंताओं को जिलाधिकारी के निर्देश पर छोड़ा गया।

उत्तराखंड बॉर्डर को जोड़ने वाले मुरादाबाद-ठाकुरद्वारा मार्ग के चौड़ीकरण कार्य के प्रोजेक्ट की स्वीकृति और जमीन अधिग्रहण के बाद भी काम शुरू नहीं हुआ था। जिसको लेकर जिलाधिकारी ने एनएचएआई के सहायक अभियंता शांतनु कुमार, अवर अभियंता मुहम्मद नावेद को अपने कार्यालय में बुलाया था। दोनों के पहुंचने पर जिलाधिकारी ने उनसे कार्य की प्रगति पूछी। कोई संतोषजनक जवाब न देने पर जिलाधिकारी ने सिविल लाइंस पुलिस को फोन कर बुलाया। जिस पर थाना प्रभारी रामप्रसाद शर्मा ने पहुंच कर जिलाधिकारी के आदेश पर एनएचएआई के सहायक अभियंता और अवर अभियंता को पकड़कर थाने ले आए। इसके बाद विभाग में हड़कंप मच गया। सिविल लाइंस थाना प्रभारी का कहना है कि जिलाधिकारी के आदेश पर गए थे। चर्चा है कि दो घंटे से अधिक समय तक थाने में दोनों के बैठने की जानकारी मिलने पर संबंधित विभाग के अधिकारियों ने जिलाधिकारी से बात की। जिलाधिकारी ने काम में लापरवाही बर्दाश्त न करने की बात कही। इसके बाद विभागीय अधिकारियों ने अभियंताओं से बात किया। जल्द कार्य शुरू कराने के लिखित आश्वासन के बाद दोनों अभियंताओं को जिलाधिकारी के आदेश पर छोड़ा गया। जिलाधिकारी ने बताया कि काम में लापरवाही सहन नहीं करेंगे।

कंपोजिट विद्यालय खदाना का निरीक्षण करते एसडीएम सदर जितेंद्र सिंह वीरवाल।

निरीक्षण में 13 शिक्षक व दो चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी अनुपस्थित मिले

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- जिलाधिकारी ने एक दिन का वेतन काटने का बीएसए को दिया आदेश

अमृत विचार: बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में शिक्षकों और अन्य स्टॉफ की उपस्थिति की जांच कराने के लिए जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारियों को आदेश दिया। जिसके क्रम में उप जिलाधिकारी सदर जितेंद्र सिंह वीरवाल ने तहसील क्षेत्र के नौ विद्यालयों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी के द्वारा कराए गए 50 विद्यालयों के निरीक्षण में 13 अध्यापक और दो चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी अनुपस्थित मिले। जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा अधिकारी को अनुपस्थित शिक्षकों व चतुर्थ श्रेणी कर्मियों का एक दिन का वेतन काटने का आदेश दिया।

उप जिलाधिकारी सदर ने उच्च प्राथमिक विद्यालय भोला सिंह की मिलक, प्राथमिक विद्यालय सोनकपुर देहात, प्रावि सलेमपुर बांगर, पूर्व माध्यमिक विद्यालय महलकपुर निजामपुर सहित 9 विद्यालयों का निरीक्षण किया। नगरीय क्षेत्र के स्कूलों में मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता सही नहीं पाई गई। इसकी आपूर्ति जिस एनजीओ के माध्यम से कराई जाती है उससे स्पष्टीकरण मांगा।

वहीं निरीक्षण में 8 अध्यापक स्कूलों से अनुपस्थित पाए गए थे। जिनके बीआरसी पर जाने की जानकारी दी गई थी। इनकी अलग से जांच कराने का निर्देश दिया गया। प्राथमिक विद्यालय मनकुआ में केवल 7 छात्र पंजीकृत पाए गए। जिस पर तीन शिक्षकों की तैनाती की जानकारी निरीक्षण में मिली। अधिकारियों ने इस विद्यालय को पास के दूसरे प्राथमिक विद्यालय में विलय करने का निर्देश दिया।

तीन बहनों के इकलौते भाई की सड़क दुर्घटना में मौत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

दुखद

- पाकबड़ा से देर रात बाइक से घर लौटते समय हुआ हादसा
- नीशू की मांग से उजड़ गया सिंदूर, चार साल का है बेटा

अमृत विचार : मैनाठेर क्षेत्र में पुराने टोल के पास सोमवार देर रात में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। घटना दिल्ली-लखनऊ हाईवे बाईपास पर हुई है। बताया जा रहा है कि दुर्घटना में घायल शिवा चौधरी (30) को घटना के काफी देर बाद इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया। राहगीरों की सूचना पर पुलिस घायल शिवा को जिला अस्पताल लेकर पहुंची। लेकिन, अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो चुकी थी।

शिवा चौधरी कटघर थाना क्षेत्र के गांव कल्याणपुर का रहने वाला था। वह गांव में ही रहकर खेती-करता था। परिवार में पत्नी नीशू और चार साल का एक बेटा यशवान है। शिवा अपने पिता मदनपाल और मां उषा देवी की चार संतानों में इकलौता बेटा था। उसकी दो बड़ी और एक छोटी बहन है। परिवार वालों ने बताया कि सोमवार को शिवा किसी काम से पाकबड़ा गया था। वहां से देर रात करीब 11 बजे बाइक से घर लौट रहा था। बाईपास पर मैनाठेर थाना क्षेत्र में पुराने टोल के पास किसी वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें शिवा गंभीर रूप से घायल हो गया था। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से उसे जिला अस्पताल भेजा था, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर शव मोर्चरी में रखवा दिया था। घटना की सूचना घर वालों को काफी देर से मिली थी। शिवा चौधरी की मौत की खबर मिलने से पिता मदनपाल और इनकी पत्नी ऊषा के जीते जी उनके ऊपर दुख का पहाड़ टूट पड़ा है। मृतक की पत्नी नीशू और सभी बहनें दहाड़ें मारकर रो रही थीं। इस घटना से गांव वाले भी काफी आहत दिखे। मुहल्ले के लोग भी रोते दिखे। उधर, मैनाठेर थानाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह ने बताया कि अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पोस्टमार्टम करा कर शव परिजन को सौंप दिया गया है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

प्रसूता की मौत के बाद अस्पताल सील किया, एफआईआर दर्ज

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : प्रसव के बाद महिला की मौत पर परिजनों ने महमूदपुर माफी के एएस हॉस्पिटल में जमकर हंगामा किया था। इससे सुर्खियों में आए अस्पताल की जांच करने डिप्टी सीएमओ पहुंचे थे। अस्पताल बंद मिला। पड़ोसी दुकान के मालिक ने डिप्टी सीएमओ को बताया कि अस्पताल प्रसूता की मौत पर हुए बवाल के बाद से बंद है।

इस मामले में डिप्टी सीएमओ डा.नरेंद्र कुमार ने सोमवार रात में मैनाठेर थाने में अस्पताल के संचालक के खिलाफ इंडियन मेडिकल काउंसिल अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कराई है। उन्होंने पुलिस को बताया है कि इस अस्पताल में प्रसव के दौरान महिला की मौत होने पर परिजन आक्रोशित हुए थे। मृतक रुशी पत्नी इमरान नरौली गांव की निवासी थी। जिसके क्रम में उन्होंने सोमवार को अस्पताल का निरीक्षण किया तो यह बंद पाया गया। अस्पताल के पड़ोस में ट्रैक्टर की दुकान के मालिक यामीन निवासी मैनाठेर और आदिल निवासी महमूदपुर माफी ने उन्हें (डिप्टी सीएमओ) बताया है कि चिकित्सालय महिला की डिलीवरी के समय मौत होने के बाद से ही बंद है। इस मामले में मैनाठेर थानाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह ने बताया कि डिप्टी सीएमओ की तहरीर पर संबंधित अस्पताल के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

जिलाधिकारी ने की बीडीओ की तैनाती

मुरादाबाद, अमृत विचार: जिलाधिकारी ने खाली पड़े विकास खंडों में खंड विकास अधिकारियों की तैनाती की है।

जनपद के तीन विकास खंडों पर डीएम मानवेंद्र सिंह ने खंड विकास अधिकारियों की तैनाती की है। जिसमें बिलारी खंड विकास की जिम्मेदारी बीडीओ अशोक कुमार को सौंपी है। कुंदरकी ब्लॉक में मुख्यालय से आए चैतन्य कुमार को बीडीओ बनाया है। मुरादाबाद ब्लॉक में स्वाति सिंह को मुरादाबाद ब्लॉक की जिम्मेदारी देने के साथ ही भगतपुर टांडा ब्लॉक के कार्यक्रम अधिकारी की जिम्मेदारी का अतिरिक्त भार सौंपा है। विकास खंड छजलैट का पदभार वहीं तैनात गिरीश पंत को सौंपने के साथ ही कार्यक्रम अधिकारी बनाकर मनरेगा के कार्य का दायित्व सौंपा है।

महिला उत्पीड़न रोकने वाले कानून की जानकारी दी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने लगाया जागरुकता शिविर

अमृत विचार: कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम पर विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन विकास भवन सभागार में किया गया। जनपद न्यायाधीश डॉ. अजय कुमार के निर्देश पर आयोजित शिविर में महिला उत्पीड़न रोकने से संबंधित कानून की जानकारी दी गई।

अपर जिला जज-सचिव किरन बाला ने महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम के बारे में बताया। कहा कि यह अधिनियम 9 दिसंबर 2013 में प्रभाव में आया था। इसका उद्देश्य रोकथाम, निषेध और निवारण को स्पष्ट करता है और उल्लंघन के मामले में, पीड़ित को निवारण प्रदान करने के लिए भी यह कार्य करता है। उन्होंने महिलाओं की सुरक्षा के लिए कानूनों, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न के विभिन्न शारीरिक, मौखिक और गैर-मौखिक रूपों, विभिन्न समितियों और उनकी भूमिकाओं, शिकायतों की जांच और जांच रिपोर्टों पर प्रकाश डाला।

उन्होंने बताया कि जिस महिला के साथ कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न हुआ है, वह जिला स्तर-विभाग स्तर पर गठित समिति के समक्ष उपस्थित होकर लिखित रूप से शिकायत कर सकती है। यदि पीड़ित शिकायत दर्ज करने की मानसिक स्थिति में नहीं है, तो उसके रिश्तेदार या मित्र, उसके विशेष शिक्षक, उसके मनोचिकित्सक-मनोवैज्ञानिक, उसके संरक्षक या ऐसा कोई भी व्यक्ति जो उसकी देखभाल कर रहे हैं। वह भी शिकायत कर सकते हैं। उन्होंने कार्यस्थल पर महिलाओं द्वारा यौन उत्पीड़न को रोकने और रोकने के लिए अपनाए जा सकने वाले विभिन्न तरीकों का सुझाव देकर प्रतिभागियों को सशक्त बनाया गया है। इस मौके जिला प्रोबेशन अधिकारी अनुराग श्याम रस्तोगी, जिला विकास अधिकारी जीबी पाठक, अभियोजन अधिकारी रिचा गुप्ता, अध्यक्ष स्थानीय परिवाद समिति आरती गुप्ता सहित अन्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी शामिल रहे।

विकास भवन सभागार में विधिक जागरुकता शिविर में उपस्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव व अन्य विभागों के अधिकारी। ● अमृत विचार

सीए हत्याकांड में एक और गवाह पेश, 13 को सुनवाई

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) श्वेताभ तिवारी हत्याकांड में मंगलवार को वादी पक्ष से न्यायालय में एक और गवाह पेश हुआ। मृतक श्वेताभ के साथ काम करने वाले सीए अखिल अग्रवाल ने न्यायालय को बताया कि घटना के समय वह मौके पर नहीं थे। लेकिन, हां जब वह खबर पाकर घटनास्थल पर पहुंचे थे तो देखा कि श्वेताभ तिवारी खून से लथपथ पड़े थे। जिस पर उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया था लेकिन, उनकी मौत हो गई थी।

इस मामले में आरोपी पक्ष के अधिवक्ता अभिषेक शर्मा ने बताया कि श्वेताभ तिवारी हत्याकांड का मुकदमा एडीजे-14 की कोर्ट में चल रहा है। इस मामले में मंगलवार को आरोपी शूटर केशव सरन शर्मा व विकास शर्मा उर्फ गुग्गू बिजनौर जिला कारागार से लाकर न्यायालय में पेश किए गए थे। इनके साथ ही मुरादाबाद जिला कारागार में निरुद्ध खुशवंत सिंह भीम को भी न्यायालय में पेश किया गया था। अधिवक्ता ने बताया कि अब इस मामले में जिरह होनी है। इसके लिए कोर्ट ने अगली तारीख 13 फरवरी तय कर दी है। सीए श्वेताभ तिवारी रामगंगा विहार साईं गार्डन कॉलोनी के निवासी थे। उनकी आरोपियों ने 15 फरवरी 2023 को गोली मारकर हत्या कर दी थी। आरोप है कि बाइक सवार दो युवकों ने दिल्ली रोड पर बंसल कांप्लेक्स के बाहर सीए श्वेताभ को आठ गोली मारी थीं। इस मामले में सीए की पत्नी शालिनी तिवारी ने अज्ञात हमलावरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

24 मीटर रोड पर हो रहे अतिक्रमण को हटाया

मुरादाबाद, अमृत विचार: मंगलवार को मुरादाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा 24 मीटर रोड पर अवैध अतिक्रमण व यूनीपोल को हटवाया गया। इस दौरान टीम ने यूनीपोल को ध्वस्त करते हुए लगभग 10 से अधिक स्थानों पर रखे खोखों को भी जमींदोज करने की कार्रवाई की।

मुरादाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा कांठ रोड की दिल्ली रोड से सीधी कनेक्टिविटी के लिए 24 मीटर रोड का निर्माण कराया जा रहा है। खुशहालपुर तक बाईपास का निर्माण पूरा भी किया जा चुका है। इसके आगे भी सड़क बनाने का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। मंगलवार को एमडीए सचिव अंजूलता के निर्देश पर टीम ने यूनीपोल व खोखों को ध्वस्त करने की कार्रवाई की। जिससे लोगों में हड़कंप मचा रहा।

उपलब्धि कृषि अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान मनोहरपुर ने खोज की, दो प्रजाति के मखाना का उत्पादन औसत रहा

मखाना उत्पादित कर मालामाल हो सकेंगे परिक्षेत्र के किसान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: धातु शिल्पकारी और निर्यात के लिए प्रसिद्ध मुरादाबाद मखाना की खेती की संभावना वाला जिला भी है। गन्ना, आलू उपजाने वाले किसान मखाना उत्पादन से मालामाल हो सकेंगे। कृषि अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान (जार्डस) मनोहरपुर ने इसकी खोज की है। बिहार राज्य के गोपालगंज जिले से लाया गया मखाना यहां औसत उत्पादन वाला साबित हुआ है।

मंडल और आसपास के क्षेत्र में जलभराव वाली कृषि भूमि है। मंडल के रामपुर, अमरोहा क्षेत्र में मछली का पालन रिकार्ड बना चुका है। पानी वाली भूमि और ऐसे क्षेत्र में मखाना की खेती हो सकती है। केंद्र ने इसका सफल परीक्षण किया है। यह जलाशय में सिंघाड़ा उत्पादन जैसा कार्य है। जार्डस ने मखाना की दो प्रजाति के बीज का प्रयोग कर यह साबित किया है। पांच से छह माह में इसका उत्पादन संभव हुआ है। यहां की जलवायु इस कार्य में सहायक होगी। जानकारों का मानना है कि कृषि और मछली पालन का प्रशिक्षण लेने वाले किसान मखाना की खेती का उत्पादन कर सकेंगे। केंद्र की ओर से कृषि और विविधीकरण के तहत प्रशिक्षण पाने वालों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। गर्मियों में यहां का औसत तापमान 25 से 46 डिग्री सेल्सियस तक होता है। मई और जून सबसे गर्म महीने होते हैं। मानसून जुलाई-सितंबर तक चलता है, जिससे औसतन 967 मिमी वर्षा होती है। सर्दी नवंबर से फरवरी-मार्च तक रहती है।

हिमालय क्षेत्र से आने वाली ठंडी लहरें क्षेत्र में सर्दियों को बहुत ठंडा बना देती हैं। सर्दी के चरम पर तापमान 3 से 4 डिग्री तक गिर जाता है। महानगर के उत्तर पूर्व में रामगंगा नदी और दक्षिण पश्चिम में गंगा नदी बहती है। मंडल क्षेत्र दिल्ली से उत्तराखंड राज्य के कई लोकप्रिय हिल स्टेशनों (जैसे नैनीताल, रानीखेत, अल्मोडा आदि) और जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क (टाइगर रिजर्व) के मार्ग पर है। यहां उत्तर में बिजनौर, दक्षिण में संभल, पूरब दिशा में रामपुर और पश्चिम में अमरोहा जिला है।

तालाब में उगाई गई मखाना की फसल। ● अमृत विचार

> केंद्र में यह प्रयोग सफल हो चुका है। मखाना किसानों को बेहतर आमदनी करा सकता है, यहां की खेती की जमीन नीची है। अक्सर ऐसे इलाके जलभराव से जूझते हैं। ऐसे में किसान मछली पालन से आसान स्थिति में इसे अपना सकते हैं। इसके लिए दो से ढाई फुट पानी चाहिए। इसकी फसल में कांटे होते हैं। प्रोसेसिंग के जरिए इसे बाजार के लायक बनाया जाता है। बाजार में मखाना की कीमत 800 रुपये प्रति किलोग्राम तक है।
>
> –डा. दीपक मेंदिरत्ता, निदेशक (कृषि अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान)

एक नजर

खंभे से टूटे बिजली के जर्जर तार।

गांवों में लटक रहे बिजली के जर्जर तार

मुबारिजपुर, अमृत विचार : ब्लाक गंगेश्वरी क्षेत्र से जुड़े कई गांवों में बिजली के जर्जर खंभे और तार लटके हुए हैं। जिसकी वजह से कभी भी बड़े हादसे होने का खतरा मंडरा रहता है। शिकायत के बाद भी बिजली विभाग इस समस्या का निदान नहीं कर रहा। इससे लोगों में दुर्घटना का भय बना रहता है। ग्रामीणों ने बताया कि पुराने समय के लगे जर्जर तारों व खंभों के सहारे ही विद्युत आपूर्ति की जा रही है। जिससे वह नीचे झुके हुए हैं और उनसे खतरा बना रहता है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में लटक रहे जर्जर तारों को सही किया जाए।

युवक की लटकने से हुई थी मौत

गजरौला, अमृत विचार : गांव बिजौरा में पेड़ से लटके मिले युवक के शव का पोस्टमार्टम हो गया है। रिपोर्ट में फंदे से लटककर मौत होने की वजह सामने आई है। ज्ञात हो कि कोतवाली क्षेत्र के गांव बिजौरा निवासी 42 वर्षीय छत्रपाल ने अपनी बेटी की शादी दो साल पहले बछरायूं थाना क्षेत्र के गांव आलमनगर निवासी विपिन से की थी। दो माह पहले विपिन और छत्रपाल की बेटी के बीच अनबन हो गई थी। इसके बाद छत्रपाल बेटी को अपने साथ बिजौरा ले आया। इसके अगले ही दिन विपिन ने आत्महत्या कर ली थी। विपिन के परिजनों ने छत्रपाल और उसकी बेटी समेत ससुराल पक्ष के अन्य लोगों के खिलाफ विपिन को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। सीओ श्वेताभ भास्कर ने बताया कि युवक की मौत फंदे से लटकने से हुई थी।

ग्रामीणों ने आंगनबाड़ी केंद्र बनवाने की मांग की

मुबारिजपुर, अमृत विचार : क्षेत्र में लोगों ने आंगनबाड़ी केंद्र बनवाने की मांग की है। ब्लाक गंगेश्वरी क्षेत्र के ग्राम पंचायत मुबारिजपुर में लंबे समय से आंगनबाड़ी केंद्र नहीं होने पर गर्भवती महिलाएं व नौनिहाल सुविधाओं से वंचित हैं। सरकार जगह-जगह ग्रामीण क्षेत्र में कई सुविधाएं मुहैया कर रही है। लेकिन यहां अभी आंगनबाड़ी केंद्र संचालित नहीं हैं। ऐसे में ग्रामीणों ने मांग उठाई है कि गांव में आंगनबाड़ी केंद्र बनाया जाए। जिससे गांव में नौनिहलों व गर्भवती महिलाओं को भी सुविधा उपलब्ध हो।

न्यायालय के आदेश पर अधिकारियों ने चक रोड से हटवाया अवैध कब्जा

चक रोड पर मकान बनने से ग्रामीण के खेत पर जाने का रास्ता हो गया था बंद

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : कोर्ट के आदेश पर राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने कोतवाली क्षेत्र के गांव में चक रोड पर से अवैध कब्जा हटाया। इस दौरान भारी पुलिस बल तैनात रहा। अधिकारियों ने ग्रामीणों को सरकारी जमीन पर अतिक्रमण न करने की चेतावनी दी।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गंगाचोली स्थित चक रोड पर कुछ ग्रामीणों ने कब्जा करके अवैध रूप से मकान बनवा लिए थे। जिसके कारण ग्रामीण उदल सिंह के खेत पर जाने के लिए कोई मार्ग नहीं था। पीड़ित उदल सिंह ने न्यायालय में चक रोड खाली करवाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। पीड़ित के अनुसार चक रोड पर ग्रामीण अमरपाल, जयपाल, लखन एवं रामचंद्र मकान बना रखे हैं।

अवैध निर्माण तोड़ती जेसीबी। ● अमृत विचार

मौके पर मौजूद एसडीएम, सीओ व पुलिस बल। ● अमृत विचार

न्यायालय के आदेश के अनुपालन में मंगलवार को एसडीएम पुष्करनाथ चौधरी एवं सीओ दीप पंत के नेतृत्व में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम गांव पहुंची और जेसीबी से चक रोड को खाली करवाने के लिए अवैध निर्माणों को तुड़वाया। गांव में भारी पुलिस बल देखकर ग्रामीण घरों में ठिठक गए। पीड़ित उदल सिंह के खेत का रास्ता खुलवाकर टीम वापस लौट आई। एसडीएम पुष्कर नाथ चौधरी ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर खेत पर जाने का रास्ता खुलवाया गया है।

बंदरों के हमले में एक व्यक्ति घायल

बुरावली, अमृत विचार : बुरावली में एक व्यक्ति पर बंदरों के झुंड ने हमला कर दिया। इस दौरान बंदरों ने उसके सिर में काट लिया। बंदरों के झुंड का हमला देख आसपास के लोगों ने उसे किसी तरह से बचाया। बाद में घायल को परिजन सीएचसी रहरा में वैक्सीन लगवाने ले गए।

न्याय पंचायत बुरावली क्षेत्र में बंदरों का आतंक फैला हुआ है। मंगलवार को मुखिया पुत्र बूंदी निवासी बुरावली मंगलवार को बस स्टैंड से दुकान से कुछ सामान लेने गया था। वह सामान लेकर वापस घर को जा रहा था। तभी रास्ते में बंदरों के झुंड ने उस पर हमला कर घायल कर दिया। इससे पहले भी बंदर यहां कई ग्रामीणों को काट चुके हैं। बंदरों का दिन प्रतिदिन आतंक बढ़ता जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कुत्तों व बंदरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। लेकिन समस्या का समाधान कोई नहीं कर रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से बंदरों को पकड़ने की मांग की है।

तीन नकाबपोश बदमाशों ने युवक से कैमरा, नकदी लूटी

संवाददाता, हसनपुर

- दुकान से कैमरा लेकर घर जा रहा था पीड़ित
- पुलिस ने पीड़ित को जल्द खुलासे का दिया आश्वासन

अमृत विचार : सोमवार रात बाइक सवार नकाबपोश बदमाशों ने चाकू के बल पर फोटोग्राफर से कैमरा, मोबाइल और नकदी लूट ली। पीड़ित ने कोतवाली पहुंचकर घटना की सूचना दी और अज्ञात के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस घटना की जांच पड़ताल में जुट गई है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव नवाबपुरा निवासी प्रेमपाल पुत्र छुट्टन शादी विवाह में फोटोग्राफी करता है। उसे मंगलवार सुबह मुरादाबाद शादी समारोह में फोटो खींचने के लिए जाना था। सोमवार रात प्रेमपाल नगर की दुकान से कैमरा लेकर बाइक से अपने घर को जा रहा था। वह जैसे ही शहर के लिंक मार्ग पर मां चामुंडा मंदिर से निकला तो बाग से बाइक सवार तीन नकाबपोश बदमाश पीछे से आ गए और अपनी बाइक उसके आगे बाइक रोक ली और चाकू दिखाकर प्रेमपाल से कैमरा, मोबाइल एवं 900 रुपये की नकदी व बाइक की चाबी लूटकर फरार हो गए। पीड़ित प्रेमपाल ने बताया कि बदमाशों द्वारा लूटे गए सामान की कीमत नकदी सहित 97,900 रुपये है। पीड़ित ने लूट की सूचना अपने परिजनों एवं कोतवाली पुलिस को दी। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू कर दी। पीड़ित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार ने बताया कि घटना की जांच पड़ताल की जा रही है। जल्द घटना का अनावरण किया जाएगा।

पॉलीटेक्निक कॉलेज सूतावली में हेल्प डेस्क पर मौजूद छात्र व अन्य। ● अमृत विचार

पॉलीटेक्निक प्रवेश परीक्षा के लिए हेल्प डेस्क शुरू

संवाददाता, बुरावली

अमृत विचार : राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज सूतावली में मंगलवार को संयुक्त प्रवेश परीक्षा पॉलीटेक्निक 2024 के लिए हेल्प डेस्क शुरू की गई है।

प्रधानाचार्य लख्मीचंद ने बताया कि पॉलीटेक्निक संस्थानों में चल रहे विभिन्न पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन भरने की सुविधा परिषद की वेबसाइट पर आठ जनवरी से प्रारंभ हो चुकी है। इसके आवेदन की अंतिम तिथि 29 फरवरी है। जबकि प्रवेश परीक्षा 16 मार्च से 22 मार्च तक प्रवेश विभिन्न जनपदों में ऑनलाइन आयोजित की जाएगी। बताया कि प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की सुविधा के लिए कॉलेज में निशुल्क हेल्प डेस्क केंद्र की स्थापना की गई है। इच्छुक अभ्यर्थी किसी भी कार्य दिवस सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे के मध्य आकर आवेदन फार्म भरवा सकते हैं।

लापता युवक का चौथे दिन भी सुराग नहीं

मंडी धनौरा, अमृत विचार : गांव शेरपुर से लापता युवक का चौथे दिन भी सुराग नहीं लग सका है। हालांकि युवक को ढूंढने के लिए एसडीआरएफ कोशिश कर रही है।

थाना क्षेत्र के गांव शेरपुर निवासी रितिक पुत्र रामस्वरूप 19 वर्ष शनिवार रात नाराज होकर घर से चला गया था। बाद में परिजनों ने युवक की तलाश की, लेकिन युवक का सुराग नहीं मिला। जिसके बाद परिजनों ने गुमशुदगी दर्ज कराई थी। अगले दिन गांव के पास नहर के पास युवक की चप्पल पड़ी मिली थी। जिस पर परिजनों को अनहोनी की आशंका हुई। जिसके बाद मौके पर एसडीआरएफ की टीम पहुंच गई और युवक की तलाश में जुट गई। उधर, मंगलवार को पुलिस क्षेत्राधिकारी ने भी मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की। युवक को लापता हुए चार दिन बीत चुके है। लेकिन अभी तक युवक का कोई सुराग नहीं मिला है। थाना प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि युवक को खोजने का प्रयास जारी है।

बस के रवाना होने से पहले मौजूद चेयरमैन राजपाल सैनी व अन्य। ● अमृत विचार

श्रद्धालुओं के साथ बस से अयोध्या रवाना होते अभिनव कौशिक।

रामलला के दर्शन को श्रद्धालु अयोध्या रवाना

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : अयोध्या में रामलला के दर्शन के लिए नगर से रामभक्त बसों से रवाना हुए। पालिका अध्यक्ष ने झंडी दिखाकर बसों को रवाना किया।

मंगलवार को नगर के श्रद्धालुओं को पवित्र राम जन्मभूमि दर्शन के लिए राम भक्तों के जत्थों को बसों के से अयोध्या को रवाना किया। बसों को पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी एवं मंडल अध्यक्ष संजय शर्मा ने झंडी दिखाकर रवाना किया। पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी ने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता होने के नाते वह गर्व का अनुभव करते हैं कि इस राजनीतिक दल ने जिस विचारधारा को लेकर देश में पदार्पण किया। अब वह विचारधारा न केवल भारत अपितु समूचे विश्व में गर्वित अनुभव कर रही है। वहीं भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष उषा शर्मा भी के नेतृत्व में एक बस अयोध्या के लिए ले गई है। इस मौके पर भारी संख्या में राम भक्त मौजूद रहे।

गंगेश्वरी से अयोध्या के लिए जत्था रवाना

मुबारिजपुर, अमृत विचार : मंगलवार को गंगेश्वरी क्षेत्र के आमदपुर से रामलला के दर्शनों को भक्तों का जत्था दो बसों से रवाना हुआ। जत्थे में दर्जनों श्रद्धालु अयोध्या के लिए रवाना हुए। भाजपा आदमपुर मंडल अध्यक्ष राजीव गोयल ने कहा कि ब्लाक गंगेश्वरी क्षेत्र से राम नगरी अयोध्या के लिए कई बसों से भक्त रवाना हुए। राम भक्तों का कहना है कि सालों के इंतजार के बाद उन्हें भव्य राम मंदिर के दर्शन करने का मौका मिल रहा है। वहीं सभी राम भक्तों को मंदिर में दर्शन करने की व्यवस्था कर ली गई है। मंडलाध्यक्ष ने हरी झंडी दिखाकर अयोध्या के लिए राम भक्त के जत्थे को रवाना किया। इस दौरान गंगेश्वरी क्षेत्र के ग्राम प्रधान सहित जनप्रतिनिधि भी श्रीराम के दर्शन करने के लिए राम भक्त के जत्थे में अयोध्या के लिए रवाना हुए। इस मौके पर ग्राम प्रधान विजेंद्र सिंह, कुंवरपाल, दूधासिंह, चंद्रपाल, नरेश, धर्मवीर, चमन लाल आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

श्रीराम सेवा समिति ने किया हनुमान चालीसा का पाठ

हसनपुर, अमृत विचार : श्रीराम सेवा समिति ने हनुमान चालीसा का पाठकर प्रसाद बांटा। मंगलवार को हनुमान चालीसा का पाठ व आरती रानू रस्तोगी के आवास पर हुआ। इसके बाद श्री बालाजी भगवान की आरती कर प्रसाद का वितरण किया। इस अवसर पर पंकज भटनागर, रानू रस्तोगी, मुकुल अग्रवाल, बबलू पाल, दीपू उर्फ सौरव गुप्ता, विजय पारछा, राहुल गुप्ता, आकाश अग्रवाल, अनुपम अग्रवाल, अजय रस्तोगी, मुकेश अग्रवाल, गौरव वर्मा, शुभम रस्तोगी, नितिन अग्रवाल, राहुल शर्मा आदि भक्तों ने भाग लिया।

रामलला के दर्शन के लिए रामभक्त रवाना

चौधरपुर/गजरौला, अमृत विचार : अयोध्या में रामलला के दर्शन के लिए गईं 91 बसों को चौधरपुर से रवाना किया। भाजपा जिला अध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी ने झंडी दिखाकर बसों को रवाना किया। मंगलवार को जिले भर से 91 बसों से रामभक्त अयोध्या को रवाना हुए। अमरोहा से 91 बसों से लगभग 6000 हजार रामभक्त अयोध्या के लिए रवाना हुए। चौधरपुर में सभी भक्तों को रास्ते के लिए जलपान की व्यवस्था थी। उदयगिरी गोस्वामी भी श्रद्धालुओं के साथ अयोध्या गए हैं। गजरौला में भी मंगलवार सुबह नगर से अयोध्या के लिए छह बसों से श्रद्धालु रवाना हुए। भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील गुप्ता, मनमोहन सिंह सैन ने झंडी दिखाकर बसों को रवाना किया। इस दौरान होशियार सिंह, संजय कुमार, ब्रजेश कुमार, सौरभ कुमार, दिनेश कुमार अग्रवाल, उधम सिंह, राजेंद्र सिंह, राहुल वर्मा, आशीष कुमार, प्रियंका शर्मा, अंकित कुमार, विजय चौहान रहे।

सार संक्षेप

संवेदनशील बूथों की सूची देने के निर्देश

हसनपुर, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव से पहले तहसील प्रशासन तैयारियों में जुट गया है। मंगलवार को ब्लॉक में एसडीएम पुष्कर नाथ चौधरी एवं सीओ दीप कुमार पंत की अध्यक्षता में सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं सर्किल के पुलिस स्टाफ की बैठक हुई। बैठक में अधिकारियों ने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट को निर्देश दिए कि वह बूथों पर पहुंचकर बीएलओ एवं पुलिस बल को बुलाकर निरीक्षण करने और क्षेत्र के संवेदनशील एवं अति संवेदनशील बूथों की सूची बनाकर उपलब्ध करा दें। जिससे वहां व्यवस्था कराई जा सके। एसडीएम एवं सीओ ने कहा की पुलिस प्रशासन का मुख्य उद्देश्य लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करना है। बैठक में तहसीलदार सुंदीप कुमार, प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार, नायाब तहसीलदार आदि रहे।

लेनदेन के झगड़े में किसान का कान काटा, तीन लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

गजरौला, अमृत विचार : क्षेत्र के मुरादपुर गांव निवासी देवेंद्र व नरेश के बीच रुपये के लेनदेन को लेकर विवाद चल रहा है। आरोप है कि नरेश ने सोमवार सुबह खेत में काम कर रहे देवेंद्र के बेटे पर हमला करने की कोशिश की। इसकी तहरीर देने के लिए देवेंद्र थाने में तहरीर देने गए थे। जब वह थाने से लौट रहे थे तो आरोप है कि रास्ते में नरेश व उसके साथियों ने देवेंद्र को घेर लिया तथा उनके साथ मारपीट की। धारदार हथियार से उनका कान भी काट दिया। शोर शराबा होने पर लोगों की भीड़ जमा हुई तो आरोपी मौके से फरार हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने मुरादपुर गांव निवासी नरेश व उसके बेटे अभिषेक तथा सुरेश पर रिपोर्ट दर्ज करने की बात कही है।

भाकियू भानु ने एडीएम को दिया ज्ञापन

अमरोहा, अमृत विचार : भाकियू भानु के पदाधिकारियों ने किसानों की समस्याओं को लेकर एडीएम वित्त एवं राजस्व सुरेंद्र सिंह को ज्ञापन सौंपा। संगठन के जिलाध्यक्ष जितेंद्र कुमार गुर्जर के नेतृत्व में मंगलवार को ज्ञापन सौंपा और उन्हें 15 फरवरी को संगठन के जिला मुख्यालय पर होने वाली बैठक के संबंध में अवगत कराया। किसानों से जुड़ी समस्याओं के समाधान को संबंधित अफसरों को मौके पर भेजने की मांग को कहा गया। इस दौरान मनोज कुमार, भूपेंद्र सिंह, जयपाल सिंह, सरदार शर्म सिंह मौजूद रहे।

पुलिस ने गांव में किया पैदल मार्च

बुरावली, अमृत विचार : आगामी लोकसभा चुनाव एवं त्योहारों के मद्देनजर रहरा थाना पुलिस ने पैदल मार्च किया। मंगलवार को गांव गंगवार में आरएएफ डिप्टी कमांडेंट रामकिशन, रहरा थाना अध्यक्ष संदीप कुमार, एसएसआई आदेश पंचाल ने पुलिस बल के साथ पैदल मार्च किया। इस दौरान अधिकारियों ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि शान्ति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें।

रुहेलखण्ड मेडिकल कालेज एवं हास्पिटल
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
अब पहले से और उच्चस्तरीय सुविधायें
(आई.सी.यू. व इमरजेंसी भर्ती की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध अनुभवी डाक्टरों की देखरेख में)
मुफ्त स्वास्थ्य सेवायें * | मुफ्त भर्ती एवं पलंग * | मुफ्त फेफड़ों के टी.बी. की दवा * | मुफ्त टीकाकरण *
मुफ्त सामान्य ऑपरेशन * | मुफ्त डिलीवरी व सिजेरियन की सुविधा *
विशेष कैम्प 1 से 15 फरवरी 2024 तक
हड्डी रोग विभाग | बाल रोग विभाग | स्त्री रोग विभाग | छाती एवं क्षय रोग विभाग | शल्य रोग (सर्जरी) विभाग | मेडिसिन विभाग
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में भर्ती मरीजों के लिए उपलब्ध सुविधायें
ओ.पी.डी. पर्चा 20/- रु. मात्र
भर्ती मरीजों की मुफ्त सामान्य जांचे *
जल्दी करें उपरोक्त सभी सुविधायें सीमित समय तक
हड्डी रोग विभाग: एक्सीडेन्ट के गम्भीर मरीजों का सबसे अच्छा एवं सस्ता इलाज अत्याधुनिक ट्रामा सेन्टर में गर्दन के समस्त ऑपरेशन। गर्दन के पीछे, कमर के समस्त दर्द एवं रोगों का इलाज।
स्त्री रोग विभाग: स्त्री रोग विभाग, जच्चा बच्चा का पूर्ण इलाज, बच्चेदानी की रसौली एवं कैंसर का इलाज, बांझपन का इलाज सभी प्रकार के स्त्री रोगों का सम्पूर्ण इलाज।
शल्य रोग (सर्जरी) विभाग: अनुभवी शल्य चिकित्सकों द्वारा दूरबीन से पित्त की थैली के ऑपरेशन हार्निया गुर्दे की पथरी पित्त की पथरी तथा आंतों व गुर्दे की पथरी तथा आंतों व गुर्दे के सफल ऑपरेशन बेहद घटे दरों पर किया जाता है।
बाल रोग विभाग: बच्चों की अत्याधुनिक नर्सरी (NICU) एवं (PICU) की सुविधा ट्रान्सफ्यूजन सरफेक्टेंट थेरेपी, सी-पैप (CPAP) की सुविधा उपलब्ध है। बच्चों में खून व खांसी, लकवा, डायरिया, निमोनिया आदि रोगों का परामर्श व इलाज की सुविधा।
छाती एवं क्षय रोग विभाग: छाती व सांस फूलना, खांसी आना, बुखार बना रहना, सीने में दर्द, फेफड़ों में पानी आना आदि रोगों का इलाज तथा पी.एफ.टी. की सुविधा एवं इलाज मुफ्त।
मेडिसिन विभाग: अनुभवी चिकित्सकों द्वारा पेट, जिगर रोग एवं पीलिया, तेजाब, अलसर, ब्लड प्रेशर, फेफड़ा रोग, लीवर, शुगर एवं गुर्दे की बीमारियों के इलाज व ऑपरेशन मुफ्त।
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनलमेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना 2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP) 3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन) 4. केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (CGHS) 5. सी.ए.आर.आई. (CARI) 6. एक्स-सर्विसमैन कंट्रब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS) 7. आई.वी.आर.आई. (IVRI) 8. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
इम्पैनलमेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो 2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड 3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड 4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस 5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड 6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
केवल सामान व दवाई का खर्च अतिरिक्त*
हैल्पलाइन नं. 9520876126, 9045372695, 8171925965
एन.ए.बी.एच.*'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था *एंट्री लेवल

केशलता अस्पताल
फ्री "मेगा आर्थो स्पाइन एवं स्त्री रोग" कैंप
प्रिय नगरवासियों आपके शहर में "विशाल स्वास्थ्य जाँच शिविर" का आयोजन किया जा रहा है
दिनाँक : 6 / 7 / 8 फ़रवरी 2024 समय प्रात: 10 बजे से 2 बजे तक
स्थान : केशलता अस्पताल , डेलापीर - बरेली
हड्डी एवं स्पाइन रोग विशेषज्ञ
डॉ. (प्रो.) वरुण अग्रवाल
मिनिमल इनवेसिव और एंडोस्कोपिक स्पाइन सर्जन, प्रो. ऑर्थोपेडिक्स, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज, बरेली
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
डॉ. प्रज्ञा मिश्रा
गायनी एंडोस्कोपी, लेप्रोस्कोपी और हिस्टेरोस्कोपी सर्जन, प्रो. गायनी, स्त्री रोग विशेषज्ञ रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज, बरेली
FREE! "विशाल स्वास्थ्य जाँच शिविर" FREE!
डॉ. अनिल मिश्रा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन) सलाहकार चिकित्सक और कार्डियो - मधुमेह विशेषज्ञ
डॉ. अनुपम सेठ
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन) गैस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट एवं न्यूरोलॉजिस्ट
विशेष सुविधाएं
• नि:शुल्क परामर्श
• बी.एम.डी जॉच नि:शुल्क
• खून की जांचों पर भारी छूट
• एक्स-रे पर भारी छूट
• सभी दवाइयों पर भारी छूट
• आयुष्मान कार्ड धारकों का नि:शुल्क ऑपरेशन
• कैंप मैं रजिस्टर्ड मरीजों के ऑपरेशन पर भारी छूट
नि:शुल्क रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें : 9081800900, 8006460900

एक नजर

बाइक की टक्कर से वृद्ध घायल

बबराला अमृत विचार : सड़क पार कर रहे वृद्ध को बाइक ने टक्कर मार दी। जिससे वृद्ध घायल हो गया। रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव उम्मेदपुर निवासी नत्थू (55 वर्ष) किसी काम से बबराला आया था। शाम को नत्थू इंदिरा चौराहे पर सड़क पार कर बस में बैठने जा रहा था, तभी बहजोई की ओर से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। जिससे नत्थू घायल हो गया।

चेकिंग में दो डग्गामार बसों का चालान, एक सीज

संभल अमृत विचार : राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह में एआरटीओ प्रवर्तन जयप्रकाश गुप्ता और पीटीओ एम आबदीन अहमद ने चेकिंग अभियान चलाया। जिसमें सफर के दौरान लोगों द्वारा मोबाइल का प्रयोग करने पर 15 वाहनों का चालान किया।अधिकारियों ने रोडवेज बस अड्डे पर रोडवेज बसों की प्रदूषण जांच एव वाइपर, इंडिकेटर, बैक लाइट, हेड लाइट, खिड़की एवं दरवाजों में लगे शीशों का निरीक्षण कर जांच की। अनाधिकृत संचालन के खिलाफ चले अभियान में दो डग्गामार बसों का चालान किया जबकि एकबस को सीज कराया।

धमाके के साथ फटा गैस सिलेंडर, पिता पुत्र घायल

दो मकान क्षतिग्रस्त, बड़े सिलेंडर से छोटे में रिफिल की गई थी गैस, दहशत में लोग घरों से बाहर निकल आए

कार्यालय संवाददाता,संभल/
सरायतरीन

अमृत विचार: हयातनगर थाना क्षेत्र के सरायतरीन में अधिक गैस रिफिल होने से पांच किलो का सिलेंडर तेज धमाके के साथ फट गया। जिसकी चपेट में आकर पिता पुत्र घायल हो गए। धमाका इतना तेज था कि दो मकान क्षतिग्रस्त हो गए। मुहल्ले के लोग दहशत में घरों से बाहर निकल आए। सूचना मिलने पर सीओ संभल, दमकलकर्मी मौके पर पहुंचे। परिजनों ने घायलों को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

थाना क्षेत्र में सरायतरीन के मोहल्ला पीला खदाना निवासी महेंद्र सिंह मुहल्ले में ही ठेला लगाकर समोसे - पकौड़ी बेचने का काम करता है। मंगलवार की सुबह आठ बजे महेंद्र सिंह ने ठेले पर पकौड़ी बनाने के लिए पांच किलो के सिलेंडर में घर पर ही गैस बड़े सिलेंडर से रिफिल की थी। जिसके बाद महेंद्र सिंह गैस सिलेंडर के पास ही कुर्सी पर बैठकर चाय पीने लगा।

अचानक गैस सिलेंडर तेज धमाके के साथ फट गया। जिसकी चपेट में आकर महेंद्र सिंह व बेटा अनुज घायल हो गए। धमाका इतना तेज था कि मकान व जीने की मकान की छत पर बनी ममटी की दीवार गिर गई और घर में रखा खाने पीने सहित अन्य सामान जमीन पर बिखर गया। साथ ही छत पर बने बाथरूम में लगा लोहे का दरवाजा उखड़कर पड़ोसी के घर जा गिरा। जिससे पड़ोसी दीपक के मकान में भी दरार आ गई और बिजली का मीटर क्षतिग्रस्त हो गया। धमाके की आवाज को सुनकर आसपास के लोग घरों से बाहर निकल आए।

विस्फोट के बाद फटे गैस सिलेंडर को देखते अग्निशमन विभाग के कर्मी।

मकान में विस्फोट के बाद सहमा गृह स्वामी का बेटा। ● अमृत विचार

आनन-फानन में पहुंची पुलिस व दमकल टीम

सरायतरीन,अमृत विचार : मकान में विस्फोट की सूचना पर आनन फानन में अग्निशमन विभाग की टीम के साथ ही थाना हयातनगर पुलिस व सीओ संभल अनुज कुमार चौधरी मौके पर पहुंच गये। पुलिस ने विस्फोट के कारणों को लेकर जांच पड़ताल की। परिजनों ने घायल पिता महेंद्र सिंह व बेटे अनुज को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जिसमें महेंद्र सिंह की हालत गंभीर बताई जा रही है।

प्रधानमंत्री आवास योजना में बनवाया था मकान

सरायतरीन, अमृत विचार : महेंद्र सिंह के परिवार की आर्थिक हालत ज्यादा अच्छी नहीं है। महेंद्र सिंह पकौड़ी का ठेला लगाता है तो उससे ही घर परिवार का खर्च चलता है। महेंद्र सिंह ने कुछ माह पहले ही प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान बनवाया था। मंगलवार को विस्फोट से मकान क्षतिग्रस्त हो गया।

बिजली चोरी करते मिले 30 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, संभल

- बिजली विभाग के अधिकारियों ने चलाया चेकिंग अभियान

अमृत विचार : बिजली चोरी रोकने के लिए शहरी क्षेत्र में चेकिंग अभियान जारी है। मंगलवार को सुबह विभागीय अधिकारियों ने पीएसी के साथ दो मोहल्लों में चेकिंग की तो 30 लोग बिजली चोरी करते मिले। बिजली चोरी के मामलों में रिपोर्ट दर्ज करा दी गई।

एसडीओ प्रथम यशपाल सिंह, एसडीओ तृतीय महेंद्र सिंह, एई मीटर रणवीर सिंह, जेई आलोक कुमार, अर्जुन मौर्य, रोहित मुखिया, विजिलेंस टीम ने पीएसी के साथ मंगलवार को सुबह करीब छह बजे से चेकिंग अभियान की शुरुआत की। चंदौसी मार्ग पर सैफ खां सराय और मंडी किशनदास सराय में चेकिंग की गई। चेकिंग की जानकारी होते ही लोगों की भीड़ जुट गई।

अधिकारियों ने बिजली चोरी करने वाले लोगों को चिन्हित करा लिया। एसडीओ तृतीय महेंद्र सिंह ने बताया कि चेकिंग के दौरान 30 लोग बिजली चोरी करते मिले। लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी है। चेकिंग अभियान जारी रहेगा।

बाजार से मोबाइल नकदी सहित हजारों का समान चोरी

संभल, अमृत विचार : सदर कोतवाली क्षेत्र मैं संभल चंदौसी मार्ग पर स्थित कुरुक्षेत्र के मैदान में कुछ लोग गर्म कपड़ों का बाजार लगाते हैं। मंगलवार की शाम पूरन ने बताया कि कपड़े खरीदने के बहाने बाजार में घुसे चोरों ने तीन दुकानदारों के मोबाइल फोन के साथ–साथ दो जैकेट व कुछ नकदी चोरी कर भाग गए। चोरी की जानकारी होने पर आसपास में चोरों की तलाश की लेकिन उनका कहीं पता नहीं चला। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की। दुकानदारों ने पुलिस को तहरीर देकर मोबाइल फोन व जैकेट बरामद करने की मांग की।

शिक्षक ने पांच वर्षीय छात्रा से की अश्लील हरकतें, गिरफ्तार

संवाददाता,बहजोई(संभल)

शर्मनाक

- अन्य बच्चों के छात्रा को भी ट्यूशन पढ़ाता था शिक्षक
- शिक्षक के खिलाफ मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया

अमृत विचार: ट्यूशन पढ़ाने आए शिक्षक ने कक्षा 2 की 5 वर्षीय छात्रा के साथ अश्लील हरकतें कीं। पुलिस ने छात्रा के पिता की तहरीर पर मामला दर्ज कर आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया है।

बहजोई के एक गांव निवासी 5 वर्षीय मासूम छात्रा नगर के निजी स्कूलों में कक्षा 2 की छात्रा है। उसे ट्यूशन पढ़ाने के लिए एक शिक्षक गांव में उसके घर आता था। शिक्षक अन्य बच्चों के छात्रा को भी ट्यूशन पढ़ाता था। सोमवार की शाम को शिक्षक छात्रा के साथ-साथ अन्य गांव के बच्चों को ट्यूशन पढ़ाने पहुंचा था। जब ट्यूशन खत्म हो गया तो बाकी बच्चों को बहाना बनाकर बाहर निकाल दिया। जबकि पांच वर्षीय छात्रा को रोक लिया। शिक्षक मासूम बच्ची से अश्लील हरकतें करने लगा। शिक्षक की शर्मनाक हरकत से परेशान छात्रा जोर-जोर से रोने लगी तो अन्य बच्चे खिड़की पर पहुंच गए। उन्होंने शिक्षक की हरकतों को देखकर ग्रामीणों को बता दिया। खुद को घिरा देख शिक्षक मौके से फरार हो गया। पिता मासूम बच्ची को लेकर थाने पहुंचा । कोतवाल सत्येंद्र पंवार को पूरी घटना के बारे में जानकारी दी। सीओ प्रदीप कुमार ने बताया कि पुलिस ने पिता की ओर से आरोपी शिक्षक के खिलाफ मामला दर्ज कर कर शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया। छात्रा को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया।

एसपी ने दो पुलिस कर्मियों को किया लाइन हाजिर

चन्दौसी, अमृत विचार: एक फरवरी की रात बहजोई रोड स्थित ढाबे पर कुछ पुलिस कर्मियों व कुछ लोगों के बीच कुछ विवाद हुआ था। उक्त घटना को लेकर पुलिस अधीक्षक ने जिला न्यायालय की सुरक्षा में तैनात एक हेड कांस्टेबिल व एक कांस्टेबिल को लाइन हाजिर किया है।

बहजोई रोड स्थित सीओ कार्यालय के पास अर्जुन का ढाबा है। यहां पर जिला न्यायालय में तैनात पुलिस कर्मी रात को भोजन करने पहुंचते थे। एक फरवरी की रात आठ बजे ढाबे पर भोजन करने गए पुलिस कर्मियों का विवाद हुआ था। जिसमें आरोप था कि पुलिस कर्मी ढाबे संचालक को भोजन के रुपये नहीं देते थे। मामला जब सुर्खियों में आया तो घटना का संज्ञान लेते हुए पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत ने हेड कांस्टेबल जयदीप शर्मा व कांस्टेबल चेतन सिंह को लाइन हाजिर किया है।

जिले में 15 मार्च से शुरू होगी गेहूं खरीद

कार्यालय संवाददाता, संभल

- इस बार 15 दिन पहले आरंभ होगी गेहूं की खरीद,58 क्रय केंद्र स्वीकृत
- किसानों से रजिस्ट्रेशन के आधार पर 2275 रुपये में खरीदा जाएगा प्रति क्विंटल गेहूं

अमृत विचार : प्रदेश सरकार के निर्देश पर इस बार एक अप्रैल नहीं बल्कि 15 मार्च से गेहूं खरीद शुरू होगी। जिले में गेहूं खरीद के लिए 58 क्रय केंद्रों की स्वीकृति मिल चुकी है। जिला प्रशासन और खाद्य विभाग की ओर से तैयारियां की जा रही हैं। रजिस्ट्रेशन के आधार पर ही किसानों से गेहूं खरीदा जाना है। इसलिए किसानों से अधिक से अधिक रजिस्ट्रेशन कराने की अपील की जा रही है।

वैसे तो एक अप्रैल से ही गेहूं खरीद होती आई है लेकिन इस बार प्रदेश सरकार ने 15 मार्च से ही गेहूं क्रय केंद्रों का संचालन शुरू कराने के निर्देश दिए हैं। जिसे लेकर जनपद में तैयारियां की जा रही हैं। डिप्टी आरएमओ विजयता सिंह ने बताया कि इस बार प्रति क्विंटल गेहूं का मूल्य 2275 रुपये तय किया गया है जो पिछले वर्ष से 150 रुपये अधिक है। तहसील संभल, चंदौसी और गुन्नौर में 58 क्रय केंद्रों को स्वीकृति मिली है। रजिस्ट्रेशन के आधार पर ही किसानों से गेहूं खरीदा जाना है। अभी जनपद में 222 किसानों का रजिस्ट्रेशन है। इसलिए किसान अधिक से अधिक संख्या में रजिस्ट्रेशन कराते हुए सरकारी क्रय केंद्रों पर गेहूं बेचने को लेकर तैयारी पूरी कर लें। किसानों को रजिस्ट्रेशन कराने में दिक्कत न हो, इसके लिए खाद्य विभाग की ओर से तैयारी की गई है।

संभल मंडी समिति में बना सरकारी गेहूं क्रय केंद्र। ● फाइल

इन नंबरों पर संपर्क कर रजिस्ट्रेशन कराएं किसान

संभल, अमृत विचार : डिप्टी आरएमओ विजयता सिंह ने बताया कि वैसे तो किसान ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। अगर कोई समस्या है तो सीधे विभागीय अधिकारियों से संपर्क कर रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पूर्ण कराएं। कनिष्ठ सहायक पुष्पेंद्र कुमार के मोबाइल 9837010063, चंदौसी में क्षेत्रीय विपणन अधिकारी अर्जुन प्रसाद पाठक के मोबाइल 6393295001, संभल में क्षेत्रीय विपणन अधिकारी खुशीराम के मोबाइल 9412190668, गुन्नौर में क्षेत्रीय विपणन अधिकारी हरीश चंद्र के मोबाइल 7007700298 पर संपर्क किया जा सकता है।

सार-संक्षेप

खराब सड़कों व छुट्टा पशुओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

बहजोई, अमृत विचार : छुट्टा पशुओं व खराब सड़कों की समस्या के समाधान की मांग को लेकर ग्रामीण कलेक्ट्रेट पहुंच गए। वहां उन्होंने डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर छुट्टा पशुओं से निजात दिलाने व सड़कों को ठीक कराए जाने की मांग उठाई। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष अर्पण सक्सेना के नेतृत्व में बहजोई विकासखंड के गांव कान्हू धामपुर के ग्रामीण कलेक्ट्रेट पर पहुंच गए। जहां उन्होंने डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कर कहा कि गांव की सड़क इतनी खराब है कि उन पर चलना भी दूभर है। बारिश के कारण हालत और भी ज्यादा खराब हो गई है। कहा कि गांव में छुट्टा पशु किसानों की फसलों को बर्बाद कर रहे हैं। गांव में गोशाला बनवाने की मांग की गई। लेकिन प्रधान व सचिव ने गोशाला बनवाने काम नहीं किया। कहा कि गांव में गोशाला बनाकर निराश्रित पशुओं को संरक्षित किया जाए। इस दौरान ओमवीर सिंह, महिपाल सिंह, मनवीर सिंह, जय किशोर, विजेंद्र सिंह, पप्पू सिंह, राजवीर सिंह मौजूद रहे।

डिग्री कॉलेजों को आवंटित हुए 861 स्मार्टफोन

संभल, अमृत विचार : प्रदेश सरकार की स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत जनपद के डिग्री कॉलेजों को 861 स्मार्टफोन का आवंटन हुआ। अब कॉलेजों में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के दौरान छात्र छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किए जाएंगे। मंगलवार को अपर जिलाधिकारी कार्यालय से स्मार्टफोन वितरित किए गए। बताया गया कि रोशन सिंह चौहान स्मारक महाविद्यालय टांडा कोठी को 163, स्वामी विवेकानंद लॉ कॉलेज चंदौसी को 296, जेएसएमडी महाविद्यालय गुमसानी को 3, जीएसएस गर्ल्स डिग्री कॉलेज गुन्नौर को 81, माया देवी महाविद्यालय भैंसोड़ा को 124, राधा कृष्ण महाविद्यालय को 30, चौधरी रेवत सिंह डिग्री कॉलेज को 16, बीएमबीएल जैन कॉलेज बहजोई को 74, एआरएम डिग्री कॉलेज शाहपुर डसर को 74 स्मार्टफोन दिए गए हैं। अब कॉलेजों की ओर से जल्द ही कार्यक्रम आयोजित कर छात्र छात्राओं को स्मार्टफोन दिए जाने की उम्मीद है।

घायल होमगार्ड की उपचार के दौरान मौत

संभल, अमृत विचार : नखासा थाना क्षेत्र में दो फरवरी को सड़क हादसे में घायल हुए होमगार्ड की मुरादाबाद में निजी अस्पताल में मौत हो गई। थाना क्षेत्र के गांव मंडलाई निवासी होमगार्ड प्रेम सिंह दो फरवरी की शाम सात बजे के आसपास संभल से घरेलू सामान लेकर घर जाते समय सड़क हादसे में गंभीर रुप से घायल हो गया था। तभी से प्रेम सिंह का मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा था। सोमवार की देर रात 12 बजे के आसपास प्रेम सिंह की मौत हो गई। मृतक प्रेम सिंह की पत्नी सीमा ने हादसे के बाद ई रिक्शा चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। कंपनी कमांडर हिलाल अनवर ने बताया कि परिवार के एक सदस्य को नौकरी व अनुग्रह धनराशि राशि भी दिलाई जाएगी।

जंगली सुअर की तलाश में जुटे ग्रामीण

संभल/सौंधन, अमृत विचार : कैला देवी थाना क्षेत्र में जंगली सुअर के हमले में युवक की मौत के बाद से डर माहौल है। इस बीच कुछ ग्रामीणों ने हिम्मत जुटाकर जंगल में लाठी–डंडे लेकर जंगली सुअर की तलाश की। थाना क्षेत्र के गांव रोरादीप निवासी सुनील (27 वर्ष) की सोमवार को दोपहर जंगली सुअर के हमले से मौत हो गई थी। इस घटना के बाद ग्रामीण दहशत में है। ग्रामीण खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। हमले के स्थान पास ही प्राथमिक विद्यालय है, इसलिए ग्रामीण बच्चों को विद्यालय भेजने से डर रहे हैं। मंगलवार को कुछ ग्रामीण हिम्मत करके जंगल में पहुंचे। ग्रामीणों ने जंगली सुअर की तलाश की। वहीं खेतों पर जाने वाले ग्रामीणों के हाथों में भी लाठी डंडे नजर आए।

बसपा की नीतियां सर्वसमाज के लिए हितकारी

कार्यालय संवाददाता, संभल/
ओबरी

बाबा साहब अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित करते जाफर मलिक व अन्य नेता।

- बहुजन समाज पार्टी से जुड़ने का किया आह्वान
- एक दिवसीय संयुक्त सेक्टर समीक्षा कैडर कैंप आयोजित

अमृत विचार : बहुजन समाज पार्टी के कैडर कैंप में लोगों को बसपा की नीतियों की जानकारी दी गई। साथ ही, बसपा से जुड़ने की अपील की गई। कहा गया कि बसपा सर्व समाज के हित की बात सोचती है।

विधानसभा असमोली क्षेत्र के सेक्टर एक और दो का एक दिवसीय संयुक्त सेक्टर समीक्षा कैडर कैंप गांव मुबारकपुर बंद में आयोजित हुआ।

शुभारंभ मुख्य अतिथि मुरादाबाद व बरेली मंडल के कोऑर्डिनेटर जाफर मलिक ने बाबा साहेब डॉ.भीमराव आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। उन्होंने पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती की विचारधारा के बारे में लोगों को जानकारी दी। बहुजन समाज पार्टी से जुड़ने का आह्वान किया। कहा कि बहुजन समाज पार्टी की सरकार के दौरान शानदार कानून व्यवस्था के साथ तेजी से प्रदेश का विकास हुआ। विधानसभा असमोली से पूर्व प्रत्याशी हाजी रफतउल्ला उर्फ नेता छिद्दा ने पार्टी की नीतियों की जानकारी दी। लोगों से 2024 में मायावती को प्रधानमंत्री बनाने की अपील की।

इस दौरान जिलाध्यक्ष जितेंद्र सिंह, जिला प्रभारी कुंवरपाल सिंह, मदन पाल सिंह, नरेंद्र सिंह, ब्रह्मपाल, डॉ. हरीश, विनीत कुमार, छत्रपाल आदि मौजूद रहे।

पुरानी रंजिश में युवक से मारपीट, घायल

संभल/रजपुरा, अमृत विचार : रजपुरा थाना क्षेत्र में दो लोगों ने पुरानी रंजिश के चलते युवक को मारपीट कर घायल कर दिया। जिससे युवक को आंख से दिखना भी बंद हो गया। युवक ने थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

थाना क्षेत्र के गांव जिंजौड़ा डांडा निवासी गिरीश कुमार पुत्र हेतराम का कहना है कि गांव के राकेश व राजकुमार से पुरानी रंजिश चली आ रही है। आरोप है कि दोनों ने गिरीश कुमार के साथ लाठी डंडों से जमकर मारपीट की। जिससे गिरीश गंभीर रूप से घायल हो गया। गिरीश का कहना है कि मारपीट के कारण उसे आंख से दिखना भी बंद हो गया। गिरीश ने थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने घायल गिरीश का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मेडिकल परीक्षण कराया। थाना प्रभारी निरीक्षक अमृतलाल ने बताया कि तहरीर मिली है।

एक ही रात में नौ नलकूपों से स्टार्टर और केबल चोरी

कार्यालय संवाददाता, संभल/
ओबरी

- असमोली क्षेत्र में चोरों ने एक ही रात में नलकूपों को बनाया निशाना
- किसानों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की

अमृत विचार : असमोली थाना क्षेत्र में चोरों ने दो गांवों में नौ किसानों के नलकूपों की कोठरी में नकब लगाकर तथा कुछ के ताले तोड़कर स्टार्टर और केबल चोरी कर लिए। किसानों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

थाना क्षेत्र के गांव रचैटा और चंदवार निवासी किसान जफर हुसैन, रामदास, रफीउद्दीन, नन्हू, फैयाज हुसैन, फूल सिंह, आस मोहम्मद, रमेश तथा पवन के खेतों पर नलकूप लगे हैं। सोमवार की रात चोरों ने नलकूपों की कोठरी में नकब लगाकर एवं ताले तोड़कर स्टार्टर व केबल चोरी कर लिया। मंगलवार को सुबह जब किसान खेतों पर फसल की सिंचाई करने के लिए पहुंचे तो दृश्य देखकर होश उड़ गए। किसानों ने पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। घटना को लेकर पुलिस को तहरीर दी गई है।

नलकूप की कोठरी में लगाया गया नकब व मौके पर मौजूद किसान।

युवा मंगल दल की भूमि की हुई पैमाइश

कार्यालय संवाददाता, संभल/
ओबरी

अमृत विचार : विकास खंड असमोली क्षेत्र के गांव गुमसानी में युवाओं ने मिनी स्टेडियम की मांग को लेकर प्रदर्शन किया तो प्रशासन सक्रिय हो गया। राजस्व विभाग के कर्मचारियों ने युवा मंगल दल की भूमि की पैमाइश की।

गांव गुमसानी में युवाओं ने सोमवार को प्रदर्शन कर मिनी स्टेडियम की मांग उठाई थी। कहा गया कि गुमसानी के आसपास के गांव ढाई शहीद, कमालपुर, सेवापुर, नगला नीडर, भैंसोड़ा में स्टेडियम नहीं है। जबकि गांव गुमसानी में युवा मंगल दल की जमीन खाली पड़ी है। खेल मैदान नहीं होने के कारण युवा खिलाड़ी अभ्यास नहीं कर पाते हैं। मंगलवार को हल्का लेखपाल विकास कुमार ने गांव गुमसानी पहुंचकर युवा मंगल दल की जमीन की पैमाइश की। जमीन में कुछ लोगों ने गेहूं, लहटा की फसल बोई हुई थी। नाप तौल करने के बाद गेहूं की फसल में ट्रैक्टर चलवाकर मेड़ लगा दी गई। इस दौरान रहटौल मंडल उपाध्यक्ष ठाकुर रितिक राजपूत, प्रधान प्रतिनिधि राहुल कुमार आदि मौजूद रहे।

कोतवाली में अनियमितताओं पर एसपी हुए नाराज

संभल,अमृत विचार: पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत मंगलवार को सदर कोतवाली में निरीक्षण के लिए पहुंचे। निरीक्षण के दौरान कई खामियां सामने आईं तो एसपी नाराज हुए और निरीक्षण पूरा किये बिना वापस लौट गये। पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत ने कोतवाली पहुंचकर कार्यालय के साथ ही बैरक,मेस व पुलिस कर्मियों के आवासों को देखा। अभिलेख देखने शुरु किये तो पुलिस कर्मी कई महत्वपूर्ण रजिस्टर नहीं दिखा पाये। इसे लेकर एसपी ने नाराजगी जाहिर की। वह निरीक्षण पूरा किये बिना ही वापस लौट गये।

असमोली नहीं बनेगी नई तहसील

कार्यालय संवाददाता, संभल

- प्रदेश सरकार ने कहा-कोई औचित्य नहीं
- सपा विधायक पिंकी यादव ने विधानसभा में पूछा था सवाल

अमृत विचार : असमोली को नई तहसील बनाए जाने को लेकर चलाई जा रही कवायद को बड़ा झटका लगा है। समाजवादी पार्टी विधायक पिंकी यादव द्वारा विधानसभा में उठाए गए सवाल के जवाब में सरकार ने साफ कर दिया जनपद संभल की विधानसभा असमोली को नई तहसील बनाना औचित्यपूर्ण नहीं है।

असमोली को तहसील बनाए जाने की कवायद पिछले एक दशक से चल रही है। समाजवादी पार्टी के शासनकाल में इसे लेकर प्रस्ताव शासन को भेजा गया था। जबकि भाजपा सरकार के पिछले कार्यकाल में भी असमोली को तहसील बनाने का प्रस्ताव भेजा गया था। माना जा रहा था कि सरकार देर सवेर असमोली को तहसील घोषित कर देगी। अब विधानसभा में सरकार ने असमोली की सपा विधायक पिंकी यादव के सवाल पर जो जवाब दिया है उससे असमोली को तहसील बनाए जाने की उम्मीदों पर पानी फिरता नजर आ रहा है। सपा विधायक पिंकी यादव ने सवाल किया था कि क्या जनपद संभल के विधानसभा क्षेत्र असमोली के अंतर्गत आने वाले ब्लाक असमोली के ग्रामीणों की उनके सुदूर तहसील क्षेत्र संभल से संबद्ध होने की समस्या से सरकार परिचित है। यदि हां तो सरकार जनहित में विधानसभा मुख्यालय असमोली को नई तहसील बनाने पर विचार करेगी, यदि नहीं तो क्यों। सरकार की ओर से इस सवाल पर विस्तृत जवाब दिया गया है।

जिसमें कहा गया है कि विधानसभा असमोली के 43 राजस्व गांव चंदौसी तहसील में आते हैं। जिनकी अधिकतम दूरी चंदौसी से 30 किलोमीटर है जबकि असमोली तहसील सृजित होने पर इन गांवों की दूरी तहसील मुख्यालय से 55 से 60 किलोमीटर हो जाएगी। यह भी कहा गया कि यदि विधानसभा क्षेत्र बार तहसील असमोली का गठन होता है तो छह राजस्व गांवों का कुछ भाग नगर पालिका संभल में अर्थात संभल तहसील में रहेगा और शेष भाग असमोली में होगा तो ऐसे में राजस्व गांवों का विभाजन कैसे किया जाएगा। यह भी कहा गया है कि इस समय संभल तहसील में मानक के अनुसार 100 लेखपाल तैनात हैं।

असमोली को तहसील बनाए जाने पर संभल तहसील के लेखपाल क्षेत्र कम हो जाएंगे। जिससे राजस्व परिषद द्वारा तय तहसील के निर्धारित मानक प्रभावित होंगे। शासन की ओर से जवाब में कहा गया कि इस तरह जनपद संभल की विधानसभा क्षेत्र असमोली को एक नई तहसील बनाना औचित्यपूर्ण नहीं है।

तहसीलदार और अधिवक्ताओं की हुई परिचय वार्ता

संभल अमृत विचार : पुरानी तहसील पर स्थित ई लाइब्रेरी कक्ष में नवागत तहसीलदार रवि सोनकर और अधिवक्ताओं के बीच परिचय वार्ता हुई। जिसमें तहसीलदार को अधिवक्ताओं ने अपना परिचय दिया। अधिवक्ताओं ने लंबित मामलों का जल्द ही निस्तारण करने की बात रखी।

कहा कि वादकारियों के हित को देखते हुए पुराने मामले निस्तारित किए जाएं। जिससे उन्हें न्याय मिल सकेगा। तहसीलदार ने कहा कि बार और बेंच के बीच आपसी सामंजस्य बनाकर काम किया जाएगा। अधिवक्ताओं को सहूलियत होगी। इस दौरान अधिवक्ता शरद चंद्र भारद्वाज, प्रदीप कुमार गुप्ता, प्रमेंद्र सिंह, राकेश गुप्ता, सचिन चौहान, वसी हसन, विजय गुप्ता आदि रहे।

सम्मल वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब

न्यायालय- सिविल जज(जु0 डि0) ठाकुरद्वारा, जिला मुरादाबाद नम्बर मुकदमा - 77/1999 श्रीमति ओमवती पत्नी हरस्वरूप सिंह निवासी- ग्राम नादेहीतह0 काशीपुर जिला उधमसिंह नगर (वादनी) **बनाम** 1. भोपाल सिंह (मृतक दौराने मुकदमा) पुत्र नत्थु उर्फ नथुवानिवासी ग्राम पाडला तह0 ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद 2. हरीशचंद्र (बालिग) पुत्र रामस्वरूप 3. नरेश (बालिग) पुत्र रामस्वरूप 4. सुरेश नाबालिग (13 वर्ष) संरक्षिका निर्मलादेवी बेवा रामस्वरूप 5. विशम्बर पुत्र परवीन 6. हरवंश पुत्र परवीन 7. जयपाल पुत्र परवीन 8. शिवदास पुत्र फकीरा9. नन्हें (बालिग) पुत्र घसीटा 10. छोटे सिंह (बालिग) पुत्र घसीटा11. लेखराज सिंह (बालिग) पुत्र घसीटा 12. लाखन सिंह (नाबालिग) संरक्षिका श्रीमति न्यादरी बेवा घसीटा 13. नाहरसिंह त्यागी पुत्र अमन सिंह 14. जय प्रकाश सिंह त्यागी पुत्र त्रिलोक सिंह 15. कुलदीप कुमार त्यागी पुत्र गनपत सिंह त्यागी समस्त निवासीगण ग्राम पाडला तहसील ठाकुरद्वारा, जिला मुरादाबाद प्रासंगिक प्रतिवादीगणहरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बाबत स्थायी निषेधाज्ञा बयनामा निरस्तीकरण के दायर की है कि लिहाजा आपको हुक्म होता है कि बतारीख 16.02.2024 बवक्त दस बजे दिन के असालतन या मार्फत अपने वकील के जो उमूर अहम मुतालिके मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके पास कोई और शख्स जो जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाबदही दावे को करें आपको वाजिब है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन्हें आप अपनी जवाबदही में इस्तेमाल करना चाहते हैं । आपको इत्तिला दी जाती है कि आप अगर बरोज मजूकर हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपको मन्सूखों और फैसला होगा। दस्तखत मेरे और मोहर अदालत के आज तारीख 05.02.2024 जारी किया गया। इत्तिला (1) अगर आपको यह अंदेशा है कि आपके गवाह अपनी मर्जी से हाजिर न होंग तो आप अदालत हाजा से समन जारी करा सकते हैं कि जो गवाह हाजिर ना हो वह जबरन हाजिर करा दिया जावे और जिस दस्तावेज को किसी गवाह से पेश कराने का आप इत्तेफाक रखते हों वह उससे पेश करायी जाये बशर्ते कि आप अदालत में दाखिल रुपये खर्च की दरख्वास्त गुजराये । (2) अगर आप मुतालिबा मुद्दई का तसलीम करते हैं तो आपको लाजिम है कि रुपया मय खर्चा नालिश अदालत में दाखिल करें। ताकि कार्यवाही इजराय डिगरी जो आपकी जान व माल या दोनों पर ही न करना पड़े।

सम्मल वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब

न्यायालय- सिविल जज(जु0 डि0) ठाकुरद्वारा जिला मुरादाबाददीवानी वाद सं0 - 64/2007 कब्रिस्तान छीपयान फतेहउल्ला गंज ठाकुरद्वारा जरिये अध्यक्ष प्रबन्ध कमेटी हाजी शमशेर अली पुत्र श्री बशीर अहमद निवासी–फतेहउल्ला गंज ठाकुरद्वारा (मुरादाबाद) वादी **बनाम** 1. यू. पी. स्टेट जरिये कलेक्टर महोदय, मुरादाबाद। 2. ग्राम सभा फतेहउल्लागंज जरिये अध्यक्ष भूमि प्रबंधक समिति नगरपालिका परिषद ठाकुरद्वारा जिला मुरादाबाद 3. अब्बास पुत्र गफ्फार 4. इकरार पुत्र गफ्फार निवासीगण फतेहउल्लागंज, ठाकुरद्वारा, 5. मौ0 इसमाईल पुत्र ईदा निवासी- फतेहउल्लागंज, ठाकुरद्वारा। 6. यूसुफ पुत्र इलाहीबख्श 7. जमालुद्दीन पुत्र इलाही बक्श निवासीगण फतेहउल्ला गंज, ठाकुरद्वारा 8/1.रईस अहमद, 8/2. जहीर अहमद, 8/3. सगीर आलम, 8/4. जुनैद आलम पुत्रगण खलील अहमद निवासीगण मौहल्ला फतेहउल्ला गंज, ठाकुरद्वारा (मुरादाबाद) 9. व्रजनन्दन श्रीराम रघुवीर सरन 10. हरिगोपाल श्रीराम रघुवीर सरन 11. श्रीगोपाल श्रीराम रघुवीर सरन 12. अतुल कुमार पुत्र श्रीराम रघुवीर सरन निवासीगण बाजारगंज ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद। हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बाबत घोषणात्मक डिक्री दायर की है कि लिहाजा आपको हुक्म होता है कि बतारीख 11.03.2024 बवक्त दस बजे दिन के असालतन या मार्फत अपने वकील के जो उमूर अहम मुतालिके मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके पास कोई और शख्स जो जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाबदही दावे को करें आपको वाजिब है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन्हें आप अपनी जवाबदही में इस्तेमाल करना चाहते हैं । आपको इत्तिला दी जाती है कि आप अगर बरोज मजूकर हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपको मन्सूखों और फैसला होगा। दस्तखत मेरे और मोहर अदालत के आज तारीख 05.02.2024 को जारी किया गया। **इत्तिला** (1) अगर आपको यह अंदेशा है कि आपके गवाह अपनी मर्जी से हाजिर न होंग तो आप अदालत हाजा से समन जारी करा सकते हैं कि जो गवाह हाजिर ना हो वह जबरन हाजिर करा दिया जावे और जिस दस्तावेज को किसी गवाह से पेश कराने का आप इत्तेफाक रखते हों वह उससे पेश करायी जाये बशर्ते कि आप अदालत में दाखिल रुपये खर्च की दरख्वास्त गुजराये । (2) अगर आप मुतालिबा मुद्दई का तसलीम करते हैं तो आपको लाजिम है कि रुपया मय खर्चा नालिश अदालत में दाखिल करें। ताकि कार्यवाही इजराय डिगरी जो आपकी जान व माल या दोनों पर ही न करना पड़े।

एक नजर

दुबई थीम मेले को हटवाने की मांग की

चन्दौसी, अमृत विचार : पंडित हनुमान सिंह ग्राउंड में बुधवार से दुबई थीम के नाम से मेले का आयोजन होने जा रहा है। ग्राउंड के पास ही स्थित सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कालेज के प्रधानाचार्य नवनीत कुमार ने मंगलवार को मेले से शिक्षण कार्य व परीक्षाएं बाधित होने को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है। जिसमें मेला हनुमान ग्राउंड से हटाकर अन्य ग्राउंड में लगवाने की मांग की है। प्रधानाचार्य का कहना है कि 22 फरवरी से बोर्ड की परीक्षाएं निर्धारित है। मेले से शिक्षण व अध्ययन कार्य प्रभावित होगा। जिससे छात्र-छात्राएं आगामी बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी भी नहीं कर सकेंगे।

ई रिक्शा पलटने से चार लोग घायल

गुन्नौर अमृत विचार : नेहरू चौराहे पर अनियंत्रित होकर ई रिक्शा पलट गया। जिससे चार लोग घायल हो गए।कस्बे के मुहल्ला मासूम अली निवासी मोहम्मद मियां, सुलेमान, अफसर अली और वसीम बबराला से ई रिक्शा में सवार हो कर लौट रहे थे। दोपहर बाद नेहरू चौराहे पर ई रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे चारों लोग घायल हो गए। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया।

छुट्टा गोवंश की टक्कर से महिला घायल

बनियाठेर/चन्दौसी, अमृत विचार : थाना बनियाठेर क्षेत्र के गांव भुलाबई निवासी तेजवीर पुत्र दिनेश पाल मौर्य मंगलवार को अपनी ससुराल जैतपुर से पत्नी मीना देवी के साथ बाइक से घर वापस लौट रहा था। बदायूं रोड स्थित आईटीआई के निकट पहुंचा ही था। उसी समय सड़क पर छुट्टा पशु ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर पीछे बैठी मीना देवी सड़क पर जा गिरी और घायल हो गई।

गर्भवती पत्नी के साथ मारपीट में पति गिरफ्तार

संभल, अमृत विचार : सदर कोतवाली के क्षेत्र के मुहल्ला फतेहउल्ला सराय निवासी नूर दहेज की मांग को लेकर गर्भवती पत्नी सवीना के साथ मारपीट करने के आरोप में तीन से फरार चल रहा था। मंगलवार को सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और नूर को गिरफ्तार कर लिया। सवीना ने कोतवाली पहुंचकर पति नूर सहित पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने कानूनी कार्रवाई कर नूर का चालान कर दिया।

व्यक्ति को बचाने में बाइक सवार घायल

संभल/असमोली, अमृत विचार : असमोली थाना क्षेत्र के गांव चंदवार निवासी शोएब मंगलवार को मनोटा पुल से घर जा रहा था। मनोटा चौधरपुर मार्ग पर गांव के नजदीक स्थित ईंट भट्टे के पास पहुंचते ही बाइक के आगे नशे की हालत में एक व्यक्ति आ गया। व्यक्ति को बचाने के चक्कर में बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर फिसलकर गिर गई। जिससे शोएब गंभीर घायल हो गया।

बाइक फिसल कर गिरने से युवक घायल

गुन्नौर अमृत विचार : हाईवे पर बाइक फिसल कर गिरने से सवार युवक घायल हो गया। बुलंदशहर जनपद के शिकारपुर निवासी अनिल मंगलवार को सुबह सहसवान गया था। दोपहर बाद वापस लौटते समय उसकी बाइक गांव जगन्नाथपुर के पास अनियंत्रित हो फिसल गई। जिससे अनिल घायल हो गया। निजी चिकित्सक से उपचार कराने के बाद अनिल गंतव्य को रवाना हुआ।

करंट की चपेट में आने से कक्षा आठ की छात्रा की मौत

कमरे में मरणासन्न हालत में मिली, गर्दन में लिपटा था बिजली का तार

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: कोतवाली क्षेत्र के गांव बाकरपुर भैतरी में करंट की चपेट में आने से 16 वर्षीय कक्षा आठ की छात्रा की मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। जबकि मृतका की मां व भाई हिमाचल में रहकर कार्य करते हैं। घटना की सूचना उन्हें दे दी गई है।

कुमकुम 16 वर्ष पुत्री स्व. पप्पू निवासी बाकरपुर भैतरी में अपने बाबा चंद्रपाल के साथ रहती थी। युवती के पिता की मृत्यु हो चुकी है। घर चलाने के लिए मां व भाई हिमाचल में रहकर मजदूरी करते हैं। कुमकुम गांव के प्राइमरी विद्यालय में कक्षा आठ की छात्रा थी। कुमकुम की बड़ी विवाहिता बहन रोशनी अपने मायके आयी हुई थी। दोपहर को दोनों बहनें छत पर

युवती की मौत के बाद मौके पर जमा लोग। ● अमृत विचार

▸▸ मां और भाई हिमाचल में रहकर करते हैं मजदूरी

थीं। जबकि दादाजी गांव में किसी कार्य से गए हुए थे। दोपहर करीब एक बजे कुमकुम किसी कार्य से छत से नीचे आई।

काफी देर तक कुमकुम जब छत पर नहीं पहुंची तो बड़ी बहन रोशनी नीचे आई, तो देखा कमरे में कुमकुम मरणासन्न हालत में पड़ी थी। उसकी गर्दन में बिजली का तार लिपटा था। यह देख रोशनी ने शोर मचा दिया। जिससे आसपास के लोग एकत्र हो गए और दादाजी भी आ गए। ग्रामीण कुमकुम को लेकर निजी चिकित्सक के पास पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया कि करंट की चपेट में आने से युवती की मौत हो गई।

शक्ति वंदन अभियान को घर-घर जाकर दी जाए गति

कार्यालय संवाददाता, संभल

▸▸ जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी

अमृत विचार : भाजपा के शक्ति वंदन अभियान को लेकर हुई कार्यशाला में जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी। उन्होंने कहा कि घर-घर जाकर अभियान को गति देने का काम किया जाए।

मुरादाबाद मार्ग पर एकता विहार कॉलोनी में स्थित भाजपा जिला कार्यालय पर हुई शक्ति वंदन अभियान को लेकर मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह रिंकू ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को स्वयं सहायता समूह व एनजीओ से समन्वय बनाकर घर-घर संपर्क करने की जानकारी दी। कहा कि इस अभियान को गति देनी है। प्रधानमंत्री के महिला सशक्तिकरण के प्रयासों को साकार रूप देने के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता शक्ति वंदन अभियान के माध्यम से सार्थक रूप प्रदान करेगा। कार्यशाला में जिला संयोजक अर्जुन वाल्मीकि, चौधरी देवेंद्र सिंह, राखी सिरोही, डॉ. सीपी सिंह, हृदेश यादव, हरिओम शर्मा, सौरभ गुप्ता, सोनू चाहल, प्रभात शर्मा, योगेंद्र त्यागी, कुमोद वार्ष्णेय और मंडल अध्यक्ष रहे।

शक्ति वंदन अभियान के दौरान बैठक में बोलते जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह। ● अमृत विचार

विश्व हिंदू परिषद दे रही धर्म रक्षा निधि के उद्देश्य की जानकारी

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: विश्व हिंदू परिषद प्रखंड पश्चिम द्वारा मंगलवार को कृष्णा नगर में धर्म रक्षा निधि अभियान चलाया गया। जिसमें प्रखंड अध्यक्ष सीपी गुप्ता ने पदाधिकारियों के साथ घर-घर जाकर निधि के उद्देश्य व विहिप द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों और उपलब्धियों से संबंधित पत्र देकर सहयोग प्राप्त किया।

विभाग धर्म प्रसार प्रमुख रामेश्वर दयाल शर्मा ने बताया कि अभियान 18 फरवरी तक चलेगा। जिसके लिए खंड वार टोलियों का गठन किया गया है। विकास नगर के लिए प्रताप नारायण शर्मा, प्रेम नगर में प्रत्यक्ष, अशोक नगर, विश्वकर्मा धर्म कांटा से मंडी समिति के लिए श्याम ठाकुर, शक्ति नगर, स्टेशन

टोली प्रमुख को प्रमाण पत्र सौंपते विहिप पदाधिकारी। ● अमृत विचार

▸▸ अभियान को सफल बनाने के लिए टोली प्रमुख बनाए गए

रोड, बहजोई रोड के लिए सीपी गुप्ता, प्रगति विहार, बदायूं चुंगी से वीर सावरकर कॉलोनी के लिए शशांक वार्ष्णेय टोली प्रमुख बनाए हैं। यह टोली प्रमुख घर-घर जाकर निधि के उद्देश्यों का बखान करेंगे। ताकि लोगों अभियान के विषय में जानकारी हो सके।

सड़क निर्माण को लेकर लोगों का प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: गैस गोदाम की हालत जर्जर व खस्ता हाल होने पर नागरिकों ने प्रदर्शन कर नगर पालिका से शीघ्र सड़क निर्माण की मांग की है। नागरिकों ने कहा कि चार वर्षों से सड़क जर्जर हालत है, जिससे आवागमन में परेशानी होती है।

इस मार्ग पर पंचशील कालोनी, विष्णु विहार, आवास विकास कॉलोनी समेत आधा दर्जन कॉलोनी स्थित हैं। इस मार्ग को लेकर मिनी बाईपास भी कहा जाता है। शहर के लोग इस मार्ग से सीधे बहजोई रोड स्थित हाइवे पर पहुंचते हैं। इस मार्ग पर तीन धर्मशालाएं भी हैं। जिनमें विवाह समारोह आयोजित होते रहते हैं। वर्तमान में सड़क में गहरे गड्ढे हो गए हैं। साथ ही नालियां टूट जाने से घरों से निकलने वाला गंदा पानी सड़क पर भर जाता है। जलभराव होने से सड़क में बने गड्ढे नजर नहीं

चन्दौसी के गैस गोदाम रोड पर प्रदर्शन करते लोग। ● अमृत विचार

▸▸ चार वर्षों से जर्जर है सड़क जलभराव होने से होते हैं हादसे

▸▸ इस मार्ग पर स्थित है आधा दर्जन कॉलोनियां व तीन धर्मशालाएं

आते हैं। जिससे दोपहिया वाहन चालकों के साथ हादसे का शिकार हो जाते हैं। तीन वर्षों से लोग नगर पालिका से सड़क निर्माण की मांग करते चले आ रहे हैं। मगर नगर पालिका उदासीन बनी है।

मंगलवार की दोपहर इस रोड पर रहने वाले लोगों ने प्रदर्शन कर सड़क बनवाए जाने की मांग की। इस दौरान अवनीश मिश्रा, नकुल वार्ष्णेय, रोहित भटनागर, सनी शाक्य, हरीश दीक्षित, सुधीर खंडेलवाल, अजय जैन, रिंकू दिवाकर, किशन यादव आदि मौजूद रहे।

> सड़क निर्माण का प्रस्ताव पास हो चुका है। कुछ दिन बाद सड़क का निर्माण शुरू करा दिया जाएगा। लोगों को परेशानी नहीं होने दी जाएगी।
>
> **-केके अग्रवाल,** कार्यवाहक ईओ नगर पालिका

कार व बाइक की भिड़ंत में चचेरे तहेरे भाई घायल

संभल, अमृत विचार: हयातनगर थाने के पास संभल बहजोई मार्ग पर कार व बाइक की भिड़ंत में सगे चचेरे तहेरे दो भाई घायल हो गए।

थाना क्षेत्र के गांव असलमपुर निवासी अरबाज मंगलवार की दोपहर एक बजे अपने चचेरे भाई हम्माद 13 वर्षीय के साथ नगर पंचायत नरौली से आ रहा था। गांव घुंघावली वाले रास्ते पर चालक कार घुमा रहा था। जिससे अनियंत्रित होकर अरबाज की बाइक कार से टकरा गई। हादसे के बाद मौके पर आसपास के लोग इकठ्ठा हो गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक व कार क्षतिग्रस्त हो गई और कार में लगे अगले पहिये का टायर फट गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने कार कब्जे में लेकर चालक हिरासत में ले लिया। मौके पर पहुंचे परिजन घायल अरबाज व हम्माद को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे और उपचार के लिए भर्ती कराया।

मंडलायुक्त के सामने रखा अंडरपास का मुद्दा

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन असली के प्रतिनिधिमंडल की अंडरपास निर्माण के मुद्दे पर मुरादाबाद में मंडलायुक्त से वार्ता हुई। मंडलायुक्त ने शासन को चिट्ठी लिखकर जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया। वहीं अंडरपास मांग को लेकर 14वें दिन भी किसानों का धरना जारी रहा।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत भारतीय किसान यूनियन असली का प्रतिनिधिमंडल चौधरी हरपाल सिंह के नेतृत्व में मुरादाबाद में मंडलायुक्त से मिला और वार्ता हुई। जिसमें प्रमुख रूप से हिसामपुर-भटौला मार्ग पर अंडरपास का मुद्दा उठा।

भाकियू के पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी चौधरी संजीव गांधी के अनुसार, मंडलायुक्त ने शासन को चिट्ठी लिखकर जल्द ही कार्रवाई का आश्वासन

धरने पर बैठे भाकियू असली के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

▸▸ भटौला में 14वें दिन भी धरने पर डटे रहे किसान

दिया। प्रतिनिधिमंडल में जयवीर सिंह यादव, राजपाल सिंह यादव, दिलशाद अली, अर्जुन सिंह, चंद्रप्रकाश, विजय सिंह, राहिद, रामकिशन रहे। धरनास्थल पर बुधवार को पदाधिकारियों की बैठक होगी। जिसमें अगली रणनीति पर चर्चा की जाएगी। वहीं भटौला में किसानों का 14वें दिन भी धरना जारी रहा।।

गोवंश पशु फेंकने का चौथा आरोपी गिरफ्तार

धनारी, अमृत विचार: धनारी थाना पुलिस ने जिंदा व मृत गोवंशीय पशुओं को हाईवे किनारे नदी के पुल से फेंकने के मामले में फरार एक और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में अब तक चार लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

दो दिन पहले थाना क्षेत्र गांव दिनौरा में वाहन से लादकर जिंदा व मृत गोवंशीय पशुओं को हाईवे किनारे महावा नदी के पुल से फेंक कर लोग भाग गये थे। इस मामले में पुलिस ने पशुओं को फेंकने की घटना में शामिल तीन लोगों को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया था।

मंगलवार को घटना में शामिल एक और आरोपी गांव सुनवर सराय निवासी होशियार को गिरफ्तार किया गया है। प्रभारी निरीक्षक नरेश कुमार ने बताया कि आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री को दिया धाम शिलान्यास का निमंत्रण

कार्यालय संवाददाता, संभल

▸▸ आचार्य प्रमोद कृष्णम ने लखनऊ में मुख्यमंत्री से भेंट की

अमृत विचार: कल्कि धाम के शिलान्यास कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन की संभावना के बीच कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने मंगलवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को धाम शिलान्यास का निमंत्रण दिया। वहीं आयोजन स्थल पर तैयारियों को तेज कर दिया गया है।

संभल के ऐंचोड़ा कम्बोह में कल्कि धाम का शिलान्यास समारोह 19 फरवरी को आयोजित किया जा रहा है। आचार्य प्रमोद कृष्णम द्वारा निमंत्रण देने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी एक्स पर संदेश लिखकर आयोजन में शामिल होने का संकेत दिया है। इसके बाद ही मंगलवार को कल्कि धाम शिलान्यास समारोह का निमंत्रण उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को दिया गया।

कल्कि धाम के प्रवक्ता पंकज चाहल ने बताया कि आचार्य प्रमोद कृष्णम ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर निमंत्रण सौंपा। मुख्यमंत्री के साथ पौन घंटे तक उनकी वार्ता हुई। इस दौरान आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कल्कि धाम शिलान्यास समारोह को लेकर मुख्यमंत्री के साथ विस्तार से चर्चा की। बताया कि मुख्यमंत्री ने निमंत्रण को स्वीकार किया। आचार्य प्रमोद कृष्णम ने बताया कि वह मुख्यमंत्री के आभारी हैं जिन्होंने श्री कल्कि धाम शिलान्यास समारोह के निमंत्रण को स्वीकार किया है।

विवादित | अभिलेखों में नगर पालिका में दर्ज है भूमि, एसडीएम ने उक्त भूमि पर दिए थे गोशाला संचालित करने के निर्देश

12 बीघा भूमि पर दो विभाग जता रहे अपना अधिकार

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: गैस गोदाम रोड पर 12 बीघा भूमि है। जिसमें से छह बीघा भूमि कई वर्ष पूर्व नगर पालिका के स्टाफ के आवास के लिए आवंटित कर दी गई। दो दिन से ग्राम पंचायत मौलागढ़ के सचिव द्वारा एसडीएम के आदेश पर उक्त भूमि पर गोशाला के लिए जेसीबी से समतल करा रहे थे। मंगलवार को नगर पालिका के कर्मचारी पहुंच गए और भूमि को अपनी बताया। कुछ देर वार्ता के बाद एसडीएम के आदेश पर कार्य बंद कर दिया गया। अब अभिलेख देखने के बाद आगामी कदम उठाया जाएगा।

पिछले दो दिन से ग्राम पंचायत मौलागढ़ के सचिव मनोज कुमार द्वारा गैस गोदाम रोड पर 12 बीघा भूमि को जेसीबी की मदद से समतल कराया जा रहा था। उक्त भूमि पर एसडीएम नीतू रानी ने गोशाला संचालित कराने के आदेश दिए हैं। जिसको लेकर

विवादित भूमि के कागजात देखते पालिका व ग्राम पंचायत के अधिकारी व कर्मचारी।

▸▸ दो दिन से पंचायत सचिव जेसीबी से भूमि को करा रहे समतल

कार्य कराया जा रहा है। मंगलवार की दोपहर 12 बजे नगर पालिका के कर्मचारियों को जब उक्त भूमि पर जेसीबी चलने की जानकारी हुई तो वह भी मौके पर पहुंच गए और 12 बीघा भूमि में छह बीघा भूमि नगर पालिका के कर्मचारियों के आवास के लिए आवंटित होना बताया। मौके पर पहुंचे नगर पालिका के संपत्ति अधिकारी आशीष कुमार ने बताया कि कई वर्ष पहले नगर पालिका की ओर से उक्त छह बीघा भूमि पर 32 कर्मचारियों के लिए प्लाट आवंटित किए गए। जिस पर तीन से चार मकान भी बन चुके हैं। ग्राम सचिव व नगर पालिका के कर्मचारी उक्त भूमि को अपनी-अपनी बताने लगे हैं। सचिव ने घटना से एसडीएम को

> गैस गोदाम रोड पर स्थित 12 बीघा भूमि में छह बीघा भूमि नगर पालिका के कर्मचारियों के लिए आवंटित है। जिसे कई वर्ष पहले ही आवंटित कर दिया गया। ग्राम पंचायत मौलागढ़ की भूमि नहीं है। हमारे अभिलेख मौजूद हैं। फिलहाल एसडीएम के कहने पर यथास्थिति बनी है।
>
> **-केके अग्रवाल,** कार्यवाहक ईओ, नगर पालिका

अवगत कराया। कुछ देर बाद शहर कार्यवाहक लेखपाल दानवीर सिंह मौके पर पहुंचे और उन्होंने उक्त भूमि को नगर पालिका की बताया। पालिका के कर्मचारियों ने 12 बीघा भूमि के बीच से नींव खोद दी और उसे दो भागों में बांट दिया। इसके बाद दोनों पक्ष उक्त भूमि को अपनी-अपनी बताने की बात कही जाती रही। जिससे एसडीएम को पुनः अवगत कराया गया। एसडीएम ने यथास्थिति बनाए रखने के निर्देश देते हुए कहा कि अब अभिलेखों की जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

सार-संक्षेप

आर्यभट्ट गणित प्रतियोगिता के विजेता बने फिजा व गवेंद्र

संभल/रजपुरा, अमृत विचार : सीबीएसई बोर्ड की ओर से आयोजित आर्यभट्ट गणित प्रतियोगिता में रजपुरा में स्थित कायनात ग्लोरियस पब्लिक स्कूल के दो विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की है। आर्यभट्ट गणित ऑल इंडिया प्रतियोगिता में भाग लेने वाले देहरादून रीजन, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में 100 ऐसे छात्रों का चयन किया गया जिनकी रैंक अच्छी रही। जिसमें रजपुरा में स्थित कायनात ग्लोरियस पब्लिक स्कूल की छात्रा फिजा खान ने 33वां और छात्र गवेंद्र कुमार पाठक ने 36वां स्थान प्राप्त कर नाम रोशन किया। इस उपलब्धि पर स्कूल के प्रबंधक उबैदुर्रहमान और प्रधानाचार्य सौम्य रंजन पांडा ने मेधावी फिजा खान और गवेंद्र कुमार पाठक को बधाई दी।

छात्रा फिजा खान व छात्र गवेंद्र कुमार पाठक।

रजपुरा थाना प्रभारी को हटाया, कई के तबादले

संभल, अमृत विचार : लगातार आपराधिक वारदातों के चलते पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत ने रजपुरा के प्रभारी निरीक्षक अमृत लाल को हटाकर अपराध शाखा में भेज दिया है। अपराध शाखा से मुकेश कुमार को रजपुरा का प्रभारी निरीक्षक बनाकर भेजा गया है।रजपुरा में पिछले कुछ दिन से लगातार आपराधिक वारदातें हो रही थीं। लूट की भी दो वारदातें हुई थीं। इसके बाद ही पुलिस अधीक्षक ने प्रभारी निरीक्षक को बदलने का आदेश जारी किया है। इसके साथ ही कई दरोगाओं व निरीक्षकों के तबादले भी किये गये हैं। पुलिस लाइन से निरीक्षक राजीव कुमार को निरीक्षक अपराध थाना नखासा के रूप में तैनाती दी गई है। दरोगा अजीत सिंह को चौकी प्रभारी नरौली से एसएसआई थान बनियाठेर बनाया गया है। वहीं अब तक एसएसआई के रूप में तैनात अजय कुमार को नरौली चौकी प्रभारी बना दिया गया है। थाना जुनावई से दरोगा कालेंद्र सिंह को थाना एएचटीयू जबकि पंकज कुमार का मानवाधिकार सेल में तबादला किया गया है। कैला देवी थाने के दरोगा करवेंद्र सिंह को अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी का वाचक बनाया गया है। वहीं थाना बहजोई से विकास कुमार त्यागी को अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी का वाचक नियुक्त किया गया है।

मुंबई में मौलाना सलमान अजहरी की गिरफ्तारी पर रोष

चन्दौसी, अमृत विचार : मुंबई में मौलाना सलमान अजहरी की गिरफ्तारी को लेकर मुस्लिम समाज के लोगों में रोष व्याप्त है। इस संदर्भ में मंगलवार के बाद नमाजे जोहर शहर काजी मरगूब नोशाही के सीकरी गेट स्थित आवास पर इमामों व गणमान्यों की बैठक हुई। जिसमें मुंबई में मौलाना सलमान अजहरी की गिरफ्तारी पर चर्चा करते हुए सरकार के प्रति नाराजगी जाहिर की और सरकार से मौलाना को रिहा करने की मांग की गई। जामा मस्जिद के इमाम इफ्तेखार मिस्बाही ने कहा कि कुछ सरपरस्त लोग हमारे देश का माहौल खराब करने की नाकाम कोशिश कर रहे हैं लेकिन हम लोग की यह साजिश कामयाब नहीं होने देंगे। शहर काजी मरगूब ने कहा कि अगर जल्द ही मौलाना को रिहा नहीं किया तो मुसलमान अपने हक के लिए बड़ा आंदोलन करने पर मजबूर हो जाएंगे।

धूमधाम से मनाई कवि प्रदीप कुमार की जयंती

चन्दौसी, अमृत विचार : महापुरुष स्मारक समिति व सर्वसमाज जागरुकता अभियान भारत की ओर से देश भक्ति गीतों के रचयिता व दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित कवि प्रदीप कुमार की जयंती सुंदर मोहल्ला स्थित जगमोहन सरस्वती विद्या मंदिर में धूमधाम से मनाई गई। चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया और जीवन पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि व अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने कहा कि कवि प्रदीप का मूल नाम रामचंद्र नारायण द्विवेदी था। इन्होंने आजादी के समय देश भक्ति गीतों से युवाओं व स्वंतत्रता सेनानियों में साहस व जागृति पैदा करने का कार्य किया। इस अवसर पर सत्यपाल सिंह, दीप्ति शर्मा, नमिता कुमारी, कृपाली, नीलम, रश्मि, आचार्य रामकुमार, प्रिया, शिवा शर्मा, कांति देवी आदि मौजूद रहे।

एमसीसी को 3 विकेट से हरा इज्जतनगर बरेली फाइनल में

चन्दौसी, अमृत विचार : कैथल के मैदान में सेठ लक्ष्मी नारायण टनाटन मेमोरियल आमंत्रण क्रिकेट टूर्नामेंट 2024 में मंगलवार को पहले सेमीफाइनल मुकाबले में इज्जतनगर बरेली की टीम ने एमसीसी चन्दौसी को 3 विकेट से हरा कर फाइनल में प्रवेश किया। विजेता टीम के खिलाड़ी अनुज कुमार मैन ऑफ द मैच रहे।

एमसीसी चन्दौसी की टीम ने टॉस जीता। इज्जतनगर बरेली के बल्लेबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 190 रन बनाए। एमसीसी की ओर से गेंदबाज आरिफ व मिर्जा ने 1-1 विकेट लिया। जवाब में 190 रनों का पीछा करते हुए एमसीसी की टीम 187 रन ही बना सकी। इस प्रकार इज्जतनगर बरेली की टीम ने 3 विकेट से मैच जीत लिया और फाइनल में जगह बना ली। अतिथि राहुल टनाटन ने मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार अनुज कुमार को दिया। बुधवार को दूसरा सेमीफाइनल मैच जीसीसी और ब्लैक पैंथर के बीच खेला जाएगा। इस अवसर पर अंशुल टनाटन, प्रिया टनाटन, मोनिका टनाटन, सूर्या टनाटन, माधव टनाटन, विराट, उदित, दिव्यांशु, राम, राहुल, सुजल आदि मौजूद रहे।

जारई गेट मदरसा में आयोजित उर्स में शिरकत करते लोग। ● अमृत विचार

उर्स मुबारक में मुल्क व कौम की तरक्की के लिए दुआ की

चन्दौसी, अमृत विचार : नगर के जारई गेट स्थित मदरसा गौसुल आलम में ख्वाजा मोईनुद्दीन चिस्ती रहमतुल्ला अल्लैह के उर्स मुबारक का आयोजन किया गया। सुबह फजर की नमाज के बाद कुरान ख्वानी हुई। इसके बाद शाम पांच बजे परमम कुशाई की रस्म अदा की गई। बच्चों द्वारा नबी की शान में नात ए पाक का प्रोग्राम हुआ। उर्स की सदारत हाफिज मतीन अशरफी ने और नजामत हाजी शाह आलम मंसूरी ने की। अंत में मुल्क और कौम तरक्की के लिए दुआ की गई। इस मौके पर सूफी अबरार, शाद अशरफ, मोहम्मद तुफैल, मोहम्मद कैफ, मोहम्मद इस्लाम, मोहम्मद रिहान अशरफी समेत तमाम लोगों ने शिरकत की।

बच्चों को आपदा से बचाव की जानकारी दी

संभल/ओबरी अमृत विचार : विकासखंड असमोली क्षेत्र के कम्पोजिट विद्यालय शहबाजपुर कला में मुख्यमंत्री स्कूल सुरक्षा कार्यक्रम हुआ। जिसमें मॉक ड्रिल करके बच्चों को आपदा से बचाव हेतु जानकारी दी गई। अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों ने आग लगने पर बचाव के तरीके बताए। पोस्टर प्रतियोगिता में अलफिजा प्रथम, गुलफसा द्वितीय और फरहा तृतीय स्थान पर रहीं। प्रधानाचार्या दिव्या पाठक ने मेधावी छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्रशिक्षक मोनू सागर को भी सम्मानित किया गया। इस दौरान छात्र छात्राएं और स्कूल स्टाफ मौजूद रहा।

शिकायत करने पर ग्रामीण के साथ की मारपीट

संभल, अमृत विचार : हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र के गांव बराही निवासी इकरार ने बताया कि गांव निवासी चालक सरफराज मंगलवार की दोपहर में टाटा मैजिक पीछे हटा रहा था। पीछे हटाते समय टाटा मैजिक की टक्कर से दीवार पर लगा बिजली का मीटर क्षतिग्रस्त हो गया। इकरार ने शिकायत की तो चालक सरफराज गाली गलौज करने लगा। गाली गलौज होती देखकर सरफराज के दो भाई व पिता भी मौके पर आ गए। आरोप है कि पिता पुत्रों ने मिलकर लात घूसों से मारपीट करते हुए इकरार को घायल कर दिया।

मारपीट करते सगे तीन भाई गिरफ्तार, चालान

संभल, अमृत विचार : नखासा थाना क्षेत्र के मुहल्ला तुर्तीपुर इल्हा निवासी तालिब ने सोमवार को अपने पड़ोसी अमान के साथ शादी समारोह में अमान के फोन से फोटो खींचे थे। मंगलवार को तालिब ने फोटो अपने फोन में सेंड कराने को अमान के पास फोन किया था। किसी बात को लेकर अमान व तालिब के बीच फोन पर ही विवाद हो गया। विवाद होने की सूचना पर रिहान अपने भाई रिजवान व बिलाल को लेकर मौके पर पहुंचा। जिसके बाद दोनों पक्षों में जमकर लात घूसे चलने लगे। मारपीट होने की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने रिहान, रिजवान व बिलाल को पकड़ लिया और शांति भंग की धारा में चालान कर दिया।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

शक्नोतीहैव यः सोढुं प्राक्शरीरविमोक्षणात्।
कामक्रोधोद्भवं वेगं स युक्तः स सुखी नरः॥

जो साधक इस मनुष्य शरीर में, शरीर का नाश होने से पहले-पहले ही काम-क्रोध से उत्पन्न होने वाले वेग को सहन करने में समर्थ हो जाता है, वही पुरुष योगी है और वही सुखी है।

संपादकीय

राज्यों के लिए उदाहरण

समान नागरिक संहिता (यूसीसी) भारत में एक अत्यधिक विवादित और राजनीतिक रूप से ज्वलंत मुद्दा रहा है। यूसीसी का उल्लेख भारतीय संविधान के अनुच्छेद 44 में किया गया है, जो राज्य के नीति निर्देशक तत्व का अंग है। इस दृष्टि से राजनीति की सभी धाराएं इस बात पर एकमत रही हैं कि देश में सभी पंथों, आस्थाओं से जुड़े लोगों पर एक ही तरह के कानून लागू होने चाहिए। इसे व्यवहार में लाने पर अगर असहमति रही तो उसका आधार यह था कि किसी समूह को ऐसा नहीं लगना चाहिए कि उसे उसकी आस्था या संस्कृति से जबरन अलग किया जा रहा है। मंगलवार को उत्तराखंड विधानसभा में बहुप्रतीक्षित यूसीसी विधेयक पेश कर दिया गया। माना जा रहा है कि उत्तराखंड में यूसीसी सफलतापूर्वक लागू हो गई तो वह दूसरे राज्यों के लिए एक उदाहरण बन सकती है। गोवा में पुर्तगाली शासन के दिनों से ही यूसीसी लागू है। असम और गुजरात जैसे राज्य भी उत्तराखंड वाले मॉडल पर ही समान आचार संहिता को लागू करने की तैयारी में हैं। यूसीसी पर अधिनियम बनाकर में लागू करना 2022 में हुए विधानसभा चुनावों के दौरान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा जनता से किए गए प्रमुख वादों में से एक था। वर्ष 2000 में अस्तित्व में आए उत्तराखंड में भाजपा ने लगातार दूसरी बार जीत दर्ज कर इतिहास रचने के बाद मार्च 2022 में सत्ता संभालने के साथ ही मंत्रिमंडल की पहली बैठक में यूसीसी का मसौदा तैयार करने के लिए विशेषज्ञ समिति के गठन को मंजूरी दे दी थी। यूसीसी का कुछ लोगों द्वारा राष्ट्रीय अखंडता और लैंगिक न्याय को बढ़ावा देने के एक तरीके के रूप में समर्थन किया जाता है तो कुछ लोगों द्वारा इसे धार्मिक स्वतंत्रता और विविधता के लिए खतरा बताकर विरोध किया जाता है।

इधर भाजपा ने इस मुद्दे को जोरदार ढंग से उठाया है। न्यायपालिका की तरफ से भी बार-बार इसे लागू करने की जरूरत बताई जा रही है। ऐसे में यह माना जा सकता है कि देश में इसे लेकर जागरूकता हाल के दिनों में बढ़ी है। यूसीसी सभी नागरिकों के बीच एक समान पहचान और अपनेपन की भावना पैदा करके राष्ट्रीय एकता एवं धर्मनिरपेक्षता को बढ़ावा देगी। इससे विभिन्न पर्सनल लॉज़ के कारण उत्पन्न होने वाले सांप्रदायिक और पंथ-संबंधी विवादों में भी कमी आएगी। यह सभी के लिए समानता, बंधुता और गरिमा के संवैधानिक मूल्यों को भी संपुष्ट करेगी। बहरहाल, राज्य सरकार की यह एक बड़ी पहल है और इस पर अमल की प्रक्रिया ही नहीं, इसके नतीजों पर भी पूरे देश की नजरें रहेंगी। चूंकि एकता एकरूपता से अधिक महत्वपूर्ण है।

गाजा युद्धः फिलहाल विश्व शांत पर समस्या विकट

डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

हालांकि कुछ जल शोधकर्ता चेतावनी दे रहे हैं कि सुरंगों में समुद्री पानी भरने से गाजा की पहले से ही दुर्लभ पीने के पानी की आपूर्ति पर विनाशकारी प्रभाव पड़ सकता है और इमारतें अस्थिर हो सकती हैं। ऐसी भी चिंताएं हैं कि सुरंगों में पानी भर जाने से शेष बचे लगभग 130 इजरायली बंधकों में से कई खतरे में पड़ सकते हैं।

इजराइल-हमास युद्ध का सौवां दिन भी कब का बीत चुका। खबरों की दुनिया ने तो एक नए विश्व युद्ध की आशंका जता दी थी। इस्लामिक देशों के संगठन ने भी खूब बंदर घुड़की दी। मगर अब लगता है सारा प्रतिरोध खत्म है। जब 7 अक्टूबर 2023 को हमास के लड़ाकों ने इजरायल पर हवाई और जमीनी हमला किया था, उसके तत्काल बाद ही इजरायल ने हमास के खिलाफ ऐसा युद्ध छेड़ा कि गाजा का एक हिस्सा मानो कब्रिस्तान बन गया। युद्ध में लंबे समय तक बंधकों पर संकट के साथ ही घटनाओं में विनाशकारी मोड़ आते गए हैं। दुनिया अपनी गति से चल रही है। इस भयावक युद्ध को विश्व ने जैसे अनदेखा कर दिया हो। इजराइल मानो आतंकवाद को निर्मूल करने के अपने संकल्प पर अडिग है।

अब नई और पुष्ट खबर है कि इजराइल की सेना ने 'आतंकवादी बुनियादी ढांचे को निष्क्रिय' करने के अपने प्रयास में गाजा पट्टी के नीचे हमास द्वारा निर्मित सुरंगों में 'उच्च प्रवाह' के साथ समुद्री जल डालना शुरू कर दिया है। वैज्ञानिक जर्नल नेचर के हालिया अंक के मुताबिक 30 जनवरी को, इजराइल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने पुष्टि की है कि गाजा पट्टी के नीचे सुरंगों में 'बाढ़ की योजना'-एक रणनीति जो वस्तुतः दिसंबर से अफवाहों का विषय रही है, कई अज्ञात स्थानों पर लागू की जा रही है। आईडीएफ के बयान में कहा गया है कि यह कदम एक 'महत्वपूर्ण इंजीनियरिंग और तकनीकी सफलता' है मगर ऐसी सुरंगों को ही चुना गया है जिससे क्षेत्र में पीने वाला भूजल संदूषित न हो।

हालांकि कुछ जल शोधकर्ता चेतावनी दे रहे हैं कि सुरंगों में समुद्री पानी भरने से गाजा की पहले से ही दुर्लभ पीने के पानी की आपूर्ति पर विनाशकारी प्रभाव पड़ सकता है और इमारतें अस्थिर हो सकती हैं। ऐसी भी चिंताएं हैं कि सुरंगों में पानी भर जाने से शेष बचे लगभग 130 इजरायली बंधकों में से कई खतरे में पड़ सकते हैं, जिन्हें 7 अक्टूबर 2023 के हमलों में हमास द्वारा अपहरण कर लिया गया था। बंधकों के स्थान अज्ञात बने हुए हैं, लेकिन एक शोधकर्ता की जब नेचर से बात हुई तो उनका कहना है कि उन्हें संदेह है कि बाढ़ का प्रभाव सीमित होगा, क्योंकि गाजा का भूजल पहले से ही समुद्री जल से दूषित है। सबसे बड़ी चिंताओं में से एक यह है कि सुरंगों में बाढ़ के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला समुद्री जल महत्वपूर्ण तटीय भूजल को दूषित कर देगा, जो गाजा, मिस्र और इजराइल के बीच स्थित है और गाजा को लगभग 80 प्रतिशत पानी की आपूर्ति करता है।

> कुछ वैज्ञानिकों का कहना है कि तट के नजदीक के क्षेत्रों का पानी स्रोत पहले से ही खारा है और पीने योग्य जल का बड़ा हिस्सा पहले से ही अनियमित सीवेज सिस्टम, उर्वरकों और अन्य चीजों से दूषित हो चुका है। उनका यह भी मानना है कि इजराइल की योजना का सीमित प्रभाव हो सकता है। क्योंकि वहां की आतंकवादियों की शरणगाह बने सुरंग नेटवर्क "न्यूयॉर्क या लंदन की तरह एक बड़ी मेट्रो योजना नहीं है, बल्कि आइसोलेटेड हैं। सुरंगों पर शुरू यह बहस वैसे तो उस समस्या पर प्रकाश डालती है, जो इस नए समुद्री जल प्रवेश के शुरू होने से पहले मौजूद थी।

जल इंजीनियर और स्विट्जरलैंड में जिनेवा वॉटर हब के महानिदेशक मार्क जिटौन का कहना है कि गाजा के पीने के पानी का मुख्य स्रोत दूषित हो रहा है। उनके अनुसार यदि आप पीने के पानी के स्रोत में खारा पानी डालते हैं तो यह प्रदूषणकारी है, जहरीला है। जिटौन आगे कहते हैं कि ऐसी संभावना है कि समुद्री जल, एक बार सुरंगों में डालने के बाद, आसानी से नियंत्रण के बाहर चला जाएगा। 'यदि आप सुरंगों को पानी से भरने का प्रयास करते हैं तो मैं मानता हूं कि उन्हें पानी रखने के लिए पर्याप्त रूप से सील नहीं किया गया है। पानी बहकर पीने के जलस्रोत में चला जाएगा,' वह कहते हैं। एन-नजाह नेशनल यूनिवर्सिटी के भूगोलवेत्ता अहमद रफत भी इस बात से सहमत हैं कि खारे पानी से पीने योग्य जलस्रोतों (एक्विफर) के अपूर्णीय रूप से दूषित होने की संभावना है। यदि वे इन सुरंगों में समुद्री जल से बाढ़ लाते हैं तो समुद्री जल भूवैज्ञानिक स्तर में एक्विफर की ओर प्रवेश करेगा। इस तरह की कार्रवाई से गाजा में जीवन के सभी पहलुओं पर गंभीर परिणाम होंगे - कृषि पर, मिट्टी पर, बुनियादी ढांचे पर आदि पर भी। समुद्री जल सिंकहोल बना सकता है, जो इमारतों की नींव को भी अस्थिर कर सकता है।

जलविज्ञानी नोम वीस्ब्रोड, जो इजराइल के नेगेव के बेन-गुरियन विश्वविद्यालय में जैकब ब्लास्टीन इंस्टीट्यूट फॉर डेजर्ट रिसर्च के डीन हैं, का कहना है कि जो लोग चिंतित हैं कि संपूर्ण तटीय एक्विफर अपूरणीय रूप से दूषित हो जाएगा, वे शायद बाढ़ के प्रभावों को कम आंक रहे हैं। वे कहते हैं, 'मुझे यकीन नहीं है कि पर्यावरणीय जोखिम उतना चरम है जितना लोग विश्वास करना चाहते हैं।' उन्होंने आगे कहा कि बाढ़ का प्रभाव इस बात पर निर्भर करेगा कि प्रभावित सुरंगें कहां स्थित हैं। वाटर जर्नल में प्रकाशित 2020 के एक अध्ययन के अनुसार गाजा के तटीय एक्विफर का जल स्तर पूर्व में सतह से लगभग 60 मीटर नीचे से लेकर समुद्र तट के पास कुछ मीटर गहराई तक है। इनसे जितना पानी प्राकृतिक रूप से ताजे पानी द्वारा प्रतिस्थापित किया जा सकता है, उससे अधिक निकाला जा रहा है और परिणामस्वरूप एक्विफर्स में पहले से ही समुद्री जल का प्रवेश करता रहा है।

कुछ वैज्ञानिकों का कहना है कि तट के नजदीक के क्षेत्रों का पानी स्रोत पहले से ही खारा है और पीने योग्य जल का बड़ा हिस्सा पहले से ही अनियमित सीवेज सिस्टम, उर्वरकों और अन्य चीजों से दूषित हो चुका है। उनका यह भी मानना है कि इजराइल की योजना का सीमित प्रभाव हो सकता है, क्योंकि वहां की आतंकवादियों की शरणगाह बने सुरंग नेटवर्क "न्यूयॉर्क या लंदन की तरह एक बड़ी मेट्रो योजना नहीं है, बल्कि आइसोलेटेड हैं। सुरंगों पर शुरु यह बहस वैसे तो उस समस्या पर प्रकाश डालती है, जो इस नए समुद्री जल प्रवेश के शुरू होने से पहले मौजूद थी। गाजा में साफ पानी की पहले से ही कमी है। 2020 में संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों ने अनुमान लगाया कि केवल 10 प्रतिशत आबादी के पास ही सुरक्षित पेयजल तक पहुंच थी। कुछ पानी इज़राइल और मिस्र द्वारा पहुंचाया जाता रहा है। यूरोपीय संघ द्वारा वित्त पोषित 10 मिलियन डालर का समुद्री जल अलवणीकरण संयंत्र 2017 में गाजा में खोला गया था, लेकिन संभवतः यह बिजली की आपूर्ति के बिना काम नहीं कर सकता है। युद्ध से पहले, गाजा की लगभग आधी बिजली इजराइल से आती थी, लेकिन अक्टूबर में, इजराइली सरकार ने आपूर्ति बंद कर दी। युद्ध के कारण लगभग 1.9 मिलियन लोग विस्थापित हो गए हैं जिनमें से कई लोग दक्षिणी गजान शहर राफा में तंबू में या सड़कों पर रह रहे हैं। जनवरी में मूसलाधार बारिश के बाद कई लोग पीने का पानी बर्तनों और बाल्टियों में इकट्ठा कर रहे हैं। अन्य लोग टैंकर ट्रकों से पानी खरीदते हैं, क्योंकि एक्विफर से निम्न गुणवत्ता वाला पानी ही निजी कंपनियों द्वारा अलवणीकृत किया गया है। इजराइल के अरावा घाटी में अरावा इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर एनवायरनमेंट स्टडीज में सेंटर फॉर एप्लाइड एनवायरनमेंट डिप्लोमेसी के निदेशक डेविड लेहरर कहते हैं कि जब युद्ध समाप्त हो जाएगा, तो इजराइल और गाजा को बेहतर जल भविष्य के लिए योजना बनाना शुरू करना होगा।

2023 में इजराइली कंपनी वॉटरजेन, सामुदायिक विकास के लिए फिलिस्तीनी गैर-सरकारी संगठन दामूर और इजराइली नागरिक प्रशासन के साथ साझेदारी के माध्यम से, अरावा इंस्टीट्यूट गाजा में नगर पालिका स्वास्थ्य देखभाल केंद्रों में पांच सौर ऊर्जा संचालित वायुमंडलीय जल जनरेटर स्थापित करेगा। अरावा इंस्टीट्यूट के अनुसार ये आर्द्रता को ग्रहण करके संघनित करके और फिल्टर करके प्रतिदिन लगभग 900 लीटर स्वच्छ पेयजल उत्पन्न कर सकते हैं। यह पहल और ऑफ-ग्रिड अपशिष्ट जल उपचार जैसे अन्य अंतरिम उपाय, 'आशा की एक किरण प्रदान करेंगे कि अंततः स्थिति में सुधार होगा'। फिलहाल तो समस्या विकट है और विश्व शांत है।

प्रसंगवश

अवगुन कहूं शराब का

शराब ने कैसे-कैसे गुल खिलाए हैं, कहने की जरूरत नहीं। न जाने कितने नामचीन हस्तियों को इसने बरबाद किया। नाम गिनाऊं तो अभी याद आ रहे हैं गायक और अभिनेता सहगल, गायिका गीता दत्त, नायिका मीना कुमारी, संगीतकार जयकिशन और मदनमोहन, गीतकार शैलेन्द्र, शायर मजाज, अंग्रेज कवि डायलन टामस, कहानीकार ओ हेनरी, उपन्यासकार स्कॉट फिजराल्ड जिन्हें शराब ने अल्पायु में ही दुनिया से विदा कर दिया। देश में हर साल इस शराबखोरी के चलते सैकड़ों मर रहे हैं।

मेरे एक परिचित बैंककर्मी थे। राम जाने कब और कैसे शराब की लत उनको लगी? रिटायरमेंट के बाद उनकी स्थिति यह थी कि शराब के चक्कर में अपने तमाम परिचितों से किसी न किसी बहाने पैसा ले चुके थे। शराबखोरी ने इस हद तक उनको बेशर्म बना दिया था कि किसी परिचित के घर अहले सुबह पहुंच जाते और पत्नी की बीमारी के नाम पर पैसा मांगते। बीमारी, वह भी पत्नी को, तो कोई इंकार कैसे करता? धीरे-धीरे लोगों को इसका पता चला तो उनको बाहर पैसा मिलना बंद हो गया। खुशकिस्मती से अब वे शराब छोड़ चुके हैं।

शराब की प्रशंसा में गीतों की भरमार है। साहित्य में ईश्वर, प्रेम, प्रकृति और शराब चिरकालीन विषय वस्तु रहे हैं। ऋग्वेद में सोमरस का गुणगान है। उर्दू शायर तो शराब के लिए खुदा और जन्नत से भी तौबा कर लें। उनकी कलम में शराब की स्याही रहती है। हिन्दी के हरिवंश राय बच्चन ने एक पूरी किताब "मधुशाला" शराब और शराबियों का गुणगान करते लिख डाली।

शराब की इतनी बढ़ाई और बड़े बड़े लोगों में इसके पीने की चर्चाएं सुनकर एक बार मुझे भी इच्छा हो आई कि जरा मैं भी चखकर देखूं। सो एक बोतल ले आया। कौन ब्रांड था, नाम नहीं याद आ रहा। खैर बोतल खोली और थोड़ा सा हलक में ले गया। इतना खराब और इतना कड़वा लगा मानों सूअर या गंदे नाले में लोट-पोट करने वाले ऐसे ही किसी अन्य जानवर का पेशाब हो। तुरंत ब्रश किया, इलायची दाना खाया, सौंफ खाया। घंटों बाद मन ठीक हुआ। बोतल नाली में फेंक आया। ऐसा नहीं है कि शराब के खिलाफ नहीं लिखा गया। बहुत कुछ लिखा गया है। कबीर ने पांच सौ साल पहले चेतायाः अवगुन कहूं शराब का, आपा अहमक साथ। मानुष से पशुआ करे, दाय गांठ से खात॥

> शराब की इतनी बढ़ाई और बड़े-बड़े लोगों में इसके पीने की चर्चाएं सुनकर एक बार मुझे भी इच्छा हो आई कि जरा मैं भी चखकर देखूं। सो एक बोतल ले आया। कौन ब्रांड था, नाम नहीं याद आ रहा। खैर बोतल खोली और थोड़ा सा हलक में ले गया। इतना खराब और इतना कड़वा लगा मानों सूअर या गंदे नाले में लोट-पोट करने वाले ऐसे ही किसी अन्य जानवर का पेशाब हो। तुरंत ब्रश किया, इलायची दाना खाया, सौंफ खाया।

राना सिंह
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

शेक्सपियर के शब्द हैंः ओ शराब की अदृश्य आत्मा, अगर तेरा कोई ज्ञात नाम न हो तो तुझे हम 'शैतान' के नाम से पुकारें। हे ईश्वर! आदमी अपने मुंह में एक बैरी रख ले जो उसकी बुद्धि का ही अपहरण कर ले! कि हम हंसते, गाते, उत्सव मनाते, तालियां बजाते खुद ही अपने आपको जानवर में बदल डालें। (ऑथेलो)

टॉलस्टाय की एक कहानी है-द इंप एंड द पीजेंट्स क्रस्ट। कहानी का सार है कि शराब शैतान का आविष्कार है जिसे बनाने के लिए उसने पहले लोमड़ी का खून लिया, फिर उसमें भेंडिया का खून डाला और अंत में उसमें सूअर का खून मिलाया। सो इस प्रकार तीन निकृष्ट जानवरों के खून के मिश्रण से शराब बनी। इसलिए आदमी जब शराब का पहला पेग पीता है तो शुरू में लोमड़ी की तरह मीठी-मीठी बातें करता है, दूसरे पेग के साथ वह भेड़िया की तरह गुर्राना शुरू करता है, तीसरा पेग उसको सूअर में बदल देता है और वह कहीं नाले में पड़ा पाया जाता है।

सत्ताधारी भी चाहते हैं कि आम आदमी बेसुध होकर नाले में पड़ा रहे और वे चैन से राज करते रहें।

महाभारत काल से है प्रयाग की प्रतिष्ठा

भारतीय संस्कृति की विशिष्टता प्रकृति के साथ तादात्म्य है। भारतीय मानस में गंगा-यामुना जैसी नदियों के प्रति आस्था का स्वरूप भौतिक और आध्यात्मिक रहा है। इन नदियों के साथ हमारी देवी प्रगाढ़ता में कभी व्यवधान नहीं आया, हमारे साथ इनका जीवित संबंध रहा है। माघ मकरगत जब रवि होई, तीरथपतिहिं आब सब कोई, तीर्थराज प्रयाग के आस्थामय इस अमृत महोत्सव में ऋषियों, महर्षियों, पुरावेत्ताओं, धर्माधिकारियों, दार्शनिकों सहित समाज के अंतिम व्यक्ति की उपस्थिति का दर्ज होना किसी अंधश्रद्धा की परिणति मात्र नहीं कहा जा सकता।

यह सहस्त्रों वर्ष की वह निरंतरता है जिसके मूल में गंभीर शास्त्रीय एवं वैज्ञानिक मंतव्य अंतर्निहित हैं। प्रयाग के संगम तट पर जुड़ने वाले इस मेले ने भारत की उस सांस्कृतिक धरोहर को समृद्ध किया है, जिस धरोहर ने प्रकृति के प्रत्यक्ष स्वरूप से ज्ञान और चेतना में सामंजस्य स्थापित कर ऐसी संस्कृति विकसित की जिसमे ज्ञाता ज्ञान की विवेचना करके उसे परिष्कृत विचारों और भावनाओं के माध्यम से वास्तविक व्यवहारों में संप्रेषित करता रहा है। इस सांस्कृतिक विरासत के कारण भारत अपने जिस गौरव की पराकाष्ठा के लिए विख्यात है, वह गौरव समृद्ध ज्ञान और समरसता का अमृतत्व है जिससे भारतीय मन और भारतीय आदर्श सदाशयता व आत्म बलिदान की भूमि पर पुष्पित पल्लवित हुआ।

परंपरागत भारतीय समाज की आर्थिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक व्यवस्थाएं, जिन शाश्वत सिंद्धांतों पर आधारित हैं, वे किसी न किसी रूप में प्रकृति से जुड़ी हुई हैं।



डॉ. चन्द्रविजय चतुर्वेदी
प्रयागराज

> तुलसी बाबा ने 'को कहि सकहि प्रयाग प्रभाऊ' कहते हुए तीर्थराज की महिमा में लिखा है कि सचिव सत्य श्रद्धा प्रिय नारी, माधव सरिस मितु हितकारी।

प्राणदायिनी विशाल नदियां, पर्वत और वन ऐसे पुण्यप्रद दिव्य स्थल रहे हैं, जो ऋषियों, महर्षियों और महापुरुषों के अपूर्व धैर्य, साहस, पुण्य और सौख्य के अनेक प्रसंगों के माध्यम से निरंतर चेतना का संचार करते रहे हैं। ये विशिष्ट स्थल अपनी पवित्रता के कारण तीर्थ कहलाए, तरति अनेन इति तीर्थं अर्थात जिसके द्वारा मनुष्य इस अपार संसार से तर जाए।

युगों से भारत की सांस्कृतिक एकता को बनाए रखने में तीर्थ स्थानों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। कई राज्यों में विभाजित अनेक जातियों में बंटा हुआ, संकीर्णताओं में फंसा हुआ भारतवासी यदि कहीं आध्यात्मिक चेतना प्राप्त करता है तो वे तीर्थस्थल हैं। इन तीर्थस्थलों में धर्म और अध्यात्म के समागम ने क्षुद्र मानव में न केवल उच्चतर नैतिक और आध्यात्मिक मूल्यों का संचरण किया, बल्कि उत्तर-दक्षिण, पूर्व-पश्चिम की सांस्कृतिक विविधताओं को एक स्थल पर बैठा दिया।

भारत के तीर्थों में प्रयाग की प्रतिष्ठा महाभारत काल से ही तीर्थराज के रूप में होती रही है। वन पर्व में उल्लेख है कि प्रजापति ब्रह्मा ने यहां प्राचीन काल में यज्ञ किया इसी से यज धातु से प्रयाग बना। स्कंद पुराण में प्रयाग का अर्थ यागेभ्यः प्रकृष्टह अर्थात् जो यज्ञों से बढ़कर है। अथवा प्रकृष्ट यागेभ्यः अर्थात् जहां उत्कृष्ट यज्ञ है के रूप में किया गया है। ब्रह्मपुराण में प्रयाग को प्रकृष्टता के कारण तीर्थराज कहा गया है। प्रयाग ब्रह्मा की वेदियों में बीच वाली वेदी है। अन्य वेदियों में कुरुक्षेत्र उत्तर वेदी है तथा गया पूर्व वेदी है। महाभारत में तीर्थराज प्रयाग को पवित्रतम और श्रेष्ठतम बताते हुए सोम, वरुण और प्रजापति का जन्मस्थान कहा गया है।

तुलसी बाबा ने को 'कहि सकहि प्रयाग प्रभाऊ' कहते हुए तीर्थराज की महिमा में लिखा है कि सचिव सत्य श्रद्धा प्रिय नारी, माधव सरिस मितु हितकारी। चारि पदारथ भरा भंडारु, पुन्य प्रदेश देसअति चारु।। अर्थात् तीर्थराज प्रयाग का मंत्री सत्य है, श्रद्धा उनकी प्यारी स्त्री है तथा माधव सरीखे हितैषी मित्र हैं। तीर्थराज का भंडार चार पदार्थ -अर्थ, धर्म, काम, मोक्ष से भरा हुआ है। यह पुण्य प्रदेश बहुत सुंदर है। शास्त्रों में कहा गया है कि प्रयाग क्षेत्र का विस्तार परिधि में पांच योजन है और ज्यों ही कोई इस क्षेत्र में प्रवेश करता है उसके प्रत्येक पद पर अश्वमेध का फल मिलता है। प्रयाग की प्रधानता और इसका तीर्थराज होना इसलिए है कि यह एक साथ वैष्णव, शैव और शाक्त क्षेत्र है तथा ऋषि, नाग, बौद्ध, जैन, योग, सितासित क्षेत्र और त्रिवेणी क्षेत्र है।

अज्ञः सुविज्ञाः प्रभावोपिज्ञाह सप्त स्विपद्धाह सुकृतान भिज्ञा। विज्ञापयांतः सततं हि काले स तीर्थराजो जयति प्रयागः।। अर्थात् मुर्ख, पंडित, स्वामी यज्ञ, ज्ञानी तथा समस्त वर्गों के पुण्यवान जिनके यश का निरंतर विज्ञापन करते रहते हैं ऐसे तीर्थराज प्रयाग की जय।

सोशल फोरम

कलियुग की संकल्पना

जिस युग में हम जी रहे हैं, वह कलियुग के नाम से जाना जाता है। लोगों में यह धारणा बद्धमूल है कि सृष्टि के आरंभ में सतयुग था। उसके बाद त्रेता, फिर द्वापर आया। उसके बाद कलियुग। इन चारों युगों को गलत ढंग से समझा गया है।

दरअसल ये चारों युग काल सूचक न होकर चार प्रकार के लोगों और चार प्रकार की मानसिक दशाओं के सूचक हैं। ठीक उसी तरह जैसे ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र हैं। ये भी चार जातियां नहीं हैं। चार प्रकार की मनोवृत्तियां हैं। ज्ञानार्जन में रुचि रखने वाला ब्राह्मण, लड़ने-भिड़ने और राजनीति में रुचि रखने वाला क्षत्रिय, धनोपार्जन में तत्पर रहने वाला वैश्य और सेवा में लीन रहने वाला शूद्र है।

मटुक नाथ चौधरी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

चारों के मान बराबर हैं। इनमें कोई बड़ा-छोटा नहीं। जिस तरह उपर्युक्त चारों प्रकार के लोग हर युग में पाए जाते हैं, उसी तरह चारों युग हर समय विद्यमान रहते हैं। ऐसा नहीं कि आज कलियुग है और सृष्टि के आरंभ में कलियुग नहीं था। ऐसा भी नहीं कि आज सतयुग नहीं है। कलियुग एक प्रवृत्ति है। दूसरों के धन और दूसरों की स्त्रियों का अपहरण करने वाला, अकारण दूसरों को सताने वाला, झूठ-फरेब, नशा-सेवन, चोरी और हिंसा में संलग्न रहने वाला कलियुगी व्यक्ति कहलाता है। ऐसा व्यक्ति जिसे हम सतयुग कहते हैं, उसमें भी था। सत्य हरिश्चंद्र के साथ छल करने वाला सतयुग में ही था। राम त्रेता में हुए। रावण तो उन्हीं के समय में था। कंस तो द्वापर में ही था।

इसलिए इस धारणा पर पुनर्विचार करना चाहिए कि कलियुग का संबंध वर्तमान युग से है। मेरे इस चिंतन का समर्थन वाल्मीकि रामायण से भी होता है। बालकांड में एक श्लोक मिलता है-आसीत् पुरा कलियुगे कलिको नाम लुब्धकः। परदारपरद्रव्यहरणे सततं रतः।। अर्थात् प्राचीन कलियुग में एक कलिक नामवाला व्याध रहता था। वह सदा परायी स्त्री और पराये धन के अपहरण में ही लगा रहता था। स्पष्ट है कि प्राचीन काल में भी कलियुग था। कलियुग कोई आज की संकल्पना नहीं है। वह केवल आज का युग नहीं है। कलियुग सदा से रहा है। यही सत्य शेष तीन युगों के साथ भी है। **-फेसबुक वॉल से**

भयावह नहीं, आनंददायी हों परीक्षा यात्राएं

प्रथम दृष्टया वह बच्चा एकदम संतुलित था। विद्यालय में नियमितता हो अथवा अन्य क्रियाकलापों में सहभागिता, पर परीक्षा के दिनों में अनुपस्थित। मौजूदा विद्यालय में उसका नव प्रवेश था। अतः उसके व्यवहार से जुड़ा कोई पुराना रिकॉर्ड भी न था। माता-पिता से बात की गई तो हैरान करने वाली बात सामने आई। शिक्षा के शुरुआती दिनों में किसी परीक्षा में फेल कर दिए जाने का असर उसके अवचेतन में परीक्षा का भय बनकर व्याप्त था। यही कारण था कि वह परीक्षा के दिनों में अक्सर बीमार हो जाता था और परीक्षा से अनुपस्थित। उस बच्चे के साथ हुए इस वाकये ने परीक्षा प्रक्रियाओं से संबंधित कई स्थापित मान्यताओं और विचारों पर पुनर्विचार को बाध्य कर दिया। जैसे कि परीक्षा का स्वरूप क्या हो, मूल्यांकन का प्रारूप क्या हो तथा बच्चों से परिणाम साझा किए जाने के तरीके क्या हों?

परीक्षाएं आते ही बच्चों को परीक्षा से भय, तनाव जैसे मुद्दों पर नसीहतें और ज्ञान देने वालों की झड़ी लग जाती है। शिक्षाविद, काउंसलर, आहार-विहार विशेषज्ञ, योगाचार्य से लेकर तमाम प्रबुद्ध सलाहकार विद्यार्थियों को परीक्षा के भय से मुक्ति का मार्ग सुझा रहे होते हैं। निश्चित ही उक्त सभी यह मान रहे होते हैं और इसी पक्ष में माहौल भी बना रहे होते हैं कि 'परीक्षा सचमुच एक भय है', परवास्तव में यह भय ही है या कुछ और कोई भी इसकी तह में नहीं जाना चाहता। विद्यालय स्तर पर

डॉ. अवनीश यादव
प्रान्तीय शिक्षा सेवा संवर्ग, उ.प्र.

> अगर कोई बच्चा इस यात्रा में असफल घोषित किया जाता है तो उसके व्यक्तित्व में कुछ ऐसा बुझ जाता है कि जिसे रौशन करना बहुत कठिन हो जाता है।

आयोजित परीक्षा किसी भी बच्चे के जीवन में प्रथमतः वह प्रक्रियागत औपचारिक चरण होती है, जो उसे सफल या असफल साबित करती है। इस प्रक्रिया में कदाचित उन कारणों पर चर्चा नहीं की जाती कि कोई बच्चा किस वजह से सफल या असफल रहा। जबकि परीक्षा के परिणाम से कहीं ज्यादा जरूरी यह होता है कि बच्चे की मनःस्थिति और त्रुटियों के कारणों को समझकर उनमें सुधार का मौका तब तक दिया जाए जब तक कि वह स्वयं को सफल साबित न कर दे। बार-बार अपने द्वारा किए गए प्रयासों का आंकलन करते हुए आगे बढ़ने से बच्चे को जो संतुष्टि और प्रेरणा मिलती है वह उसके भविष्य का ठोस आधार और आकार बनती है। दुर्भाग्य से कुछ अपवादों को छोड़कर परीक्षा के बाद के इस जरूरी पक्ष पर ध्यान नहीं दिया जाता और असफल साबित किए गए बच्चे के मन में परीक्षा एक हौवा या भय का भूत बनती जाती है। शिक्षक का दायित्व केवल ज्ञान प्राप्ति में सहायक होना ही नहीं, बल्कि बच्चों में यह विश्वास जगाना भी है कि उनमें अपार अंतर्निहित क्षमताएं हैं तथा उनमें न केवल विद्यालय, बल्कि जीवन की हर परीक्षा में सफल होने की काबिलियत है। किसी भी विद्यालय में बच्चों की शिक्षा तो सामूहिक होती है, लेकिन व्यक्तिगत तौर पर वे अपने ज्ञान की रचना स्वयं करते हैं। इस दौरान बच्चों की सफलता उनका अधिकार है और इस बात की सगर्व अनुभूति भी कि वह इस पथ पर अपेक्षित उद्देश्यों को हासिल करते हुए आगे बढ़ रहे हैं।

अगर कोई बच्चा इस यात्रा में असफल घोषित किया जाता है तो उसके व्यक्तित्व में कुछ ऐसा बुझ जाता है कि जिसे रौशन करना बहुत कठिन हो जाता है। परिमाणतः वह शिक्षण प्रक्रियाओं व परिवेश के प्रति उदासीन हो जाता है, अपनी शक्ति व योग्यता में विश्वास खो बैठता है तथा हताशा, निराशा और कुंठा के गहन अंधियारों की और मुड़ जाता हैं। जहां से लौटना असंभव तो नहीं, लेकिन मुश्किल जरूर होता है। अध्ययनकाल में सफलता का अनुभव बच्चे के मनोबल को बढ़ाने का सबसे महत्वूर्ण कारक है। इस मनोबल से उसे भविष्य में आगे बढ़ने और कठिन चुनौतियों का सामना करने की शक्ति मिलती है। अगर ऐसा नहीं हो पा रहा तो सीधे-सीधे इसका जिम्मेदार वह प्रणाली और प्रक्रियाएं होती हैं, जो उसके माथे पर असफलता का ठप्पा लगा रही हैं। क्योंकि कोई भी बच्चा विद्यालय में असफल होने के लिए नहीं आता। ऐसा कभी नहीं होने देना चाहिए कि बच्चों के परीक्षा परिणाम उनके भावी जीवन की बेड़ियां बन जाएं। जरूरी यह है कि बच्चों की बालसुलभ जिज्ञासाओं का समुचित समाधान करते हुए उन्हें गर्व, आत्मसम्मान और सफलतापूर्वक निर्धारित लक्ष्य तक पहुंचने में सहयोगी हुआ जाए।

परीक्षा को किन्हीं निर्धारित समयों पर आयोजित कार्यक्रम के बजाय दैनिक शिक्षण योजनाओं का अभिन्न अंग बनाया जाए जिसमें बच्चे बिना किसी तनाव के स्वआंकलन करते हुए अपेक्षित अधिगम परिणामों को प्राप्त करें, जो बच्चा एक बार अपने मन और मस्तिष्क को पूर्णतः सक्रिय करते हुए लक्ष्य प्राप्ति का सफर तय करता है। वह जीवन में वैध एवं नैतिक तरीकों से सफलता हासिल करने के सूत्र को भी जान लेता है। विद्यार्थियों में यह एहसास जगाना आवश्यक है कि सफलता निरंतर प्रयत्न करने, लक्ष्य के प्रति एकाग्रचित्त रहने प्राप्त होती है। इस संबंध में विद्यालय स्तर पर संवाद कार्यक्रम विशेष प्रभावी होंगे। बच्चे सीखने और सफल होने की जन्मजात शक्तियों के साथ विद्यालय आते हैं। इन शक्तियों को तलाशना और तराशना विद्यालय का प्रमुख दायित्व होता है। यह एक अनगढ़ शिलाखंड से तराशी हुई प्रतिमा हो जाने का सफर है। परीक्षाएं इस सफर में अहम पड़ाव हैं। इस सफर को सहज, सुगम और आनंददायी ही होना चाहिए, डरावना नहीं।

समान नागरिक संहिता

भाजपा के तीन बड़े मुद्दों में शामिल है यूसीसी, भाजपा आगामी आम चुनाव में समान नागरिक संहिता को बना सकती है चुनावी मुद्दा

छोटे उत्तराखंड ने दिया पूरे देश को बड़ा राजनीतिक संदेश

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: यूसीसी विधेयक पारित होने के साथ ही उत्तराखंड पूरे देश में पहला ऐसा राज्य बन गया है जहां यूसीसी बनाने की प्रक्रिया शुरू की गई है। उत्तराखंड के यूसीसी को कानून बनने में अभी समय लगेगा लेकिन जल्द होने वाले लोकसभा चुनाव में उत्तराखंड के यूसीसी का शोर हर जगह सुनाई देगा।

पुष्कर सिंह धामी ने चुनाव से पहले ही वादा किया था कि वह उत्तराखंड में यूसीसी लाएंगे। धामी ने अपना वादा पूरा कर दिया। भाजपा ने राम मंदिर और धारा 370 को खत्म करके अपने दो वायदे पूरे कर दिए हैं। उत्तराखंड ने यूसीसी की शुरूआत कर दी है। आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा उत्तराखंड के यूसीसी को अपने चुनाव का हथियार जरूर बनाएगी। इसकी चर्चा अन्य राज्यों में भी की जाएगी। भाजपा शुरू से ही कहते आई है कि देश में समान नागरिक संहिता होना जरूरी है। उत्तराखंड एक छोटा राज्य है लेकिन यहां का यूसीसी पूरे देश में चर्चा का विषय बन रहा है।

यूसीसी को लेकर जो बात सामने आई है वह यह है कि इससे मुस्लिम पुरुषों को धर्म के नाम पर विवाह और संपत्ति के अधिकार में जो अधिकार प्राप्त थे वह खत्म हो जाएंगे। मुस्लिमों ने यूसीसी का विरोध करना भी शुरू कर दिया है। राजनीति के लिहाज से समझे तो भाजपा की चुनावी तैयारियों को देखते हुये यह काफी फायदेमंद होगा। हालांकि यूसीसी में ऐसे भी प्रावधान है जिससे हर धर्म के पुरुषों पर लगाम लगाने की कोशिश की गई है। राज्य की लोकसभा सीटों की बात करें तो भाजपा पिछले लगातार दो साल से राज्य में पांचों लोकसभा जीत रही है। कांग्रेस के लिए वापसी की राह में यूसीसी नाम की एक और चुनौती आकर खड़ी हो गई है।

जनजातियां बाहर तो कांग्रेस भी आई बैकफुट पर

हल्द्वानी, अमृत विचार : कांग्रेस ने उत्तराखंड में यूसीसी का विरोध इसी बात पर किया है कि इससे जनजाति लोग प्रभावित होंगे। जनजाति समुदाय के अपने नियम होते हैं। वहां शादी, परिवार चलाने आदि में उनकी परंपराओं का बड़ा स्थान है। उत्तराखंड में जौनसारी, भोटिया और थारु प्रमुख जनजातियां रहतीं हैं। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने भी यूसीसी को लेकर पूर्व में बयान दिए थे और कहा था कि भाजपा जो यूसीसी ला रही है, उससे जनजाति समुदाय की रीति रिवाजों पर प्रभाव पड़ेगा। जनजाति समुदाय यूसीसी को स्वीकार नहीं करेगी। यूसीसी विधेयक से जनजाति समुदाय बाहर हैं। राज्य में इनकी आबादी करीब 2.5 प्रतिशत है। अब कांग्रेस के लिये जनजाति वाला मुद्दा ही नहीं रह गया है। भाजपा शुरू से ही मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड को मुस्लिम तुष्टीकरण का हिस्सा मानती है।

महिला डिग्री कॉलेज में छात्राओं को यूसीसी की जानकारी देते शिक्षक। ● अमृत विचार

यूसीसी से महिलाओं का उत्पीड़न होगा बंद

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: महिला महाविद्यालय में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के मुद्दे पर संगोष्ठी हुई। छात्राओं को समान नागरिक संहिता के महत्व के बारे में बताया गया।

डॉ. बीना जोशी ने कहा कि समान नागरिक संहिता के अंतर्गत हर धर्म, जाति, संप्रदाय के लिए सम्पूर्ण राष्ट्र में एक ही नियम होंगे। डॉ. फकीर नेगी ने कहा कि समान नागरिक संहिता का उल्लेख भारतीय संविधान के अनुच्छेद 44 में किया गया है। अनुच्छेद 44 में कहा गया है कि राज्य, भारत के समस्त राज्यक्षेत्र में नागरिकों के लिये एक समान सिविल संहिता प्राप्त कराने का प्रयास करेगा। अंत में प्राचार्य प्रो. शशि पुरोहित ने कहा कि समान नागरिक संहिता विभिन्न पर्सनल लॉज के अंतर्गत महिलाओं के साथ होने वाले भेदभाव और उत्पीड़न को दूर करेगा, जिससे लैंगिक न्याय व समानता सुनिश्चित करेगी। यह विवाह, तलाक, उत्तराधिकार, गोद लेने, भरण-पोषण आदि मामलों में महिलाओं को समान अधिकार देगा। इस दौरान डॉ. गीता पंत, डॉ. दिनेश जोशी, डॉ. चंद्र प्रकाश, डॉ. नेहा सिंह, डॉ. रेखा जोशी, डॉ. विद्या कुमारी, डॉ. हिमानी, डॉ. मंजरी, डॉ. रुचि रहे।

यूसीसी से मुस्लिम महिलाओं की आवाज और अधिकार होंगे मजबूत

संपत्ति में अधिकार, तलाक सहित अन्य पर समान कानून, विवाह का रजिस्ट्रेशन भी कराया अनिवार्य

नरेंद्र देव सिंह, हल्द्वानी

अमृत विचार: यूसीसी सीधे तौर पर महिलाओं को प्रभावित करने वाला विधेयक है। जब यह कानून बनेगा तब राज्य में महिलाओं के अधिकार में अभूतपूर्व बढ़ोत्तरी होगी। कुछ संप्रदाय ऐसे हैं जिनमें पुरुषों को धर्म के आधार पर मौजूदा कानून से हटकर छूट मिलती है। कानून बनने के बाद इस तरह के सभी अधिकार खत्म हो जाएंगे।

एक बात से यूसीसी का महिलाओं के जीवन में महत्तव को समझा जा सकता है कि शादी किसी भी प्रथा और धर्म के आधार हुई हो लेकिन तलाक केवल न्यायिक प्रक्रिया के आधार पर होगा। सीधे तौर पर कहें तो यूसीसी के कानून बनने के बाद सबसे ज्यादा लाभ मुस्लिम महिलाओं को मिलेगा। उन्हें तलाक का अधिकार देश की अन्य महिलाओं की तरह मिलेगा। साथ ही संपत्ति का अधिकार भी बराबर मिलेगा। यूसीसी में स्पष्ट तौर पर बहु विवाह पर रोक लगाई गई है। मुस्लिम समाज में पुरुषों को एक से अधिक विवाह करने की छूट है। यह भी देखने में आता है कि अन्य धर्म के कुछ लोगों ने एक से अधिक शादी करने के लिए अपना धर्म बदल लिया है। यूसीसी कानून बनने के बाद मुस्लिम पुरुषों का यह अधिकार खत्म हो जाएगा। तीन तलाक पर तो पहले ही केंद्र ने ही रोक लगा दी है। साथ ही तलाक होने के बाद किसी मुस्लिम महिला को अगर दूसरी शादी करनी है तो कानून बनने के बाद वह भी अन्य महिलाओं को मिले प्रावधान के अनुसार करेगी। बेटियों की शादी के लिए उम्र का 18 साल का प्रावधान किया गया है और यह सब पर लागू किया गया है। हालांकि यूसीसी के दायरे से जनजाति समाज को बाहर रखा गया है। ऐसे में यूसीसी की वजह से मिलने वाले किसी भी अधिकार का लाभ जनजाति समाज की महिलाओं को नहीं मिलेगा।

संपत्ति में बेटियों को समान अधिकार : संपत्तियों में भी बेटियों को बेटों के बराबर समान अधिकार दिया गया है। कानून बनने के बाद संपत्ति का बंटवारा किसी भी धार्मिक मान्यताओं के आधार पर नहीं होगा। चाहें बेटी किसी भी धर्म की हो, उसे संपत्ति में बेटों के बराबर हक मिलेगा।

समान नागरिक संहिता पर मुस्लिम समुदाय की राय

"सामान नागरिक संहिता बिल में कई बातें भारतीय संस्कृति और संविधान में दिए गए अधिकारों के विरुद्ध हैं। इसके लाने का उद्देश्य ही बिगड़ गया है। लिव इन रिलेशनशिप को मान्यता देना भारतीय संस्कृति के विरुद्ध है। इस्लाम में इद्दत पर रोक को सरासर गलत बताया है। इददत के नियम को नही जानते तो उससे छेड़छाड़ नहीं होनी चाहिए। इस बिल को लाना संविधान का अपमान है।

– शराफत खान

"यूसीसी में सबसे ज्यादा अधिकार महिलाओं को दिया गया है। फिर वह विवाह की बात हो तलाक या फिर गुजारभत्ता की। पहले न्याय की देवी की आंख पर पट्टी थी, लेकिन इस कानून में न्याय की देवी की आंखों से पट्टी हटा दी गई है। पर्सनल लॉ से हटकर ये समान लोगों के लिए बना दिया गया। बड़ी बात है कि इसमें महिलाओं के अधिकारों को महत्व दिया गया है।

– बसीरत जहां, अधिवक्ता

"यूसीसी कानून का रूप लेने से पहले यह सामने आएगा तो उसका आंकलन करेंगे। अगर कुरान, हबीस और शरियत को छेड़छाड़ किए बिना अगर यूसीसी में प्रावधान किए गए हैं तो उसका पालन हम खुद करेंगे और मुस्लिम समाज से करवाएंगे। अगर यूसीसी के कानून कुरान और शरियत के खिलाफ होंगे तो उसका विरोध करेंगे।

– हसमत अली

"हमें यूसीसी की कोई जरूरत नही। ऐसे कानून कि जिसमें मुस्लिम समाज के ओलेमा और बुद्धिजीवियों की बिना राय मशवरे के बनाया जा रहा है। हम शरियत का कानून मानने वाले लोग है। सरकार चुनावी फायदे के लिए जबरन एक विशेष समुदाय को कानून थोपना चाह रही है। सरकार महंगाई और बेरोजगारी जैसे मुद्दे से आम जनता को भटका रही है।

– उवैस राजा

भारत में विवाह की 'मान्यता' को बचाने का प्रयास

भारत में विवाह में एक स्त्री और पुरुष के साथ रहने का अधिकार ही नहीं होता है साथ ही यह जन्म-जन्मांतर का रिश्ता माना जाता है। आधुनिक हो रहे समाज में विवाहोत्तर अवैध संबंध होने की घटनाएं बढ़ने लगी हैं, जिससे विवाह शब्द की स्थापित मान्यता खतरे में पड़ रही है। यूसीसी के कानून बनने के बाद कोई भी स्त्री और पुरुष शादी के बाद अन्य किसी से संबंध बनाता हो तो यह तलाक तक का अधिकार होगा। साथ ही विवाह का रजिस्ट्रशन अनिवार्य करने का भी फायदा भविष्य में महिलाओं को ही ज्यादा मिलेगा।

एक नजर

भूखंड विवाद में फूंकनी से बहू ने सास का हाथ तोड़ा

बढ़ापुर, अमृत विचार : मोहल्ला नौमी निवासी तहसीमा ने बताया कि सोमवार को वह घर पर थी। तभी उनके देवर का बेटा जीशान आया। कुछ देर बाद जीशान की भाभी शाहीन भी आ गई। इस दौरान देहरादून स्थित भूखंड को लेकर बात होने लगी। तहसीमा ने जीशान से भूखंड अपने नाम कराने की बात कही। इस पर शाहीन भड़क गई। उसने पास में रखी लोहे की फूंकनी से तहसीमा के सिर पर वार कर दिया। तहसीमा ने हाथ से बचाव करने का प्रयास किया। फूंकनी के वार से उनका हाथ टूट गया।

गुलदार ने गोवंश को बनाया निवाला

नहटौर, अमृत विचार : ब्लाक क्षेत्र के गांव लतीफुल्लापुर नवादा निवासी रोबिन राजपूत के खेत में एक निराश्रित गोवंश का शव मिलने पर आसपास के क्षेत्र के हड़कंप मच गया। उसके आसपास गुलदार के पदचिन्ह मिले हैं। इससे आशंका व्यक्त की जा रही है कि गुलदार ने ही गोवंश को मार डाला। जंगल में गुलदार की दस्तक को लेकर किसानों में भय व्याप्त है।

युवक ने तीन वर्षीया बच्ची से किया दुष्कर्म, गिरफ्तार

टॉफी के बहाने बच्ची को खंडहरनुमा मकान में ले गया था आरोपी

संवाददाता, शेरकोट

अमृत विचार : क्षेत्र के एक गांव में एक तीन वर्षीय बच्ची को गांव का ही युवक टॉफी दिलाने के बहाने से खंडहरनुमा मकान में ले गया। वहां आरोपी ने बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। बच्ची का चिकित्सीय परीक्षण कराया गया है।

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी अंकित सोमवार की देर शाम करीब साढ़े पांच बजे पड़ोस में ही रहने वाली तीन साल की बच्ची को टॉफी दिलाने के बहाने घर के बहार से बहला फुसला कर खंडहरनुमा मकान में ले गया। वहां वह बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। बच्ची के रोने की आवाज सुनकर पास की दुकान से सामान ले रही उसकी बड़ी बहन मौके पर पहुंच गई। उसे देख आरोपी मौके से भाग गया। बड़ी बहन बच्ची को घर ले गई और परिजनों को पूरी बात बताई। तब परिजनों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। थानाध्यक्ष धीरज नागर ने बताया कि बच्ची के परिजनों की तहरीर के आधार पर अंकित के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कर लिया गया। इसके बाद पुलिस उसकी तलाश में जुट गई। पुलिस ने मंगलवार की सुबह आरोपी अंकित को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ धारा 376एबी और पॉक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

पुलिस की गिरफ्त में बच्ची से दुष्कर्म का आरोपी। ● अमृत विचार

अवैध संबंधों में प्रेमी के साथ मिलकर की पति की हत्या

संवाददाता, धामपुर

अमृत विचार : अवैध संबंधों के चलते महिला ने प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या कर दी। पुलिस ने हत्यारोपी मृतक की पत्नी कमलेश और उसके प्रेमी मनोज कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। मृतक महेंद्र सिंह का शव निर्वस्त्र अवस्था में बगदाद अंसार मार्ग स्थित एक कॉलेज के सेप्टिक टैंक से बरामद कर लिया। मृतक के दो बच्चे हैं। बेटा इंटर तथा बेटी नवीं कक्षा की छात्रा है।

महेंद्र का फाइल फोटो।

मंगलवार की देर शाम कोतवाली परिसर में पुलिस अधीक्षक नीरज जादौन ने इस घटना का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि थाना क्षेत्र के गांव मेघा वाला निवासी कमलेश का ग्राम तिबड़ी निवासी मनोज कुमार से प्रेम-प्रसंग था। कमलेश व उसके प्रेमी मनोज ने मिलकर योजनाबद्ध तरीके से 29 जनवरी को महेंद्र सिंह की हत्या कर दी। इसके बाद शव बगदाद अंसार मार्ग स्थित महाराणा प्रताप फार्मेसी कॉलेज के लैट्रिन के गटर में कपड़े उतार कर डाल दिया। महेंद्र सिंह के पिता शिवचरण सिंह ने 30 जनवरी को बेटे की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पुलिस तभी से महेंद्र सिंह की तलाश में जुटी थी। शिवचरण ने पुलिस को बताया कि मनोज का अक्सर उनके घर आना जाना था। उन्होंने मनोज पर शक जाहिर किया था। संदेह के आधार पर पुलिस ने मनोज कुमार को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पहले तो वह पुलिस को गुमराह करता रहा। मगर जब कड़ाई से पूछताछ की तो मनोज ने सच उगल दिया। उसने बताया कि उसने अपनी प्रेमिका कमलेश के साथ मिलकर महेंद्र सिंह की गर्दन पर हंसिया से वार कर हत्या कर दी। इसके बाद शव के कपड़े उतार कर महाराणा प्रताप फार्मेसी कॉलेज के सेप्टिक टैंक में फेंक दिया। पुलिस ने मनोज की निशानदेही पर महेंद्र का शव बरामद कर लिया है। मनोज कुमार व कमलेश को गिरफ्तार कर लिया गया है।

सार संक्षेप

किसान नेताओं से बात करते उप जिलाधिकारी विजयवर्धन।

सरकारी संस्थाओं की भूमि पर लगेंगे साप्ताहिक बाजार

बिजनौर, अमृत विचार : कोतवाली देहात के ग्राम बरूकी में लगने वाले साप्ताहिक बाजारों का विवाद उप जिलाधिकारी सदर के हस्तक्षेप से हल हो गया। अब साप्ताहिक बाजार बरूकी उमरी रोड पर न लगकर सहकारी समिति, सहकारी संघ, मंडी समिति परिसर तथा जल निगम की खाली पड़ी जमीन पर लगाए जाएंगे। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के कार्यकर्ता की शिकायत के आधार पर उप जिलाधिकारी सदर विजयवर्धन ने बरूकी उमरी रोड पर लगने वाले दोनों साप्ताहिक बाजारों पर रोक लगा दी थी। इसके चलते क्षेत्र के लोग एवं फड़ विक्रेता परेशान थे। उप जिलाधिकारी ने बरूकी का दौरा कर निरीक्षण किया था। उन्होंने बरूकी उमरी संपर्क मार्ग पर भीड़ भाड़ के मद्देनजर बाजार न लगाए जाने एवं सरकारी संस्थाओं की खाली पड़ी जमीन पर दोनों साप्ताहिक बाजार लगाने के निर्देश अधिकारियों को निर्देश दिए।

धर्मपाल अध्यक्ष और अमर सिंह बने महामंत्री

नहटौर, अमृत विचार : उप्र पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ की ब्लॉक कार्यकारणी का चुनाव संपन्न हुआ। इसमें सभी पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित हो गये। सफाईकर्मियों ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों का फूल माला पहनाकर स्वागत किया। सफाईकर्मचारी संघ की कार्यकारिणी के लिए ब्लॉक कार्यालय पर चुनाव अधिकारी गोपाल सिंह व रूपेश कुमार की देखरेख में सम्पन्न हुए चुनाव में धर्मपाल सिंह ने अध्यक्ष, अमर सिंह ने महामंत्री, शीशपाल सिंह ने कोषाध्यक्ष, भोपाल सिंह ने संगठन मंत्री, मुकेश कुमार ने संप्रेषक के लिये नामांकन पत्र जमा किये। सभी पदों के लिये एकल नामांकन पत्र जमा होने के चलते निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया। निर्वाचित पदाधिकारियों का मालाएं पहनाकर स्वागत किया गया।

खेत में मादा गुलदार का शव मिलने से सनसनी

अफजलगढ़, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के गांव प्रेमपुरी में गुरुदेव सिंह के गन्ने के खेत में मादा गुलदार का शव मिलने से सनसनी फैल गई। वन विभाग की टीम ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। माना जा रहा है कि मादा गुलदार की मौत बीमारी से हुई है। क्षेत्र के गांव प्रेमपुरी निवासी गुरूदेव सिंह का गांव के ही नजदीक गन्ने का खेत है। मंगलवार की सुबह गन्ना छीलने गए मजदूरों ने खेत में गुलदार का शव पड़ा देखा। उन्होंने किसान को इसकी जानकारी दी। गुलदार को देखने के लिए काफी संख्या में ग्रामीण भी एकत्र हो गए। सूचना पाकर वन दरोगा सुनील कुमार राजौरा टीम के साथ मौके पर पहुंचे और गुलदार के शव को बिजनौर स्थित वन विभाग की नर्सरी में पोस्टमार्टम के लिए ले गए। वन क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार, सीओ अर्चना सिंह, कोतवाल राजकुमार सरोज ने भी मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों से मादा गुलदार के शव के बारे में जानकारी ली। वन दरोगा ने बताया कि गुलदार के शरीर पर घाव का कोई निशान नहीं है। इसलिए माना जा रहा है कि मादा गुलदार के मौत बीमारी से हुई है। उसकी उम्र लगभग दो साल है। गुलदार की मौत एक-दो दिन पूर्व होना बताया जा रहा है।

हादसे में स्कूटी सवार महिला स्वास्थ्यकर्मी घायल

बढ़ापुर, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के इस्लामाबाद चौराहे पर स्कूटी व वैगनआर में टक्कर हो गई। इसमें स्कूटी सवार महिला स्वास्थ्य कर्मी गम्भीर रूप से घायल हो गई। घायल को सीएचसी नगीना में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया है। मूल रूप से मुजफ्फरनगर निवासी अंशु स्वास्थ्य विभाग की कर्मचारी हैं। वह शाहअलीपुर कोटरा में तैनात हैं। मंगलवार को वह स्कूटी पर सवार होकर कहीं जा रही थीं। इस्लामाबाद चौराहे के समीप सामने से आ रही वैगनआर से उनकी स्कूटी की टक्कर हो गई। इसमें अंशु गम्भीर रूप से घायल हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल अंशु को सीएचसी नगीना भेज दिया। उपनिरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

प्रेस वार्ता करते चंद्रशेखर आजाद। ● अमृत विचार

सरकार की गलत नीतियों के कारण बेरोजगार हैं युवा

संवाददाता, स्योहारा

अमृत विचार : चेयरमैन फैसल वारसी के आवास पर आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि भाजपा सरकार की गलत नीतियों के कारण देश का युवा बेरोजगार घूम रहा है।

नगीना लोकसभा क्षेत्र से मजबूत दावेदारी करने वाले आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का ग्राम सद्दो बेरखे, ग्राम सिपाहियों वाला, मुकरपुरी सहित कई गांवों में जनसंपर्क के दौरान लोगों ने स्वागत किया। इसके बाद पालिकाध्यक्ष से मिलने पहुंचे चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि भाजपा सरकार महंगाई, बेरोजगारी के मुद्दे से भटकाकर लोगों को मंदिर-मस्जिद में लगाकर गुमराह कर रही है। पालिकाध्यक्ष की तारीफ करते हुए कहा है कि जनता को बहुत अच्छा चेयरमैन मिला है। शेरकोट निवासी शादाब उर्फ पप्पू, वसीम उर्फ बबली कुरैशी, आमिर शेख आदि रहे।

दूर की जाएं एनपीएस की विसंगतियां

बिजनौर, अमृत विचार : अटेवा पेंशन बचाओ मंच उत्तर प्रदेश शाखा बिजनौर द्वारा फरवरी 2023 से एनपीएस की कटौती की धनराशि शिक्षक एवं कर्मचारियों के खाते में न जाने को लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक रामाज्ञा कुमार को जिला महामंत्री सुभाष चन्द्र यादव के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा।

प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिम जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने कहा कि फरवरी 2023 से जनपद के सभी एनपीएस के अंतर्गत आने वाले शिक्षकों एवं कर्मचारियों के वेतन से एनपीएस की 10 प्रतिशत का अंश निरंतर कट रहा है लेकिन एनपीएस के खाते में संपूर्ण कटौती की धनराशि न जाने से ब्याज की बड़ी राशि का नुकसान हो रहा है।

इस अवसर पर विजय कुमार सिंह, विनीत कुमार गहलौत, विजय कुमार यादव, कुलवीर चौधरी, महेश कुमार पाल, दीपक कुमार आदि मौजूद रहे।

उत्पादों की गुणवत्ता के साथ ब्रांडिंग भी जरूरी

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

अमृत विचार : जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में स्वयं सहायता समूह द्वारा तैयार उत्पाद की लेबलिंग, पैकेजिंग, बिक्री, मार्केटिंग इत्यादि के प्रति जागरुक करने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इसमें जिलाधिकारी ने कहा कि जिले के उत्पादों की गुणवत्ता के साथ ब्रांडिंग तथा पैकेजिंग पर विशेष ध्यान देना होगा। उत्पादों की पैकेजिंग जितनी सुन्दर होगी उतना ही मार्केट में व्यापारी खरीदारी के लिए आकर्षित होगा। अच्छा मूल्य भी मिलेगा।

उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि उत्पादों को बाजार में उचित मूल्य उपलब्ध कराने के लिए ब्लॉक मिशन प्रबंधक के साथ विशेषज्ञों की टीम गठित कर उनकी ब्रांडिंग व पैकेजिंग कराना सुनिश्चित कराएं। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों द्वारा बनाए जा रहे विभिन्न उत्पादों को देखा और उनकी सराहना की।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा, परियोजना निदेशक ज्ञानेश्वर तिवारी, उपनिदेशक कृषि गिरीश चंद्र, डीसी एनआरएलएम, संबंधित अधिकारी व समूहों की महिलाएं मौजूद रहीं।

कानूनगो व लेखपालों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल।

बर्दाश्त नहीं किया जाएगा सार्वजनिक भूमि पर कब्जा

बिजनौर, अमृत विचार : मंगलवार को जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में भूमि सर्वेक्षण एवं अभिलेख प्रक्रिया से संबंधित बैठक ली। इसमें उन्होंने कानूनगो व लेखपालों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक भूमि पर किसी भी स्थिति में कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने लेखपालों को अपने क्षेत्र में स्थित सार्वजनिक भूमि का रिकॉर्ड चैक करने और उन पर कब्जा न होने का प्रमाण पत्र देने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी स्थिति में सरकारी जमीन पर कब्जा न होने पाए। अवैध कब्जे की शिकायत मिलने पर प्रभावी कार्रवाई करें। उन्होंने पांच गांवों की पैमाइश की जानकारी ली एवं अभिलेख बनाने के निर्देश दिए।

एक नजर

भतीजे को जेल से छुड़ाने के नाम पर ठगे 3.68 लाख

काशीपुर, अमृत विचार : साइबर ठग ने एक व्यक्ति से उसके भतीजे को जेल में बंद होने की बात कहकर 3 .68 लाख रुपए ठग लिया। पुलिस ने अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मोहल्ला आवास विकास निवासी परमवीर सिंह पुत्र मक्खन सिंह ने पुलिस को तहरीर सौंपकर बताया कि 10 जुलाई को उनको जगमोहन नंदा नाम के व्यक्ति का कॉल आया, जिसने खुद को वकील बताया, जिसके बाद उसने एक अन्य व्यक्ति से बात कराई, जिसकी आवाज उसके भतीजे जैसी थी। उसने कहा कि मैं जेल में बंद हूं। आप वकील साहब को तीन लाख रुपये दे दो, जिसके बाद उन्होंने अलग-अलग बार में 3 .68 लाख रुपये उसके खाते में डाल दिया, जिसके बाद दूसरे व्यक्ति ने जो खुद को भतीजा बता रहा था। उसने कहा कि मैंने आपके खाते में 1.76 लाख डॉलर डाल दिया है, जो कि भारतीय 10 लाख रुपये के बराबर हैं, लेकिन वह पैसा उनके खाते में नहीं आया। तब उनको अपने साथ हुई साइबर ठगी का पता चला। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात साइबर ठग के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

महिला जज के मोबाइल को जांच के लिए मुरादाबाद फॉरेंसिक लैब भेजा

पुलिस यह मानकर चल रही है कि मोबाइल ही मौत का राज खोलेगा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

पड़ताल

▸▸ **हत्या में रिपोर्ट करने के बाद पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है**

अमृत विचार : महिला सिविल जज ज्योत्सना राय के मोबाइल फोन में पैटर्न लॉक लगा है, इसलिए पुलिस को मोबाइल से कोई भी जानकारी नहीं मिल सकी। पुलिस ने मोबाइल को जांच के लिए मुरादाबाद की फॉरेंसिक लैब भेजा है। पुलिस यह मानकर चल रही है कि मोबाइल ही अब महिला जज की मौत की गुत्थी सुलझाएगा। वहीं, पुलिस ने हत्या की रिपोर्ट दर्ज होने के बाद कई बिंदुओं पर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने मंगलवार को आवास पहुंचकर नक्शा नजरी भी बनाई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भले ही हैंगिंग से मौत होने की पुष्टि हुई मगर पुलिस हत्या होने की बात मानकर ही जांच कर रही है।

जज ज्योत्सना राय।

जिला मऊ की तहसील घोसी क्षेत्र के गांव तराई डीह निवासी सिविल जज ज्योत्सना राय का शव 3 जनवरी को उनके जजी कॉलोनी स्थित सरकारी आवास के कमरे में पंखे से लटका मिला था। महिला जज के पिता अशोक कुमार राय ने घटना वाले दिन कहा कि बेटी आत्महत्या नहीं कर सकती। उनकी तहरीर पर कोतवाली सदर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हैंगिंग से मौत होने की पुष्टि हुई थी। पुलिस ने हत्या मानकर जांच शुरू करते हुए महिला जज के मोबाइल नंबर की कॉल डिटेल को निकलवाया, लेकिन उसमें कोई सुराग पुलिस के हाथ नहीं लगा। यही पता चला कि महिला जज ने आखिरी बार अपने परिजन और दोस्तों से बात की थी। सदर कोतवाल बिजेंद्र सिंह ने मंगलवार को नक्शा नजरी बनाकर छानबीन की है। महिला जज के मोबाइल में पैटर्न लॉक लगा है इसलिए पुलिस को मोबाइल में सुरक्षित चीजों की जानकारी नहीं हो सकी। एसएसपी आलोक प्रियदर्शी ने बताया कि हर पहलु पर छानबीन की जा रही है। मोबाइल फोन की जांच कराई जा रही है।

बीएससी और एमएससी नर्सिंग की परीक्षा 20 फरवरी से होंगी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▸▸ **रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने मंगलवार को परीक्षा कार्यक्रम किया जारी**

अमृत विचार : रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने बीएससी नर्सिंग, पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग, बीएससी पैरामेडिकल और एमएससी नर्सिंग की परीक्षा 2024 का कार्यक्रम जारी किया है। परीक्षा 20 फरवरी से सुबह 8:30 से 11:30 बजे की पाली में होगी। 20 से ही परास्नातक विषम सेमेस्टर की परीक्षा शुरू होगी।

परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार के मुताबिक बीएससी नर्सिंग प्रथम, द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ वर्ष की परीक्षा 20 फरवरी से 2 मार्च, पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग भाग और दो की पूरक परीक्षा 20 फरवरी से 6 मार्च, बीएससी पैरामेडिकल पूरक चतुर्थ सेमेस्टर की 20 से 26 फरवरी, बीएससी पैरामेडिकल पूरक प्रथम, द्वितीय और तृतीय वर्ष की 20 से 26 फरवरी, एमएससी नर्सिंग प्रथम वर्ष की पूरक परीक्षा 20 से 23 फरवरी, द्वितीय वर्ष की 20 और 21 फरवरी और एमएससी पैरामेडिकल तृतीय सेमेस्टर की 20 से 22 फरवरी तक होगी।

बीएससी व एमएससी कृषि की मिड टर्म परीक्षा 25 फरवरी तक

बरेली, अमृत विचार : रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने बीएससी कृषि, आनर्स और एमएससी कृषि की मिड टर्म और प्रयोगात्मक परीक्षा की तिथि 25 फरवरी तक बढ़ा दी है। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार ने महाविद्यालयों को निर्देश दिए हैं कि इसके बाद अंक स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के कल से भरे जाएंगे परीक्षा फार्म

बरेली, अमृत विचार : रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने विश्वविद्यालय परिसर में संचालित डिप्लोमा, सर्टिफिकेट और पीजी पाठ्यक्रमों के परीक्षा फार्म भरने की तिथि निर्धारित कर दी है। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार के मुताबिक जर्मन, मैंडरिन, फ्रेंच, कम्युनिकेशन इंग्लिश, वूमेन इंपावरमेंट और इंटरप्रेन्योरशिप के फार्म 8 से 16 फरवरी तक ऑनलाइन भरे जाएंगे। विद्यार्थियों को 17 तक भरे हुए फार्म विभाग में जमा करने होंगे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला उद्यान अधिकारी, मुरादाबाद के नियंत्रण में संचालित राजकीय बहुउद्देशीय औद्यानिक प्रक्षेत्र /पौधशाला बिलारी पर उपलब्ध आम नाशपाती कटहल का उपलब्ध बाग एवं राजकीय पौधशाला सरथल में उपलब्ध आम एवं अमरूद पर फसल बहार-2024 की नीलामी दिनांक-08-02-2024 को उपनिदेशक उद्यान मुरादाबादमण्डल, मुरादाबाद की अध्यक्षता में डा० रामस्वरूप कालोनी स्थित उनके कार्यालय में 01:00 बजे से नीलामी निर्धारित की है। उक्त नीलामी नामित समिति द्वारा पुलिस अभिरक्षा में करायी जायेगी अधिक जानकारी के लिए बागों का अवलोकन करते हुए उपनिर्देशक उद्यान के नोटिस बोर्ड या कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है।अधिक जानकारी के लिए कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी विकास भवन, द्वितीय तल, कमरा नं0-एस-13. कॉठ रोड,मुरादाबाद में अथवा निम्न दूरभाष नं0-9415757868 तथा दूरभाष संख्या 8279900677 पर सम्पर्क एवं जिला उद्यान अधिकारीतथा राजकीय बहुउद्देशीय औद्यानिक प्रक्षेत्र बिलारी के नोटिस बोर्ड से नियम एवं शर्तों की जानकारी की जा सकती है। जिला उद्यान अधिकारी मुरादाबाद।

कार्यालय जिला पंचायत मुरादाबाद

पत्रांक- 0143/1/जि0प0/23-24 दिनांक 06.02.2024

पब्लिक नोटिस

जिला पंचायत मुरादाबाद में उ०प्र० क्षेत्र पंचायत एवं जिला पंचायत अधिनियम, 1961 की धारा-239(2) के अन्तर्गत जनपद मुरादाबाद के ग्रामीण क्षेत्र में वाहनों के आवागमन एवं जनमानस की सुविधा के दृष्टिगत पुल के माध्यम से संचार स्थापित किये जाने हेतु नदियों पर अस्थायी चटटा पुल/पैन्टून पुल निर्माण एवं संचालन हेतु उपविधियां बनाई जाती है। इस संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था अथवा कम्पनी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 30 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय जिला पंचायत मुरादाबाद को प्रेषित कर सकते हैं। समय अवधि व्यतीत होने पर किसी आपत्ति पर विचार किया जाना संभव न होगा। निम्नलिखित उपविधियां उ०प्र० शासकीय गजट में प्रकाशन की तिथि से प्रभावी होगी।

उपविधियाँ:-01. यह उपविधियों जिला पंचायत, मुरादाबाद के समस्त ग्रामीण क्षेत्र में नदियों पर अस्थायी चटटा पुल/पैन्टून पुल निर्माण एवं संचालन सम्बन्धी उपविधियों कहलाएंगी। 02. यह उपविधि गजट में प्रकाशित होने की तिथि से प्रभावी होगी। 03. इन उपविधियों के अन्तर्गत 01. पंचायत का तात्पर्य जिला पंचायत मुरादाबाद से है: 02. अध्यक्ष का तात्पर्य अध्यक्ष, जिला पंचायत मुरादाबाद से है: 03. अपर मुख्य अधिकारी का तात्पर्य अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, मुरादाबाद से है : 04. लाइसेंस अधिकारी का तात्पर्य अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत मुरादाबाद से है: 05. अभियंता का तात्पर्य अभियंता, जिला पंचायत मुरादाबाद से है: 06. जनपद का तात्पर्य जनपद मुरादाबाद से है: 07. ग्रामीण क्षेत्र का तात्पर्य जनपद की समस्त नगरपालिका परिषद, नोटिफाइड एरिया, नगर पंचायत, छावनी परिषद तथा नगर निगम के क्षेत्र के अतिरिक्त जनपद के अन्य क्षेत्र से है. 04. जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण मंत्रालय, भारत सरकार की अधिसूचना, सं0 2458 नई दिल्ली, 07 अक्टूबर, 2016 का अनुपालन करना होगा एवं जल शक्ति यथा जल संसाधन मंत्रालय, भारत सरकार तथा उ०प्र० सरकार के जनपद स्तरीय विभाग यथा बाढ़ खण्ड, मुरादाबाद एवं लोक निर्माण विभाग, मुरादाबाद, उ०प्र० द्वारा निर्धारित मानको का सम्यक प्रकारेण पालन करते हुये समय-समय पर उ०प्र० सरकार के पंचायती राजविभाग द्वारा लिए गये निर्णयो का पालन सम्बन्धित के लिए वाध्य कारी होगा। 05. जिला पंचायत द्वारा अस्थायी चटटा पुल/पैन्टून पुल निर्माण एवं उसके संचालन का ठेका, सार्वजनिक नीलागी अथवा टेन्डर के माध्यम से उच्चतमबोली दाता को दिया जायेगा। 06. जिला पंचायत द्वारा दिये गये ठेके की अवशेष धनराशि की वसूली भू-राजस्व की वसूली की भांति की जा सकेगी।07. ठेकेदार द्वारा तैयार कराये गये पुल का नक्शा एवं ब्योरेवार अनुमान को बाढ़ खण्ड, मुरादाबाद एवं लोक निर्माण विभाग, मुरादाबाद से परीक्षण कराने के उपरान्त ही ठेकेदार पुल का निर्माण तथा संचालन का कार्य करेगा। 08. अस्थायी चटटा पुल/पैन्टून पुल का निर्माण कराने के उपरान्त बाढ़ खण्ड, मुरादाबाद एवं लोक निर्माण विभाग,मुरादाबाद से पुल का परीक्षण कराकर गुणवत्ता/पुल की भार क्षमता का प्रमाण पत्र ठेकेदार को लेना अनिवार्य होगा। ठेकेदार पुल का निर्माण अपनी स्वयं की निधि से करेगातथा प्रत्येक वाहन जो चटटा पुल/पैन्टून पुल से होकर गुजरेगा और जिनका उपयोग या परिवहन लोक सेवा के लिये नहीं किया जा रहा हो अथवा जिलापंचायत द्वारा शुल्क से छूट प्राप्त नही हो, ठेकेदार, जिला पंचायत द्वारा निर्धारित शुल्क वसूल करेगा, जिसकी अवधि 01 अक्टूबर से 31 मई तक होगी। (निर्माण अवधि को छोड़कर) 09. प्रत्येक चटटा पुल/पैन्टून पुल का समय-समय पर निरीक्षण जिला पंचायत या आयुक्त, मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद द्वारा नियुक्त अधिकारी के द्वारा किया जायेगा। 10. आयुक्त मुरादाबाद, मण्डल मुरादाबाद की मंजूरी के बिना चटटा पुल/पैन्टून पुल की सीमाओं से दो कि०मी० की दूरी के भीतर किसी स्थान पर चटटा पुल/पैन्टून पुल का निर्माण एवं संचालन नही किया जायेगा। 11. सुरक्षा की दृष्टि से चटटा पुल/पैन्टून पुल पर एक नाव चालक राहित दो गोताखोर एवं प्रकाश व्यवस्था तथा सी०सी०टी०वी० कैमरे के माध्यम से निगरानी की व्यवस्था करनी होगी। 12. प्रत्येक वाहन जो चटटा पुल/पैन्टून पुल से होकर गुजरेगा और जिनका उपयोग या परिवहन लोक सेवा के लिये नही किया जा रहा हो अथवा जिला पंचायत द्वारा शुल्क से छूट प्राप्त नहीं हो, जिला पंचायत के ठेकेदार को निर्धारित शुल्क अदा करेगा। 13. ठेकेदार को ठेका लेते समय जिलाधिकारी द्वारा प्रदत्त चरित्र प्रमाण पत्र एवं रू० 25.00 लाख की हैसियत प्रमाण पत्र देना अनिवार्य होगा, जो शासन द्वारा निर्धारित अवधि के भीतर का होगा। 14. चटटा पुल/पैन्टून पुल से वाहन गुजरते समय / पुल क्षतिग्रस्त होने के कारण दुर्घटना आदि के लिये ठेकेदार स्वयं उत्तरदारी होगा। 15. शुल्क की वसूली चटटा पुल/पैन्टून पुल से 50 मी० की दूरी पर वैरियर लगाकर की जायेगी। ठेकेदार वैरियर के अतिरिक्त शुल्क वसूल नही करेंना, अन्यथा उसके विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी, जिसमें ठेके को निलम्बित या निरस्त किया जा सकता है।

16. शुल्क की दरें निम्नवत होगी-

01. साईकिल /पैदल व्यक्ति निःशुल्क 02. बैलगाडी / भैसा बुग्गी (व्यक्तिगत) निःशुल्क 03. बैलगाडी/भैंसा बुग्गी (व्यवसायिक) जानवरों का चारा इत्यादि को छोड़कर 25 रू0 04. मोटर साईकिल / स्कूटर 10 रू0 05. घोड़ा गाड़ी/ऊँट गाड़ी 20 रु0 6. कार/जीप 30 रु0 07. ट्रैक्टर-ट्राली 100 रु0 8. छोटे ट्रक 100 रू0 09. बडे ट्रक 200 रु 0 10. उपरोक्त के अतिरिक्त अन्य वाहन, वस्तु 50 रु0 17. ठेकेदार को शुल्क दरों की सारणी पट मौके पर लगाना होगा। ठेकेदार जिला पंचायत द्वारा निर्धारित शुल्क से अधिक पर ली नहीं करेगा। यदि ठेकेदार निर्धारित शुल्क से अधिक वसूली करता है तो उसका ठेका निरस्त कर दिया जायेगा। 18. ठेकेदार द्वारा निर्गत शुल्क रसीद की जाँच करने का अधिकार जिला पंचायत के अधिकारी / कर्मचारी को होगा। 19. वाहनों से शुल्क वसूली के लिये जिला पंचायत मुरादाबाद द्वारा दो प्रति में रसीद निर्गत की जायेगी। इन्ही रसीदो पर ठेकेदार वाहनों से शुल्क प्राप्त करेगा। ठेकेदार रसीद बहियों को जिला पंचायत कार्यालय से उस मुल्य पर क्रय करेगा जो जिला पंचायत द्वारा निर्धारित की जायेगी। 20. शुल्क दाता को यदि आपत्ति है, तो शुल्क दाता लिखित रूप में अपर मुख्य अधिकारी मुरादाबाद के सम्मुख अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। शुल्क दाता यदि अपर मुख्य अधिकारी के निर्णय से सन्तुष्ट नही है तो इसकी अपील अध्यक्ष, जिला पंचायत मुरादाबाद के समक्ष निर्णय की सूचना मिलने के 30 दिन के अन्दर की जा सकेगी तथा अध्यक्ष का निर्णय अन्तिम मान्य होगा। 21. प्रत्येक वर्ष जिला पंचायत के अनुमोदन से शुल्क में वृद्धि अथवा किसी वाहन या अन्य वस्तु को शुल्क से मुक्त कर सकती है 22. उक्त उपविधियों के अनुसार कोई भी व्यक्ति यदि शुल्क अदा किये बिना कपटपूर्ण या बलपूर्वक चटटा पुल/पैन्टून पुल का उपयोग करता है या शुल्क संग्राहक या ठेकेदार या उसके सहायकों में से किसी को इन उपविधियों के अधीन अपने कर्तव्यों के निष्पादन में किसी प्रकार से बाधा पंहुचाता है या किसी शुल्क संग्राहक, ठेकेदार या उसके सहायक की ऐसी चेतावनी पर भी की ऐसा नही करना चाहिये उस पुल से जो ऐसी दशा मे है, कि वाहन या वस्तु आदि मनुष्य व समपत्ति को संकट मे डाल सकती है,जाता है या कोई पशु या यान या अन्य वस्तुए ले जाता है या ऐसे शुल्क संग्राहक, ठेकेदार या सहायक द्वारा अनुरोध किये जाने पर किसी ऐसे पुल को छोड़ने या किन्ही पशुओं , यानो या वस्तुओं को हटाने से इन्कार करता है या उपेक्षा करता है वह जुर्माने से दंडित किया जायेगा 23. इन उपविधियों के अधीन पुल को किये गये या कराये गये नुकसान के मूल्य का निर्धारण और अधिरोपित किसी जुर्माने को रकम अपराधी द्वारा जमा करने अथवा रकम को कम करने या छोड़ने का अधिकार आयुक्त, मुरादाबाद, मण्डल मुरादाबाद में निहित होगा। 24. ठेकेदार को निर्धारित एवं नियमित स्टाम्प शुल्क पर पुल का निर्माण एवं संचालन हेतु ठेके का अनुबन्ध कराना अनिवार्य होगा तथा अनुबन्ध की शर्तो का पूर्णतयः पालन करना होगा। उल्लंघन की दशा में अपर मुख्य अधिकारी की संस्तुति पर अध्यक्ष, जिला पंचायत को ठेका निरस्त करने काअधिकार होगा। 25. जिला पंचायत अथवा शासन द्वारा पुल के संचालन को बंद करने के निर्देश प्राप्त होते है तो चटटा पुल/पैन्टून पुल का संचालन तत्काल बंद करना होगा तथा ठेका निरस्त कर दिया जायेगा। 26. अधिक तेज वर्षा, ऑधी तुफान, बांध या तटबन्ध की विफलता के कारण आचानक छोड़े गये पानी या अन्य प्राकृतिक आपदा के समय चटटा पुल/पैन्टून पुल का संचालन बंद रखना होगा। 27. शुल्क संग्राहक या ठेकेदार या ठेकेदार के किसी अन्य सहायक को दुर्घटना के समय तत्काल नजदीकी पुलिस स्टेशन को सूचित करना होगा। 28. दैनिक यात्रियों, कृषको के लिये प्रातः 08:00 से 09:00 बजे तक और शाम 05:00 से 06:00 बजे तक चटटा पुल / पैन्टून पुल पर आवागमन निःशुल्क रहेगा। 29. किसी भी विवाद की स्थिति में आयुक्त, मुरादाबाद, मण्डल मुरादाबाद का निर्णय अंतिम होगा।

-:दण्ड:-

उ०प्र० क्षेत्र पंचायत तथा जिला पंचायत अधिनियम, 1961 (यथा संशोधित 1994) की धारा 240 में प्रदत्त अधिकरों के अन्तर्गत जिला पंचायत मुरादाबाद यह निर्देश देती है कि जो व्यक्ति इन उपविधियों का उल्लंघन करेगा वह अर्थदण्ड से दण्डनीय होगा, जो रू0 1000 तक होगा और यदि ऐसा उल्लंघन जारी रहे तो अतिरिक्त अर्थदण्ड से दण्डनीय होगा, जो प्रथम दोष सिद्धि के पश्चात ऐसे प्रत्येक दिन के लिये जिसके बारे में यह सिद्ध हो जाये कि अपराधी अपराध करता है, 50 रू0 तक हो सकेगा अथवा यदि अर्थदण्ड का भुगतान न किया जाये तो करावास से दण्डनीय होगा जो तीन मास तक का हो सकेगा।

अपर मुख्य अधिकारी
जिला पंचायत मुरादाबाद

कार्यालय नगर पंचायत बबराला (सम्भल)

पत्रांक- 516/न0पं0ब0/ई-निविदा/2023-24 दिनांक- 06.02.2024

ई-निविदा सूचना

समस्त ठेकेदार / फर्मों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2022-23 की 15वां वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त प्रथम किश्त (टाईड ग्रान्ट) की धनराशि से निम्न कार्यों की ई-निविदा आमंत्रित की जा रही है। निविदा का विवरण एवं प्रपत्र उत्तर प्रदेश ई-प्रोक्योरमेन्ट/ई-टेन्डर प्रकिया की वेबसाइट http://etender.up.nic.in से प्राप्त किया जा सकता है। अन्य विवरण निम्नवत है-

1.	ऑनलाइन निविदा प्रकाशन की तिथि	दिनांक- 06.02.2024 समय 03:00 बजे से
2.	फर्म/ठेकेदार द्वारा ऑनलाइन निविदा अपलोड की प्रारम्भ तिथि व समय	दिनांक- 06.02.2024 समय 03:00 बजे से
3.	फर्म/ठेकेदार द्वारा ऑनलाइन निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि व समय	दिनांक- 26.02.2024 समय 04:00 बजे से तक
4.	फर्म/ठेकेदार द्वारा ऑनलाइन मूल अभिलेख (निविदा सूचना के अनुसार जमा करने की तिथि व स्थान	दिनांक- 26.02.2024 समय 05:00 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत बबराला में
5.	विभाग द्वारा निविदा खोलने की तिथि	दिनांक- 27.02.2024 समय 11:00 बजे से

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत बबराला
जनपद-सम्भल

अध्यक्ष
नगर पंचायत बबराला
जनपद-सम्भल

रुद्र-बिलास किसान सहकारी चीनी मिल्स लि०, बिलासपुर जिला- रामपुर

अल्पकालीन निविदा-सूचना

पत्रांक संख्या: 1648 /प्र0 प्र0/निविदा/2023-24 दिनांक 06.02.2024

इस मिल समिति के निम्नलिखित कार्य सम्पादन हेतु इच्छुक ठेकेदारों से क्रमांक 01 से 04 तक सम्मुख अकिंत तिथि में अपरान्ह 2:00 बजे तक सील बन्द निविदायें आमंन्त्रित की जाती है तथा धरोहर धनराशि नाम के सम्मुख अंकित मिल कोष में नराद अथवा आरटीजीएस (PUNJAB NATIONAL BANK RUDRAPUR, ACCOUNT NUMBER-0833000100123339, IFSC CODE-PUNB0083300) के माध्यम से जमा करना अनिवार्य होगा:-

क्र0 सं0	आइटम का विवरण	यूनिट	निविदा प्राप्त होने की तिथि	धरोहर धनराशि (रू0 में)
1.	पैन नं0 04 व 06 (40टन) के कम्पलीट शैल इत्यादि का डिस्मेन्टलिंग करना।	02 नग	13.02.2024	रू0 10,000.00
2.(I)	पैन नं0 04 व 06 (40टन) की नई 12/10 एम०एम० प्लेट से फैब्रीकेट कर इरेक्शन करना।	01 नग	14.02.2024	रू0 9,000.00
2.(II)	वैक्यूम फिल्टर को डिस्मेन्टल करके निर्देशानुसार इरेक्शन करना।	01 नग		
3.(I)	जूस क्लेरीफायर के फ्लेश टैंक को डिस्मेल्ट करना तथा नयी प्लेट से बनाकर लगाना।	01 नग	15.02.2024	रू0 5,000.00
3.(II)	जूस सल्फाईटर के टावर को डिस्मेल्ट करना तथा नयी प्लेट से बनाकर लगाना।	01 नग		
3.(III)	1250 के०जी० चार्ज मशीन का फैलीकेशन करना। (मोलासेस चैम्बर)	01 नग		
3.(IV)	रमाला चीनी मिल से रिडक्शन गियर बॉक्स यू0 1200, रेसियो 30:1 L को डिस्मेन्टल कर अपने संसाधनों से इस मिल तक सुरक्षित पहुँचाना	01 नग		
4.	उत्तर प्रदेश राज्य निगम लिमिटेड ईकाई छाता चीनी मिल (मथुरा) से ज्योति मेक अल्टरनेटर डिस्मेन्टल कर अपने संसाधनों से इस मिल तक सुरक्षित पहुँचाना	01 नग	16.02.2024	रू0 8,000.00

अग्रेतर निविदाओं की विस्तृत जानकारी एवं निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में अंकन रू0 200.00+ 36.00 जी०एस०टी० (रू0 236.00 दो सौ छत्तीस) नान रिफण्डेबुल मिल कोष में जमा करके प्राप्त किया जा सकता है। निविदा० को निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा। बिना धरोहर धनराशि के निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी । उपरोक्तानुसार कार्य के नाम के सम्मुख अंकित निर्धारित तिथि को प्राप्त निविदाओं को उसी तिथि में अपरान्ह 3:00 बजे क्रय कमेटी द्वारा निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी, तदोपरान्त आवश्यक हुआ तो निगोशियेशन भी किया जायेगा। अपरिहार्य कारणों से ही निविदा तिथि में परिवर्तन होना सम्भावित है।

प्रधान प्रबन्धक

बेसिक स्कूलों में 85,152 पद खाली, भर्ती का प्रस्ताव नहीं

बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री संदीप सिंह के जवाब से कई साल से सुपरटेट का इंतजार कर रहे युवाओं को झटका

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में खाली पदों की संख्या 85 हजार 152 है, लेकिन सरकार के पास अभी तक इन पदों पर भर्ती का कोई प्रस्ताव नहीं है। बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री संदीप सिंह के इस जवाब से टेट और सीटेट करके सुपरटेट की परीक्षा के जरिए शिक्षक बनने की तैयारी कर रहे लाखों युवाओं को झटका लगा है। मंत्री ने यह भी तर्क रखा है कि परिषदीय स्कूलों में 1,47,766 शिक्षामित्रों के जरिए 21 बच्चों पर एक अध्यापक का अनुपात भी दुरूस्त है।

विधानसभा में मंगलवार को प्रश्न प्रहर के दौरान सपा विधायक अनिल प्रधान और अभय सिंह के अगल-अलग सवालों के जबाव में बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री संदीप सिंह ने बताया कि उप्र बेसिक शिक्षा परिषद के नियंत्रणाधीन संचालित परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों में स्वीकृत पद 4,17,886 के सापेक्ष प्रधानाध्यापक और सहायक अध्यापक के 85,152 पद रिक्त हैं। परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों में नामांकित छात्र संख्या

1,05,06,379 हैं, और कार्यरत अध्यापकों की संख्या 3,32,734 है। इस प्रकार छात्र-शिक्षक अनुपात 31:1 (31 छात्र पर एक शिक्षक) है। मंत्री ने कहा कि प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षामित्रों की संख्या 1,47,766 को सम्मिलित करते हुए छात्र-शिक्षक अनुपात 21:1 है, जो मानक के अनुसार पूर्ण है।

एक अन्य सवाल के जवाब में बेसिक शिक्षा मंत्री ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों में छात्र शिक्षक अनुपात पूरा है, अभी शिक्षक भर्ती का कोई प्रस्ताव या प्रक्रिया विचाराधीन नहीं है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत शिक्षामित्र और अनुदेशक दोनों पढ़ाई में सहयोग करते हैं। विभाग में अंशकालिक अनुदेशक, शिक्षा मित्र और सहायक अध्यापकों को मिलाकर वर्तमान में शिक्षकों की संख्या 6,28,915 है। अनुपात पूरा है, और पढ़ाई में कोई दिक्कत नहीं है। एक पूरक प्रश्न के जवाब में संदीप सिंह ने यह भी कहा कि उनकी सरकार में 2017 से लेकर अभी तक 1,26,371 नये शिक्षकों की नियुक्ति की गयी है। डॉ हृदय नारायण सिंह के 69 हजार शिक्षक भर्ती में कोर्ट के आदेश को लेकर पूछे गए सवाल पर मंत्री ने आदेशानुसार कार्यवाही की बात कही।

सपा विधायक डॉ रागिनी और त्रिभुवन दत्त ने सवाल पूछा कि क्या प्रदेश में बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों को चिकित्सीय इलाज हेतु कैशलेश हेल्थ इन्श्योरेन्स से आच्छादित करने हेतु कोई योजना है, तो सरकार ने नहीं में जवाब दिया। बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि बेसिक शिक्षा परिषद एक निगमित निकाय है। उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद के अधीन कार्यरत शैक्षिक/शिक्षणेत्तर कर्मचारी का संवर्ग परिषदीय है और चिकित्सा अनुभाग-6 के आदेश के प्राविधानानुसार कैशलेश चिकित्सा की सुविधा केवल राज्य कर्मचारियों को अनुमन्य की गयी है।

निजी डीएलएड संस्थानों को संबद्धता का आदेश : सपा के मुख्य सचेतक मनोज कुमार पांडेय ने सवाल किया कि सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश के क्रम में बीएड उत्तीर्ण अभ्यर्थी (परीक्षार्थी) प्राइमरी विद्यालयों में भर्ती नहीं हो सकते, तो ऐसी स्थिति में बीटीसी के छात्रों की बढ़ती संख्या को देखते हुये जिस विद्यालयों को पूर्ण में एनएसटी से मान्यता प्राप्त हो चुकी है पर राज्य सरकार द्वारा सम्बन्धता रोके जाने के कारण बन्द है, उनकों सम्बन्धता दिये जाने की कोई नीति सरकार बनायेगी? जवाब में बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि एनसीटीई से मान्यता प्राप्त निजी डीएलएड संस्थानों को शैक्षिक सत्र 2024-25 में सम्बद्धता दिये जाने हेतु आदेश निर्गत किये गये हैं।

हिंदी माध्यम से 12,279 बेसिक शिक्षा के स्कूल हुए अंग्रेजी

सपा विधायक पिंकी यादव के सवाल पर बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री ने बताया कि विगत पांच वर्षों में बेसिक शिक्षा परिषद के अधीन हिन्दीय माध्यमम के 12279 विद्यालयों को अंग्रेजी माध्यम में परिवर्तित कर संचालित किया जा रहा है। समस्ता 12279 विद्यालयों में अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाने हेतु 6870 प्रधानाध्याकपक एवं 40271 सहायक अध्यासपक तैनात हैं।

परिषदीय स्कूलों में सुरक्षाकर्मी रखने से इंकार

सपा विधायक त्रिभुवन दत्त के सवाल पर बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों में सुरक्षा कर्मी का पद सृजित नहीं है। परिषदीय विद्यालयों में बढ रही चोरी की घटनाओं के रोकथाम के लिए पुलिस विभाग से निगरानी कराये जाने हेतु अनुरोध किया गया है।

माध्यमिक स्कूलों में 11094 शिक्षकों की भर्ती होगी

विधानसभा में माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने कहा कि माध्यमिक स्कूलों में खाली पड़े 11094 शिक्षक पदों पर भर्ती होगी। इसके अलावा 426 प्रधानाचार्य और 11 लाईब्रेरियन भी नियुक्त किए जाएंगे। जबकि 3132 अनुसेवक आउटसोर्सिंग से रखे जाएंगे। अपना दल (कमेरावादी) से विधायक पल्लवी पटेल के सवाल के जवाब में मंत्री ने बताया कि राजकीय विद्यालयों में शिक्षक, लाइब्रेरियन, प्रधानाचार्य, अनुसेवक के रिक्त पदों की भर्ती होगी। इसमें प्रवक्ता पुरुष 2540 और महिला 1412, सहायक अध्यापक 4771 और सहायक अध्यापिका 2371 पद शामिल हैं। लाइब्रेरियन के 11 और प्रधानाचार्य के 426 पदों पर भर्ती की जाएगी। शिक्षकों की नियुक्ति के सम्बन्ध में सीधी भर्ती के रिक्त पदों का अधियाचन उप्र लोक सेवा आयोग, प्रयागराज को भेजा गया है। राजकीय इण्टर कालेजों में लाइब्रेरियन पदों हेतु नई नियमावली प्रख्यापित किये जाने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। उप्र शैक्षिक(सामान्य शिक्षा संवर्ग) सेवा नियमावली-1992 समूह' ख' के अन्तर्गत प्रधानाचार्य के रिक्त पदों का अधियाचन उप्र लोक सेवा आयोग, प्रयागराज को प्रेषित किया गया है। पदोन्नति के पदों पर न्यायालय में योजित रिट याचिका संख्या-31192/एस0बी0/2017 में पारित आदेश दिनांक 14.07.2021 द्वारा चयन की कार्यवाही बाधित रही है। अनुसेवक के 3132 रिक्त पदों को आउटसोर्सिंग द्वारा भरे जाने की व्यवस्था की गयी है, जिसके क्रम में नीति निर्धारण की कार्यवाही चल रही है।

नेपाल, झारखंड से मादक पदार्थों की तस्करी पर ब्रेक की तैयारी

गजेंद्र पांडेय, लखनऊ

अमृत विचार : तस्कर मादक पदार्थों की बड़ी खेप नेपाल और झारखंड से लाकर उत्तर प्रदेश में खपाते हैं। नारकोटिक्स विभाग ने उत्तर प्रदेश में मादक पदार्थ की तस्करी, खरीद-फरोख्त और ट्रैफिकिंग पर ब्रेक लगाने गोरखपुर में नयी यूनिट खोली है। इस यूनिट में लखनऊ यूनिट के 34 जिले शामिल किये जायेंगे। ऐसे में लंबित मामलों की जांच करने में कर्मियों को न सिर्फ राहत मिलेगी, बल्कि नेपाल और झारखंड से तस्करी कर यूपी में खपाये जाने वाले मादक पदार्थों पर अंकुश लगेगा।

नारकोटिक्स की लखनऊ यूनिट में वर्तमान में 60 से ज्यादा जिले शामिल हैं। मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने के लिये विभाग अभियान चलाता है। लेकिन बड़ा एरिया होने के चलते कई बार तस्करों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं हो पा रही थी। ऐसे में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई के लिए नई यूनिट गोरखपुर में खोली गयी है। विभागीय सूत्रों की मानें तो नई यूनिट के लिए टीम को तैयार कर जिलों को भी बांट दिया गया है। पिछले कई दिनों से लखनऊ से ही अलग-अलग तरह से काम भी किया जा रहा है। विभागीय अफसरों के अनुसार फरवरी माह के अंत तक टीम को गोरखपुर भेज दिया जाएगा। जहां से 34 जिलों में नई यूनिट का स्टाफ मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों पर कार्रवाई करेगा।

लखनऊ यूनिट के जिले

लखनऊ, मुरादाबाद, अमरोहा, रामपुर, संभल, बरेली, बदायूं, पीलीभीत, शाहजहांपुर, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, मथुरा, अलीगढ़, एटा, हाथरस, कासगंज, इटावा, औरैया, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर नगर, कानपुर देहात, जलौन, झांसी, महोबा, ललितपुर, हरदोई, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हमीरपुर, बाराबंकी, उन्नाव। **गोरखपुर यूनिट :** गोरखपुर, मिर्जापुर, संतकबीरदास नगर, सोनभद्र, प्रयागराज, फतेहपुर, कौशम्भी, प्रतापगढ़, चंदौली, गाजीपुर, जौनपुर, वाराणसी, फैजाबाद, अंबेडकरनगर, सुलतानपुर, अमेठी, आजमगढ़, बलिया, मऊ, बस्ती, संतरविदास नगर, सिद्धार्थनगर, रायबरेली, बांदा, चित्रकूट, बहराइच, बलरामपुर, गोंडा, श्रावस्ती, देवरिया, कुशीनगर, महाराजगंज।

एनडीए में शामिल हो सकती है रालोद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : कांग्रेस नेता राहुल गांधी के साथ रिश्तों को प्रगाढ़ कर रहे सपा प्रमुख अखिलेश यादव के राजनीतिक साथी रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी सपा से नाता तोड़ने की फिराक में हैं। अखिलेश को मंगलवार को जहां कांग्रेस की यात्रा के उत्तर उत्तर प्रदेश में प्रवेश करने से पहले इसमें शामिल होने का न्योता मिला वहीं, रालोद के भाजपा खेमे में जाने की खबर भी फैली।

दरअसल, लोकसभा चुनाव में भाजपा की हैट्रिक रोकने की तैयारी में जुटे इंडिया गठबंधन को इस बार उप्र. से बड़ा झटका लग सकता है। सूत्रों के अनुसार जयंत चौधरी एनडीए में शामिल हो सकते हैं और भाजपा ने उप्र. में रालोद के समक्ष चार लोकसभा सीटों का प्रस्ताव रखा है। इसके बाद चर्चाएं तेज हैं कि रालोद, सपा से गठबंधन तोड़ कर भाजपा गठबंधन का हिस्सा बन सकती है। सूत्रों के मुताबिक भजपा की तरफ से रालोद को कैराना, बागपत, मथुरा और अमरोहा से अपने उम्मीदवार देने का प्रस्ताव रखा है। वहीं, सपा की मंशा मुजफ्फरनगर, कैराना, बिजनौर लोकसभा सीटों पर रालोद सिंबल पर अपने उम्मीदवार खड़े करने की थी। दरअसल, पूर्व में जयंत चौधरी और अखिलेश यादव की लखनऊ में हुई मुलाकात के बाद सात सीटों पर हुए समझौते की बात सामने आ चुकी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, भाजपा ने आरएलडी को जिन चार सीटों पर चुनाव लड़ने की पेशकश की है, उसमें कैराना, बागपत, मथुरा और अमरोहा शामिल है। वहीं सूत्रों के अनुसार, सपा ने कैराना, मुजफ्फरनगर और बिजनौर में प्रत्याशी अपना और निशान आरएलडी का रहने की शर्त रखी है। ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं कि सपा और आरएलडी के बीच गठबंधन टूटने की यह बड़ी वजह हो सकती है।

▸▸ इस बार इंडिया गठबंधन को उप्र. से बड़ा झटका लग सकता है

अटकलें हैं, रालोद अपनी जगह अडिग: त्रिलोक त्यागी

रालोद के प्रधान महासचिव त्रिलोक त्यागी का कहना है कि जब भी चुनाव आता है इस तरह की अटकलें शुरू की जाती हैं और हर बार विरोधियों को मुंह की खानी पड़ती है। चार महीने पहले भी इस तरह के गठबंधन की चर्चा शुरू की गईं थी। इस तरह के दावों में कोई दम नहीं है। रालोद अपनी जगह अडिग है। वहीं, रालोद के वरिष्ठ प्रवक्ता अनिल दुबे ने फिलहाल कोई प्रतिक्रिया देने से इंकार किया।

इस सीट को लेकर फंसा पेच

इंडिया गठबंधन में शामिल सपा और आरएलडी के बीच एक सीट को लेकर बात बनती नहीं दिख रही है। पश्चिमी यूपी की मुजफ्फरनगर लोस सीट पर पेच फंसता हुआ नजर आ रहा है। अभी इस सीट पर अंतिम निर्णय नहीं हुआ है। अब चर्चा यह भी चल रही है कि सीटों को लेकर चल रहे विवाद को छोड़ जयंत एनडीए में भी जा सकते हैं। माना जा रहा है कि, रालोद मुजफ्फरनगर नहीं छोड़ना चाहती, क्योंकि यहां से पिछला चुनाव चौधरी अजित सिंह मात्र साढ़े छह हजार वोटों से भाजपा के डॉ. बालियान से हारे थे।

बिजली आपूर्ति पर गलत सूचना देने के आरोप में अधीक्षण अभियंता और अवर अभियंता निलंबित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : हापुड़ व अमरोहा में बिजली आपूर्ति बाधित होने व उच्चाधिकारियों को गलत सूचना देने के आरोप में हापुड़ के अधीक्षण अभियंता यूके सिंह व अवर अभियंता उदय राज को निलंबित कर दिया गया। मंगलवार को शक्ति भवन में बिजली आपूर्ति को लेकर आयोजित बैठक में उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ आशीष गोयल ने दोनों अभियंताओं के निलंबन का निर्देश दिया।

हापुड़ में 33 केवी लाइन की बंदी के कारण बिजली आपूर्ति लगभग 10 घंटे व अमरोहा में इंसुलेटर पंचर होने के कारण आपूर्ति लगभग एक घंटे बाधित रही थी। अध्यक्ष ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई की। अध्यक्ष ने सवाल करते हुए कहा कि बिजली आपूर्ति दुरुस्त रखने

के लिए निरंतर निर्देश दिये जा रहे हैं। मरम्मत कार्य के लिए सामग्री पर्याप्त मात्रा में हर जगह उपलब्ध कराई है, फिर भी घंटो बिजली आपूर्ति बाधित क्यों हुई। अध्यक्ष ने कहा कि फरवरी माह में अनुरक्षण माह मनाया जा रहा है। सभी आवश्यक अनुरक्षण कार्य समय से सुनिश्चित किया जाय। हमें अपनी कार्य संस्कृति में परिवर्तन करना चाहिए। ट्रांसफार्मर फुंकना, बिजली बाधित होना या अन्य ऐसे कार्य सामान्य घटना नहीं है। हमें इसे रोकना है।

विधान परिषद में गूंजा शिक्षा मित्रों के मानदेय का मुद्दा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : विधान परिषद में मंगलवार को शिक्षा मित्रों के उचित मानदेय न दिये जाने का मुद्दा गूंजा। सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह ने सरकार को आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया।

कार्यस्थगन प्रस्ताव के तहत सपा के लाल बिहारी यादव, स्वामी प्रसाद मौर्य, डॉ मान सिंह यादव, अशुतोष सिन्हा, मुकुल यादव, मोहम्मद जासमीर अंसारी व शाहनवाज खान ने शिक्षा मित्रों को उचित मानदेय दिये जाने की मांग उठाई। बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने सदन को तथ्यों से अवगत कराया। सभापति कुँवर मानवेंद्र सिंह ने सूचना पर कार्यस्थगन अस्वीकार कर सरकार को आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया। इसके साथ ही, बसपा के भीमराव आंबेडकर ने प्रदेश में वर्ष 2018 की 68,500 शिक्षक भर्ती में ओबीसी आरक्षण का लाभ दिलाए जाने की मांग उठाई। सरकार ने सदन को तथ्यों की जानकारी दी। अधिष्ठाता डॉ जयपाल सिंह व्यस्त ने सूचना पर कार्यस्थगन अस्वीकार कर सरकार को आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया। निर्दलीय सदस्य राजबहादुर सिंह चंदेल व डॉ आकाश अग्रवाल ने प्रदेश सरकार के अधिकारियों की ओर से जनप्रतिनिधियों के प्रति प्रोटोकाल का पालन न करने, उनके भ्रष्टाचार में लिप्त होने व मानव संपदा पोर्टल पर संपत्ति का विवरण प्रस्तुत न करने का मुद्दा उठाया। गन्ना विकास मंत्री लक्ष्मी नारायण चैधरी ने सदन को तथ्यों से अवगत कराया।

▸▸ सभापति ने सरकार को दिया आवश्यक कार्रवाई का निर्देश

राहुल की यात्रा से जुड़कर यज्ञ को सफल बनाएं: अजय माकन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : कांग्रेस के कोषाध्यक्ष अजय माकन ने कहा कि पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा के यज्ञ को सभी कांग्रेस नेता-कार्यकर्ता सफल बनाएं। कोषाध्यक्ष मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में यात्रा व लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के इस यज्ञ में सभी से सहयोग अपेक्षित है। सभी लोग 'डोनेट फॉर न्याय' की मुहिम से जुड़कर यात्रा को सफल बनाएं। राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय ने कहा कि आज हमारे सामने राजनीतिक संकट है जिसके लिए हम सभी को एक साथ खड़े होने की आवश्यकता है। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि कांग्रेस का हर सिपाही सड़क पर उतरकर भारत जोड़ो न्याय यात्रा के पंच न्याय को समाज के अंतिम व्यक्ति तक ले जाने के लिए संकल्पबद्ध है। नेता विधानमंडल दल आराधना मिश्रा 'मोना' ने कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा भारत की विभिन्न संस्कृतियों का समागम है। यात्रा से समाज का प्रत्येक वर्ग दलित, पिछड़ा, आदिवासी, युवा, महिला सभी जुड़ रहे हैं। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी सोशल मीडिया की चेयरपर्सन सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि आज का दौर सोशल मीडिया का है। बैठक में पूर्व सांसद भारत जोड़ो न्याय यात्रा के संयोजक पीएल पुनिया, राष्ट्रीय सचिव सह प्रभारी उत्तर प्रदेश सत्य नारायण पटेल, पूर्व सांसद जफर अली नकवी, कमल किशोर कमांडो, पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी, पूर्व एमएलसी दीपक सिंह, कोषाध्यक्ष शिव पांडेय, कांग्रेस सेवादल के मुख्य संगठक डॉ प्रमोद पांडेय, प्रदीप माथुर, बरेली महानगर अध्यक्ष अजय शुक्ला, पश्चिम प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष पारस शुक्ला, पीसीसी सदस्य योगेश जौहरी आदि शामिल हुए।

मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में बैठक हुई। बैठक में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सहित बरेली से महानगर अध्यक्ष अजय शुक्ला व पारस शुक्ला आदि शामिल हुए।

राहुल गांधी की न्याय यात्रा में शामिल होंगे अखिलेश

लखनऊ, अमृत विचार : सपा प्रमुख अखिलेश यादव, राहुल गांधी की न्याय यात्रा में शामिल होंगे। वह रायबरेली और अमेठी में इस यात्रा के साथ रहेंगे। अखिलेश यादव ने कुछ दिन पहले ही कहा था कि उन्हें इस यात्रा में शामिल होने का आमंत्रण नहीं मिला है। तब पार्टी प्रवक्ता जयराम रमेश ने कहा था कि रूट तय होने के बाद सहयोगी दलों को यात्रा के लिए सूचित किया जाएगा। मंगलवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकाअर्जुन खरगे ने अखिलेश यादव को यात्रा के लिए आमंत्रित किया जिसे अखिलेश ने स्वीकार कर लिया है। अखिलेश ने कांग्रेस को बधाई दी व 16 फरवरी को उत्तर प्रदेश में प्रवेश करने के बाद अमेठी या रायबरेली में भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होने पर सहमति दी।

वर्ग पहेली-335

बाएं से दाएं

3. मानव के छह विकार
5. एक साथ रखना, लगाव या संपर्क स्थापन।
6. दृढ़ किया हुआ।
8. 1. वृक्ष की रेशेदार जड़ 2. कमल की जड़, भसींड 3. लता 4. कलगी, शिखा 5. हल्दी 6. नदी।
9. 1. आवेश, उत्साह, जोश, गरमजोशी 2. तेज़ी, वेग।

ऊपर से नीचे

1. 1. सरपट आदि से छाकर बनाया गया स्थान 2. मंडप, शामियाना 3. किसी मंडप के अंदर होने वाला तमाशा या खेल।
2. 1. ढीला कराना 2. बंधन से छुड़ाना।
4. 1. कर्मकांड आदि जानने वाला व्यक्ति जो अपने यजमान के यहां मुंडन करता है
5. 1. उत्पन्न, दूसरे के साथ उत्पन्न 2. युक्त, सहित, संपन्न 3. योग्य, उपयुक्त 4. सदृश, समान, बराबर।
7. 1. प्यारा 2. हमदर्द 3. अनुग्रहकर्ता।



वर्ग पहेली - 334 का हल

1 ने	ग	2 चा	र	
	दु		3 मां	
	का		ड	
4 भा	र	5 जी	वी	
रि		वा		6 पा
त		धा		व
	7 बी	र	बा	नी

सुडोकू-52

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

2		3		4				
		8			7		5	
1					5			2
	2			5			3	
9			6		2			5
	1			8			4	
4			1			5		3
	6		5			9		
				2				8

सुडोकू - 51 का हल

3	1	9	6	7	4	8	5	2
2	6	7	5	1	8	4	3	9
5	4	8	9	2	3	6	7	1
4	5	1	2	3	6	7	9	8
7	3	2	8	4	9	5	1	6
9	8	6	7	5	1	2	4	3
8	9	4	3	6	5	1	2	7
1	7	3	4	8	2	9	6	5
6	2	5	1	9	7	3	8	4

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 7 फरवरी, बुधवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-द्वादशी 14.02 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-शिशिर।
चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-पूर्वाषाढ़ा 8 फरवरी 04.37 तक तत्पश्चात उत्तराषाढ़ा।

मेष — आज किसी को धन उधार न दें। जीवनसाथी के प्रति प्रेम भाव बढ़ेगा। नई संपत्ति में निवेश की योजना बना सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपके काम की प्रशन्सा होगी, किंतु इच्छित परिणाम मिलने में कठिनाई होगी।

वृष — आज समय रहते समस्याओं को सुलझाना बेहद जरूरी है। मित्रों के साथ अनबन हो सकती है। किडनी के रोगियों को स्वास्थ्य समस्या होने की आशंका है। व्यर्थ के खर्चों में बढ़ोत्तरी होगी। आर्थिक मामलों को लेकर थोड़े लापरवाह हो सकते हैं।

मिथुन — आज सरकारी जॉब कर रहे लोगों को अधिकारियों की मदद मिलेगी। दिल की बजाय दिमाग से काम लें। नए लोगों के साथ संपर्क विकसित होंगे। धन के मामलों में बड़ी सफलता मिलने के योग बन रहे हैं।

कर्क — आज आप काफी मेहनत करेंगे। पैतृक व्यवसाय में आपको कुछ सुधार करने की आवश्यकता है। किसी बड़ी समस्या से छुटकारा मिल सकता है। नए लोगों के साथ आपके संपर्क बनेंगे। बिना विचार करे कोई काम न करें।

सिंह — आज अत्यधिक व्यस्तता के कारण थोड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। कार्यक्षेत्र में आपको दूसरों पर निर्भर होना पड़ सकता है। कमीशन संबंधी कार्यों में लाभ हो सकता है। स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद ले सकते हैं।

कन्या — आज अपनी महत्वकांक्षाओं को अनजान लोगों से व्यक्त न करें। विवाह आदि को लेकर तात्कालिक निर्णय लेना उचित नहीं होगा। माता के साथ अपने मन की बातें साझा करने से आपको काफी अच्छा लगेगा। जीवनसाथी से आपकी अपेक्षायें बढ़ सकती हैं।

तुला — आज व्यवसाय में आपको बड़ी उपलब्धियां मिलने के योग बन रहे हैं। आप कठिन से कठिन काम को समझदारी एवं सूझबूझ से सुलझा लेंगे। राजनीतिक संबंधों के लिए दिन बेहतरीन है। जीवनसाथी के साथ रोमांटिक समय का आनंद लेंगे।

वृश्चिक — आज दिखावे के लिए आप ज्यादा खर्च कर सकते हैं। इससे आपकी बचत पर बुरा प्रभाव पड़ सकता है। अपनी कमियों पर ध्यान देने की आवश्यकता है। तकनीकी शिक्षा ले रहे लोगों को पढ़ाई में परेशानी होगी। बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान दें।

धनु — आज साझेदारी से जुड़े हुए कार्यों में सफलता मिलेगी। अपनी योग्यता पर विश्वास बनाए रखें। विदेशी कंपनियों से जॉब के प्रपोजल मिल सकते हैं। कला और गेम्स में आप काफी रुचि ले सकते हैं। नौकरीपेशा लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है।

मकर — आज माता के साथ अपने संबंध अच्छे रखें। बच्चे पढ़ाई को लेकर लापरवाही न करें। आपको काफी थकाऊ यात्राएं करनी पड़ सकती है। पुराना रोग उभर के सामने आ सकता है। खांसी-जुकाम की समस्या होने की संभावना है।

कुंभ — आज शेयर मार्केट में धन निवेश करना लाभकारी होगा। परिजनों पर धन खर्च करेंगे। नए कारोबार की रूपरेखा बना सकते हैं। शत्रुओं से सावधान रहें। आपकी दबी हुई इच्छाएं पूर्ण हो सकती हैं। सभी काम तीव्र गति से पूर्ण होंगे।

मीन — आज वैवाहिक संबंधों में थोड़ी अनबन के बाद सब कुछ सामान्य हो जायेगा। मैनेजमेंट संबंधी कार्यों के लिए दिन विशेष है। कारोबार में योजनाएं बदलनी पड़ सकती है। समाजसेवा में आप काफी रुचि लेंगे। पार्टी व पिकनिक के लिए जा सकते हैं।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
धड़कन — सुबह : 11.14
यस बॉस — रात : 07.14

SONY MAX
पागलपंती — सुबह : 10.11
पति पत्नी और वो — रात : 07.00

SONY PIX
एज ऑफ टूमारो — सुबह : 09.34
हेलबॉय — रात : 08.45

ZEE CINEMA
सिलसिला है प्यार का — सुबह : 10.30
स्पाइडर — रात : 07.30

colors CINEPLEX
गब्बर इज बैक — दोपहर : 01.27
द बॉडी — रात : 10.03

आज की सुपरहिट फिल्म

सोनी मैक्स पर रात-07.00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

चंपकलाल-यार, मैं अपनी पत्नी की वजह से बहुत परेशान हो गया हूं।
शर्मा जी- क्या हो गया? वो बहुत झगड़ती हैं क्या?
चंपकलाल- नहीं यार, उसकी याददाश्त बहुत खराब है।
शर्मा जी- क्यों? काम की बातें भूल जाती हैं क्या?
चंपकलाल- अरे नहीं, वो छोटी-छोटी बातें भी याद रखती है।

मिंटू को अपना पालतू कुत्ता बेचना था, पिंटू उसे खरीदने वाला था।
पिंटू- क्या यह कुत्ता वफादार है?
मिंटू- हां जी, मैं इसको दो बार पहले भी बेच चूका हू, ये इतना वफादार है कि हर बार मेरे पास वापिस आ जाता है।

मैंथा बाजार भाव

रामपुर–शिवालिक 990 फ्लैग 1110 डीएमओ 825 बोल्ड 1145, **सम्भल–चन्दौसी**–शिवालिक 1000 फ्लैग 1135 बोल्ड 1160 डीएमओ 910।

मुरादाबाद मंडी

दालों का भाव–दाल चना : 75 से 76 रुपये मसूर : 88 से 90 रुपये मलका : 82 से 85 रुपये अरहर : 118 से 125 रुपये उड़द : 95 से 101 रुपये धोआ उड़द : 110 से 120 रुपये मूंग धोआ : 104 – 106 रुपये मूंग छिलका : 102 रुपये मूंग साबुत : 100 रुपये चना देसी : 80 रुपये चना कावली : 145 से 160 रुपये राजमा लाल : 155 रुपये राजमा चित्ता : 145 रुपये लोबिया लाल : 94 रुपये लोबिया सफेद : 98 रुपये।

एक नजर

पावर फाइनेंस पर 8.8 लाख रुपये का जुर्माना

मुंबई। आरबीआई ने 'गैर–बैंकिंग वित्तीय कंपनियों और 'कोर निवेश कंपनियों' के लिए तरलता जोखिम प्रबंधन ढांचे पर निर्देशों के कुछ प्रावधानों का अनुपालन नहीं करने के मामले में पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन (पीएफसी) लि. पर 8.8 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। आरबीआई ने कंपनी का निरीक्षण 31 मार्च, 2022 तक की वित्तीय स्थिति के संदर्भ में किया था। रिजर्व बैंक ने मंगलवार को कहा कि पीएफसी ने परिणामस्वरूप, 31 मार्च, 2022 की स्थिति के अनुसार 60 प्रतिशत के निर्धारित तरलता कवरेज अनुपात को बनाए नहीं रखा।

लाल सागर संकट को लेकर 8 को होगी बैठक

नई दिल्ली। लाल सागर संकट से संबंधित मुद्दों पर चर्चा के लिए एक उच्चस्तरीय अंतर–मंत्रालयी समिति 8 फरवरी को फिर बैठक करेगी जिसमें व्यापार मोर्चे पर आगे के रास्ते के बारे में चर्चा की जाएगी। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इससे पहले इस समिति ने इस मुद्दे पर 17 जनवरी को यहां बैठक की थी।

देश जल्द बनेगा तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था

गोवा में नरेंद्र मोदी बोले-5-6 वर्ष में ऊर्जा क्षेत्र में 67 अरब अमेरिकी डॉलर का होगा निवेश

गोवा, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि भारत में अगले पांच से छह वर्ष में ऊर्जा क्षेत्र में 67 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश होगा। साथ ही उन्होंने वैश्विक निवेशकों को भारत की विकास गाथा का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित किया। प्रधानमंत्री मोदी ने यहां भारत ऊर्जा सप्ताह के दूसरे संस्करण का उद्घाटन करते हुए कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था 7.5 प्रतिशत से अधिक की दर से बढ़ रही है। देश जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

उन्होंने वैश्विक कंपनियों को भारत के ऊर्जा क्षेत्र की वृद्धि का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि देश को 2030 तक अपनी रिफाइनिंग क्षमता 254 एमएमटीपीए (मिलियन मीट्रिक टन प्रति वर्ष) से बढ़ाकर 450 एमएमटीपीए करने की उम्मीद है। उन्होंने कहा-अगले पांच-छह वर्षों में भारत में ऊर्जा क्षेत्र में 67 अरब डॉलर का निवेश होने जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ऊर्जा क्षेत्र में अभूतपूर्व निवेश कर रहा है जो पहले कभी नहीं हुआ। मोदी ने कहा कि भारत कच्चे तेल तथा एलपीजी का तीसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता और एलएनजी का चौथा सबसे बड़ा आयातक है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गोवा में विकसित भारत, विकसित गोवा 2047 कार्यक्रम के दौरान आयोजित एक प्रदर्शनी का दौरा किया। ● एजेंसी

योजनाओं की संतृप्ति असली धर्मनिरपेक्षता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं को राज्यों में संतृप्ति तक पहुंचाना असली धर्मनिरपेक्षता और सामाजिक न्याय है। मोदी ने दक्षिण गोवा के मडगांव शहर में विकसित भारत, विकसित गोवा जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, "केंद्र सरकार की कई योजनाओं के कार्यान्वयन में, गोवा ने 100 प्रतिशत संतृप्ति हासिल कर ली है। उन्होंने कहा–जब योजनाओं की संतृप्ति होती है, तो लोगों के बीच मतभेद समाप्त हो जाते हैं। प्रत्येक लाभार्थी को पूरा लाभ मिलता है।

उतार–चढ़ाव के बाद शेयर बाजार में लौटी रौनक

मुंबई, एजेंसी

▸▸ सेंसेक्स 454 अंक चढ़ा निफ्टी 21900 के पार

स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 454 अंक से अधिक के लाभ में रहा। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के ताजा पूंजी प्रवाह के बीच सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों... टीसीएस और इन्फोसिस में लिवाली से बाजार में मजबूती आई। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स की शुरुआत अच्छी रही और यह 454.67 अंक यानी 0.63 प्रतिशत चढ़कर 72,186.09 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 529.98 अंक तक चढ़ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 157.70 अंक यानी 0.72 प्रतिशत की तेजी के साथ 21,929.40 अंक पर बंद हुआ।

विश्लेषकों के अनुसार, चीन के बाजारों में तेजी आने से भी धारणा

मजबूत हुई। सोमवार की भारी गिरावट के बाद चीनी बाजार चार प्रतिशत तक उछल गये। इसका कारण एक सरकारी निवेश कोष का बयान है जिसमें उसने कहा कि वह शेयर खरीद बढ़ाएगा। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग बाजारों पर चर्चा करने के लिए अधिकारियों से मिलने वाले हैं।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा-बाजार में धारणा सकारात्मक रही और यह बढ़त में बंद हुआ। निवेशक भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक से पहले अपना निवेश कम करने को इच्छुक नहीं हैं। ऐसी संभावना है कि आरबीआई की मौद्रिक नीति में नीतिगत दर को लेकर रुख उदार होगा। इससे बॉन्ड बाजार में धारणा मजबूत हुई।

निवेशकों की पूंजी 4.21 लाख करोड़ रुपये बढ़ी

नई दिल्ली। स्थानीय शेयर बाजार में तेजी के बीच मंगलवार को निवेशकों की पूंजी में 4.21 लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी दर्ज की गई। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 454.67 अंक यानी 0.63 प्रतिशत बढ़कर 72,186.09 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 529.98 अंक तक उछल गया था। व्यापक बाजार में बीएसई स्मॉलकैप में 1.23 प्रतिशत और मिडकैप में 1.06 प्रतिशत की बढ़ोतरी रही।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	72,200
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	64,250
गिन्नी (प्रति नग)	47,850–48,050
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	64,150
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	64,000
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	72,700
चांदी तैयार	72,800
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	64,000
सोना जेवरात गिन्नी	63,000
चांदी पक्की	714(अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	64,100
चांदी आभूषण	72,800।

कतर से एलएनजी आयात बढ़ाने के लिए समझौता करेगा भारत

बेतुल (गोवा)। भारत एलएनजी आयात को कतर से मौजूदा कीमतों से कम दरों पर 2048 तक बढ़ाने के लिए 78 अरब डॉलर के समझौते पर हस्ताक्षर कर सकता है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड यहां भारत ऊर्जा सप्ताह (आईईडब्ल्यू) के मौके पर प्रति वर्ष 75 लाख टन के आयात को बढ़ाने के लिए कतरएनर्जी के साथ समझौते पर हस्ताक्षर करेगी। कतर के ऊर्जा मंत्री और कतरएनर्जी के शीर्ष अधिकारी यहां आईईडब्ल्यू में हिस्सा ले रहे हैं। अधिकारिक सूत्रों ने बताया कि कीमतें मौजूदा कीमत से काफी कम होंगी।

भारतीय अर्थव्यवस्था में निवेशकों का भरोसा लौटा : नागेश्वरन

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ मुख्य आर्थिक सलाहकार बोले निजी क्षेत्र में निवेश में बढ़ोतरी

मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) अनंत नागेश्वरन ने कहा है कि भारतीय अर्थव्यवस्था को लेकर निवेशकों का भरोसा लौटा है और यह बात निजी क्षेत्र में निवेश में आ रही तेजी से पता चलती है।

नागेश्वरन ने बातचीत में कहा-यह (भरोसा) वापस आ गया है। अगर ऐसा नहीं होता तो कैसे भारतीय अर्थव्यवस्था सात प्रतिशत की दर से वृद्धि हासिल करती। आप अगर विनिर्माण और सेवा क्षेत्रो में खरीद प्रबंधक सूचकांक (परचेजिंग मैनेजेर इंडेक्स) को देखें, विस्तार और गिरावट को देखें, शेयर बाजार के प्रदर्शन को देखें, यह पता चलता है। उन्होंने कहा कि यह जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) के आंकड़ों में भी दिख रहा है। नागेश्वरन ने भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि निजी क्षेत्र में सूचीबद्ध कंपनियां अपने पूंजीगत व्यय और नई परियोजनाओं की घोषणा में तेजी ला रही हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भी अपने अंतरिम बजट में कहा है कि निजी निवेश हो रहा है।

सरकार ने उतारा 29 रुपये किलो के भाव पर भारत चावल

नई दिल्ली। सरकार ने पिछले एक साल में चावल की खुदरा कीमतों में 15 प्रतिशत की वृद्धि के बीच उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए मंगलवार को 29 रुपये प्रति किलोग्राम की रियायती दर पर 'भारत चावल' की पेशकश की। खाद्य और उपभोक्ता मामलों के मंत्री पीयूष गोयल ने पांच किलो और 10 किलो के पैक में उपलब्ध सब्सिडी वाले चावल को पेश करते हुए कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करने का प्रयास कर रही है कि आम लोगों के लिए दैनिक खाद्य पदार्थ सस्ती दरों पर उपलब्ध हों।

देश में रेपो दर के यथावत रखने की जताई गई संभावना

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की बैठक शुरू

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता वाली मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की द्विमासिक समीक्षा बैठक मंगलवार को शुरू हो गई। खुदरा मुद्रास्फीति के उच्चस्तर पर बने रहने के बीच अल्पकालिक ऋण दरों पर यथास्थिति बने रहने की संभावना जताई जा रही है।

भारतीय रिजर्व बैंक ने करीब एक साल से अल्पकालिक ऋण दर यानी रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर स्थिर रखा हुआ है। वैश्विक घटनाक्रमों की वजह से बढ़ी महंगाई पर काबू पाने के लिए मानक ब्याज दर में आखिरी बार बढ़ोतरी फरवरी, 2023 में हुई थी जब इसे 6.25 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत किया गया था। खुदरा मुद्रास्फीति जुलाई, 2023 में 7.44 प्रतिशत के उच्चस्तर पर पहुंच गई थी लेकिन उसके बाद से इसमें गिरावट आई है। दिसंबर, 2023 में खुदरा मुद्रास्फीति 5.69 प्रतिशत पर आ गई जो आरबीआई के संतोषजनक स्तर चार प्रतिशत (दो प्रतिशत ऊपर या नीचे) के भीतर ही है।

राष्ट्रीय

महंगाई नियंत्रण के लिए केंद्र ने उठाए कदम: सीतारमण

केंद्रीय वित्त मंत्री ने राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान विपक्षी दल के नेताओं को दी जानकारी

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने मंगलवार को कहा कि महंगाई पर नियंत्रण के लिए केंद्र सरकार के द्वारा समय-समय पर उठाए गए कदमों की वजह से, खास तौर पर जल्द ही खराब होने वाली खाद्य वस्तुओं के दाम में वृद्धि को काफी हद तक रोका जा सका है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने राज्यसभा को प्रश्नकाल के दौरान विपक्षी दलों के नेताओं को यह जानकारी दी।

उन्होंने यह भी बताया कि भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (बीएआरसी) सरकार के साथ मिल कर प्याज को गामा किरणों की मदद से नमी-रहित करने पर काम कर रहा है ताकि प्याज को लंबे समय तक रखा जा सके और यह खराब न होने पाए। उन्होंने कहा

''जल्द खराब होने वाली कुछ खाद्य सामग्री का भारत में पर्याप्त उत्पादन नहीं होता है।'' उन्होंने कहा कि प्याज के दामों में अस्थिरता को रोकने के लिए सरकार ने इसका बफर आकार 2023-24 में सात लाख मीट्रिक टन कर दिया है जो 2020-21 में एक लाख मीट्रिक टन था। सीतारमण ने बताया कि तीन फरवरी 2024 तक कुल 6.32 लाख मीट्रिक टन प्याज का उत्पादन हुआ और खुदरा बिक्री, थोक बिक्री तथा ई-नीलामी के माध्यम से ग्रेड ए का 3.96 लाख टन प्याज जारी किया गया। उन्होंने कहा कि ऐसे कदम उठाए जा रहे हैं ताकि प्याज जैसी जल्द ही खराब होने वाली जिन्स को लंबे समय तक संरक्षित रखा जा सके।

जल संशोधन विधेयक 2024 को मिली मंजूरी

राज्यसभा ने मंगलवार को जल प्रदूषण से संबंधित छोटे अपराधों को जेल की सजा की श्रेणी से बाहर करने, केंद्र को राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों के अध्यक्षों की सेवा शर्तों को निर्धारित करने में सक्षम बनाने और औद्योगिक संयंत्रों की कुछ श्रेणियों को वैधानिक प्रतिबंधों से छूट देने का प्रावधान करने वाले जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) संशोधन विधेयक 2024 को ध्वनिमत से मंजूरी दे दी। पर्यावरणमंत्री भूपेन्द्र यादव ने विधेयक पर हुई चर्चा के जवाब में कहा कि विकास और पर्यावरण संरक्षण एक साथ चलना चाहिए।

ओबीसी को आरक्षण संबंधी विधेयक पारित

जम्मू कश्मीर में स्थानीय निकायों में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए आरक्षण सुनिश्चित करने के प्रावधान वाला विधेयक मंगलवार को लोकसभा में ध्वनिमत से पारित हो गया। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय द्वारा विधेयक पर चर्चा के जवाब के बाद सदन ने जम्मू कश्मीर स्थानीय निकाय कानून (संशोधन) विधेयक, 2024 को ध्वनिमत से पारित कर दिया। इससे जम्मू कश्मीर पंचायती राज अधिनियम, 1989 ; जम्मू कश्मीर निगम अधिनियम, 2000 और जम्मू कश्मीर नगर निगम अधिनियम, 2000 में संशोधन का प्रस्ताव है।

एससी, एसटी की सूची के लिए 2 विधेयक पारित

राज्यसभा ने मंगलवार को संविधान (अनुसूचित जनजातियां) आदेश (संशोधन) विधेयक 2024 और संविधान (अनुसूचित जाति एवं जनजातियां) आदेश (संशोधन) विधेयक 2024 पर एक साथ चर्चा के बाद ध्वनिमत से पारित कर दिया। दोनों विधेयकों में आंध्र प्रदेश के तीन और ओडिशा के कुछ समुदायों को जनजाति समूह में शामिल करने का प्रावधान है। विधेयकों पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए जनजातीय मामलों के मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि आजादी के इतने लंबे कालखंड के बाद भी कई ऐसे जनजातीय समूह रह गए हैं।

'भारत रत्न' के लिए दी बधाई...

गृह मंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने वरिष्ठ भाजपा नेता लाल कृष्ण आडवाणी से नई दिल्ली में उनके आवास पर मुलाकात की। शाह और नड्डा ने भाजपा के वरिष्ठ नेता आडवाणी को 'भारत रत्न' के लिए बधाई दी। ● एजेंसी

एक नजर

पुणे विस्फोट मामला: आरोपी की जमानत याचिका खारिज

मुंबई। मुंबई की स्थानीय अदालत ने पुणे के जंगली महाराज रोड़ पर अगस्त 2012 में हुए बम विस्फोटों के आरोपी मुनीब मेमन की जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। आरोपी मेमन ने मुकदमे में देरी का हवाला देते हुए अदालत से जमानत की गुहार लगायी है। उसने याचिका में कहा कि बॉम्बे उच्च न्यायालय ने सितंबर 2022 में उसकी जमानत याचिका खारिज कर दिया था और अदालत ने विशेष अदालत को दिसंबर 2023 के अंत तक मामला निपटाने का निर्देश दिया था।

संजय सिंह को शपथ लेने के लिए नहीं बुलाया गया

नई दिल्ली। आबकारी नीति मामले में जेल में बंद आम आदमी पार्टी (आप) के नेता संजय सिंह को राज्य सभा की सदस्यता की शपथ लेने के लिए अभी नहीं बुलाया गया है। सूत्रों ने श्री सिंह के आठ या नौ फरवरी को शपथ लेने संबंधी रिपोर्टों पर मंगलवार को कहा कि उन्हें अभी शपथ लेने के लिए राज्य सभा की ओर से समन नहीं भेजा गया है इसीलिए उनके शपथ लेने का सवाल ही नहीं उठता। सूत्रों ने कहा कि श्री सिंह के राज्य सभा से निलंबन का मामला गत 11 अगस्त को सदन की विशेषाधिकार समिति को भेजा गया था।

नेहरू के भाषण की कुछ पंक्तियों को गलत तरीके से पेश किया गया

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने भाजपा पर निशाना साधा

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की आलोचना किए जाने के बाद मंगलवार को आरोप लगाया कि मोदी ने नेहरू के एक भाषण की कुछ पंक्तियों को गलत तरीके से पेश किया तथा यह दर्शाता है कि स्वतंत्रता आंदोलन के संघर्षों के प्रति उनके मन में कितनी कटुता है। प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लोकसभा में लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देते हुए अतीत के कुछ प्रसंगों का उल्लेख करते हुए कांग्रेस और देश के प्रथम प्रधानमंत्री नेहरू की आलोचना की थी।

उन्होंने जम्मू-कश्मीर और कुछ अन्य मुद्दों को लेकर देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की आलोचना करते हुए कहा था कि देश के लोगों को उनकी गलतियों की बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ी। प्रियंका गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''भारतीय चेतना के अभिभावक पंडित नेहरू क्या भारतीयों को आलसी मानते थे? कल लोकतंत्र के मंदिर संसद में प्रधानमंत्री मोदी जी ने ठीक यही आरोप पंडित

नेहरू पर लगाया। क्या इसमें जरा सी भी सच्चाई है?'' उन्होंने 15 अगस्त, 1959 को दिए नेहरू के उस भाषण का अंश साझा किया, जिसके एक हिस्से को प्रधानमंत्री ने सोमवार को लोकसभा में उद्धृत किया था। प्रियंका गांधी ने नेहरू को उद्धृत किया, ''जब तक हिंदुस्तान के लाखों गांव नहीं जागते, आगे नहीं बढ़ते तो सिर्फ बड़े शहर हिंदुस्तान को नहीं आगे ले जाएंगे। वे बढ़ेंगे अपनी कोशिश से, अपनी हिम्मत से, अपने ऊपर भरोसा करके। हमारे लोग अपने ऊपर भरोसा करना भूलकर समझते हैं कि और लोग मदद करें।'' उनके मुताबिक, नेहरू ने कहा था, ''मैं चाहता हूं कि लोग बागडोर अपने हाथों में लें।... तरक्की नापने का एक ही गज है कि कैसे हिंदुस्तान के 40 करोड़ लोग आगे बढ़ते हैं... कौम अपनी मेहनत से बढ़ती है।

कोर्ट ने कैग से डीजेबी के ऑडिट में तेजी लाने को कहा

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंगलवार को नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) को दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) के 2018 से 2021 तक के खातों का तेजी से ऑडिट करने का निर्देश दिया।

उच्च न्यायालय उस याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें डीजेबी के खातों का ऑडिट करने के लिए कैग को निर्देश देने का अनुरोध किया गया था। याचिका में कहा गया कि डीजेबी का वित्तीय ऑडिट कथित तौर पर पिछले कई वर्षों से नहीं किया गया है। कैग के वकील ने अदालत को सूचित किया कि उन्हें डीजेबी से 2018-19 से 2020-21 के लिए वार्षिक खातों का विवरण प्राप्त हुआ है और वे खातों के ऑडिट की प्रक्रिया में हैं। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पीएस अरोड़ा की पीठ ने कहा-कैग को कानून के अनुसार डीजेबी के खातों का यथाशीघ्र ऑडिट करने का निर्देश देते हुए रिट याचिका का निपटारा किया जाता है। यह याचिका दिल्ली के भाजपा नेता हरीश खुराना द्वारा दायर की गई थी।

अदालत ने सिद्धारमैया पर जुर्माना लगाया विशेष अदालत में पेश होने का दिया निर्देश

बेंगलुरु। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के खिलाफ 2022 में दर्ज एक प्राथमिकी को रद्द करने की उनकी याचिका मंगलवार को खारिज कर दी और उन्हें छह मार्च को सांसद/विधायक (एमपी/एमएलए) के लिए विशेष अदालत के समक्ष पेश होने का निर्देश दिया। उच्च न्यायालय ने सिद्धरमैया, कांग्रेस महासचिव एवं पार्टी की कर्नाटक इकाई के प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला, मंत्री एम बी पाटिल और रामलिंगा रेड्डी पर 10-10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। तत्कालीन पंचायत राज मंत्री के एस ईश्वरप्पा के इस्तीफे की मांग को लेकर यहां तत्कालीन मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई के आवास का घेराव करने के लिए प्रदर्शन मार्च निकालने के बाद सिद्धरमैया के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत विश्व के शीर्ष पांच देशों में

नई दिल्ली, ब्यूरो

अमृत विचार: अब भारत का विकास विदेशी तकनीक से नहीं, बल्कि स्वदेशी तकनीक को बढ़ावा दिया जाएगा। केंद्र सरकार ने इसी सोच पर राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की थीम का निर्धारण किया है। ओके थीम की शुरुआत केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह को करना था, लेकिन लोकसभा में संसदीय कार्यों की वजह से यह कार्य जैव प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव डॉ. राजेश गोखले, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव डॉ. अभय करंदीकर, विज्ञान एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद की महानिदेशक डॉ. एन कलैसेल्वी, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अपर महानिदेशक शंभूनाथ चौधरी एवं नेशनल काउंसिल फॉर साइंस एंड टेक्नोलॉजी कम्युनिकेशन की प्रमुख डॉ. रश्मि शर्मा ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान अपर महानिदेशक शंभूनाथ चौधरी ने बताया कि वर्तमान में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत विश्व के शीर्ष पांच देशों में शामिल हो गया है।

नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अपर महानिदेशक शंभूनाथ चौधरी अन्य अधिकारियों के साथ। ● अमृत विचार

▸▸ राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का नारा होगा "स्वदेशी प्रद्योगिकी"

इस मौके पर जैव प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव डॉ. गोखले ने कहा कि अब युवा महिला गरीब एवं किसानों को ध्यान में रखते हुए घरेलू प्रौद्योगिकी को विकसित किया जाएगा, ताकि देश का समग्र कल्याण हो सके।

डॉ. करंदीकर ने कहा कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2024 की थीम का लक्ष्य अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारतीय वैज्ञानिकों की जमात को एक साथ काम करने का नया अवसर प्रदान करना है। इससे वर्ष 2047 तक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के मामले में भारत पूरी तरह से आत्मनिर्भर हो सकेगा। डॉ. कलैसेल्वी ने कहा कि 10 वर्षों में विज्ञान के क्षेत्र में भारत ने विश्व व्यापी तरक्की की है। वैज्ञानिक शोध ग्रंथों के प्रकाशन में शीर्ष पांच देशों में भारत अपना स्थान बना चुका है। ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स (जीआईआई) में वर्ष 2015 में भारत की रैंक 81वीं थी, मगर नौ वर्षों में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज करते हुए भारत 40वें स्थान पर हैं। यही नहीं, पेटेंट के क्षेत्र में भी भारत ने रिकॉर्ड काम किया है। भारत की पेटेंट फाइलिंग 90,000 को पार कर गई है जो दो दशकों में सबसे अधिक है। कार्यक्रम का संचालन सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अपर महानिदेशक शंभूनाथ चौधरी ने किया। उन्होंने कहा कि सूचना एवं प्रौद्योगिकी की वजह से भी विज्ञान के क्षेत्र में भारत ने काफी तरक्की की है। साइंस एंड टेक्नोलॉजी कम्युनिकेशन की प्रमुख डॉ. रश्मि शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के नाम पर देशभर में आज से 4 मार्च तक उत्सव मनाए जाएंगे। दिल्ली में 28 फरवरी को विज्ञान भवन में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

जुलाई में टी-20 के लिए जिम्बाब्वे का दौरा करेगी भारतीय टीम

हरारे, एजेंसी

आयोजन वेस्टइंडीज व अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप के बाद

भारतीय टीम युवा खिलाड़ियों के साथ छह जुलाई से शुरू होने वाली पांच मैचों की श्रृंखला के लिए जिम्बाब्वे का दौरा करेगी। जिम्बाब्वे क्रिकेट बोर्ड ने मंगलवार को यह घोषणा की। इसका आयोजन वेस्टइंडीज व अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप के बाद होगा। इसमें हालांकि भारत के मुख्य खिलाड़ियों की भागीदारी की संभावना कम है। सभी पांच मैच हरारे स्पोर्ट्स क्लब में 6, 7, 10, 13 और 14 जुलाई को खेले जायेंगे। जिम्बाब्वे क्रिकेट ने जारी विज्ञप्ति में कहा कि जिम्बाब्वे क्रिकेट (जेडसी) और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने मंगलवार को घोषणा की कि जिम्बाब्वे जुलाई में 5 मैचों की टी20 अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला के लिए भारत की मेजबानी करेगा। यह श्रृंखला 6 से 14 जुलाई 2024 तक हरारे में खेली जाएगी। इसकी पुष्टि जेडसी और बीसीसीआई के बीच चर्चा के बाद हुई, जिसका उद्देश्य दोनों बोर्डों के बीच सहयोग की भावना को बढ़ावा देना है। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा कि बीसीसीआई ने वैश्विक क्रिकेट समुदाय में योगदान देने में हमेशा अग्रणी भूमिका निभाई है।

संघ की आपसी लड़ाई से दांव पर एथलेटिक्स खिलाड़ियों का भविष्य

जिला लखनऊ एथलेटिक्स संघ और एडहॉक कमेटी दोनों आयोजित कर रहे ट्रायल

उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स संघ के चुनाव के बाद से शुरू हुआ विवाद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः राजधानी में एथलेटिक्स का अभ्यास करने वाले खिलाड़ी परेशान है। उन्हें समझ नहीं आ रहा है कि वह किस ट्रायल में शामिल हो। लखनऊ की टीम कहां से बनेगी? एथलेटिक्स संघ की आपसी लड़ाई में उनका खेल बिगड़ता नजर आ रहा है। एथलेटिक्स संघ के पदाधिकारियों के अनुसार उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स संघ के चुनाव पिछले वर्ष नियमों को ताख कर किए गए। उसके बाद खेल विभाग, उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन और फर्म सोसाइटीज एवं चिट्स ने भी इस चुनाव को अवैध घोषित करार कर नई कार्यकारिणी को गठित करने के निर्देश दिए। इसके उलट उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स संघ ने जिला लखनऊ एथलेटिक्स संघ को बर्खास्त कर एडहॉक कमेटी गठित कर दी। अब जिला लखनऊ एथलेटिक्स संघ और एडहॉक कमेटी दोनों ही राजधानी के खिलाड़ियों को ट्रायल के लिए बुला रहे हैं। ऐसे में खिलाड़ी परेशान है कि वह किस ट्रायल में हिस्सा ले।

उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स संघ के सदस्यों के अनुसार एथलेटिक्स फेडरेशन आफ इंडिया ने निर्देश दिए है कि राज्य संघ किसी भी जिला इकाई को बर्खास्त नहीं कर सकता। इसके बावजूद उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स संघ ने 23 जनवरी को चुनी गई जिला एथलेटिक्स संघ की नई कार्यकारिणी समेत पूरे संघ को बर्खास्त कर एडहाक कमेटी बना दी। यह तब है जब रजिस्ट्रार फर्म सोसायटी ने उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स संघ को कालातीत घोषित कर दिया है। खेल विभाग और उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ ने भी उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स संघ को अमान्य करार कर दिया है।

चुनाव के चार दिन बाद ही बर्खास्त हुई थी कमेटी, बना दी गई थी एडहाक कमेटी

जिला एथलेटिक्स संघ ने 18 जनवरी को आईएएस अफसर और संघ के अध्यक्ष अनिल सागर की अध्यक्षता में नई कार्यकारिणी के चुनाव कराए। चुनाव सेवानिवृत्त न्यायाधीश केके शर्मा की मौजूदगी में हुए। इसमें अनिल सागर अध्यक्ष और बीआर वरुण सचिव चुने गए। चार दिन बाद ही उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स संघ ने इस संघ को बर्खास्त कर एक एडहाक कमेटी बना दी। संघ के सचिव बीआर वरुण ने बताया कि एथलेटिक्स फेडरेशन आफ इंडिया के समन्वयक जीएस राठी ने निर्देश जारी किया था कि संबद्ध राज्य संघों को अपने संबंधित राज्यों में जिला स्तर पर किसी तदर्थ ईकाई निलंबित करने का कोई अधिकार नहीं है।

संघ का चुनाव नियमानुसार हुआ है। इसकी वीडियो रिकार्डिंग हुई है। फर्म सोसाइटीज एवं चिट्स ने जो फैसला लिया है, वह एकतरफा है। उसके खिलाफ कोर्ट जाएंगे। **-देवेश दुबे, सचिव, उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स संघ**

खेल विभाग के अधिकारी को चुनाव में भेजा गया था। उसने अपनी रिपोर्ट में स्पष्ट किया है कि उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स संघ के चुनाव नियमों के अनुसार नहीं हुए हैं। **-डॉ. आरपी सिंह, निदेशक, उत्तर प्रदेश खेल निदेशालय**

उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स संघ अपनी मनमानी करने पर उतारू है। हमारे यहां से भी उसकी मान्यता निरस्त की जा चुकी है। नियमों की अनदेखी कर चुनाव आयोजित किये गए। **-आनंदेश्वर पाण्डेय, सचिव, उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ**

15 दिन में बनानी थी नई कार्यकारिणी

फर्म सोसाइटीज एवं चिट्स के डिप्टी रजिस्ट्राल लोकेश श्रीवास्तव ने भी उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स संघ के चुनाव को कालातीत बताया है। बीती नौ जनवरी को इसकी जानकारी भी खेल विभाग, उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ और उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स संघ को दे दी थी। साथ ही 15 दिन के अंदर नई कार्यकारणी गठित करने के आदेश भी दिए थे। लेकिन उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ ने अब तक इस ओर कोई ध्यान नही दिया।

खेल डायरी

उम्मीद है तोक्यो में खेल पाउंगाः मेस्सी

तोक्यो, एजेंसी। हांगकांग में इंटर मियामी के फुटबॉल मैच के दौरान बेंच पर बैठे रहने से हुए विवाद के बाद अर्जेंटीना के खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी बुधवार को तोक्यो में जापान के क्लब विस्सेल कोबे के खिलाफ मैदान में उतर सकते हैं। इससे पहले रविवार को हांगकांग में मेस्सी के नहीं खेलने से नाराज प्रशंसकों और सरकार दोनों की तीखी प्रतिक्रिया का सामना करना पड़ा था। इस बहुचर्चित प्रदर्शनी मैच के दौरान प्रशंसकों ने इंटर मियामी के सह मालिक डेविड बेकहम की आलोचना की और पैसे वापसी की मांग की क्योंकि मेस्सी पैर की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण एक स्थानीय टीम के खिलाफ मैच के दौरान पूरे 90 मिनट बेंच पर बैठे रहे। इंटर मियामी टीम के उनके साथी खिलाड़ी लुईस सुआरेज भी मुकाबले के दौरान बेंच पर रहे। इंटर मियामी से जुड़ने के बाद मेस्सी आम तौर पर मीडिया से बचते रहे है लेकिन मंगलवार को वह संवाददाता सम्मेलन में पहुंचे।

इंग्लैंड ने दिव्यांग टी-20 क्रिकेट में भारत को हराया

अहमदाबाद, एजेंसी। कैलम फिलन के हरफनमौला खेल से इंग्लैंड की दिव्यांग क्रिकेट टीम ने पांच मैचों की श्रृंखला के अंतिम मुकाबले में मंगलवार को यहां भारत को 22 रन से शिकस्त दी। इस हार के बावजूद श्रृंखला 3-2 से भारत के नाम रही। फिलन ने 43 गेंद में 53 रन की पारी खेलने के बाद 13 रन देकर दो विकेट चटकाए। इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी का फैसला करने के बाद फिलन और लियाम ओ 'ब्रायन (28 गेंदों पर 45 रन) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर 20 ओवर में छह विकेट पर 152 रन बनाए। भारत के लिए रविंद्र साठे ने 4 ओवर में 28 रन देकर दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम 7 विकेट पर 130 रन ही बना सकी। टीम के लिए कप्तान विक्रांत केनी ने 49 गेंद में सबसे ज्यादा 45 रन बनाए। इंग्लैंड के लिए डेनियल रिकी हैम ने 3 विकेट लिए। फिलन मैन ऑफ द मैच और मैन ऑफ द सीरीज चुने गए।

भारत में द.एशिया की महिला हैंडबॉल लीग का अनावरण

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत में मंगलवार को दक्षिण एशिया की पहली पेशेवर महिला हैंडबॉल लीग (डब्ल्यूएचएल) का अनावरण किया, जिसमें छह टीम हिस्सा लेंगी। दक्षिण एशिया की इस पहली महिला पेशेवर हैंडबॉल लीग में भारत के अलावा एशिया, यूरोप और अफ्रीका की स्टार खिलाड़ी हिस्सा लेंगी। एक कार्यक्रम में लीग के लोगों का अनावरण भी किया गया। इसका आयोजन दक्षिण एशियाई हैंडबॉल महासंघ और एशियाई हैंडबॉल महासंघ के तत्वावधान में भारतीय हैंडबॉल संघ के सहयोग से किया जाएगा। पावना स्पोर्ट्स वेंचर इस लीग के प्रमोटर हैं। पावना स्पोर्ट्स वेंचर की कार्यकारी निदेशक प्रिया जैन ने लीग का अनावरण करते हुए कहा कि लीग में छह टीम हिस्सा लेंगी और यह भारतीय महिला खिलाड़ियों के प्रदर्शन में सुधार में अहम भूमिका निभा सकती है। हमने लीग को जनवरी 2025 तक शुरू करने का लक्ष्य बनाया है।

बुंदेलखंड हॉकी टूर्नामेंट में भाग लेंगी देश की 16 टीमें

महोबा, एजेंसी। यूपी के महोबा जिले मे 12 फरवरी से शुरू होने वाले 75वें अखिल भारतीय बुंदेलखंड हाकी टूर्नामेंट में देश की 16 टीमें हिस्सा लेंगी। हॉकी फेडरेशन से सम्बद्ध आयोजन समिति के चेयरमैन कुलदीप भटनागर ने मंगलवार को बताया कि चरखारी के डाक बंगला ग्राउंड मे आयोजित टूर्नामेंट में रेलवे लखनऊ, जामिया दिल्ली, करमपुर .गाजीपुर, विवेक अकाडमी वाराणसी, नेशनल स्पोर्ट्स क्लब प्रयागराज, डीएचए इटावा, सांई एक्सीलेंसी इंफ़ाल . मणिपुर, एएलबीएम झांसी, स्पोर्ट्स कॉलेज सैफई, स्टेडियम बांदा, रेलवे भुसावल की टीमों के अलावा नागपुर, जयपुर और सागर की टीमे प्रतिभाग करेंगी। इनका स्वीकारोक्ति पत्र प्राप्त हो गया है। इन टीमों की ओर से राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी मैदान पर नजर आयेंगे। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 18 फ़रवरी को खेला जाएगा। पहले इस टूर्नामेंट के आयोजन की तिथियां दो से आठ फ़रवरी तक निर्धारित की गयी थी जिन्हे अपरिहार्य कारणों से निरस्त कर दिया गया था।

इंग्लैंड के पास नहीं था बुमराह की जादुई स्पेल का कोई जवाबः हुसैन

भारतीय गेंदबाज के प्रदर्शन से भारत ने 106 रन की जीत से की श्रृंखला में वापसी

लंदन, एजेंसी

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने कहा कि भारत और इंग्लैंड के बीच खेले गए दूसरे टेस्ट मैच की पहली पारी में जसप्रीत बुमराह की जादुई स्पेल ने बड़ा अंतर पैदा किया, जिसका मेहमान टीम के बल्लेबाजों के पास कोई जवाब नहीं था। सभी प्रारूपों में भारत के पसंदीदा गेंदबाज बुमराह के शानदार प्रदर्शन के दम पर भारत ने 106 रन की जीत के साथ पांच मैचों की श्रृंखला में शानदार वापसी की।

उन्होंने ने इंग्लैंड की पहली पारी में रिवर्स स्विंग का शानदार नजारा पेश करते हुए 6 विकेट चटकाए। दूसरी पारी में उन्हें तीन सफलता मिली। बुमराह ने इस मैच में 91 रन देकर नौ विकेट लिए। हुसैन ने एक सोशल मीडिया साइट पर लिखा, मुझे लगता है कि दोनों टीमों के बीच में बुमराह की जादुई गेंदबाजी ने बड़ा अंतर पैदा किया था। उन्हें आज (सोमवार) तीन विकेट मिले, लेकिन पहली पारी में उन्होंने अविश्वसनीय स्पैड डाल कर 45 रन पर छह विकेट लिये थे। इससे इंग्लैंड की टीम सपाट पिच पर 253 रन पर आउट हो गई। विशाखापत्तनम में भारत की जीत में बुमराह की गेंदबाजी और युवा यशस्वी जयसवाल (209 रन) का पहली पारी में दोहरा शतक मुख्य आकर्षण थे। हुसैन का मानना है कि इंग्लैंड के बल्लेबाजों के पास बुमराह की इस गेंदबाजी का कोई जवाब नहीं था। उन्होंने कहा कि कभी-कभी आप अपनी टीम के प्रति आलोचनात्मक हो सकते हैं, अपने प्रदर्शन को देखकर कह सकते हैं, 'हम इससे बेहतर क्या कर सकते थे?' लेकिन कभी-कभी आपको प्रतिद्वंद्वी टीम का सम्मान करना पड़ता है और कहना पड़ता है कि उनकी प्रतिभा ने उन्हें प्रभावित किया है। हुसैन ने कहा कि बिल्कुल वैसा ही हुआ। इंग्लैंड की पहली पारी में बुमराह का वह स्पैल शानदार था। रिवर्स स्विंग, अपने थोड़े अपरंपरागत एक्शन के साथ और जिस तरह से वह ऑफ साइड की ओर झुकते हैं उससे अच्छा कोण बनता है।

भारतीय तेज गेंदबाज ने खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में 91 रन देकर नौ विकेट लिए

बुमराह का सामना करने का तरीका ढूंढ़ेंगेः मैकुलम

नई दिल्ली, एजेंसी

जसप्रीत बुमराह ने दूसरे टेस्ट मैच की पहली पारी में शानदार स्पेल से इंग्लैंड के बल्लेबाजों को परेशान किया लेकिन टीम के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम को उम्मीद है कि उनके खिलाड़ी इस अनुभवी भारतीय तेज गेंदबाज के खतरे से निपटने का कोई रास्ता निकालेंगे।

बुमराह ने 45 रन पर छह विकेट चटकाकर इंग्लैंड को बैकफुट पर धकेल दिया था। इससे इंग्लैंड की पहली पारी महज 253 रन पर सिमट गयी थी। न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान मैकुलम खिलाड़ी के तौर पर खुद भी आक्रामक बल्लेबाजी करते थे। मैकुलम ने कहा कि हम वास्तव में सिद्धांतों पर काम नहीं करते हैं। हम यह सुनिश्चित कर रहे है कि हमारे खिलाड़ी मौजूदा समय में रहे और वे अपने तरीके पर भरोसा करे। वे इस मामले में मुझसे कहीं बेहतर हैं और वे इस पर काम करेंगे कि इससे निपटने का सबसे अच्छा तरीका क्या है। उन्होंने कहा कि इस बारे में उनका तरीका बिलकुल अलग हो सकता है। हम देखेंगे कि हम क्या हासिल कर पाते है। अभी के लिए हमें जसप्रीत की तारीफ करनी होगी और कहना होगा कि वह स्पैल (दूसरे टेस्ट की पहली पारी में) बेहद ही शानदार था। मैकुलम ने बुमराह के कौशल की तारीफ करते हुए कहा कि उसके पास हर परिस्थिति में गेंदबाजी करने की काबिलियत है। गेंद जब स्विंग होती है तो वह ज्यादा खतरनाक होता है। वह कमाल का गेंदबाज है। वह अपनी तरह का इकलौता गेंदबाज है और हवा से काफी स्विंग हासिल करता है।इसमें कोई शक नहीं कि वह अच्छा गेंदबाज हैं, लेकिन हमने 18 महीनों में अच्छे गेंदबाजों का सामना किया है और उनका मुकाबला करने के तरीके ढूंढे हैं।

जायसवाल और गिल के प्रदर्शन से टीम जीतने में सफल रही : जहीर

विशाखापत्तनम, एजेंसी

भारतीय टीम के पूर्व तेज गेंदबाज जहीर खान ने इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा टेस्ट श्रृंखला में भारत की लचर बल्लेबाजी की आलोचना करते हुए कहा कि यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल के व्यक्तिगत प्रदर्शन से टीम दूसरे टेस्ट को जीतने में सफल रही। जायसवाल और गिल ने जहां बल्ले से अच्छा प्रदर्शन किया वहीं जसप्रीत बुमराह ने मैच में नौ विकेट चटकाए जिससे भारत ने दूसरे टेस्ट को 106 रन से जीतकर पांच मैचों की श्रृंखला में 1-1 की बराबर की। जहीर ने कहा कि जब आप टीम को देखते हैं तो कुछ चिंताएं होती हैं - बल्लेबाजी एक ऐसी ही चीज है। हमने अतीत में इन परिस्थितियों में, इस तरह की पिचों पर भारत को बेहतर प्रदर्शन करते देखा है। उन्होंने कहा कि आप अगर इंग्लैंड की दूसरी पारी को देखेंगे तो सिर्फ एक बल्लेबाज अर्धशतक लगा पाया था फिर भी उनकी टीम 300 रन के करीब पहुंचने में सफल रही। समग्र प्रयास से ऐसे नतीजे आते हैं। हमने इस मैच में भारत की ओर से दो शानदार पारियां (जायसवाल और गिल) देखी है लेकिन बल्लेबाजी में अब भी काफी मेहनत करने की जरूरत है।

न्यूजीलैंड ने ली द. अफ्रीका पर 528 रन की बढ़त

माउंट मोनगानुई (न्यूजीलैंड), एजेंसी

पूर्व कप्तान केन विलियमसन की मैच में दूसरी शतकीय पारी से न्यूजीलैंड ने दो मैचों की श्रृंखला के शुरुआती टेस्ट के तीसरे दिन अपनी दूसरी पारी में दक्षिण अफ्रीका पर 528 रन की बड़ी बढ़त कायम कर ली है। दिन का खेल खत्म होते समय न्यूजीलैंड का स्कोर चार विकेट पर 179 रन था।

डेरिल मिशेल (11) और टॉम ब्लंडेल (पांच) क्रीज पर मौजूद है। विलियमसन टेस्ट की दोनों पारियों में शतक जड़ने वाले न्यूजीलैंड के पांचवें बल्लेबाज है। उनसे पहले ग्लेन टर्नर, ज्योफ हॉवर्थ, एंड्रयू जोन्स और पीटर फुल्टन ने इस कारनामें को किया है। उन्होंने 132 गेंद की पारी में 12 चौके और एक छक्का की मदद से 109 रन बनाये। विलियमसन ने पहली पारी में 100 रन तक पहुंचने के लिए 241 गेंद लिये थे लेकिन उन्होंने दूसरी पारी इसके लिए महज 125 गेंद लिये। टेस्ट क्रिकेट में यह उनका 31वां शतक है। वह नील ब्रांड की गेंद पर क्लाइड फोर्टुइन द्वारा स्टंप आउट हुए। अपने 97 टेस्ट में विलियमसन सिर्फ तीसरी बार इस तरह से आउट हुए हैं।

बॉलीवुड हलचल

शास्त्रीय संगीत सीख रहे आमिर

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता आमिर खान इन दिनों शास्त्रीय संगीत सीख रहे हैं। आमिर खान इन दिनों शास्त्रीय संगीत का प्रशिक्षण ले रहे हैं। आमिर खान ने बताया, आजकल मैं सिंगिंग सीख रहा हूं। मेरे हाथ में आप धागा देख रहे हैं, वह मेरी आधिकारिक गुरु सुचेता बसरूर जी ने बांधा है। मैं उनका शिष्य बना हूं। मैं उनसे भारतीय शास्त्रीय संगीत सीख रहा हूं। मैं उनसे पिछले चार-छह महीनों से सीख रहा हूं। आमिर खान ने फिल्म लाल सिंह चड्ढा की असफलता के बाद अभिनय से दूरी बना ली थी। आमिर अब भिनय में दोबारा वापसी कर चुके हैं। आमिर खान ने कहा, मैंने दो वर्षों का अच्छा इस्तेमाल किया है। अपने परिवार के साथ खूब वक्त गुजारा।अब मैं काम करने के लिए तैयार हूं। एक फरवरी से मेरी अगली फिल्म की शूटिंग शुरू हुई है।

सारेगामा ने माही का पहला सिंगल 'सॉरी' लॉन्च किया



मुंबई, एजेंसी। आरपीएसजी समूह की कंपनी, भारत का प्रमुख म्यूज़िक लेबल, सारेगामा ने माही का पहला सिंगल 'सॉरी' लांच किया। माही ने सॉरी गाना को न केवल लिखा है बल्कि अपनी भावपूर्ण आवाज भी दी है। यह गाना एक युवा लड़के द्वारा अपनी प्रेमिका से किए गए वादे को परिभाषित करता है जिसे उसने पूरा नहीं किया और अपनी गलतियों के लिए माफी मांगने के लिए वह अनोखे तरीकों का इस्तेमाल करता है। माही का पहला सिंगल 'सॉरी' अब सारेगामा म्यूजिक यूट्यूब चैनल और अन्य सभी प्रमुख स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है।

सोनाली ने की अभिनेता मोहनलाल की तारीफ

'मलाईकोट्टई वालिबन' में अपने काम के लिए सराहना पाने वाली अभिनेत्री सोनाली कुलकर्णी ने मलयालम सिनेमा के दिग्गज मोहनलाल के साथ काम करने को लेकर अपना अनुभव शेयर किया। उन्होंने मलयालम मेगास्टार की उदारता के बारे में एक घटना सुनाई। उसी पर विस्तार से बताते हुए अभिनेत्री ने कहा कि मोहनलाल सर के साथ सहयोग करना सिनेमाई दुनिया का बेहतर अनुभव था। जैसलमेर में सेट पर पहली मुलाकात से ही उनके गर्मजोशी भरे स्वागत ने मेरे लिए एक असाधारण यात्रा की रूपरेखा तैयार कर दी थी। अभिनेत्री ने कहा कि ठंडी रेगिस्तानी हवाओं के बीच अपने एक्शन सीक्वेंस शूट के दौरान उन्होंने मेरे आराम के प्रति चिंता जाहिर की, जो उनके उदारता और सौहार्द का प्रतीक थी। इस शूटिंग के दौरान मैंने प्रत्यक्ष रूप से उनकी प्रतिबद्धता देखी, हर एक्शन सीक्वेंस उनके स्थायी जुनून का प्रमाण था। उन्होंने न केवल मेरे काम को पहचाना बल्कि मेरे हालिया लोकप्रिय गीतों की बारीकियों के बारे में भीबात की। अभिनेत्री ने निर्देशक लिजो जोस पेलिसरी के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि लिजो सिनेमाई ब्रह्मांड में अप्रत्याशित आदर्श बन गए हैं। उनके साथ काम करना एक उत्साहजनक अनुभव है, जो सहजता और आश्चर्य से भरा है। लिजो की दुनिया में मेरी यात्रा उसकी कहानियों में आए मोड़ों की तरह अप्रत्याशित रूप से शुरू हुई। मैंने कभी उनके निर्देशन में मलयालम फिल्म में काम करने की कल्पना नहीं की थी। यहां मैं एक ऐसा सपना जी रही हूं, जिसे मैंने कभी पूरा होते नहीं देखा था।

फिल्म जर्नी में नाना पाटेकर संग काम करना शानदारः भक्ति

मुंबई, एजेंसी। अभिनेत्री भक्ति राठौड़ का कहना है कि फिल्म जर्नी में नाना पाटेकर के साथ काम करना शानदार अनुभव रहा है। अनिल शर्मा निर्देशित -निर्मित, जर्नी में नाना पाटेकर, उत्कर्ष शर्मा, राजेश शर्मा, अश्विनी कालसेकर, राजपाल यादव जैसे कई कलाकार हैं।इस फिल्म में भक्ति राठौड़ ने नाना पाटेकर की सबसे बड़ी बहू मंजरी का किरदार निभाया है। फिल्म का पहला शेड्यूल बनारस के हर में शूट किया गया था, और अब, टीम दूसरा शेड्यूल हिमाचल प्रदेश में कर रही है। नाना पाटेकर के साथ काम करने को लेकर भक्ति राठौड़ ने कहा,नाना सर के साथ काम करना बहुत स्वाभाविक लगता है। उनके साथ दृश्य करना बहुत आसान है। वास्तव में, शूटिंग के पहले दिन के भीतर ही हम एक परिवार बन गए। हम ऑफ-स्क्रीन एक-दूसरे के साथ मजाक करते हैं, जिसके परिणामस्वरूप कैमरे पर बहुत अच्छी केमिस्ट्री बनती है।

राकेश मिश्रा का गाना हवेली पा रिलीज



मुंबई, एजेंसी। गायक-अभिनेता राकेश मिश्रा का गाना हवेली पा रिलीज हो गया है। हवेली पा गाना एसआर के म्यूजिक के ऑफिसियल यूट्यूब पर रिलीज हुआ है। यह गाना राकेश मिश्रा और शिल्पी राज ने गाया है। राकेश मिश्रा ने कहा कि गाना धांसू है। इस गाने को हमने बड़े लेवल से बनाया है। शिल्पी राज के साथ कोई भी प्रोजेक्ट करने में बेहद मजा आता है. गाने में मजेदार डांस भी है। उम्मीद करते हैं कि यह गाना आपको बेहद पसंद आने वाली है। हम भोजपुरी दर्शकों से अपील कर रहे हैं कि आप सभी इस गाने को खूब बड़ा बनाये। गाना हवेली पा के म्यूजिक वीडियो में पूजा ठाकुर के साथ राकेश मिश्रा हैं। इस गाने के गीतकार दीपक ब्याहुत और खबरी लाल गुप्ता हैं। संगीतकार आर्या शर्मा हैं। कोरियोग्राफर एम के गुप्ता जॉय और डीआई हमिंग बर्ड वीएफएक्स है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

बेहद नाजुक है अभी चंद्रमा की धरती

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार: चंद्रमा की भूगर्भीय स्थिति बेहद नाजुक है। भूकंप से इसकी धरती कांपती रहती है और इसका सिकुड़ना भी जारी है। दक्षिणी ध्रुव कंही उथला है और कुछ हिस्सा फिसलनभरा है। नासा के आर्टेमिस मैन मून मिशन अभियान को लेकर किए गए शोध में यह जानकारी सामने आई है।

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा आगामी वर्षों में इंसान के एक दल को चन्द्रमा पर भेजने जा रहा है। इस मिशन का नाम आर्टेमिस है। जिस स्थान पर दल को उतारा जाना है, नासा उस जगह का चयन भी कर चुका है। लैंडिंग स्थलों की अधिक जानकारी को लेकर हाल में किए शोध में कई महत्वपूर्ण जानकारी मिली हैं। शोध मे दावा किया है कि चंद्रमा सिकुड़ रहा है। इसके दक्षिणी ध्रुव के पास चंद्रमा के भूकंप उत्पन्न हो रहे हैं। चंद्रमा के इसी स्थान पर नासा अपने मानव दल को भेजने की योजना बना रहा था। अध्ययन में कहा गया है कि चंद्रमा के आंतरिक भाग धीरे-धीरे ठंडा होने के कारण सिकुड़ रहा है। भूगर्भीय हलचल के कारण भूकंप आ रहे हैं। इसके अलावा भी कुछ दोष उस हिस्से में पाए गए हैं, जहां आर्टेमिस का मानव यान लैंड करने जा रहा है। इस शोध के बाद नासा को लैंडिंग का स्थान बदलना पड़ सकता है। बहरहाल इस संदर्भ में नासा ने अभी कोई टिप्पणी नही की है। मगर इतना तो तय है कि शोध के अनुसार इस जमीन पर इंसानो को उतारना सुरक्षित नही हो सकता।

चंद्रमा के सिकुड़ती सतह की तस्वीर।

चंद्रमा के गर्भ में झांकने की क्षमता रखता है चंद्र टोही ऑर्बिटर

नैनीताल : नासा के चंद्र टोही ऑर्बिटर (एलआरओ) के जरिये चंद्रमा की धरती की तमाम जानकारी मिल पाई है। यह ऑर्बिटर चाँद के थ्रस्ट दोष, भू-आकृतियाँ, संकुचन बल परत, भ्रंश आदि को देख सकता है। नया शोध वाशिंगटन, डी.सी. में स्मिथसोनियन इंस्टीट्यूशन के टॉम वॉटर्स, पीयर-रिव्यूड प्लैनेटरी साइंस जर्नल में प्रकाशित हुआ है।

निक्की हेली ने धमकियों का हवाला देते हुए मांगी सुरक्षा

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार बनने की दौड़ में शामिल भारतीय मूल की नेता निक्की हेली ने खुद को मिल रहीं धमकियों का हवाला देते हुए खुफिया सेवा की सुरक्षा मांगी है। मीडिया में आईं खबरों में यह जानकारी दी गई है।

हेली रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार बनने की दौड़ में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की इकलौती प्रतिद्वंद्वी बची हैं। सीएनएन की खबर के अनुसार, हेली की प्रचार टीम ने कहा कि उन्होंने खुफिया सेवा की सुरक्षा के लिए आवेदन किया है, लेकिन यह नहीं बताया कि आवेदन कब किया गया। प्रचार टीम ने यह भी नहीं बताया कि किस खतरे के मद्देनजर उन्होंने सुरक्षा के लिए आवेदन किया है।

50 दिनों में श्रीलंका पुलिस ने 56,000 संदिग्ध किए गिरफ्तार

कोलम्बो। श्रीलंका में राष्ट्रीय अपराध विरोधी अभियान के दौरान पुलिस ने 50 दिनों में आपराधिक गतिविधियों में शामिल होने के मामले 56,000 से ज्यादा संदिग्ध लोगों को गिरफ्तार किया है। श्रीलंका के सार्वजनिक सुरक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

मंत्रालय ने कहा कि गिरफ्तार किए गए संदिग्धों में से 49,558 को मादक पदार्थ संबंधी मामलों में गिरफ्तार किया गया है, जबकि अन्य लोगों को अन्य आपराधिक गतिविधियों में लिप्त होने की आशंका पर गिरफ्तार किया गया है। मंत्रालय ने कहा कि संदिग्धों की जब्त की गई संपत्तियों का कुल मूल्य लगभग 72.5 करोड़

रुपये (लगभग 23 लाख अमेरिकी डॉलर) आंका गया है। इसके साथ ही जब्त दवाओं का अनुमानित बाजार मूल्य 7.73 अरब रुपये (लगभग 2.5 करोड डॉलर) बताया गया है। गौरतलब है कि श्रीलंका पुलिस ने देश में मादक पदार्थों की तस्करी और संगठित आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए गत 17 दिसंबर से एक अभियान की शुरूआत की है।

सिंगापुर हवाई अड्डे पर भारतीय मूल के अधिकारी का सम्मान

सिंगापुर। सिंगापुर के चांगी हवाई अड्डे पर भारतीय मूल के एक विमानन सुरक्षा अधिकारी को जर्मनी की 87 वर्षीय एक यात्री की सहायता करने के लिए सम्मानित किया गया है।

हरेश चंद्रन को चांगी हवाई अड्डे के वार्षिक समारोह में 2023 के लिए 'सर्विस पर्सनैलिटी ऑफ द ईयर' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। चंद्रन को 22 दिसंबर, 2022 को चांगी हवाई अड्डे के टर्मिनल-1 पर गिरने वाली जर्मन यात्री की उत्कृष्ट सहायता करने के परिणामस्वरूप यह पुरस्कार मिला है। यात्री की चिकित्सा देखभाल सुनिश्चित करने के अलावा, चंद्रन ने उसके पति के लिए आवास की व्यवस्था की, रीबुकिंग शुल्क माफ करने के लिए एयरलाइन के साथ संपर्क किया।

एक नजर

कजाकिस्तान के नए प्रधानमंत्री बने ओल्जास बेक्टेनोव

अस्ताना। कजाकिस्तान के राष्ट्रपति कासिम-जोमार्ट टोकायेव ने मंगलवार को कजाकिस्तान गणराज्य में ओल्जास बेक्टेनोव को देश का नया प्रधानमंत्री नियुक्त किया। कजाकिस्तान की सत्तारूढ़ अमानत पार्टी ने ओल्जास बेक्टेनोव की उम्मीदवारी का प्रस्ताव रखा, जो पहले राष्ट्रपति प्रशासन के प्रमुख के रूप में कार्य करते थे। टोकायेव ने कजाकिस्तान की संसद के निचले सदन माजलिस के पूर्ण सत्र के दौरान पार्टी गुटों के नेताओं के साथ बेक्टेनोव की उम्मीदवारी पर चर्चा की। टोकायेव ने बाद में बेक्टेनोव को देश का नया प्रधानमंत्री नियुक्त किया। गौरतलब है कि कजाकिस्तान की सरकार ने सोमवार को इस्तीफा दे दिया था।

चिली: जंगल में लगी आग से मरने वालों की संख्या 122 हुई

सैंटियागो। चिली के मध्य क्षेत्र वालपराइसो के जंगल में लगी आग में मृतकों की संख्या बढ़कर 122 हो गई है। चिली सरकार ने मंगलवार को बताया कि दक्षिण अमेरिकी देश की फोरेंसिक एजेंसी लीगल मेडिकल सर्विस के अनुसार 122 मृतकों में से केवल 32 की ही पहचान हो पाई है और 40 शवों का पोस्टमार्टम किया जा चुका है। जंगल में लगी आग को बुझाने के लिए बड़े पैमाने पर दमकल कर्मियों को तैनात किया गया है। वालपराइसो क्षेत्र में लगी आग से 11 हजार हेक्टेयर से अधिक भूमि जल गई है और छह हजार मकान आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गए हैं। फिलहाल, जंगल में लगी आग के कारणों की जांच जारी है।

श्रीलंका के पर्यावरण मंत्री ने इस्तीफा दिया

कोलंबो। श्रीलंका के पर्यावरण मंत्री केहेलिया रामबुकवेला ने मंगलवार को इस्तीफा दे दिया। रामबुकवेला को स्वास्थ्य मंत्री के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान विवादास्पद मानव इम्युनोग्लोबुलिन खरीद घोटाले को लेकर कुछ ही दिन पहले गिरफ्तारी किया गया था। पुलिस के अपराध जांच विभाग द्वारा 10 घंटे से अधिक की पूछताछ के बाद 2 जनवरी को रामबुकवेला को गिरफ्तार किया गया था। रामबुकवेला ने राष्ट्रपति को अपना इस्तीफा पत्र भेजा था। राष्ट्रपति कार्यालय ने कहा कि इस्तीफा राष्ट्रपति द्वारा स्वीकार कर लिया गया था और इसे सरकारी गजट के माध्यम से प्रकाशन के लिए निर्देशित किया गया है। उसने कहा कि हिरासत में लिये जाने के बाद मंत्री को बीमार होने के कारण जेल अस्पताल में ले जाया गया था।

ईरान में बिना वीजा के अधिकतम 15 दिन ठहर सकें गे भारतीय

नई दिल्ली। ईरान ने मंगलवार को पर्यटन के लिए हवाई मार्ग से देश में प्रवेश करने वाले भारतीयों के लिए अधिकतम 15 दिन के वीजा मुक्त प्रवास कार्यक्रम की घोषणा की। ईरानी दूतावास ने कहा कि भारतीय नागरिकों के लिए चार फरवरी से चार शर्तों के तहत वीजा-मुक्त प्रवेश सुविधा शुरू कर दी गई है। दिसंबर में ईरान ने भारत, संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, इंडोनेशिया, जापान, सिंगापुर और मलेशिया समेत 32 अन्य देशों के लिए एक नए वीजा-मुक्त कार्यक्रम को मंजूरी दी। ईरान की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि साधारण पासपोर्ट धारक व्यक्तियों को हर छह महीने में एक बार बिना वीजा के अधिकतम 15 दिन के लिए देश में ठहरने की अनुमति दी जाएगी। बयान में कहा गया है यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि 15 दिन की अवधि को बढ़ाया नहीं जा सकता।

दक्षिण अफ्रीका में हैजा के 46 मामले

जोहान्सबर्ग। दक्षिण अफ्रीका में एक जनवरी से एक फरवरी के बीच हैजा के 46 मामले दर्ज किए गए। दक्षिण अफ्रीका के स्वास्थ्य मंत्री जो फाहला ने मंगलवार को बताया कि पांच मामले प्रयोगशाला द्वारा पुष्टि किए गए हैं और इनमें से तीन मामले पड़ोसी देश जिम्बाब्वे से आए हैं, जो वर्तमान में डायरिया बीमारी के प्रकोप से जूझ रहा है। उन्होंने कहा कि पुष्टि किए गए मामलों में से चार लिम्पोपो प्रांत में पाए गए, और दूसरे की पुष्टि गौतेंग प्रांत में हुई। हैजा संक्रमण के प्रसारण को रोकने के लिए नियंत्रण उपायों को स्थापित करने के लिए स्थानीय प्रकोप प्रतिक्रिया टीमों को सक्रिय किया गया है।

इजराइल-हमास के बीच संघर्षविराम के लिए ब्लिंकन ने की मिस्र के नेताओं से मुलाकात

बंधकों की रिहाई पर दिया जोर

काहिरा, एजेंसी

मिस्र के नेताओं और अमेरिकी अधिकारियों से मुलाकात करने के लिए मंगलवार को काहिरा में मौजूद अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा कि उग्रवादियों से बंधकों को छुड़ाने के बदले इजराइल-हमास के बीच संघर्षविराम के लिए वार्ता करने पर मुख्य रूप से ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

इजराइल ने संकेत दिए हैं कि गाजा में जारी लड़ाई फैलकर मिस्र सीमा तक पहुंच सकती है, जिसको लेकर मिस्र में बढ़ती चिंताओं के बीच ब्लिंकन ने यह यात्रा की है। मिस्र सीमा पर फिलहाल बड़ी तादाद में विस्थापित फलस्तीनी शरण लिए हुए हैं। इजराइली रक्षा मंत्री ने कहा है कि इजराइल के हमले अंततः मिस्र की सीमा पर रफाह शहर तक पहुंच जाएंगे। गाजा की 23 लाख की आबादी में से आधे से अधिक लोगों ने रफाह शहर में शरण ले रखी है है और वे दयनीय परिस्थितियों में रह रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र के मानवीय पर्यवेक्षकों ने मंगलवार को कहा कि गाजा छोड़ने का इजराइल का आदेश अब दो तिहाई क्षेत्र पर लागू हो गया है, जिसके चलते हर दिन हजारों लोग सीमावर्ती क्षेत्रों की ओर जा रहे हैं। मिस्र ने आगाह किया है कि सीमा पर इजराइली सैनिकों की तैनाती से दोनों देशों के बीच चार दशक पहले हुआ शांति समझौता खतरे में पड़ जाएगा। मिस्र को डर है कि लड़ाई के रफाह क्षेत्र तक फैलने से भयभीत फलस्तीनी नागरिक सीमा पार करके मिस्र में दाखिल हो सकते हैं। ब्लिंकन ने मंगलवार को मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल-फतह अल-सीसी से मुलाकात की। वह कहते रहे हैं कि कि फिलिस्तीनियों को गाजा से बाहर नहीं निकाला जाना चाहिए। ब्लिंकन अपनी इस यात्रा के दौरान संघर्षविराम समझौते, इजराइल और सऊदी अरब के बीच संबंधों को सामान्य बनाने और क्षेत्रीय लड़ाई को बढ़ने से रोकने पर जोर दे रहे हैं। हालांकि तीनों मुद्दों पर ब्लिंकन बड़ी चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। हमास और इजराइल संभावित संघर्षविराम के लिए तैयार नहीं हैं

फिलिस्तीनियों के साथ दो-राज्य समाधान ही एकमात्र रास्ता

बर्लिन। जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज ने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से कहा कि फिलिस्तीनियों के साथ दो-राज्य समाधान क्षेत्र में स्थायी शांति का एकमात्र रास्ता है। स्कोल्ज ने कहा कि सरकार केवल बातचीत के जरिए दो-राज्य समाधान से ही मध्य पूर्व संघर्ष के स्थायी समाधान की संभावना खुलेगी। यह गाजा और वेस्ट बैंक दोनों पर लागू होना चाहिए। रूस की ओर से बताया कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने संयुक्त अरब अमीरात के अपने समकक्ष शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के साथ टेलीफोन पर बात की।

द. लेबनान में हवाई हमला, तीन की मौत, दो घायल

बेरूत। इजराइली युद्धक विमान ने सोमवार को अपराह्न में दक्षिणी लेबनान के एक गांव में एक घर पर बमबारी की, जिसमें लेबनान के शिया अमल आंदोलन के तीन सदस्य मारे गए और दो नागरिक घायल हो गए। चीन की न्यूज एजेंसी शिन्हुआ ने लेबनानी चिकित्सा एवं सुरक्षा सूत्रों के हवाले से अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। सिविल डिफेंस एवं मुस्लिम स्काउट एसोसिएशन के आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि हवाई हमले ने बेयट लिफ गांव को निशाना बनाया। हमले के बाद राहत एवं बचावकर्मी और एम्बुलेंस मलबे को हटाने और हताहतों को नजदीकी अस्पताल में ले जाने के लिए घटनास्थल पर पहुंचे। चिकित्सा सूत्रों ने बताया कि अल-जिबिन के एक अन्य गांव को निशाना बनाकर किए गए इजराइली हमले में छर्रे लगने से दो एम्बुलेंस क्षतिग्रस्त हो गईं। इस बीच, लेबनानी सैन्य सूत्रों ने शिन्हुआ को बताया कि इजरायली सेना ने दक्षिणी लेबनान के पश्चिमी और मध्य क्षेत्रों को निशाना बनाकर 14 हवाई हमले किए और क्षेत्र के 18 कस्बों और गांवों पर लगभग 100 गोले दागे। उल्लेखनीय है कि लेबनान-इजराइल सीमा पर गत आठ अक्टूबर, 2023 से तनाव बढ़ गया है।

अमेरिका गठबंधन बल का उत्तरी यमन पर हमला

सना। अमेरिका-ब्रिटेन गठबंधन बल ने मंगलवार तड़के पहले यमन के उत्तरी प्रांत सादा पर तीन हवाई हमले किए। हाउती संचालित अल-मसीरा मीडिया के अनुसार हमलों में प्रांत की राजधानी के पूर्वी हिस्से में साइटों को निशाना बनाया गया। हवाई हमले लाल सागर की ओर एक कथित मिसाइल हमले के बाद हुए। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने यमन में दो हाउती विस्फोटक गैर-चालक दल वाले वाहनों पर हमला किये जाने की पुष्टि की और कहा कि यह हमला क्षेत्र में अमेरिकी नौसेना के जहाजों और व्यापारी जहाजों के लिए एक आसन्न खतरे के मद्देनजर किया गया। सेंट्रल कमांड ने कहा है कि हवाई हमले 12 जनवरी से वाशिंगटन और लंदन की ओर से जारी सैन्य प्रतिक्रिया का हिस्सा हैं, जिसमें सना और अन्य उत्तरी प्रांतों के हाउती-नियंत्रित क्षेत्रों को लक्षित किया गया है। कथित तौर पर ये कार्रवाई लाल सागर में वाणिज्यिक नौवहन पर हाउती हमलों के प्रतिशोध में हैं।

पीपीपी चुनाव कार्यालय पर ग्रेनेड हमला, तीन बच्चे घायल

क्वेटा, एजेंसी

बलूचिस्तान की राजधानी क्वेटा के औद्योगिक शहर के पास में पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) उम्मीदवार के चुनाव कार्यालय पर ग्रेनेड हमले में तीन बच्चे घायल हो गए। अज्ञात हमलावरों ने प्रस्तावित मतदान केंद्रों सहित छह अन्य स्थानों पर भी सोमवार को ग्रेनेड हमले किए।

डॉन समाचार पत्र ने पुलिस के हवाले से मंगलवार को कहा कि अज्ञात मोटरसाइकिल चालकों ने जुम्मा खान होटल के पास पीपीपी के बलूचिस्तान विधानसभा उम्मीदवार मीर अली हसन जेहरी के चुनाव कार्यालय पर हमला किया। विस्फोट चुनाव शिविर के करीब हुआ, जिसमें तीन बच्चे घायल हो गए। विस्फोट के तुरंत बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और घायल बच्चों को हब के जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जब ग्रेनेड विस्फोट हुआ तब श्री जेहरी चुनाव शिविर में मौजूद नहीं थे। बाद में घायल बच्चों को कराची के जियाउद्दीन अस्पताल में रेफर कर दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि एक और ग्रेनेड हमला पीपीपी उम्मीदवार के चुनाव कार्यालय पर हुआ जो चुनाव कार्यालय के करीब ही फट गया। हमले में कोई हताहत नहीं हुआ तथा इसमें केवल शिविर क्षतिग्रस्त हुआ। रक्सान डिवीजन के खारन इलाके में तीन विस्फोट हुए जहां अज्ञात हथियारबंद लोगों ने मतदान केंद्रों के लिए प्रस्तावित स्कूल भवनों को निशाना बनाया। ग्रेनेड हमलों में स्कूल सहित कई इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं।

खैबर पख्तूनख्वा में मार गिराए दो आतंकवादी

उत्तरी वजीरिस्तान। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा के उत्तरी वजीरिस्तान जिले में सेना की कार्रवाई में दो आतंकवादी मारे गए। सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) की ओर से जारी वक्तव्य के मुताबिक सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया सूचना मिलने के बाद कल रात अभियान चलाया। इसी दौरान सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच भीषण गोलीबारी हुई। मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गये जिनमें से एक की पहचान अयूबुल्लाह मंसूर के रूप में की गई है। पाकिस्तानी सेना ने मौके से भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक भी बरामद किए हैं। आतंकवादियों और सेना के बीच यह मुठभेड़ डेरा इस्माइल खान के एक पुलिस थाने पर आतंकवादी हमले में 10 पुलिस अधिकारियों के मारे जाने और अन्य छह के घायल होने के एक दिन बाद हुई।

पाकिस्तानी ने अरब सागर में फंसे भारतीय नागरिकों को दी मदद

इस्लामाबाद। पाकिस्तान ने कहा है कि उसके नौसेना के अधिकारियों और समुद्री सुरक्षा एजेंसी ने अरब सागर में फंसे नौ भारतीय नागरिकों को समय पर मदद करके भारी राहत पहुंचाई। पाकिस्तानी सेना द्वारा हा गया कि भारतीय जहाज सैस फाइव से प्राप्त संकट की स्थिति की सूचना के बाद संयुक्त खोज और बचाव अभियान शुरू किया गया था। जहाज तकनीकी समस्या के कारण भटक गया था।यह जहाज चार फरवरी को भारत के दाभोल बंदरगाह से शारजाह के लिए रवाना हुआ था। इस दौरान इंजन में खराबी आ गई, जिससे जहाज पर सवार नौ भारतीय नागरिक 24 घंटे से अधिक समय तक समुद्र में फंसे रहे। बयान में कहा गया कि संकट की स्थिति की कॉल पर तत्काल कदम उठाते हुए सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने सफल बचाव अभियान चलाया और फंसे हुए चालक दल की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए तकनीकी मुद्दों का समाधान किया।

पीटीआई समर्थित महिला प्रत्याशी आतंकवाद के मामले में आरोपित

लाहौर, एजेंसी

पीएमएल-एन के प्रमुख नवाज शरीफ के खिलाफ चुनाव लड़ रही पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान-तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) समर्थित महिला उम्मीदवार को मंगलवार को आतंकवाद मामले में अभ्यारोपित किया गया।

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के अधिकारियों द्वारा आठ फरवरी को होने वाले आम चुनाव से पहले खान की पार्टी के नेताओं और समर्थकों के खिलाफ कार्रवाई तेज की गई है। इसी के परिणाम स्वरूप यह कार्रवाई सामने आई है। पाकिस्तान के निर्वाचन आयोग ने पीटीआई का ऐतिहासिक चुनाव चिन्ह 'बल्ला' वापस लेने का फैसला किया था। आयोग के इस फैसले को उच्चतम न्यायालय ने बरकरार रखा था, जिसके चलते पीटीआई के उम्मीदवार निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ रहे हैं। सेना से टकराव का सामना कर रही पीटीआई के निर्दलीय उम्मीदवारों को अपने-अपने चुनाव क्षेत्रों में प्रचार करने की अनुमति नहीं दी जा रही है। पाकिस्तान के तीन बार प्रधानमंत्री रहे शरीफ (74) लाहौर की एनए-130 सीट से चुनाव मैदान में हैं। इस सीट पर उनका मुकाबला पीटीआई समर्थित मजबूत उम्मीदवार डॉक्टर यास्मीन रशीद से है।

पुलिस की निगरानी में आगामी आम चुनाव के लिए मतपेटियों को तैयार करते लोग। ● एजेंसी

यमन की राष्ट्रपति परिषद ने प्रधानमंत्री को किया बर्खास्त

सना। यमन की अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त राष्ट्रपति परिषद ने प्रधानमंत्री मईन अब्दुलमलिक सईद को बर्खास्त कर दिया। यह प्रत्याशित कदम ऐसे वक्त में उठाया है सरकार के प्रतिद्वंद्वियों यानी ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों के ठिकानों पर अमेरिका नीत गठबंधन हमले कर रहा है।

परिषद ने एक आदेश में विदेश मंत्री अहमद अवाद बिन मुबारक को देश का नया प्रधानमंत्री नियुक्त किया है। सऊदी अरब के करीबी माने जाने वाले बिन मुबारक ने मईन अब्दुलमलिक सईद का स्थान लिया है जो 2018 से यमन के प्रधानमंत्री थे। परिषद ने इस फेरबदल की वजह नहीं बताई है।

किंग्स चार्ल्स तृतीय कैंसर से ग्रसित

लंदन। ब्रिटेन के किंग्स चार्ल्स तृतीय कैंसर से ग्रसित हो गए हैं और उनका उपचार जारी है। राजमहल बकिंघम पैलेस ने सोमवार को यह जानकारी दी। राजमहल की ओर से जारी बयान के मुताबिक किंग्स चार्ल्स तृतीय प्रोस्टेट के इलाज के तुरंत बाद यह पता लगा कि वे कैंसर से ग्रसित हैं। पैलेस के ने कहा कि किंग्स चार्ल्स तृतीय का प्रोस्टेट वृद्धि के लिए इलाज किया गया है। बाद में यह भी पता चला कि वह कैंसर से पीड़ित हैं। बकिंघम पैलेस की ओर से जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि किंग्स का आज नियमित उपचार शुरू हुआ है और इस दौरान डॉक्टरों ने उन्हें आराम करने तथा सार्वजनिक कर्तव्यों को स्थगित करने की सलाह दी। ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने बयान में कहा कि वह किंग्स चार्ल्स तृतीय के पूर्ण और शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि वह कुछ ही समय में स्वस्थ्य हो कर वापस आ जाएंगे। पूरा देश उनके स्वस्थ होने की कामना करेगा।



रेत कलाकार सुदर्शन पटनायक ने पुरी समुद्र तट पर राजा चार्ल्स तृतीय के शीघ्र स्वस्थ होने का कामना करते हुए रेत की मूर्ति बनाई (ऊपर)। वहीं मुंबई में एक कलाकार ने किंग चार्ल्स की पेंटिंग में यही दुआ मांगी।

ट्रंप को चुनाव हस्तक्षेप मामले में अभियोजन से छूट नहीं: अदालत

वाशिंगटन। अमेरिका की एक संघीय अपीलीय अदालत ने मंगलवार को फैसला सुनाया कि डोनाल्ड ट्रंप को 2020 के चुनाव के परिणामों को पलटने की साजिश रचने संबंधी आरोपों में मुकदमे का सामना करना पड़ सकता है और पूर्व राष्ट्रपति का यह दावा स्वीकार करने योग्य नहीं है कि उन्हें अभियोजन से छूट प्राप्त है।

यह निर्णय कुछ महीनों में दूसरी बार है जब न्यायाधीशों ने ट्रंप की छूट संबंधी दलीलों को खारिज कर दिया है। लेकिन अभी पूर्व राष्ट्रपति की ओर से अतिरिक्त अपील का अवसर खुला है जो अमेरिकी उच्चतम न्यायालय तक पहुंच सकते हैं। मुकदमा मूल रूप से मार्च के लिए निर्धारित किया गया था, लेकिन इसे पिछले सप्ताह स्थगित कर दिया गया और न्यायाधीश ने तुरंत कोई नई तारीख निर्धारित नहीं की।

...तो चांद पर होगा अपना घरौंदा

ये तो आपने सुना ही होगा कि कई लोगों ने चांद पर जमीन खरीद रखी है। लेकिन क्या आपको पता है चांद पर जमीन के क्या रेट हैं। अगर हम आपको चांद पर जमीन के रेट बता देंगे तो शायद आपको यकीन नहीं होगा। बता दें कि चांद पर 1 एकड़ जमीन का रेट मात्र 3000 रुपये है। अब आप सोच रहे होंगे ये जमीन आखिर इतनी सस्ती क्यों है। चलिए हम आपको इसके बारे में डिटेल में बताते हैं। अक्सर इस बात को सुनने को मिलता है कि अमुक आदमी ने चांद पर जमीन खरीदी है। कभी सुपरस्टार अभिनेता शाहरूख खान का नाम, तो कभी सुशांत सिंह राजपूत का नाम चांद पर जमीन खरीदने वालों की लिस्ट में सुनने को मिलता है। सुशांत सिंह राजपूत ने साल 2018 में चांद पर जमीन खरीदी थी। वहीं बॉलीवुड के बादशाह यानी शाहरुख खान को उनके एक फैन ने चांद पर जमीन तोहफे में दी थी।

कैसे खरीदें चांद पर जमीन

रिपोर्ट के मुताबिक लूना सोसाइटी इंटरनेशनल और इंटरनेशनल लूनार लैंड्स रजिस्ट्री ऐसी कंपनी है जो चांद पर जमीन बेचने का दावा करती है। इन कंपनियों के द्वारा 2002 में ही हैदराबाद के राजीव बागड़ी और 2006 बेंगलुरू के ललित मोहता ने भी चांद पर प्लॉट खरीदा था। इन लोगों का मानना है की चांद पर आज नहीं तो कल जीवन तो बसना ही है। सुशांत ने चांद पर जमीन इंटरनेशनल लूनर लैंड्स रजिस्ट्री से खरीदी थी। उनकी यह जमीन चांद के 'सी ऑफ मसकोवी' में है।

कितनी है कीमत

लूनर रजिस्ट्री डॉट कॉम के अनुसार चांद पर एक एकड़ जमीन की कीमत 37 ।50 अमेरिकी डॉलर यानी करीब 3112 ।52 रुपये है। कम कीमत होने के कारण लोग भावनाओं में बहकर रजिस्ट्री कराने के बारे में ज्यादा नहीं सोचते। जब जमीन की कीमत तय है तो सवाल ये भी उठता है कि आखिर चांद का मालिक कौन है? आउटर स्पेस ट्रीटी 1967 के मुताबिक, अंतरिक्ष के किसी भी ग्रह या फिर चांद पर किसी भी एक देश या व्यक्ति का अधिकार नहीं है। चांद पर बेशक किसी भी देश का झंडा लगा हो, लेकिन चांद का मालिक कोई नहीं।

चांद पर जमीन की बिक्री कानूनी या गैरकानूनी?

इस बारे में इंटरनेशनल संगठनों का मानना है कि चांद की जमीन पर कानूनी तौर पर किसी का मालिकाना हक नहीं माना जा सकता, क्योंकि पृथ्वी से बाहर की दुनिया पूरी मानव जाति की धरोहर है। इस पर किसी एक देश का कब्जा नहीं हो सकता। 1967 की आउटर स्पेस ट्रीटी के मुताबिक स्पेस में किसी भी ग्रह या उनके उपग्रहों पर किसी भी एक देश या व्यक्ति का अधिकार नहीं है। भारत समेत 110 देशों ने इस पर साइन किए हैं। बिना किसी अधिकार के लिए कंपनियां चांद पर जमीन की रजिस्ट्री करने का दावा करती हैं। यह एक तरह से गोरखधंधा है।



सूडान के पास सांप्रदायिक झड़प में 23 लोगों की मौत

जुबा। दक्षिण सूडान के पास विवादित अबयेई विशेष प्रशासनिक क्षेत्र में वार्रप राज्य के ट्विक समुदाय के सशस्त्र युवाओं और न्गोक दिन्का के बीच नए सिरे से हुई सांप्रदायिक झड़पों में कम से कम 23 लोग मारे गए और 17 अन्य घायल हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों ने सोमवार को इसकी पुष्टि की। यूएनआईएसएफए ने कहा कि सप्ताहांत में वार्रप राज्य के ट्विक समुदाय के सशस्त्र युवाओं ने अबेई विशेष प्रशासनिक क्षेत्र के क्षेत्रों पर हमला किया। यूएनआईएसएफए ने कहा कि सशस्त्र हमलावरों ने तीन और चार फरवरी को मालुअल अलेउ, बैंटन, अबाथोक, मजबोंग, अवल और रूमामियर के पूर्वी क्षेत्र में नागरिकों पर हमला किया और इस दौरान रॉकेट, हथगोले और मोर्टार जैसे भारी हथियारों का उपयोग किया गया।